भाज

३.००

तीन रुपये मात्र

भाजन

गौरवशाली परम्परा

१०१ वर्ष

५३ वर्ष की हो गयी

ऐश्वर्या राय



वाराणसी, मंगलवार ३ नवम्बर, २०२६ सौर १७, कार्तिक कृष्ण ९, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये

मानदेयके बाद अब आंगनबाड़ी कर्मियोंको फोनके साथ कैशलेस इलाज

योगी सरकारने दिवालीसे पहले दिया लाखों परिवारोंको उपहार



लखनऊ (आससे.)। इस बार प्रदेश की लाखों आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की दिवाली पहले से अधिक खुशियों के साथ मनेगी। योगी सरकार ने त्योहार से पहले उनके मानदेय में बढ़ोतरी कर लाखों परिवारों को उपहार दिया है। लंबे समय से बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य और प्रारंभिक शिक्षा की जिम्मेदारी निभा रहीं इन कर्मियों को अब बढ़ा हुआ मानदेय मिल रहा है। कार्यकर्ताओं का मानदेय 8 हजार से बढ़ाकर 12 हजार रुपये और सहायिकाओं का 4 हजार से बढ़ाकर 6 हजार रुपये प्रतिमाह किया गया है। इससे कार्यकर्ताओं को हर महीने 4 हजार और सहायिकाओं को 2 हजार रुपये अतिरिक्त मिल रहे। बढ़ी हुई आमदनी से जहां घर का बजट मजबूत होगा, वहीं त्योहार की तैयारियों में भी आसानी होगी। योगी सरकार ने करीब 3.35 लाख आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं व परिवार के सदस्यों की (शेष पृष्ठ ९ पर)

राहुलने प्रधानमंत्रीको दी बहसकी चुनौती



नयी दिल्ली (आससे.)। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा।

कहां-मैं जानता हूं आप डरते हो, विदेशी मददसे प्रधानमंत्री बननेसे लगाया आरोप

उन्होंने पीएम मोदी पर विदेशी मदद के सहारे सत्ता में बने रहने का आरोप लगाकर राजनीतिक विवाद तेज कर दिया। राहुल ने कहा कि पीएम मोदी विदेशी मदद से प्रधानमंत्री बने और अब भी इसी मदद के सहारे इस पद पर बने हुए हैं। उन्होंने देश की आर्थिक व्यवस्था और विदेशी सोशल मीडिया को लेकर भी सवाल उठाए। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री को खुली बहस की चुनौती देते हुए कहा कि वह किसी भी मंच पर और किसी भी समय उनसे चर्चा करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री इसलिए बहस के लिए नहीं आएंगे, क्योंकि वह जानते हैं कि राहुल (शेष पृष्ठ ९ पर)

सौर ऊर्जासे मजबूत हो रही देश की ऊर्जा सुरक्षा, रोजगारके नये अवसर भी बनेंगे-मोदी



नयी दिल्ली (आससे.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत में स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में बदलाव तेजी से हो रहा है और देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में सौर ऊर्जा की भूमिका लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा का विस्तार न केवल बिजली का खर्च कम करने में मदद कर रहा है, बल्कि रोजगार के नए अवसर पैदा करने और देश की ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने में भी अहम भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री ने केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी और ब्लूमबर्ग एलपी के संस्थापक माइकल आर. ब्लूमबर्ग द्वारा लिखे गए एक लेख को साझा करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि लेख में नवीकरणीय ऊर्जा के विस्तार, रूफटॉप सोलर, ऊर्जा भंडारण और बिजली पारेषण के क्षेत्र में निवेश की बढ़ती भूमिका को रेखांकित किया गया है।मोदी ने केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी का एक अन्य लेख भी साझा किया। उन्होंने कहा कि भारत की सौर ऊर्जा यात्रा नए अवसरों के द्वार खोल रही है। लेख में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना और पीएम-कुसुम जैसी पहलों के माध्यम से सौर ऊर्जा के बढ़ते प्रसार का उल्लेख किया गया है। जोशी ने अपने लेख में सौर ऊर्जा से संचालित कृषि, ऊर्जा भंडारण, विनिर्माण और हरित रोजगार जैसे क्षेत्रों में भविष्य की संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला है। भारत का लक्ष्य 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करना है और इस दिशा में सौर ऊर्जा महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

ईडीकी गिरफ्तारीको लेकर सुप्रीम कोर्ट गये आजम

नयी दिल्ली (आससे.)। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की गिरफ्तारी को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। जेल से रिहाई के तुरंत बाद ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के मामले में मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने इसी सप्ताह सुनवाई करने पर सहमति जताई है। सोमवार को अधिवक्ता निजाम पाशा ने सीजेआई सूर्यकांत के समक्ष मामले का उल्लेख किया था। दरअसल, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 29 अक्तूबर को दो पैन कार्ड से जुड़े मामले में आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को जमानत दी थी। अदालत ने आजम खान की 10 साल की सजा (शेष पृष्ठ ९ पर)

एक लाख रिश्वत लेते प्रदूषण नियंत्रण बोर्डका जेई पकड़ाया

बांदा (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय में तैनात अवर अभियंता (जेई) सलमान को विजिलेंस टीम ने एक लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ लिया। आरोपी मूलरूप से मेरठ जिले का निवासी है और बांदा में आवास विकास कॉलोनी स्थित एलआईसी बिल्डिंग के पीछे रहता है। पकड़े गए जेई की पहचान सलमान पुत्र नसरुद्दीन निवासी मकान नंबर 235, रसूलपुर, औरंगाबाद, थाना भावनपुर, जिला मेरठ के रूप में हुई है। वह बांदा स्थित उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय में तैनात था। विजिलेंस टीम ने उसे एक लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

कांग्रेसने लगाया आईडीबीआई बैंककी बिक्रीमें घोटालेका आरोप



नयी दिल्ली (आससे.)। कांग्रेस ने आईडीबीआई बैंक को कनाडा की कंपनी फेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स को बेचने की प्रक्रिया में बड़े घोटाले का आरोप लगाते हुए इसे तत्काल रोकने और पूरे मामले की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच कराने की मांग की है। कांग्रेस के पूर्व सांसद एवं प्रवक्ता शक्ति सिंह गोहिल

जेपीसीसे जांच कराने की मांग

ने सोमवार को जारी बयान में आरोप लगाया कि भाजपा सरकार मुनाफा कमाने वाले सरकारी बैंक को विदेशी कंपनी के हाथों सौंप रही है। उन्होंने दावा किया कि आईडीबीआई बैंक ने 2021 से 2026 के बीच 30,105 (शेष पृष्ठ ९ पर)

सड़क बना रहे आठ मजदूरोंकी करेंटसे मौत

नयी दिल्ली (आससे.)। राजस्थान के झुंझुनू जिले में सोमवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां छापोली इलाके में सड़क निर्माण कार्य के दौरान एक मशीन हाई वोल्टेज बिजली लाइन के संपर्क में आ गई. इससे आठ मजदूरों की मौत हो गई। सामने आया है कि पांच मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसके बाद 3 अन्य मजदूरों की भी मौत की बात सामने आई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और घटनास्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए।

राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामला : सुप्रीम कोर्टने याचिकाओंपर किया निबटारा



नयी दिल्ली (आससे.)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अयोध्या के राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी मामले में

निचली अदालतको कानूनके अनुसार काररवाई करनेका निर्देश

दायर याचिकाओं का निपटारा कर दिया। अदालत ने उत्तर प्रदेश सरकार के उस बयान को रिकॉर्ड पर लिया, जिसमें बताया गया कि विशेष जांच दल (एसआईटी) ने मामले में आरोपपत्र दाखिल कर दिया है। शीर्ष अदालत ने निचली अदालत को कानून के अनुसार आगे की कार्रवाई करने का निर्देश दिया।प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना (शेष पृष्ठ ९ पर)

पंजाबमें आप के तीन विधायक भाजपामें शामिल

नयी दिल्ली (आससे.)। पंजाब में आम आदमी पार्टी को झटका देते हुए उसके तीन विधायक कुंवर विजय प्रताप सिंह, हरमीत सिंह पठानमाजरा और चेतन सिंह जौड़ामाजरा भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। तीनों नेताओं ने सोमवार को नयी दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में पार्टी के पंजाब प्रभारी सतीश पूनिया की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इससे पहले तीनों विधायकों ने आप की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। कुंवर विजय प्रताप सिंह ने पंजाब विधानसभा की सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया है।

बरेली : जनसुनवाईमें लापरवाही पर थाना प्रभारी समेत तीन दरोगा निलंबित

बरेली (एजेंसी)। बरेली में जनसुनवाई में लापरवाही और पीड़िता की शिकायत पर कार्रवाई न करना सीबीगंज थाना पुलिस को भारी पड़ गया। सिर में गंभीर चोट होने के बावजूद पीड़िता की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज न करने के मामले में एसएसपी अनुराग आर्य ने सीबीगंज थानाध्यक्ष समेत तीन दरोगाओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, सीबीगंज थाना क्षेत्र की एक पीड़िता ने 27 अक्तूबर को थाने पहुंचकर शिकायत की थी, लेकिन पुलिस ने कोई (शेष पृष्ठ ९ पर)

सोनिया गांधीने लालूसे की मुलाकात

नयी दिल्ली (आससे.)। दिल्ली में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव से मुलाकात की। इंडिया ब्लॉक की रामलीला मैदान में हुई रैली के बाद इस मुलाकात को विपक्षी एकजुटता के लिहाज से अहम माना जा रहा है।ऐसे समय में जब विपक्ष मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और वोट चोरी के मुद्दे पर केंद्र सरकार तथा चुनाव आयोग को घेर रहा है। कांग्रेस और राजद के शीर्ष (शेष पृष्ठ ९ पर)



मानदेय भुगतान के लिए महिला केयरटेकरों का प्रदर्शन

गाजीपुर। सामुदायिक शौचालयों में साफ-सफाई और देखरेख की जिम्मेदारी निभाने वाली महिला केयरटेकरों को लंबे समय से मानदेय नहीं मिलने पर उनका आक्रोश सोमवार को फूट पड़ा। दीपावली से पहले बकाया भुगतान की मांग को लेकर सामुदायिक शौचालय केयरटेकर संगठन के बैनर तले बड़ी संख्या में महिलाओं ने दोपहर 12 बजे जिला मुख्यालय स्थित सरजू पांडेय पार्क में धरना-प्रदर्शन किया। महिलाओं ने आरोप लगाया कि कई बार मांग करने के बावजूद उनका बकाया मानदेय नहीं दिया जा रहा है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष आकाश सागर ने बताया कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत कई महिला केयरटेकरों का 10 महीने, एक साल तो कुछ का दो साल तक का मानदेय लंबित है। भुगतान की मांग करने पर ग्राम प्रधान और सचिव की ओर से बजट नहीं आने की बात कहकर उन्हें टाल दिया जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई महिलाओं को मानदेय मांगने पर धमकियां भी दी जाती हैं। उन्होंने बताया कि महिला केयरटेकर सुबह पांच बजे घर से निकलकर करीब 10 बजे तक सामुदायिक शौचालयों की साफ-सफाई और देखरेख करती हैं। इसके बाद शाम चार बजे दोबारा ड्यूटी पर पहुंचती हैं और रात आठ बजे घर लौटती हैं। दिनभर की इस जिम्मेदारी के बदले उन्हें छह हजार रुपये मासिक मानदेय निर्धारित है, लेकिन वह भी समय से नहीं मिल रहा है।प्रदर्शनकारी महिलाओं ने प्रशासन से बकाया मानदेय का तत्काल भुगतान कराने और भविष्य में नियमित रूप से पारिश्रमिक देने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। उनका कहना था कि जब उनसे नियमित रूप से काम लिया जा रहा है तो मेहनताना देने में इतनी देरी क्यों की जा रही है। महिलाओं ने चेतावनी दी कि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

रोजगार मेला पांच को

जखनियां (गाजीपुर)। बेरोजगार युवाओं के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय, एवं पं0 मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज सिखड़ी के तत्वावधान में वृहद रोजगार मेला का आयोजन को किया जा रहा है।रोजगार संगम एवं रोजगार मिशन के तहत आयोजित यह मेला पं0 मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज सिखड़ी, में 05 नवंम्बर प्रात: 10 बजे से शुरू होगा। यह जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य निरज राय ने दी ।



भुगतान को लेकर प्रदर्शन करती महिलाएं। छाया : आज

नीलगाय की टक्कर से महिला की मौत

सेवराई, गाजीपुर। स्थानीय तहसील क्षेत्र के गहमर थाना अंतर्गत भदौरा गांव के पास ताड़ीघाट बारा नेशनल हाईवे 124 सी पर सोमवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। मोटरसाइकिल से उतरौली जा रहे दंपति पर नील गाय ने हमला कर दिया, जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहे पति गंभीर रूप से घायल हो गए प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दंपति बाइक से जा रहे थे तभी अचानक सड़क पर आए नीलगाय ने उन पर हमला बोल दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों सड़क पर गिर पड़े। महिला को गंभीर चोटें आईं और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना को देख आसपास के लोगों की भारी भीड़ जुट गई।

अजगर का बच्चा मिलने से ग्रामीणों में मचा हड़कंप

दिलदारनगर (गाजीपुर) जबुरना गांव में सोमवार की सुबह अजगर का बच्चा मिलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। अजगर को देखकर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। मालूम हो जबुरना गांव के सिवान में मछली पकड़ने के लिए गांव के रहने वाले अरविंद सिंह कुशवाहा गांव के बाहर पानी में जाल लगाया था। अचानक जाल में निकालते समय जाल में एक अजगर का बच्चा मिला। इसके बाद नौजवान युवक ने अजगर के बच्चे को जाल से बाहर निकाला।जानकारी होने पर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ अजगर को देखने के लिए जुट गई। जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया।ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सावधानीपूर्वक अजगर को अपने कब्जे में ले लिया।

सपा महिला जिलाध्यक्ष का कार्यालय में हुआ स्वागत

गाजीपुर। समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में सोमवार को पार्टी कार्यालय डॉ. लोहिया-मुलायम सिंह यादव भवन में समाजवादी महिला सभा की नवनियुक्त जिलाध्यक्ष संगीता गुप्ता का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान संगीता गुप्ता ने राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो भरोसा जताया है, उस पर पूरी निष्ठा से खरा उतरेंगी। उन्होंने भाजपा सरकार पर महिला विरोधी और व्यापारी विरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं और छोटे व्यापारी परेशान हैं। विधायक जैकिशन साहू ने स्वागत करते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में महिला सभा का संगठन और मजबूत होगा। उन्होंने भी भाजपा सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए प्रदेश में भ्रष्टाचार, अपराध और बदहाल स्वास्थ्य एवं शिक्षा व्यवस्था का मुद्दा उठाया।कार्यक्रम में पूर्व विधायक खुर्शीद अहमद, पूर्व जिलाध्यक्ष रामधारी यादव, सांसद प्रतिनिधि बलिराम पटेल, मुहम्मदाबाद चेयरमैन मो. रईस खां, डॉ. नन्हकू यादव, सीमा यादव, आशा यादव, गोवर्धन यादव, अरुण कुमार श्रीवास्तव सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। अध्यक्षता एवं संचालन की जिम्मेदारी जिला महामंत्री कन्हैया लाल विश्वकर्मा ने निभाई।

नवनिर्मित रामेश्वरम मंदिर का स्थापना दिवस ५ को

भांवरकोल(गाजीपुर)। ब्लॉक मुख्यालय परिसर में नवनिर्मित रामेश्वरम मंदिर के आगामी पांच नवंबर को आयोजित होने वाले प्रथम वार्षिक स्थापना दिवस के क्रम में आयोजित श्री रामचरितमानस पाठ की पूर्णाहुति सोमवार को हवन पूजन और प्रसाद वितरण के साथ सकुशल संपन्न हो गई श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भव्य पूजा-अर्चना, धार्मिक अनुष्ठान एवं आद्योपान्त रामचरितमानस के संगीतमय पाठ का श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और आनंद के साथ श्रवण पान किया। दो दिनों तक चले इस धार्मिक आयोजन में मुख्य यजमान क्षेत्र पंचायत प्रशासक श्रद्धा राय एवं उनके पति तथा भाजपा नेता आनंद राय (मुन्ना) तथा खंड विकास अधिकारी प्रेमचंद सहित अन्य श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

विद्यालय का ताला तोड़कर २० हजार का सामान उड़ाया

जमानियां, गाजीपुर। कोतवाली क्षेत्र के दरौली ग्राम पंचायत अंतर्गत मच्छरमारा स्थित प्राथमिक विद्यालय को चोरों ने एक बार फिर निशाना बनाया। रविवार की देर रात चोरों ने विद्यालय के दो कमरों का ताला तोड़कर करीब 20 हजार रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की इस घटना से शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। वहीं, एक महीने के भीतर ग्राम पंचायत के चार सरकारी भवनों में चोरी की वारदात सामने आने से ग्रामीणों में चिंता और नाराजगी व्याप्त है।ग्रामीणों के अनुसार सोमवार सुबह जब शिक्षक विद्यालय खोलने पहुंचे तो रसोईघर और एक अन्य कमरे का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जांच करने पर रसोई में रखा गैस सिलेंडर, चूल्हा, सबमर्सिबल का तार, पाइप सहित अन्य सामान गायब मिला।इसके बाद शिक्षकों ने तत्काल इसकी सूचना विभागीय अधिकारियों को दी। प्रभारी प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र चक्रवर्ती ने कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से प्रवक्ता गंभीर रूप से घायल

गाजीपुर। सड़क दुर्घटना में एमएएच इंटर कॉलेज के अर्थशास्त्र प्रवक्ता मोहम्मद इस्माइल वारसी गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी मोटरसाइकिल में किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उनके सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। दुर्घटना के बाद वह सड़क पर बेहोशी की हालत में पड़े रहे। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए बीएचयू ट्रामा सेंटर रेफर किया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। कॉलेज की ओर से जारी सूचना के अनुसार, मोहम्मद इस्माइल वारसी पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद इब्राहिम वारसी मूल रूप से शिवपुर बुजुर्ग, जनपद कुशीनगर के निवासी हैं। वह अपनी बेटी को पीईटी परीक्षा-2026 दिलाने के लिए गए थे। परीक्षा के बाद बेटी को लेकर वापस लौटते समय करीब तीन बजे अपराह्न चौकिया ओवरब्रिज के ऊपर उनकी मोटरसाइकिल को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गए। दुर्घटना के बाद काफी देर तक वह घटनास्थल पर ही पड़े रहे। इसी दौरान कटइला निवासी शादान अंसारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने अपने तीन-चार साथियों की मदद से घायल प्रवक्ता को निजी टेंपो से जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया और उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए बीएचयू ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

पूर्व मध्य रेल
शुद्धि—पत्र
E-Tender Notice No. SG-DSE-T-OT-06–26
मौजूदा निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 03/11/2026 12:30,
संशोधित निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 10/11/2026 16:00,
मंडल सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता, डी०डी०यू० पीआर/1245/डी०डी०यू०/एसएण्डटी/सी/26–27/12

पूर्व मध्य रेल
ओएचई की विश्वसनीयता बेहतर बनाने के लिए डीडीयू डिविजन में कम रेटिंग वाले आईसोलेटर को बदलने का कार्य
खुली ई–निविदा सूचना सं०– टीआरडी–ओ०टी०–21–ओएचई–आईएसओ–26–27
नीचे दिये कार्य के लिए प्रमाणित अनुभवी वैद्युतिक लाईसेंस रखने वाले और वैध दस्तावेज द्वारा समर्थित सुदृढ़ वित्तीय क्षमता रखने वाले ख्यातिलब्ध ठेकेदार से ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती है:
क्र०सं० : 1. कार्य का नाम और स्थान : ओएचई की विश्वसनीयता बेहतर बनाने के लिए डीडीयू डिविजन में कम रेटिंग वाले आईसोलेटर को बदलने का कार्य, 2. अनुमानित रकम : रू० 49,68,597.34, 3. बयाना राशि: रू० 99400.00, 4. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय : दिनांक 23/11/2026 को 15:00 बजे तक, 5. वेबसाईट का विवरण जहाँ ई–निविदा की पूर्ण जानकारी उपलब्ध है: www.ireps.gov.in
वरीय मंडल बिजली इंजीनियर/क०वि०
पूर्व मध्य रेल, डीडीयू
पीआर/1241/डीडीयू/टीआरडी/टी/26–27/32

भगवान श्रीकृष्ण की लीला देख हुए भाव विभोर

जमानियां (गाजीपुर) = सोनहरिया वन स्थित बाबा सिद्धनाथ मंदिर परिसर में आयोजित छह दिवसीय श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ से पूरा क्षेत्र भक्तिमय बना हुआ है। महायज्ञ के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार, धार्मिक अनुष्ठानों के साथ विभिन्न सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।यज्ञ परिसर में कलाकारों की ओर से भव्य रासलीला का मंचन किया गया। देर रात तक चले इस आयोजन में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का मनोहारी चित्रण किया गया। रासलीला के दौरान कृष्ण-सुदामा संवाद, उद्धव जी का ज्ञान भंग तथा भगवान श्रीकृष्ण की आकर्षक झांकी ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कलाकारों ने अपने सजीव अभिनय से भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं को मंच पर जीवंत कर दिया।श्रद्धालु देर रात तक मंचन का आनंद लेते रहे और बीच-बीच में जय श्रीकृष्ण के जयकारों से पूरा परिसर गूंजता रहा। त्रिदंडी स्वामी महाराज के सानिध्य में आयोजित इस महायज्ञ में काशी से पधारे भोजपुरिया बाबा रामेश्वर मिश्रा के प्रवचन श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक संदेश दे रहे हैं। वहीं वत्स बंधु की ओर से प्रस्तुत भजनों ने भक्ति की सरिता बहा दी। भजन-कीर्तन के दौरान श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए।महायज्ञ के आयोजन से सोनहरिया वन सहित आसपास के गांवों में धार्मिक उत्साह का माहौल बना हुआ है। यज्ञ परिसर में सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं की भीड़ लग रही है। धार्मिक अनुष्ठानों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से लोगों को आध्यात्मिक ज्ञान एवं भारतीय संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिल रहा है।इस अवसर पर सम्पूर्णानंद जायसवाल, बिपिन राय, उमेश प्रजापति, महन्थ राय, महेश राय, आनंद राजभर, सुरेन्दर, रामावतार यादव, अनिल तिवारी, अशोक तिवारी, प्रभाकर तिवारी सहित अन्य श्रद्धालु एवं क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

गजल संग्रह हवाओं में ज़हर है का हुआ विमोचन

जमानियां, गाजीपुर। स्थानीय स्टेशन बाजार स्थित हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय और साहित्य सौरभ परिषद के संयुक्त तत्वावधान में वरिष्ठ ग़ज़लकार रामपुकार सिंह ग़ाज़ीपुरी के ग़ज़ल संग्रह हवाओं में ज़हर है का भव्य विमोचन समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्य सौरभ परिषद के संस्थापक राजेंद्र सिंह ने की। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. श्रीनिवास सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि मुख्य अतिथि की भूमिका में वरिष्ठ लेखक कामेश्वर द्विवेदी रहे। समारोह का शुभारंभ मां भारती के तैल चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। इसके पश्चात सभी आमंत्रित विद्वतजनों को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि कामेश्वर द्विवेदी ने कहा कि हवाओं में ज़हर है% आज के समाज की सच्चाई है। यहां वातावरण के साथ-साथ सामाजिक ताना-बाना भी बिखरता जा रहा है। ऐसे समय में रामपुकार गाजीपुरी की रचनाओं में बहुत संभावनाएं हैं।वक्ता डॉ. ऋचा राय ने कहा कि पुकार गाजीपुरी की ग़ज़लों में जीवन की तमाम समस्याओं को संवारने का प्रयास किया गया है। कार्यक्रम में विजय शंकर पाण्डेय, गिरीश पांडे, राजेंद्र भारती, हरिशंकर पांडेय, रंग बहादुर सिंह, नागेन्द्र दुबे, हर्षिता दुबे, महेन्द्र प्रताप सिंह, श्याम नारायण पाण्डेय, रामप्रकाश उपाध्याय, चन्द्र भूषण सिंह, मनोज कुमार गुप्ता और डॉ. सुरेश राय ने भी अपने विचार रखे। अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार राजेंद्र सिंह व संचालन वरिष्ठ आचार्य प्रो. अखिलेश कुमार शर्मा तथा धन्यवाद ज्ञापन लेखक रामपुकार सिंह ग़ाज़ीपुरी ने किया।

गैर जमानती वारंट के दो आरोपी गिरफ्तार

नंदगंज (गाजीपुर)। स्थानीय पुलिस ने गैर जमानती वारंट के तहत कार्रवाई करते हुए दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। उपनिरीक्षक हरीश चंद्र सिंह ने पुलिस टीम के साथ दबिश देकर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, गाजीपुर द्वारा जारी वारंट के क्रम में अनिल कुमार निवासी इमिलिया तथा पुनीत खरवार निवासी रामपुर बंतरा को उनके घर से गिरफ्तार किया।

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
सं0-टीआरएस-जी-आरटी-ओपीएन-01-आरएसपी-26-27
भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से सक्षम, स्थापित ठेकेदारों/प्रतिष्ठानों से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-टेंडर (ओपेन) निविदा आमंत्रित की जाती है। (1)निविदा कार्य का विवरण स्थान सहित: रूटीन ओवरहालिंग ऑफ कम्पलीट हिटाची ट्रैक्शन मोटर (टाइप HS 15250A) ऑफ कन्वेंशनल इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव्स। फर्म की कार्यशाला। (2)अनुमानित लागत:रू0-3,62,13,090.00 (3)धरोहर राशि: रू0-7,24,300.00 (4)निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय: दिनांक 20.11.2026 समय 13:00 बजे तक दिनांक- 20.11.2026 समय 15:00 बजे (5)वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड का विवरण जहां से निविदा की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है: वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर निविदा उपलब्ध है। निविदा की विस्तृत जानकारी वरिष्ठ मंडल बिजली इंजी0/कचरटा विद्युत लोको शेड पंडित दीन दयाल उपाध्याय के कार्यालय से ली जा सकती है। मंडल रेल प्रबन्धक/कचरटा
पूर्व मध्य रेल-पंडित दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/1222/डीडीयू/डीआरएम/टीआरएस/टी/26–27/28

पूर्व मध्य रेल
डीडीयू डिविजन में केटीक्यू/टीएसएस, जेपीएल/टीएसएस, एक्सबीकेजे/टीएसएस, आरएफजे/टीएसएस और गया/एफपी के व्यापक रिले परीक्षण (जिसमें कंट्रोल और रिले पैनल तथा प्रोटेक्शन रिले शामिल हैं) का रिपोर्ट तैयार करने का कार्य
खुली ई–निविदा सूचना सं०– टीआरडी–ओ०टी०–22–टीएसएस–रिले–26–27
नीचे दिये कार्य के लिए प्रमाणित अनुभवी कार्य रखने वाले और वैध दस्तावेज द्वारा समर्थित ओईएम/ओईएम के प्रतिनिधि रखने वाले ख्यातिलब्ध ठेकेदार से ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती है:
क्र०सं० : 1. कार्य का नाम और स्थान : डीडीयू डिविजन में केटीक्यू/टीएसएस, जेपीएल/टीएसएस, एक्सबीकेजे/टीएसएस, आरएफजे/टीएसएस और गया/एफपी के व्यापक रिले परीक्षण (जिसमें कंट्रोल और रिले पैनल तथा प्रोटेक्शन रिले शामिल हैं) का रिपोर्ट तैयार करने का कार्य, 2. अनुमानित रकम: रू० 4,42,500.00, 3. बयाना राशि : रू० 8900.00, 4. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय: दिनांक 23/11/2026 को 15:00 बजे तक, 5. वेबसाईट का विवरण जहाँ ई–निविदा की पूर्ण जानकारी उपलब्ध है: www.ireps.gov.in
वरीय मंडल बिजली इंजीनियर/क०वि०
पूर्व मध्य रेल, डीडीयू
पीआर/1242/डीडीयू/टीआरडी/टी/26–27/36

पूर्व मध्य रेल
ई–निविदा सूचना
ई–निविदा नोटिस सं०–53 ऑफ 2026–27/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।
मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सक्षम ठेकेदारों के साथ-साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती हैं।
निविदा सं०– 15–डीडीयू–व०मं०इंजी०–III–26–27 (i) कार्य का नाम एवं लोकेशन : सहायक मंडल इंजीनियर/जपला के अधीन डीडीयू डिवीजन में उटारी रोड और सिंगसिंगी स्टेशनों पर RPF आउटपोस्ट का निर्माण। (ii) कार्य का अनुमानित लागत : ₹ 5047302.79 (iii) धरोहर राशि : ₹ 101000.00 (iv) ई–निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 23.11.2026 को 12:00 बजे तक (v) वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in नोट : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।
मंडल रेल प्रबन्धक
पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/1236/डीडीयू/इंजी०/टी/26–27/36

अनियंत्रित ट्रेलर ने कार में मारी टक्कर

नेपाल के श्रद्धालु बाल-बाल बचे

बिरनो, गाजीपुर। वाराणसी-गोरखपुर फोरलेन पर सोमवार की देर रात घने कोहरे के चलते तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रेलर ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार नेपाल के सभी श्रद्धालु बाल-बाल बच गए, जबकि एक महिला को मामूली चोट आई। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को दूसरे वाहन से नेपाल रवाना कर दिया गया। जानकारी के अनुसार नेपाल निवासी अजय कुमार कसौधन अपनी पत्नी चंद्रिका कसौधन तथा संजीव श्रेष्ठ अपनी पत्नी सलीना, पुत्र शिवान और प्रकाश के साथ वाराणसी में दर्शन-पूजन करने आए थे। सोमवार की देर रात सभी कार से वापस नेपाल लौट रहे थे। इसी दौरान बिरनो थाना क्षेत्र के पृथ्वीपुर के पास मऊ की तरफ से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रेलर ने उनकी कार में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि कार सवार अन्य लोगों को कोई गंभीर चोट नहीं आई। थानाध्यक्ष पन्नेलाल यादव ने बताया कि दुर्घटना में सलीना को मामूली चोट आई है। उनका प्राथमिक उपचार कराया गया।

पूर्व सांसद ने हिंद केसरी मंगला राय को दी श्रद्धांजलि

बाराचवर गाजीपुर। करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के जोगा मुसाहिब और मरगूपुर गांव में सामाजिक एवं खेल गतिविधियों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान बलिया के पूर्व सांसद वीरेंद्र सिंह 'मस्त' ने जोगा मुसाहिब गांव पहुंचकर राष्ट्र गौरव एवं हिंद केसरी स्वर्गीय मंगला राय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने मंगला राय के व्यक्तित्व एवं कुश्ती के क्षेत्र में उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें क्षेत्र और देश का गौरव बताया। इसके बाद पूर्व सांसद मरगूपुर गांव पहुंचे, जहां उन्होंने नवनिर्मित व्यायामशाला का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता का आनंद लेते हुए उन्होंने पहलवानों का उत्साहवर्धन किया।



हवाओं में ज़हर का विमोचन का दृश्य।

महाराज विजयानंद गिरि के प्रवचनों से भक्तिमय हुआ वातावरण

जखनियां, गाजीपुर। जखनियां विकासखंड के पदुमपुर गांव स्थित मैदान में 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक आयोजित दुर्लभ सत्संग में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। कलश यात्रा एवं धार्मिक आयोजनों के साथ शुरू हुए इस आध्यात्मिक अनुष्ठान के चौथे दिन ऋषिकेश से पधारे महाराज विजयानंद गिरि जी के अमृतमयी प्रवचनों ने श्रद्धालुओं को भक्ति और अध्यात्म के रस में सराबोर कर दिया। हाराज विजयानंद गिरि जी ने श्रीराम कथा, भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं तथा देवाधिदेव महादेव भोलेनाथ की महिमा का सुंदर वर्णन करते हुए धर्म, संस्कार और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

मारपीट, दुकान में तोड़फोड़ की दी तहरीर

कासिमाबाद (गाजीपुर)। कोतवाली क्षेत्र के सनेहुआ चट्टी स्थित एक किराना दुकानदार राजकुमार गुप्ता ने न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट मुहम्मदाबाद के यहां प्रार्थना पत्र देकर देवली गांव के तीन लोगों को नामजद और चार-पांच अज्ञात लोगों पर मारपीट, दुकान में तोड़फोड़ और गल्ले से 25 हजार रुपये निकालने का आरोप लगाया है । पुलिस रविवार को न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट कक्ष संख्या-एक मुहम्मदाबाद के आदेश पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। इस संबंध में कोतवाल राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के सेहुंआं गांव निवासी राजकुमार गुप्ता ने न्यायिक मजिस्ट्रेट मुहम्मदाबाद के की अदालत में प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि 10 सितंबर को एक बजे खुशी नाम की एक युवती मेरे दुकान पर आई और 10 रूपए की टॉफी की मांग किया। इस बीच तीन टॉफी जो 45 रुपए की थी युवती चुराकर अपने बैग में रख लिया । पीड़ित का आरोप है कि दुकान के गल्ले से 25 हजार रुपये निकालकर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। दुकानदार ने कासिमाबाद पुलिस पर शिकायत के बावजूद मुकदमा दर्ज नहीं करने और मेडिकल नहीं कराने का आरोप लगाया है । एसपी को रजिस्टर्ड डाक से शिकायत भेजने के बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर उसने न्यायालय की शरण ली। पुलिस न्यायिक मजिस्ट्रेट मुहम्मदाबाद की अदालत के आदेश पर सभी नामजद तीन आरोपियों के साथ चार से 5 अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दिया है।

प्रवीण को किसान मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष बनाये जाने से हर्ष

देवकली(गाजीपुर) । भारतीय जनता के पूर्व मण्डल अध्यक्ष प्रवीण कुमार त्रिपाठी को किसान मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष बनाये जाने से पार्टी कार्यकर्ताओ मे हर्ष व्याप्त ह?।श्री त्रिपाठी मूल रूप से देवकली ब्लाक के पहाडपुर कलां के निवासी ह?। जिला उपाध्यक्ष बनाये जाने पर श्री त्रिपाठी ने कहा पार्टी ने जो जिम्मेदारी मुझे स ?पी ह? उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। पार्टी के निर्देशो तथा शासन के कल्याण कारी नितियो को जन जन तक पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा।
इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओ ने मिष्ठान वितरित कर खुशी का इजहार किया।

अहिरवार के अपहरण के बाद नृशंस हत्या पर अधिवक्ताओं ने की निंदा

जमानिया, गाजीपुर। उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में कालपी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गयादीन अहिरवार के अपहरण के बाद नृशंस हत्या तथा अवध बार एसोसिएशन के युवा अधिवक्ता मनीष गोंड की निर्मम हत्या की घटनाओं को लेकर वकीलों में गहरा रोष व्याप्त है। इन घटनाओं के विरोध में सोमवार को बार एसोसिएशन जमानियां की एक आपात बैठक अध्यक्ष जय प्रकाश की अध्यक्षता में संपन्न हुई।बैठक में उपस्थित समस्त अधिवक्ताओं ने दोनों हत्याओं की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए शासन-प्रशासन के खिलाफ तीव्र आक्रोश जताया। सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए अधिवक्ताओं ने एक दिवसीय न्यायिक कार्य से पूरी तरह विरत रहकर कार्य बहिष्कार करने का ऐलान किया। विरोध के दौरान वकीलों ने तहसील परिसर में चक्रमण कर जोरदार नारेबाजी और प्रदर्शन किया। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि प्रदेश में वकीलों पर हो रहे हमलों की रोकथाम हेतु तत्काल प्रभाव से अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू किया जाए। इसके साथ ही दोनों दिवंगत अधिवक्ताओं के आश्रितों को एक-एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता देने, हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार कर कठोर सजा दिलाने, न्यायालय परिसरों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने और अधिवक्ताओं को आत्मरक्षा हेतु शस्त्र लाइसेंस जारी करने की मांग प्रमुखता से उठाई गई।



कटान से आक्रोशित ग्रामीणों ने बांसडीह तहसील का किया घेराव

बाढ़ विभाग और जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर की नारेबाजी, नागेन्द्र बहादुर सिंह झुन्नू के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों ने निकाला पैदल मार्च



बलिया। सरयू नदी के तेज होती कटान से प्रभावित ग्रामीणों का आक्रोश सोमवार को बांसडीह तहसील पर फूट पड़ा। सैकड़ों ग्रामीणों ने बाढ़ विभाग और जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तहसील का घेराव किया। पूर्वांचल छात्र संघर्ष समिति के संयोजक और जिपं के पूर्व सदस्य नागेन्द्र बहादुर सिंह झुन्नू के नेतृत्व में बांसडीह क्षेत्र के महराजपुर सहित अन्य गांव के कटान प्रभावित गांवों के सैकड़ों ग्रामीण महाराजपुर गांव से पैदल चलकर तहसील पहुंचे, ग्रामीणों ने बाढ़ विभाग व प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई पत्रक देने के बाद भी लगातार महाराजपुर गांव में कटान जारी है। कई बार पत्रक देने पर तत्कालीन प्रभारी अधिकारी ने प्रभावी कार्रवाई का आश्वासन दिया था। इसके विपरीत कटानरोधी कार्यों की गति और धीमी हो गई। दूसरी ओर सरयू नदी लगातार खेतों में कटान कर रही हैं। गांव के लोग अपने घर और खेती की जमीन नदी के पानी में खोते चले जा रहे हैं। झुन्नू सिंह ने आरोप लगाया कि कटान देखने गये डीएम के निर्देश के बावजूद महराजपुर गांव को बचाने के लिए जियोट्यूब लगाने का कार्य शुरू नहीं कराया गया। उन्होंने बाढ़ खंड के एक्सईएन संजय मिश्र पर लापरवाही, भ्रष्टाचार तथा लूट-खसोट का आरोप लगाया। उन्होंने क्षेत्र के सांसद व विधायक के साथ ही सिंचाई विभाग के अभियतांओ पर भी संवेदनहीनता का आरोप लगाते हुए विभाग में हो रही अनियमितता की जांच और कार्रवाई की मांग की। एसडीएम बांसडीह पुष्कर मिश्र तथा सिंचाई विभाग के एक्सईएन संजय मिश्र ने ग्रामीणों के साथ उनकी मांग को लेकर बातचीत किया। ग्रामीणों ने महराजपुर गांव को किसी भी तरीके से बचाने की मांग किया। उन्होंने बचाने के लिए तत्काल जियो ट्यूब व अन्य कार्य से कटान रोकने, प्रभावित लोगो को मुआवजा देने, ठोकर का निर्माण कराने तथा सभी बाढ़ प्रभावित गांवों में सोलर लाइट, राहत शिविर, भोजन, पशुओं के चारा व पशु चिकित्सकों आदि के तैनाती की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि तत्काल कदम नहीं उठाए गए, तो आंदोलन और तेज किया जायेगा। इस अवसर पर प्रभात मौर्य, भोला वर्मा, वीरेंद्र यादव, रंजय सिंह, पारस यादव, दिनेश बिंद, भरत यादव, वीरेंद्र यादव दुधिया, स्वामीनाथ साहनी, सुनील साहनी, सत्यदेव शर्मा, रोहित सिंह, बुटटी सिंह, विमलेश गोड़, कपिल देव यादव, जितेन्द्र पासवान रंजय चौरसिया, बिहारी यादव, दीनानाथ यादव आदि थे।

टावर से पावर केबल चोरी करने वाला गिरफ्तार

बलिया। बांसडीह कोतवाली क्षेत्र में मोबाइल टावर से पावर केबल काटकर चोरी करने के मामले में टावर कर्मी की तहरीर पर पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया है। रसड़ा निवासी सुशील कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि रविवार को दोपहर केवरा स्थित टावर पर एक व्यक्ति टावर के अंदर घुसकर पावर केबल काटकर चुराकर भाग रहा था। शोर मचाने पर सहयोगी अमित सिंह और अभिषेक शर्मा के साथ उसे पकड़ लिया गया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम फेफना थाना क्षेत्र के एकवारी खास गांव निवासी नदीम अख्तर बताया। उसके पास से काटा गया लगभग 24 मीटर पावर केबल, जिसकी कीमत लगभग 21 हजार रुपये बताई जा रही है, बरामद हुआ है। मौके पर एक बाइक भी मिली। बताया कि इससे पहले भी 31 अगस्त और 28 सितंबर को बांसडीह रोड स्थित टावर व अन्य टावर से केबल चोरी हो चुकी है, जिसमें इसी युवक के शामिल होने का शक है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

६१ हजार रुपये लेने के आरोप में पूर्व थानाध्यक्ष समेत दो पुलिसकर्मी निलंबित

बलिया। जमीन विवाद में एक व्यक्ति से दो बार में 61 हजार रुपये लेने के आरोप में पूर्व थानाध्यक्ष समेत दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) और क्षेत्राधिकारी बांसडीह की संयुक्त जांच रिपोर्ट के आधार पर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा ने यह कार्रवाई की है। निलंबित पुलिसकर्मियों में तत्कालीन थानाध्यक्ष उपनिरीक्षक वंश बहादुर सिंह और मुख्य आरक्षी माधवानंद शामिल हैं। दोनों के खिलाफ विभागीय जांच भी प्रचलित है। उपनिरीक्षक वंश बहादुर सिंह बांसडीहरोड थाने में थानाध्यक्ष के पद पर तैनात थे। इसी दौरान दो पक्षों के बीच चल रहे जमीन विवाद में एक व्यक्ति से दो बार में कुल 61 हजार रुपये लेने का आरोप लगा। शिकायतकर्ता की ओर से इस संबंध में पर्याप्त साक्ष्य होने की बात भी सामने आई। मामले में तत्कालीन थानाध्यक्ष की भूमिका संदिग्ध पाए जाने पर जांच शुरू की गई थी। इससे पहले वंश बहादुर सिंह को बांसडीह रोड थाने से हटाकर जिला अपराध अभिलेख ब्यूरो (डीसीआरबी) का प्रभारी बनाया गया था। मामले की जांच पूरी होने के बाद एएसपी दक्षिणी और सीओ बांसडीह की संयुक्त रिपोर्ट के आधार पर एसपी ने उन्हें और मुख्य आरक्षी माधवानंद को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। एसपी डॉ. ईरज राजा ने स्पष्ट किया कि राजस्व संबंधी मामलों, तस्करी और अवैध गतिविधियों में खाकी की संलिप्तता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मुठभेड़ में हत्या के प्रयास का आरोपी घायल, गिरफ्तार



बलिया। दुबहड़ थाना क्षेत्र में असलहा बरामदगी के दौरान सोमवार तड़के पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में हत्या के प्रयास का आरोपी सत्यपाल उर्फ अश्वनी कुमार (26) दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी गाजीपुर जिले के नंदगंज थाना क्षेत्र के सिहोरी गांव का निवासी है। वह दुबहड़ थाने में दर्ज हत्या के प्रयास के मुकदमे में वांछित था। पूछताछ में उसने बताया कि 28 अक्टूबर को चंदवक गांव के बाहर वादी को जान से मारने की नीयत से गोली मारी थी। इसके बाद वह अपने साथी सचिन और विवेक उर्फ अशोक के साथ फरार हो गया था। पुलिस के मुताबिक, सोमवार को आरोपी की निशानदेही पर असलहे की बरामदगी के लिए पुलिस टीम उसे धरनीपुर मोड़ के पास ले गई थी। इसी दौरान सुबह करीब 4:55 बजे आरोपी ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपी के दाहिने पैर में गोली लग गई। कब्जे से पुलिस ने एक अवैध .315 बोर का तमंचा, दो खोखा कारतूस और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ करीब आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। मौके पर फील्ड यूनिट ने साक्ष्य संकलन किया। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

हाईटेंशन तार की चपेट में आने से छात्र की मौत, मुकदमा दर्ज

बलिया। गड़वार थाना क्षेत्र के नवीन पोखरा प्राइमरी स्कूल में चौथे दर्जे का छात्र अरशद अहमद बिजली के हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे के बाद से पूरे इलाके में मातम और गुस्से का माहौल है। जानकारी के मुताबिक, यह हादसा उस वक्त हुआ जब स्कूल के शिक्षकों ने अरशद को मिड-डे मील के लिए सब्जी तोड़ने के मकसद से स्कूल की छत पर भेजा था। छत पर लौकी की सब्जियां तोड़ते समय अरशद का संपर्क ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन बिजली की लाइन से हो गया। करंट इतना जोरदार था कि मासूम को संभलने का मौका तक नहीं मिला और उसकी घटनास्थल पर ही सांसें थम गईं। जैसे ही इस दर्दनाक हादसे की खबर गांव में फैली, बड़ी संख्या में आक्रोशित ग्रामीण स्कूल परिसर में जमा हो गए। लोगों ने स्कूल प्रशासन की इस घोर लापरवाही के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी की मौजूदगी की मांग की। स्थिति को बिगड़ता देख पुलिस और शिक्षा विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने की कोशिश की। मृतक बच्चे के परिवार और स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह महज एक हादसा नहीं बल्कि लापरवाही है। क्षेत्राधिकारी नगर सतीश कुमार शर्मा ने बताया कि मामले में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। मौके पर एसडीएम सदर, एसडीओ हाइडिल और तहसीलदार ने भी पहुंचकर परिजनों को कार्रवाई का भरोसा दिलाया। मामले में अन्य विधिक कार्रवाई प्रचलित है। घटना के बाद मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

दुकानों के सामने डस्टबिन नहीं मिला तो लगेगा जुर्माना-जिलाधिकारी

बलिया को स्वच्छ और ग्रीन सिटी बनाने की मुहिम तेज, डीएम ने दिखाई हरी झंडी



बलिया। शहर को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से सोमवार को स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली कलेक्ट्रेट परिसर से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए शहीद स्मारक चौक पर समाप्त होगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि शहर में स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए यह रैली निकाली गई है। उन्होंने दुकानदारों से अपील की कि वे अपनी-अपनी दुकानों के सामने डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखें और दुकान से निकलने वाले कूड़े को सड़क पर फेंकने के बजाय डस्टबिन में ही डालें। जिलाधिकारी ने कहा कि हमारा लक्ष्य पूरे बलिया को स्वच्छ और ग्रीन सिटी बनाना है। इसके लिए प्रशासन की ओर से लगातार प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वच्छता अभियान के तहत शहर में भ्रमण के दौरान जिन दुकानदारों के पास डस्टबिन नहीं मिलेगा या गंदगी फैलाते हुए पाए जाएंगे, उनके खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी दुकानदारों से आज से ही अपनी दुकानों पर डस्टबिन रखने और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट आसाराम वर्मा एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

स्वच्छता हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी-अमरजीत सिंह

चितबड़ागांव (बलिया)। आदर्श नगर पंचायत चितबड़ागांव में स्वच्छता अभियान को प्रभावी बनाने और नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं कूड़ा-कचरा मुक्त बनाने के उद्देश्य से डस्टबिन वितरण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। सोमवार को वार्ड संख्या 12 आजाद नगर के सभासद अखिलेश सिंह के आवास पर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। नगर पंचायत अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने स्वच्छता को लेकर कहा कि स्वच्छ एवं सुंदर नगर का निर्माण केवल नगर पंचायत के प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसमें प्रत्येक नागरिक की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। घरों और दुकानों से निकलने वाले कूड़े को निर्धारित स्थान अथवा डस्टबिन में डालकर नगर को साफ-सुथरा बनाए रखने में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि वे स्वच्छता के प्रति जागरूक बनें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। इस मौके पर सभासद अखिलेश सिंह, शिवमंगल सिंह, जितेंद्र सिंह, मनोज कन्नौजिया, धर्मेंद्र चौरसिया, कमरुद्दीन शेख, शौकत, सोहराब, सूर्य प्रताप सिंह, विनय कुमार तिवारी और मन्नू राईन उपस्थित रहे।



मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में नेहा ने जीता गोल्ड

रसड़ा (बलिया)। क्षेत्र के फत्तेपुर एसएमजे स्पोर्ट गर्ल्स एकेडमी की छात्रा नेहा यादव ने उड़ीसा भुवनेश्वर में एक नवम्बर 2026 को आयोजित मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में महिला वर्ग 18 से 30 वर्ष की उम्र में गोल्ड मेडल जीतकर बलिया जनपद को गौरान्वित करने का कार्य किया है। एसएमजे स्पोर्टस गर्ल्स एकेडमी फत्तेपुर-बलिया में कोच मुकेश सर के साथ वर्षों से दौड़ की अभ्यास करने वाली नेहा यादव ने भुनवेश्वर में सम्पन्न हुए मैराथन दौड़ 42.195 किमी की दौड़ मात्र 3 घंटे 38 मिनट में प्राप्त करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम कर लिया। नेहा यादव का सपना राष्ट्रीय स्तर पर देश के लिए मेडल जीतना है। नेहा यादव अपनी प्रतिभा के बल पर दर्जनों खिताब जीतकर परिजनों तथा जनपद का नाम रोशन किया है।

किसानों की समस्याओं को लेकर भाजपा किसान मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन



बलिया। अर्नव तूफान से किसानों की फसलों एवं संपत्तियों को हुए भारी नुकसान को लेकर भाजपा किसान मोर्चा, बलिया ने जिलाध्यक्ष अभिजीत तिवारी बब्लू के नेतृत्व में जिलाधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से योगी आदित्यनाथ के निर्देशों को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू कराने, प्रभावित किसानों को तत्काल राहत उपलब्ध कराने, फसलों की क्षति का निष्पक्ष एवं पारदर्शी आकलन कराने तथा शासन द्वारा घोषित किसान हितैषी योजनाओं एवं सहायता का शीघ्र लाभ दिलाने की मांग की गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अभिजीत तिवारी बब्लू ने कहा कि प्राकृतिक आपदा की इस घड़ी में किसानों को राहत दिलाना हमारी प्राथमिकता है। अन्नदाता की मेहनत और उसकी फसल को हुए नुकसान की भरपाई के लिए हर स्तर पर आवाज उठाई जाएगी। कोई भी प्रभावित किसान सरकारी सहायता से वंचित न रहे, इसके लिए भाजपा किसान मोर्चा पूरी मजबूती से प्रयासरत रहेगा। ठाकुर मंगल सिंह, प्रशांत राय पवन, अनिल पांडेय, जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, भुवाल सिंह, मायाशंकर राय, मनमोहन सिंह सर्वेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

रक्तदान से बचायी जा सकती हैं कई जिंदगियां-डीएम

बलिया। मेरा युवा भारत, नागरिक सुरक्षा कोर बलिया एवं बलिया ब्रदर्स फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का सोमवार को जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों से बढ़-चढ़कर रक्तदान करने की अपील की। जिलाधिकारी ने कहा कि रक्तदान महादान है। प्रत्येक व्यक्ति को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए, क्योंकि हमारे द्वारा दिया गया रक्त किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचाने में काम आ सकता है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि सभी लोग अपने ब्लड ग्रुप की जांच अवश्य करवाएं और समय-समय पर रक्तदान करें, ताकि जरूरत पड़ने पर मरीजों को आसानी से रक्त उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक अच्छी परंपरा है, जिसे समाज में बढ़ावा देने की आवश्यकता है। शिविर में अरुण कुमार सिंह, कन्हैया उपाध्याय एवं ज्ञानी सिंह ने रक्तदान किया। साथ ही शिविर में कुल 9 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता और सामाजिक सेवा का संदेश दिया। जिलाधिकारी ने रक्तदाताओं की सराहना करते हुए उन्हें सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर अभय नारायण राय, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक विनोद कुमार, उप प्रमुख चिकित्साधिकारी डॉक्टर अरविंद चौधरी, जिला युवा अधिकारी रवि मिश्रा, आपदा विशेषज्ञ पीयूष सिंह, अरविंद पाण्डेय, नितेश पाठक आदि मौजूद हैं।

तेज रफ्तार कार पेड़ से टकरायी, पांच घायल



बैरिया (बलिया)। राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर टेंगरही के पास रविवार की रात तेज रफ्तार बलेनो कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक बैरिया राजेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि बैरिया निवासी गोलू साह की बलेनो कार में गोलू साह (30), सोनू सिंह (23), मनीष कुंअर (28), शेरू अंसारी (28) और मेराज अंसारी (28) सवार थे। रविवार की रात करीब 11 बजे सभी कार से बलिया की ओर से आ रहे थे। इसी दौरान टेंगरही के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर कार अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। दुर्घटना में पांचों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। वहीं दुर्घटनाग्रस्त कार को टोचन कराकर बैरिया थाने ले जाया गया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सभी घायलों का उपचार सदर अस्पताल में चल रहा है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

बच्चे की पिटायी कर ईंट पर पटकने का आरोप, मुकदमा

भीमपुरा (बलिया)। भीमपुरा थाना क्षेत्र के बराइच नवाई पट्टी गांव में एक बच्चे के साथ मारपीट कर उसे ईंट पर पटकने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां ने पुलिस अधीक्षक सहित संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बराइच नवाई पट्टी निवासी सुनीता देवी पत्नी राजू ने अपनी शिकायत में बताया कि 26 अक्टूबर को शाम करीब चार बजे उनका बेटा अभिषेक, पुत्र विनोद, घर के दरवाजे पर बैठा था। इसी दौरान गांव के विनोद का लड़का अभिषेक वहां पहुंचा। किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि उसने बच्चे को पीटने के बाद बेरहमी से उठाकर ईंट पर पटक दिया। सुनीता देवी का आरोप है कि घटना के बाद भी विपक्षी पक्ष के लोग उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

२५ हजार का इनामी हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

बलिया। दुबहड़ थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने रविवार की सुबह करीब 5:30 बजे जनेश्वर मिश्र सेतु ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे अंडरपास के पास से आरोपी को गिरफ्तार किया। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद उसे न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पंकज सिंह (53) पुत्र स्व. देवेंद्र सिंह निवासी शिवपुर दियर नई बस्ती, व्यासी थाना दुबहड़, बलिया के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज था और उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। मामले में वादी आशुतोष प्रताप सिंह निवासी शिवपुर दियर नई बस्ती ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया था कि उनके मित्र पंकज सिंह ने अपनी बेटी की सगाई के लिए उनसे एक सप्ताह के लिए तीन लाख रुपये उधार लिए थे। रकम वापस मांगने पर आरोपी टालमटोल करने लगा। आरोप है कि 10 अक्टूबर 2026 की रात करीब 8:15 बजे रुपये मांगने उसके घर पहुंचने पर पंकज सिंह और उसके साथ मौजूद दो अन्य लोगों ने गाली-गलौज करते हुए चाकू से हमला कर दिया। हमले में वादी की गर्दन के पिछले हिस्से में चोट आई और शराब की बोतल से सिर पर भी वार किया गया। इस मामले में दुबहड़ थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।



गो-तस्करी के मामले में दो वांछित आरोपी गिरफ्तार

बलिया। नरही थाना पुलिस ने गो-तस्करी के मामले में वांछित चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गाजीपुर जिले के नोनहरा थाना क्षेत्र के नोनहरा निवासी मुख्तार खान और दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के झुमरी की बारी जमसड़ा निवासी सुनील वर्मा के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों को सोमवार को मुखबिर की सूचना पर शिवगंगा ढाबे के पास नहर पुलिया से गिरफ्तार किया। बीते 30 अक्तूबर को पुलिस ने गो-तस्करी में प्रयुक्त वाहन को कब्जे में लिया था। वाहन में पांच गोवंश मिले थे इस मामले में नरही थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसी क्रम में थानाध्यक्ष नरही के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार मुख्तार खान का आपराधिक इतिहास भी है। उसके खिलाफ गाजीपुर जिले के विभिन्न थानों में नौ मुकदमे दर्ज हैं।

वृहद रोजगार मेले का किया गया आयोजन

बेल्थरारोड (बलिया)। देवेंद्र पीजी कॉलेज में विधानसभा स्तरीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक हंसू राम ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है। रोजगार मेले जैसी पहल युवाओं को उनकी योग्यता एवं कौशल के अनुरूप रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि बेल्थरारोड विधानसभा क्षेत्र में इस प्रकार के वृहद रोजगार मेले का आयोजन क्षेत्र के युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। इससे युवाओं को विभिन्न रोजगार अवसरों से जुड़ने और अपने भविष्य को नई दिशा देने में मदद मिलेगी। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक गोरख पासवान ने युवाओं का उत्साह वर्धन किया।

राष्ट्रीय फुटबाल प्रतियोगिता का भव्य आगाज, उप्र ने दी तेलंगाना को मात

यूपी फुटबाल संघ के अध्यक्ष अरविंद मेनन ने किया उद्घाटन, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने किया आगंतुकों का स्वागत



बलिया। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के त्ववधान में आयोजित 70वीं राष्ट्रीय विद्यालयी फुटबॉल प्रतियोगिता का रंगारंग आगाज सोमवार को वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया गया। उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ के अध्यक्ष अरविंद मेनन ने बतौर मुख्य अतिथि प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। वहीं परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उपस्थित समस्त आगंतुकों का स्वागत किया। सोमवार को उद्घाटन समारोह में सभी टीमों के खिलाड़ी वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम में उपस्थित रहे। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि 'खेल स्वास्थ्य के लिए सबसे महत्वपूर्ण है, खेल मैदान बढ़ेंगे तो चिकित्सा पर खर्च कम होगा। देश एवं प्रदेश की सरकार स्पोर्ट्स कोटे से खिलाड़ियों को विभिन्न विभागों में सेवा का अवसर प्रदान कर रही है। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ के अध्यक्ष अरविंद मेनन ने कहा कि 'फुटबॉल टीम भावना का खेल है, अनुशासन एवं टीम भावना के साथ खेल शत प्रतिशत सफल परिणाम देता है। उद्घाटन मुकाबले में मेजबान उत्तर उत्तर प्रदेश ने तेलंगाना को 3-0 मात देकर दमदार आगाज किया। मिनी स्टेडियम शेर में खेल गए मुकाबले में हरियाणा ने हिमाचल प्रदेश को 3-1 से मात दी। दूसरे मुकाबले में पश्चिम बंगाल ने झारखंड को 1-0 से मात दिया। निर्णायक की भूमिका अमल कुंवर, मोहम्मद गयासुद्दीन, अजय यादव, मेहरुद्दीन, शनि कुमार, सौरभ कुमार, अजीत सिंह, चंद्रकांत राय, राजू कुमार, मोहम्मद अशफाक, संजय साहनी, धर्मवीर प्रजापति, रवि शर्मा, हाजी मुनव्वर, मनोज तिवारी, उपेंद्र शुक्ला, नवनीत व विशाल कुमार आदि ने निभाई। संयुक्त शिक्षा निदेशक आजमगढ़ डॉ राजेश आर्य ने अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर समस्त अतिथियों को सम्मानित किया। संचालन जिला वॉलीबाल एसोसिएशन के सचिव नीरज राय ने किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा, क्रीड़ा अधिकारी जवाहर लाल यादव, दिनेश कुमार सिंह, अरविंद कुमार सिंह, पंकज सिंह, ज्ञानेंद्र राय, दिनेश प्रसाद, राजन प्रताप, फील्ड ऑफिसर द्रोणवीर सिंह यादव, मोहम्मद नईम अहमद, इं. अरुण सिंह, शिवाशंकर सिंह आदि मौजूद रहे।

एक नजर इधर भी

करंट लगने से किशोर की मौत, दो युवक झुलसे, ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप

लंका थाना क्षेत्र के नरिया स्थित इमाम चौक के पास रविवार की रात लोहे का खंभा हटाने के दौरान करंट लगने से १४ वर्षीय किशोर की मौत हो गयी, जबकि दो युवक झुलस गये। हादसे के बाद मृतक के परिजनों ने ठेकेदार पर गंभीर लापरवाही और मनमानी का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि रात में जोखिम भरा काम कराने के कारण यह हादसा हुआ। मृतक की पहचान बजरडीहा के फारूकी नगर निवासी शमशाद (१४वर्ष) पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद शहीद के रूप में हुई है। परिजन उसे शेफा नाम से भी पुकारते थे। हादसे में झुलसे इब्राहिम उर्फ राहुल और बबलू का बीएचयू ट्रॉमा सेंटर में इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के मुताबिक, दोनों की हालत सामान्य है। मृतक के बड़े भाई मोहम्मद गुलजार के मुताबिक, रविवार रात करीब ११.३० बजे ठेकेदार इम्तियाज उनके भाई और चार अन्य लोगों को काम के लिए नरिया ले गया था। वहां एक मकान के पास गली में लगे लोहे के खंभे को हटाया जा रहा था। आरोप है कि मकान मालिक के कहने पर रात में खंभा हटाने का काम कराया जा रहा था। गुलजार का आरोप है कि खंभे में करंट उतर रहा था। इसी दौरान एक व्यक्ति करंट की चपेट में आ गया। उसे बचाने पहुंचे शमशाद को भी करंट लग गया। हादसे में दो अन्य युवक भी झुलस गये। आसपास मौजूद लोगों ने सभी को अस्पताल पहुंचाया, जहां ट्रॉमा सेंटर में चिकित्सकों ने शमशाद को मृत घोषित कर दिया।

मेला देखकर लौट रहे तीन युवकों पर चाकू से हमला

पिंडरा। फूलपुर थाना क्षेत्र के कठिरांव में मेला देखकर घर लौट रहे तीन युवकों पर कब्रिस्तान के पास चाकू और पंच से हमला किये जाने का मामला सामने आया है। पीड़ितों ने सरफराज और मोनू चौहान समेत आठ-दस अज्ञात लोगों पर हमले का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार फूलपुर थाना क्षेत्र के बहुतरा (बेलवा) गांव निवासी अजय पटेल, प्रवीण पटेल और प्रिंस वर्मा एक नवंबर की रात ११ बजे कठिरांव में मेला एवं लाग देखने गये थे। मेला देखने के बाद तीनों युवक कठिरांव के कब्रिस्तान के पास खड़े थे। आरोप है कि इसी दौरान सरफराज और मोनू चौहान अपने आठ-दस अज्ञात साथियों के साथ वहां पहुंचे और अचानक तीनों युवकों पर चाकू तथा पंच से हमला कर दिया। जिससे तीनों को सर फट गया। हमले के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गयी। पुलिस तहरीर पर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

छह माह से फरार २५ हजार का इनामी बदमाश लखनऊ से गिरफ्तार

हत्या के प्रयास के एक मामले में छह माह से फरार चल रहे २५ हजार रुपये के इनामी मुख्य आरोपी को सिगरा पुलिस ने रविवार को लखनऊ से गिरफ्तार किया है। आरोपी की गिरफ्तारी के साथ ही लंबे समय से तलाश चल रही थी। गिरफ्तार आरोपी की पहचान शिवा सिंह उर्फ शिवम् सिंह पुत्र शिव प्रकाश सिंह, निवासी गंगानगर, थाना सरोजनी नगर, लखनऊ के रूप में हुई है।

घर के बाहर खड़े व्यक्ति पर की थी फायरिंग- पुलिस के अनुसार, घटना चार मई २०२६ की है। पीड़ित ने थाना सिगरा में लिखित शिकायत देकर बताया था कि वह अपने घर के बाहर खड़ा था, तभी सिल्वर/सफेद रंग की अल्टो कार से कुछ अज्ञात व्यक्ति वहां पहुंचे। आरोप है कि कार से उतरकर एक व्यक्ति ने उसके ऊपर फायरिंग की और गाली-गलौज की। घटना के बाद पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना सिगरा में धारा १०९(१)/३(५) बीएनएस एवं धारा ७ आपराधिक कानून संशोधन अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था।

पहले भी एक आरोपी हो चुका है गिरफ्तार- मामले में पुलिस ने छह मई २०२६ को एक अन्य आरोपी श्रोत श्रीवास्तव पुत्र स्वर्गीय अनूप कुमार श्रीवास्तव, निवासी ग्राम रूहट्टा, पोस्ट उमरपुर, हुसैनाबाद, थाना कोतवाली, जनपद जौनपुर को थाना सिगरा परिसर से गिरफ्तार किया था। वहीं, मुख्य आरोपी शिवा सिंह उर्फ शिवम् सिंह घटना के बाद से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर २५ हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

इन पुलिसकर्मियों की रही अहम भूमिका- आरोपी की गिरफ्तारी प्रभारी निरीक्षक थाना सिगरा शिवाकान्त मिश्र के नेतृत्व में की गयी। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक शिवम, चौकी प्रभारी नगर निगम, महिला उपनिरीक्षक डाली साहू, हेड कांस्टेबल जितेन्द्र सिंह एवं कांस्टेबल मृत्युंजय सिंह शामिल रहे।

युवती से अश्लील हरकत का विरोध करने पर मनबढ़ोंने भाई को पीटा

मिर्जामुराद। क्षेत्र स्थित एक गांव में युवती से अश्लील हरकत करने और विरोध पर उसके भाई की पिटाई करने के मामले में पुलिस ने लालपुर गांव निवासी गौतम, सनी, मनीष, अनिल और शुभम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। आरोप है कि सभी युवक युवती के घर के सामने जुआ खेलते थे और अश्लील टिप्पणियां करते थे। बीते १३ अक्तूबर को भी आरोपितों ने युवती से अश्लील बातें कीं। विरोध करने पर उसे दौड़ाकर पकड़ लिया और अश्लील हरकत की। शोर सुनकर बचाने पहुंचे भुक्तभोगी के भाई को भी लात-घूंसों से पीटकर घायल कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपित उसके भाई के दोस्त को फोन कर ५० हजार रुपये की सुपारी देने की धमकी भी दे रहे हैं। थाना प्रभारी गोपाल जी कुशवाहा के अनुसार पुलिस ने तहरीर के आधार पर सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर कारवाई शुरू कर दी है।

फौजी की पत्नी का कार्ड बदलकर एटीएम से ४० हजार रुपये उड़ाये, सीसीटीवी फुटेज से आरोपी की तलाश

चौबेपुर क्षेत्र के मुनारी बाजार में कार्ड बदलकर फौजी की पत्नी के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के एटीएम से ४० हजार रुपये निकालने का मामला सामने आया है। चोलापुर थाना क्षेत्र के टेकरी निवासी सोनी देवी सोमवार दोपहर मुनारी स्थित एसबीआई के एटीएम से रुपये निकालने पहुंची थीं। इसी दौरान एटीएम में पहले से मौजूद एक अज्ञात व्यक्ति उनके पीछे खड़ा हो गया। महिला ने जैसे ही मशीन में अपना एटीएम कार्ड लगाया, उक्त व्यक्ति ने मदद करने के बहाने उनका कार्ड मशीन में लगाया और पिन दर्ज करने को कहा। उसने महिला को यह कहकर गुमराह किया कि पिन नहीं डालने पर उनका कार्ड ब्लॉक हो जायेगा। महिला ने उसके कहने पर अपना पिन दर्ज कर दिया। इसके बाद मशीन से रुपये नहीं निकले और आरोपी वहां से चला गया। कुछ देर बाद महिला के पति के मोबाइल पर खाते से चार बार में कुल ४० हजार रुपये निकाले जाने का संदेश आया। इसके बाद जब महिला ने अपना एटीएम कार्ड चेक किया तो पता चला कि कार्ड बदल दिया गया है। घटना की जानकारी मिलने पर पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की। बताया जा रहा है कि पूरी घटना एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। अब फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान होने की उम्मीद है।

उ.प्र. पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड
विद्युत पारेषण मण्डल मिर्जापुर

निविदा सूचना दिनांक 02.11.2026

निविदा संख्या एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण

जेम पोर्टल के बिड सं. GEM/2026/B/8229618 द्वारा 132 के.वी. उपकेन्द्र मिन्टो पार्क प्रयागराज से 220 के.वी. उपकेन्द्र भदोही तक 40 एम.वी.ए. परिवर्तक की ढुलाई एवं स्थापना का कार्य। धरोहर धनराशि रू. 14000/- निविदा की अन्तिम तिथि–12.11.2026 ।

निविदा को बिना कारण बताये निरस्त/अस्वीकार करने का अधिकार अधीक्षण क अभियन्ता, विद्युत पारेषण मण्डल मिर्जापुर के पास सुरक्षित रहेगा।

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट www.gem.gov.in पर उपलब्ध है। अग्रे. तर समस्त सूचनाएँ वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।

पत्रांक–2423/वि.प्रे.मं.(मि.)/टी–टेण्डर
दिनांक–02.11.2026

राष्ट्रहित में बिजली बचाये

कार्यालय नगर पालिका परिषद, पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर, चन्दौली।

ई-प्रोक्योरमेन्ट / ई-टेडरिंग सूचना

एतद्द्वारा फर्म/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि 15वॉ वित्त आयोग अनटाईड मद के तहत प्रकाश व्यवस्था हेतु प्रस्तावित सामानो (1.50एम.एम. तार, 10एम.एम.तार, पाईप क्लैम्प, 15 वाट एल.ई.डी. बल्ब, सेफ्टी एक्यूपमेट, ड्रील मशीन) की आपूर्ति/क्रयदारी कार्य हेतु ई. निविदा के माध्यम से दिनांक 12.11.2026 को अपरान्ह 02.00 बजे तक निविदा आर्मेत्रित की जाती है। जिसे फर्म/ठेकेदार वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर सामान्य नियम एवं शर्तो को देख कर निविदा में प्रति भाग कर सकते है।

क्रम सं.	निविदा आमंत्रण की तिथि व समय प्रातः		निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि व समय पूर्वाह्न		निविदा की तकनीकी बिड् खोले जाने की तिथि व समय पूर्वाह्न	
	दिनांक	समय प्रातः	दिनांक	समय अपरान्ह	दिनांक	समय अपरान्ह
1	08.11.2026	4.00 बजे	12.11.2026	02.00 बजे	12.11.2026	3.00 बजे

(धर्मराज सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
पं.दीनदयाल उपाध्याय नगर
जनपद-चन्दौली

(सोनू किन्नर)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
पं.दीनदयाल उपाध्याय नगर
जनपद-चन्दौली

पत्रांक-550/अ.अ./न.पा.प.पं.दी.उ.न./2026-27 दिनांक-28 अक्टूबर, 2026

वर्गीकृत आज विज्ञापन

सूचना

सूचना-सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा एलआईसी पॉलिसी संख्या 32356761145 में मेरा नाम MALUI ALIAS MALLO अंकित है, जबकि मेरे आधारकार्ड में मेरा नाम मलई अंकित है, मेरे पेनकार्ड में मेरा नाम मल्लो अंकित है, **MALUI ALIAS MALLO** व मलई ये नाम एक ही व्यक्ति का यानि मेरा ही है, **मलुई उर्फ मल्लो** पत्नी बसंतलाल पता नारघाट मल्लाही टोला जिला मीरजापुर

सूचना

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश का प्रमाण पत्र सह अंक पत्र सन् 2019 जिसका अनुक्रमांक 2690159 है। वास्तव में कहीं खो गया है। **अनुराधा** पुत्री पारस नाथ ग्राम- मदका, पोस्ट, अमिलौधा (घोरावल) जिला-- सोनभद्र (उत्तर प्रदेश)

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वतः जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबन्धक

कार्यालय नगर पालिका परिषद, पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर, चन्दौली।

ई-प्रोक्योरमेन्ट / ई-टेडरिंग सूचना

एतद्द्वारा फर्म/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि 15वॉ वित्त आयोग टाईड मद के तहत नगर पालि. का सीमान्तर्गत वार्ड नं.-06 महमूदपुर में अधिष्ठापित 41एच.पी. नलकूप के संचालन हेतु विद्युत संयोजन (ट्रान्सफार्मर, पोल सहित) कराये जाने के कार्य हेतु ई. निविदा के माध्यम से दिनांक 12.11.2026 को अपरान्ह 02.00 बजे तक निविदा आर्मेत्रित की जाती है। जिसे फर्म/ठेकेदार वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर सामान्य नियम एवं शर्तो को देख कर निविदा में प्रति भाग कर सकते है।

क्रम सं.	निविदा आमंत्रण की तिथि व समय प्रातः		निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि व समय पूर्वाह्न		निविदा की तकनीकी बिड् खोले जाने की तिथि व समय पूर्वाह्न	
	दिनांक	समय प्रातः	दिनांक	समय अपरान्ह	दिनांक	समय अपरान्ह
1	02.11.2026	4.00 बजे	12.11.2026	09.00 बजे	12.11.2026	3.00 बजे

(धर्मराज सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
पं.दीनदयाल उपाध्याय नगर
जनपद-चन्दौली

(सोनू किन्नर)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
पं.दीनदयाल उपाध्याय नगर
जनपद-चन्दौली

पत्रांक-549/अ.अ./न.पा.प.पं.दी.उ.न./2026-27 दिनांक-28 अक्टूबर, 2026

पूर्वोत्तर रेलवे

अधिसूचना सं.: 187/2026

रेल यात्री बन्धुओं के लिये आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित पूजा विशेष गाड़ी का संचलन निम्नवत किया जायेगा।



04058/04057 आनन्द विहार-छपरा-आनन्द विहार आरक्षित त्योहार विशेष गाड़ी

गाड़ी सं. 04058 आनन्द विहार से दिनांक 03-11-2026 से 17-11-2026 = 05 ट्रिप
गाड़ी सं. 04057 छपरा से दिनांक 03-11-2026 एवं 17-11-2026 = 05 ट्रिप

गाड़ी संख्या 04058 आनन्द विहार-छपरा		स्टेशन	गाड़ी संख्या 04057 छपरा-आनन्द विहार	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
-	00:20	आनंद विहार टर्मिनल	17:20	-
03:50	03:52	दूण्डला	12:10	12:12
07:20	07:25	गोविंदपुरी	08:50	08:55
10:35	10:40	प्रयागराज जं.	05:55	06:00
11:43	11:45	ज्ञानपुर रोड	04:48	04:50
13:15	13:25	वाराणसी	03:35	03:45
13:55	13:57	सारनाथ	02:53	02:55
14:28	14:30	औड़िहार	02:28	02:30
15:35	15:45	गाजीपुर सिटी	01:15	01:25
16:53	16:55	फेफना	00:13	00:15
17:10	17:12	बलिया	23:53	23:55
17:50	17:52	रेवती	23:05	23:07
18:09	18:11	सुरेमनपुर	22:48	22:50
19:20	-	छपरा	-	22:10

रेक संरचनाः जनरेटर सह लगेज यान-02, वातानुकूलित तृतीय-12, वातानुकूलित द्वितीय-05, वातानुकूलित प्रथम-01, = कुल 20 कोच।

मुजाधि/टी-75B मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक, गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

पूर्व मध्य रेल

शुद्धि–पत्र

E-Tender Notice No. SG-DSE-T-OT-06–26
मौजूदा निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 03/11/2026 12:30,
संशोधित निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 10/11/2026 16:00,
मंडल सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता, डी०डी०यू० पीआर/1245/डी०डी०यू०/एसएण्डटी/सी/26–27/12

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

निविदा सूचना संख्या : RP-DNR-PSI-TVAN-GHD-MHDA, दिनांक.: 29.10.2026,
कार्य का नाम एवं स्थान :Design, Supply, erection, testing & commissioning for Mobil PSI testing system/Mobile testing lab/ testing mobile testing system for 25/2×25 KV traction system in the DDU and DHN division. कार्य का अनुमानित लागत : ₹18,90,70,577.60, निविदा फार्म की कीमत : ₹0.00/–, आवश्यक बयाना राशि : ₹37,81,400/–, निविदा प्रस्ताव जमा करने एवं निविदा खुलने की तारीख एवं समय : निविदा खुलने और बंद करने का समय : दिनांक : 27.11.2026 को 12.00 बजे। बेवसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्तें व विवरण की जानकारी प्राप्त की जा सकती है : पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्तें व विवरण निविदा प्रपत्र में है जिसे www.ireps.com वेवसाइट पर देखा जा सकता है। पता एवं अन्य जानकारी : मुख्य विद्युत अभियंता/रेल परियोजना/दानापुर कार्यालय जगजीवन स्टेडियम के निकट, खगौल, पोस्ट–खगौल, जिला–पटना, पिन–801105

उप मुख्य विद्युत अभियंता रेल परियोजना/पूमरे/दानापुर
पीआर/1233/डीएनआर/परियोजना/आरपीटी/26–27/32

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

ई–निविदा नोटिस सं.–52 ऑफ 2026–27/खुला/इंजीनियरिंग,डीडीयू।
मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा)आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा सं.–30–डीडीयू–व.मं.इंजी.–।।–26–27, कार्य का नाम एवं लोकेशन : सहायक मंडल अभियंता/गया के अधीन गया कॉलोनी में कॉलोनी ड्रेन का कार्य और मुख्य ड्रेन का कार्य। कार्य का अनुमानित लागत:₹1,84,96,743.59, धरोहर राशि:₹3,69,900/–

निविदा सं.–31–डीडीयू–व.मं.इंजी.–।।–26–27, कार्य का नाम एवं लोकेशन : सहायक मंडल अभियंता/गया और सहायक मंडल अभियंता/डेहरी–ऑन–सोन के अंतर्गत छोटे और बड़े पुलों की मरम्मत, सफाई और ग्राउटिंग का कार्य। कार्य का अनुमानित लागत: ₹93,25,899.12, धरोहर राशि:₹1,86,500/–

निविदा सं.–32–डीडीयू–व.मं.इंजी.–।।–26–27, कार्य का नाम एवं लोकेशन : गया में पंपों के लिए 07 Nos. ऑटोमैटिक क्लोरीनेशन प्लांट cum टोटलाइजर और डिजिटल प्रोफाइल मीटर की आपूर्ति और स्थापना। कार्य का अनुमानित लागत:₹69,35,759.60, धरोहर राशि :₹1,38,700/–

ई– निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 18.11.2026 12:00 बजे तक। बेवसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in

नोट : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक/पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/1232/डीडीयू/अभिं./टी/26–27/44

OFFICE OF THE PROJECT MANAGER

Construction & Design Services, (E/M Wing), U.P. Jal Nigam (Urban), Varanasi

Letter No.: 1336/M-4/246 **Date:** 02.11.2026

E-Tender Notice

Digitally signed e-bids are invited on behalf of the Chairman , U.P. Jal Nigam (URBAN) for execution of following works from eligible, reputed and experienced bidder. Detailed E-b id documents will be available for download from 16.11.2026 by 12.00 Hrs., submission of e-bid till 23-11-2026 upto 17.00 Hrs. and opening of e-bid (technical) on 25.11.2026 at 14.00 Hrs. Details are also available on U.P. Govt e-procurement portal http://etender.up.nic.in .

A- S.I.T.C. of 09 mtr High Mast Light at Different places in Distt- Jaunpur Under Vidhan Mandal Kshetra Vikas Nidhi Programme.

Project Manager

वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी

सार्वजनिक सूचना

श्री हरि श्याम वर्मा, श्री रवि वर्मा एवं श्री हरि कृष्ण वर्मा द्वारा आराजी संख्या–146/1, प्लॉट नं. –27, लोहिया नगर, मौजा–मवईया, परगना–शिवपुर, वार्ड–सारनाथ, जिला–वाराणसी पर होटल का निर्माण कराया गया है, जिसे शमनित कराने हेतु प्राधिकरण में शमन मानचित्र प्रस्तुत किया गया है। वाराणसी महायोजना–2031 के अनुसार प्रश्नगत भूमि जिस पर होटल निर्मित है, का भू–उपयोग आवासीय क्षेत्र है इस भू–उपयोग में वाराणसी महायोजना–2031 के जोनिंग रेगुलेशन्स के अनुसार आवासीय क्षेत्र में होटल का निर्माण सामान्यतः अनुमन्य उपयोग की श्रेणी के अन्तर्गत आता है। प्रचलित वाराणसी महायोजना–2031 के जोनिंग रेगुलेशन्स के प्रस्तर सं0–15.1.3 के बिन्दु सं.–4 में यह प्राविधान है "कि प्रमुख भू–उपयोग जोन के अन्तर्गत कुल विकसित योजनाओं/क्षेत्रों में मूल उपयोग से इतर क्रिया/उपयोग (भले ही जोनिंग रेगुलेशन्स के अनुसार ऐसी क्रिया/उपयोग सामान्यतः अनुमन्य/सशर्त अनुमन्य/विशेष अनुमति से अनुमन्य हो) अनुमन्य किये जाने हेतु न्यूनतम 15 दिन की समयावधि प्रदान करते हुये जनता से आपत्ति/सुझाव, उचित माध्यमों से आमंत्रित किये जायेंगे एवं इन आपत्तियों एवं सुझावों के निस्तारण के उपरान्त ही स्वीकृति/अस्वीकृति की कार्यवाही की जायेगी।" चूंकि प्रश्नगत प्रकरण में प्रमुख भू–उपयोग आवासीय है एवं होटल संचालन की क्रिया इस मूल उपयोग से इतर होने के कारण जनता से आपत्ति/सुझाव प्राप्त किया जाना आवश्यक है।

अतः उक्त प्राविधान के दृष्टिगत यदि किसी हितबद्ध व्यक्ति/संस्था को प्रश्नगत होटल के शमन मानचित्र के सम्बन्ध में कोई आपत्ति/सुझाव प्रस्तुत करना हो, तो सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अन्दर अपनी आपत्ति/सुझाव भवन अनुभाग वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी के कार्यालय कक्ष में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समय अवधि के उपरान्त प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति/सुझाव पर विचार नही किया जायेगा।

नगर नियोजक/प्रभारी अधिकारी (मानचित्र)
वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी

उत्तर मध्य रेलवे

सं.: Dy.CEE/PU/PRYJ/EIG/EPC-01/D138/2026 दिनांक : 29.10.2026

भारतीय रेल

''सार्वजनिक अधिसूचना''

उत्तर मध्य रेलवे के नीचे बताए गए सेक्शन पर बनी रेलवे लाइन और परिसर का इस्तेमाल करने वाले सभी लोगों को सूचित किया जाता है कि नए बने स्विचिंग स्टेशन की 25000-वोल्ट 50Hz AC ओवरहेड ट्रैक्शन वायर को **15.11.2026** को या उसके बाद चालू (energize) किया जाएगा। उसी तारीख से, ओवरहेड ट्रैक्शन लाइन को हर समय 'लाइव' (बिजली से चालू) माना जाएगा और कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति उस ओवरहेड लाइन के पास नहीं जाएगा और न ही उसके आस-पास कोई काम करेगा।

ऊर्जाकरण की तिथि : 15.11.2026

क्रम संख्या	खंड	कि0मी0/लोकेशन/चैनेज से	तक
1.	उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज डिवीज़न में मौजूदा नई दिल्ली-हावड़ा रूट पर स्पीड को 160 किमी प्रति घंटा/200 किमी प्रति घंटा तक बढ़ाने के संदर्भ में किमी 719/1008 (CH: 719/847.33) - 719/1010 (CH: 719/797.33) पर नए 2×25 केवी पहाड़ा/एसएसपी को चालू करना।	पहाड़ा/एसएसपी 719/1008 (CH:719/847.33	पहाड़ा/एसएसपी 719/1010 (CH:719/797.33

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/परियोजना
उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज

2493/26 (PH)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

---

उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लि. लखनऊ

राजकीय निर्माण एजेन्सी, जी-4/5बी, सेक्टर-4, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ-226 010 फोन: 2390150, 2390151 पी.बी.एक्स.
Email : paccfedho@gmail.com Website : http://uprnss.org

पत्रांक :- 577/निविदा/UPRNSS-Mirjapur/2026-27 दिनांक :- 02/11/2026

ई-निविदा सूचना (वित्तीय स्वीकृति की प्रत्याशा में)

उ०प्र० राज्य निर्माण सहकारी संघ लि०, निर्माण प्रखण्ड मिर्जापुर में निम्नांकित कार्य के निर्माण हेतु http://etender.up.nic.in के माध्यम से ऑनलाइन अल्पकालीन निविदा (वित्तीय स्वीकृति की प्रत्याशा में) आमंत्रित की जाती है।

S. No.	NOTICE NO.	Date of uploading Tender	District	Name of Work	Tender cost (in Lacs)
1	561/E-TENDER/UPRNSS_MZP/26-27 Dated: 02.11.2026	05.11.2026	सोनभद्र	राजकीय हाईस्कूल मउकला में बाउण्ड्रीवाल मय गेट का निर्माण	36.48
2	562/E-TENDER/UPRNSS_MZP/26-27 Dated: 02.11.2026	05.11.2026	सोनभद्र	राजकीय इण्टर कालेज सिरसिया ठकुराई खैरपुर में 02 शिक्षण कक्ष का निर्माण	30.39
3	563/E-TENDER/UPRNSS_MZP/26-27 Dated: 02.11.2026	05.11.2026	सोनभद्र	राजकीय बालिका हाईस्कूल पईका में 02 शिक्षण कक्ष का निर्माण	30.39
4	564/E-TENDER/UPRNSS_MZP/26-27 Dated: 02.11.2026	05.11.2026	सोनभद्र	विकास खण्ड चोपन के प्राथमिक विद्यालय कन्हौरा में नवीन भवन का निर्माण कार्य	26.60
5	565/E-TENDER/UPRNSS_MZP/26-27 Dated: 02.11.2026	05.11.2026	सोनभद्र	विकास खण्ड रॉबर्ट्सगंज के उ०प्रा०वि० गयारतवल में अतिरिक्त कक्षा-कक्ष व चारदीवारी का निर्माण कार्य।	31.55
6	566/E-TENDER/UPRNSS_MZP/26-27 Dated: 02.11.2026	05.11.2026	सोनभद्र	विकास खण्ड रॉबर्ट्सगंज के कम्पो० वि० पचपिडिया में अतिरिक्त कक्षा-कक्ष व चहारदीवारी का निर्माण कार्य	29.72
7	567/E-TENDER/UPRNSS_MZP/26-27 Dated: 02.11.2026	05.11.2026	सोनभद्र	विकास खण्ड रॉबर्ट्सगंज के कम्पो०वि० करारी में अतिरिक्त कक्षा-कक्ष व चहारदीवारी का निर्माण	21.75
8	568/E-TENDER/UPRNSS_MZP/26-27 Dated: 02.11.2026	05.11.2026	सोनभद्र	पीएम० श्री विद्यालय विकास खण्ड रॉबर्ट्सगंज के क०वि० हिनौता में अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण	13.30
9	569/E-TENDER/UPRNSS_MZP/26-27 Dated: 02.11.2026	05.11.2026	सोनभद्र	पी०एम०श्री विद्यालय विकास खण्ड बभनी के प्रा०वि० सड़कटोला में अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण कार्य	13.30
10	570/E-TENDER/UPRNSS_MZP/26-27 Dated: 02.11.2026	05.11.2026	सोनभद्र	पीएम० श्री विद्यालय विकास खण्ड दुद्धी के क०वि० मेदनीखाड़ में अतिरिक्त कक्षा-कक्ष, चहारदीवारी व इण्टरलार्किंग का कार्य	34.58
11	571/E-TENDER/UPRNSS_MZP/26-27 Dated: 02.11.2026	05.11.2026	सोनभद्र	पीएम० श्री विद्यालय विकास खण्ड म्योरपुर के क०वि० लिलासी में अतिरिक्त कक्षा-कक्ष, चहारदीवारी व इण्टरलार्किंग का कार्य	32.30
12	572/E-TENDER/UPRNSS_MZP/26-27 Dated: 02.11.2026	05.11.2026	सोनभद्र	विकास खण्ड चोपन ग्राम पंचायत जुगैल के करमहवा सम्पर्क मार्ग पर पुलिया निर्माण।	26.60
13	573/E-TENDER/UPRNSS_MZP/26-27 Dated: 02.11.2026	05.11.2026	सोनभद्र	राजकीय हाईस्कूल रिजुल सोनभद्र में बाउण्ड्रीवाल का निर्माण।	20.23
14	574/E-TENDER/UPRNSS_MZP/26-27 Dated: 02.11.2026	05.11.2026	सोनभद्र	विकास खण्ड चोपन के प्राथमिक विद्यालय शिल्पी में नवीन भवन का निर्माण कार्य।	26.60
15	575/E-TENDER/UPRNSS_MZP/26-27 Dated: 02.11.2026	05.11.2026	सोनभद्र	विकास खण्ड रॉबर्ट्सगंज के प्रा०वि० बिजरी में नवीन भवन निर्माण व चार दीवारी का निर्माण कार्य।	35.69
16	576/E-TENDER/UPRNSS_MZP/26-27 Dated: 02.11.2026	05.11.2026	सोनभद्र	जिला एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, पीपरखाड़ के परिसर में इण्टरलार्किंग, बोरिंग एवं समर्सिबल का कार्य।	23.23

Executive Engineer, UPRNSS, Mirzapur

कार्यालय नगर पंचायत सादात, जनपद-गाजीपुर (उ.प्र.)

पत्रांक–452/न.पं.सादात–ई–निविदा/2026–27 दिनांक–31.10.2026

ई–निविदा सूचना

नगर पंचायत सादात, गाजीपुर स्थानीय निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों/निविदादाताओं से निर्माण कार्य हेतु शासनादेश संख्या–607/2026/नौ–5–2026/001 Com. No-2099062, नगर विकास अनुभाग–5 लखनऊ दिनांक 15 अक्टूबर 2026 द्वारा वित्तीय वर्ष 2026–27 में ''सीवरेज एवं जल निकासी'' योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से विभिन्न कार्यों हेतु दिनांक 02.11.2026 से दिनांक 23.11.2026 समय सायं 12.00 बजे तक ई–निविदा आमंत्रित करती है।

1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेट की उपलब्धता की तिथि 02.11.2026 (05:00 PM)
2. ई–निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि 23.11.2026/समय 12.00 बजे सायं तक।
3. ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 23.11.2026 को दोपहर 02.00 बजे।
4. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा, सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखे।

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए कृपया ई–टेण्डरिंग की वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर लॉग–इन करे तथा बिड डाक्यूमेंट डाउनलोड करें।

(जीतन राम)
लिपिक
नगर पंचायत सादात
गाजीपुर

(सोनल जैन)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत सादात
गाजीपुर

(सुमन यादव)
अध्यक्ष
नगर पंचायत सादात
गाजीपुर

जलकल विभाग, नगर निगम, वाराणसी

भेलूपुर, वाराणसी-221010

पत्रांक–464/II/(जोन–3)/ज.क.वि.न.नि.वा. दिनांक–02.11.2026

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

जोन–3 के दशाश्वमेध वार्ड के अन्तर्गत अशोक नगर कालोनी में सीवर लाइन बिछाने के कार्य हेतु जलकल विभाग, नगर निगम, वाराणसी के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 12.11.2026 को सायं 03.30 बजे तक मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन अधोहस्ताक्षरी व उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष सायंकाल

टंकी से टकरायी बाइक, युवक की मौत

धनखोर गांव से घर लौट रहा था प्रवीण, दो बेटियों के सिर से उठा पिता का साया

बभनी(सोनभद्र)। स्थानीय थाना क्षेत्र के चौना-बहेड़ाडोल में रविवार की रात करीब साढ़े ग्यारह बजे सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। धनखोर से घर लौटते समय बाइक अनियंत्रित होकर नमामि गंगे विभाग की ओर से बनाई गई पानी की टंकी से टकरा गई। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों द्वारा उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बभनी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बहेराडोल निवासी प्रवीण खरवार 35 पुत्र सोना बच्चा रविवार की रात करीब साढ़े 11 बजे बाइक से धनखोर से अपने घर लौट रहे थे। घर पहुंचने से पहले ही उनकी बाइक नमामि गंगे विभाग की ओर से बनाई गई पानी की टंकी से टकरा गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। घायल प्रवीण को आनन फानन में तत्काल सीएचसी बभनी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी भेज दिया। प्रवीण की मौत से परिवार में मातम छा गया। उनकी दो बेटियां हैं। पति की मौत से पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज, आरोपी गिरफ्तार

विंढमगंज(सोनभद्र)। स्थानीय थाना से महज सौ मीटर दूर बीते रविवार की रात भारतीय इंटरमीडिएट कालेज के खेल ग्राउंड पर दो पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट में प्रकाश गुप्ता पुत्र स्वर्गीय सियाराम गुप्ता, प्रिंस चंद्रवंशी पुत्र राजेश चंद्रवंशी, उमेश कुमार चंद्रवंशी पुत्र जय कुमार चंद्रवंशी निवासीगण सलैयाडीह जख्मी हो गए। थानाध्यक्ष रविकांत मिश्रा ने बताया कि पीड़ित प्रकाश गुप्ता की लिखित तहरीर पर विपक्षी गणों के विरुद्ध धारा 109,115(2), 352 351 (3) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

मुर्गों से लदी पिकअप खाई में पलटी, सैकड़ों मुर्गों की मौत

मारकुंडी(सोनभद्र)। गुरमा पुलिस चौकी क्षेत्र के मारकुंडी पुरानी घाटी में सोमवार की भोर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब मुर्गों से लदी एक तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर गहरी खाई में पलट गई। इस भीषण हादसे में पिकअप चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि वाहन में लदे सैकड़ो मुर्गों की मौत हो गई। हादसे की खबर फैलते ही आसपास के ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। आरोप है कि दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंचे कई ग्रामीण मृत एवं जीवित मुर्गों को उठाकर अपने घर ले जाने लगे। हादसे के बाद घाटी में अफरा- तफरी का माहौल बना रहा। बताया गया कि नौगढ़ से छत्तीसगढ़ पिकअप जा रही थी।

वाहन चलाते समय सतर्कता, जागरुकता का दें परिचय-मंत्री

राम लीला मैदान राबर्ट्सगंज में यातायात जागरुकता माह का शुभारंभ

सोनभद्र। जनपद में यातायात जागरूकता माह नवम्बर-2026 का शुभारंभ सोमवार को थाना रॉबर्ट्सगंज क्षेत्रान्तर्गत रामलीला मैदान रॉबर्ट्सगंज में भव्य कार्यक्रम के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार संजीव कुमार गोड़ एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर एसपी ने राज्यमंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। तत्पश्चात दोनों अतिथियों द्वारा एक-दूसरे को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर आमजन को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। बच्चों ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुतियों के माध्यम से हेलमेट एवं सीट बेल्ट के प्रयोग, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, ओवरलोडिंग से बचने तथा नशे की अवस्था में वाहन न चलाने का संदेश दिया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं के दुष्परिणामों को प्रदर्शित करते हुए उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए यातायात नियमों के महत्व एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। अत: वाहन चलाते समय संयम, सतर्कता एवं जिम्मेदारी का परिचय देना आवश्यक है। बाइक चलाते लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। राज्यमंत्री संजीव कुमार गोड़, पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा एवं सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने समय हेलमेट बहुत जरूरी है, दोपहिया वाहन चलाते समय स्वयं एवं पीछे बैठने वाले व्यक्ति के लिए हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। नियमों का पालन कर स्वयं एवं दूसरों का जीवन सुरक्षित रखें, निर्धारित गति सीमा से अधिक रफ्तार में वाहन न चलाएं तथा तेज गति एवं लापरवाही से बचें। दोपहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाएं एवं चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें तथा नशे की अवस्था में वाहन बिल्कुल न चलाएं, ओवरलोडिंग कदापि न करें तथा वाहन की निर्धारित भार क्षमता एवं यात्री क्षमता का पालन करें, यातायात संकेतों, सिग्नल एवं सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें तथा जल्दबाजी में वाहन न चलाएं। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा क्षेत्राधिकारी सदर/यातायात सुधीर कुमार सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, यातायात प्रभारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारीगण, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सोनभद्र पुलिस की अपील

यातायात नियमों का पालन केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि अपने एवं दूसरों के अनमोल जीवन की सुरक्षा के लिए करें। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाएं तथा नशे एवं लापरवाही की अवस्था में वाहन चलाने से बचें। यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित घर पहुंचें। सफर आपका, सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी। यातायात नियम अपनाएं, सुरक्षित घर पहुंचें।

रामकथा के अमृत संदेश से गुंजायमान हुआ रेनुसागर

हिंडालको-रेनुसागर में राम चरित मानस प्रवचन का शुभारंभ

अनपरा(सोनभद्र)। हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड, रेनुसागर के तत्वावधान में सुमंगलम भवन, रेनुसागर में तीन दिवसीय राम चरित्र मानस प्रवचन कार्यक्रम का भव्य एवं भक्तिमय शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हिंडालको का सम्मान कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि हिंडालको रेनुसागर के यूनिट हेड आर पी सिंह ने कहा कि हिंडालको रेनुसागर सदैव औद्योगिक गतिविधियों के साथ-साथ आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक मूल्यों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। इस प्रकार के धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजन कर्मचारियों और उनके परिवारों को सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करने के साथ ही आपसी एकता, सद्भाव और सांस्कृतिक चेतना को भी मजबूत करते हैं। एच आर हेड आशीष पांडेय ने अपने सम्बोधन में कहा कि श्रीरामचरितमानस केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा देने वाला महान जीवन दर्शन है। रामचरित मानस की कथा वाचक रामचरित मानस मर्मज्ञ पंडित नाना लाल राजगुरू जी ने बाल कांड शिव पार्वती विवाह का कथा सुनाते हुये कहा कि शिव-पार्वती विवाह का यह पावन प्रसंग हमें बताता है कि जहां श्रद्धा है, वहां विश्वास हैय जहां विश्वास है, वहां समर्पण है और जहां समर्पण है, वहां भगवान की कृपा अवश्य प्राप्त होती है। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं एवं कर्मचारियों में विशेष उत्साह और भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम को सफल बनाने में सदानन्द पांडेय ,अनिकेत दास ,रमेश वर्मा का सराहनीय सहयोग रहा। संचालन सदानन्द पांडेय ने किया। धन्यवाद ज्ञापित ईआर हेड मृदुल भरद्वाज ने किया। इस मौके पर हिंडालको रेनुसागर के अधिकारी बृजेश वर्मा, नाऊष त्रिपाठी ,देवेन्द्र त्रिपाठी मौजूद रहे।



होटल संचालकों, पंचर बनाने वालों को नोटिस जारी

बेतरतीब वाहन खड़ा करने पर पुलिस काररवाई में जुटी

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ऑपेशन ऋषभ रुणवाल के पर्यवेक्षण में जनपद में सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने तथा राजमार्गों पर वाहनों के अनावश्यक जमावड़े एवं अव्यवस्थित पार्किंग पर अंकुश लगाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को जनपद के विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों के किनारे संचालित होटलों, ढाबों, रेस्टोरेंटों, लॉज, भारी वाहन मरम्मत गैराज, टायर पंचर मरम्मत की दुकानों एवं अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच की गई। इस दौरान प्रतिष्ठानों के सामने एवं सड़क किनारे अनाधिकृत रूप से खड़े वाहन स्वामियों तथा संबंधित प्रतिष्ठान संचालकों को नोटिस जारी किए गए। प्रतिष्ठान संचालकों को निर्देशित किया गया कि अपने प्रतिष्ठानों के सामने सड़क अथवा राजमार्ग पर वाहनों को अनावश्यक रूप से खड़ा न होने दें तथा भारी वाहनों की मरम्मत एवं टायर पंचर बनाने के दौरान वाहनों को सड़क पर खड़ा कर यातायात बाधित न करें। इसके लिए अपने प्रतिष्ठानों में उचित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करें। वाहन स्वामियों को भी निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही वाहन खड़ा करने तथा सड़क एवं राजमार्गों पर अनाधिकृत रूप से वाहन खड़ा कर आवागमन बाधित न करने की हिदायत दी गई।इसके साथ ही सभी संबंधितों को स्पष्ट रूप से चेतावनी दी गई कि भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति होने अथवा यातायात व्यवस्था बाधित किए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठान संचालकों एवं वाहन स्वामियों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।

शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण कर दी गयी दवाइयां

स्वास्थ्य शिविर में एक माह में ५७७ मरीजों की नि:शुल्क जांच और उपचार

बभनी(सोनभद्र)। हिंडालको ग्रामीण विकास विभाग रेणुकूट की ओर से विकास खंड बभनी के विभिन्न गांवों में आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में एक माह के दौरान कुल 577 मरीजों की नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच और उपचार किया गया। शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही मौसमी बीमारियों से बचाव और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। हिंडालको ग्रामीण विकास विभाग के सीएसआर प्रमुख अनिल कुमार झा के नेतृत्व में बिछियारी, डुमरहर, हथियार, चपकी, खोतोमहुआ, करकच्छी, बहेड़ाडोल और कोंगा सहित विभिन्न गांवों में स्वास्थ्य शिविर लगाए गए। इसके अलावा असनहर स्थित परिवार कल्याण केंद्र पर भी शिविर का आयोजन किया गया। सोमवार को असनहर में आयोजित शिविर के साथ इस अभियान का समापन हुआ। शिविर में चिकित्सक डॉ. विवेक कुमार ने मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक परामर्श दिया और दवाइयां वितरित कीं। ग्रामीणों को बदलते मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव, साफ-सफाई बनाए रखने तथा स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने की जानकारी भी दी गई। सीएसआर प्रमुख अनिल कुमार झा ने कहा कि हिंडालको ग्रामीण विकास विभाग ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। जरूरतमंद ग्रामीणों को उनके गांवों के आसपास ही जांच और उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस तरह के शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ग्रामीणों के हित में ऐसे कार्यक्रम जारी रहेंगे। स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन से ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर नि:शुल्क जांच और उपचार की सुविधा मिली। इस मौके पर ग्रामीण विकास अधिकारी प्रदीप कुमार सोनी, मुख्य ब्लॉक संयोजक लालकेश कुशवाहा, शिव पूजन, अजहर इमाम, विजय कुमार, रामचरण, सरोज देवी, राजे मौजूद रहे।

दो वाहनों की भिड़ंत, १२ किलोमीटर लगा लंबा जाम

गमनागमन के दौरान लोगों को परेशानी

रेणुकूट(सोनभद्र)। वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर सोमवार सुबह पिपरी थाना क्षेत्र के गाढ़ा बैरियर के समीप गैस फैक्ट्री के पास दो भारी वाहनों की भिड़ंत के बाद लंबा जाम लग गया। हादसे के चलते सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। देखते ही देखते जाम करीब 12 किलोमीटर तक पहुंच गया। इसमें रोडवेज बसों, निजी वाहनों, दोपहिया वाहनों और मालवाहक ट्रकों समेत सैकड़ों वाहन फंस गए। करीब तीन घंटे तक यातायात प्रभावित रहने से राहगीरों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सोमवार सुबह करीब आठ बजे राखड़ लदा एक ट्रक वाराणसी की ओर जा रहा था। यातायात का दबाव होने के कारण उसकी गति धीमी थी। इसी दौरान पीछे से आ रहे राखड़ लदे ट्रेलर ने ट्रक में टक्कर मार दी। इसके बाद आगे चल रहे तीन से चार वाहन भी आपस में भिड़ गए। हादसे में दो भारी वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं, जरूरी काम से निकले लोगों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लगने से छोटे वाहनों को निकलने का रास्ता नहीं मिल पा रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाने के लिए क्रेन मंगवाई गई, लेकिन वाहनों का वजन अधिक होने और उनकी स्थिति खराब होने के कारण एक क्रेन से उन्हें हटाना मुश्किल हो रहा था। इसके बाद दूसरी क्रेन की व्यवस्था कराई गई। पुलिसकर्मियों ने यातायात सामान्य कराने के लिए काफी मशक्कत की। होकर सड़क के बीच में फंस गए, जबकि अन्य वाहनों को मामूली नुकसान पहुंचा। क्षतिग्रस्त वाहनों के सड़क पर खड़े होने से यातायात बाधित हो गया। जाम में आधा दर्जन से अधिक रोडवेज बसों के साथ कॉलेज बसें और निजी वाहन भी फंसे रहे। लंबे इंतजार से परेशान कई यात्री अपना सामान लेकर पैदल ही गंतव्य की ओर रवाना हो गए।

जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने दृष्टिबाधित व्यक्ति को भेंट की स्मार्ट केन छड़ी

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई के दौरान ग्राम लोहरा, पोस्ट सुकृत, तहसील रॉबर्ट्सगंज निवासी दृष्टिबाधित नवाब खान पुत्र गन्नी खान को स्मार्ट केन (छड़ी) प्रदान किया।जिलाधिकारी ने संवेदनशीलता एवं मानवीय सरोकारों का परिचय देते हुए उन्हें स्मार्ट केन उपलब्ध कराई। इससे उन्हें दैनिक जीवन में आवागमन के दौरान आसपास की बाधाओं को पहचानने तथा सुरक्षित एवं सुगम आवागमन में सहायता मिलेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि दिव्यांगजनों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना, उनकी समस्याओं का समाधान करना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए सहयोग प्रदान करना जिला प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है।


समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए किया जागरूक

सोनभद्र। आदिवासी राजवंश संघ की बैठक सोमवार को नगवां ब्लाक के ग्राम पंचायत पनौरा, औरवाटांड़, चेरो बस्ती में राष्ट्रीय चेरो अगुवा चेरो सिंह चेरो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में महाराजा मेदिनी राय चेरो जी के चित्रों पर पुष्प अर्पित की गई। अनवरत चल रहे जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत बैठक का मुख्य समाज में फैली प्रचण्ड कुरीतियां जैसे नशाखोरी, अशिक्षा,बाल विवाह, दहेज प्रथा, नारी शक्ति का दोहन आदि ज्वलंत मुद्दों पर गहन विचार कर इसे जल्द से जल्द दूर करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर रामनाथ, सुदामा, संजय, धनुषधारी, अवधेश, श्यामसुंदर, जयपान, गोपी नाथ, रामजग सिंह, हीरालाल, मनोरथ, लालबहादुर, मुखलाल, राजेंद्र, चेरो मौजूद रहे।

फायर विंग ने किया अग्निशमन उपकरणों का प्रदर्शन

दीपावली से पूर्व अग्नि सुरक्षा को लेकर सीआईएसएफ का जागरुकता अभियान

शक्तिनगर(सोनभद्र)। दीपावली एवं आगामी त्योहारों के दौरान अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम और लोगों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सोमवार को सीआईएसएफ यूनिट एनटीपीसी शक्तिनगर के फायर विंग द्वारा पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज, एनटीपीसी शक्तिनगर में अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के लगभग 694 छात्र-छात्राओं एवं 18 शिक्षकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का आयोजन सीआईएसएफ कमांडेंट विवेक आर्य के दिशा-निर्देशन में सहायक कमांडेंट/अग्नि तरुण दत्ता, कंपनी कमांडर/अग्नि अजीत आनंद एवं उनकी टीम द्वारा किया गया। इस दौरान सीआईएसएफ की फायर विंग टीम ने विद्यार्थियों को आग लगने के प्रमुख कारणों, आग बुझाने के आधुनिक उपकरणों, विभिन्न प्रकार के फायर एक्सटिंग्विशर तथा उनके सही उपयोग की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही किसी भी आपात स्थिति में सुरक्षित बाहर निकलने के तरीकों को व्यवहारिक रूप से समझाया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के समक्ष विभिन्न प्रकार के अग्निशामक यंत्रों का प्रदर्शन भी किया गया। टीम ने दीपावली के दौरान पटाखे जलाते समय विशेष सावधानी बरतने, ज्वलनशील पदार्थों से दूरी बनाए रखने तथा आग लगने की स्थिति में तत्काल बचाव के उपाय अपनाने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा.. अरविंद कुंवर ने सीआईएसएफ फायर विंग द्वारा आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम की सराहना की।



साइबर ठगी के १७ हजार पीड़ित के खाते में वापस

कोन(सोनभद्र)। साइबर अपराध के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोन थाना की साइबर टीम ने सराहनीय कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी के शिकार एक युवक के 17 हजार उसके बैंक खाते में वापस करा दिए। रकम वापस मिलने पर पीड़ित ने पुलिस टीम के प्रति आभार जताया। रामगढ़ निवासी रिंकू कुमार पुत्र मानिकचंद्र कनौजिया के साथ साइबर ठगी की घटना हुई थी। पीड़ित ने मामले की शिकायत की, जिसके बाद थाना कोन की साइबर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए और संबंधित बैंकों से पत्राचार कर ठगी की पूरी रकम 17,000 सफलतापूर्वक उसके खाते में वापस करा दी।

रानीतारा का अखाड़ा बनेगा जोर-आजमाइश का मैदान

नौ नवंबर को सजेगा पहलवानों का महाकुंभ, देशभर के नामी पहलवान दिखायेंगे दम-खम

करमा(सोनभद्र)। रानीतारा गांव में 9 नवंबर दिन सोमवार को सुबह 11 बजे से विराट दंगल का आयोजन किया जाएगा। इस दंगल में देश के विभिन्न राज्यों से आए नामी-गिरामी पहलवान अपने दमखम, फुर्ती और कुश्ती के शानदार दांव-पेचों का प्रदर्शन करेंगे। अखाड़े में पहलवानों के बीच जोरदार मुकाबले देखने को मिलेंगे, वहीं दर्शकों को रोमांच और उत्साह से भरपूर रानीतारा का यह विराट दंगल कुश्ती प्रेमियों के लिए खास आकर्षण का केंद्र रहेगा। आयोजकों के अनुसार, उत्तर प्रदेश के साथ उत्तराखंड, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, पंजाब और हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों के पहलवान इस प्रतियोगिता में शिरकत करेंगे। अखाड़े में पहलवानों की जोर-आजमाइश के बीच किसका दांव भारी पड़ेगा और कौन अपने प्रतिद्वंद्वी को चित करेगा, इसे लेकर दर्शकों में खासा उत्साह रहने की उम्मीद है। रानीतारा में आयोजित होने वाला यह विराट दंगल खेल प्रेमियों और ग्रामीणों के लिए आकर्षण का बड़ा केंद्र बनने जा रहा है। अखाड़े में पहलवानों के शानदार दांव-पेच, दमदार पकड़ और जीत के लिए होने वाली जोरदार भिड़ंत दर्शकों का उत्साह बढ़ाएगी।

सम्मेलन में ग्राम उद्योग की प्रदर्शनी रहा आकर्षण का केंद्र

लिलासी(सोनभद्र)। म्योरपुर ब्लाक के गोविंदपुर स्थित बनवासी सेवा आश्रम में आयोजित दो दिवसीय ग्राम स्वराज सम्मेलन का समापन रविवार को सर्वधर्म प्रार्थना के साथ हुआ। विचित्रा महाकक्ष में आयोजित सम्मेलन में ग्रामीण स्वावलंबन, जैविक खेती, रोजगार, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण के माध्यम से गांवों के विकास पर चर्चा की गई साथ ही खादी ग्राम उद्योग परिसर में प्रदर्शनी का आयोजन आकर्षण का केंद्र रहा,जिसमे गांधी के ग्राम स्वराज्य की झलक दिखी आश्रम की मंत्री शुभा बहन ने स्वावलंबन और सिंगरौली परिक्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण पर चिंता जताते हुए कहा कि एनजीटी के आदेश के अनुसार प्रदूषण प्रभावित लोगों का आंकड़ा तैयार होना चाहिए, ताकि उन्हें उचित मुआवजा मिल सके। इस मौके पर प्रो संजय, फत्ते सिंह, आशुतोष, फूलकुंवारी, मनोज महराणा, धुर्वा नंद शरण, , डॉ. विभा, यशवंत मिश्रा, पन्ना लाल जायसवाल मौजूद रहे।

सदस्यता अभियान और समाज के विकास पर मंथन

सिंगरौली के पिपरा झांपी में बैसवार महासंघ युवा मोर्चा की बैठक

सिंगरौली। जिले के ग्राम पिपरा झांपी स्थित मां झांपी भगवती मंदिर परिसर में अखिल भारतीय बैसवार महासंघ युवा मोर्चा मध्यप्रदेश के पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में संगठन के विस्तार, सदस्यता अभियान और समाज के सामाजिक, शैक्षणिक एवं राजनीतिक मुद्दों पर राय-मशविरा किया गया। साथ ही संगठन की आगामी गतिविधियों को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। कार्यक्रम में अखिल भारतीय बैसवार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सिंगरौली के पूर्व विधायक रामलल्लू बैस मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता युवा मोर्चा मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष श्रवण सिंह वैस एडवोकेट ने की। बैठक में पदाधिकारियों ने समाज को संगठित करने, युवाओं की भागीदारी बढ़ाने और संगठन की गतिविधियों को व्यापक स्तर पर पहुंचाने जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया। बैठक मे सुरेंद्र सिंह बैस, मोतीलाल सिंह बैस, नारायणदास बैस, रामलला बैस, हरिओम कुशमाकर बैस, मौजूद रहे।

दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरे की रिकार्डिंग सुरक्षित रखें दुकानदार

विंढमगंज(सोनभद्र)। आगामी धनतेरस, दीपावली पर्व में सुरक्षा के मद्देनजर सोमवार को क्षेत्राधिकारी दुद्धी विनय प्रभाकर साहनी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में मौजूद लोगों से सीओ ने पर्व को शांति ढंग से मनाये जाने की अपील किया। सीओ श्री साहनी ने कहा कि मां काली मंदिर तिराहा, बैंक रोड, सब्जी मंडी, ज्वेलरी के दुकान समेत कई गलियों का मुआयना करके दुकानदारों से दुकान में लगे हुए सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखने तथा दुकान में पैसा नहीं रखने के साथ-साथ अधिक पैसा को दिन के उजाले में स्थानीय पुलिस का सहयोग लेकर सुरक्षित बैंक में रखने की बात कही। साथ ही साथ गलियों में उपर लगे हुए तिरपाल, प्लास्टिक को हटाने के लिए सख्त निर्देशित किया ताकि पर्व पर किसी भी तरह का छिनेंगी, चोरी से बचा जा सके। इस मौके पर थाना निरीक्षक रविकांत मिश्रा भी मौजूद रहे।

सैलून में जांच के दौरान मिलीं कई अनियमितताएं

अनपरा(सोनभद्र)। अनपरा बाजार स्थित बिग बॉस मेंस पार्लर में संबंधित अधिकारियों की जांच के दौरान कई अनियमितताएं सामने आने का मामला प्रकाश में आया है। जांच अधिकारियों के दुकान पर पहुंचते ही बाजार में हलचल मच गई। जांच के दौरान दुकान के संचालन से जुड़े आवश्यक दस्तावेजों और व्यवस्थाओं में कई खामियां पाए जाने की बात सामने आई है। जांच के दौरान सैलून संचालक दुकान का कोई वैध लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके अलावा दुकान में इस्तेमाल किए जा रहे कॉस्मेटिक उत्पादों की खरीद से संबंधित बिल और अन्य आवश्यक दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं मिले। इससे इन उत्पादों की खरीद और उनके स्रोत को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं, दुकान में साफ-सफाई की व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं पाई गई। जांच में एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू यह सामने आया कि दुकान के संचालक अनपरा क्षेत्र के निवासी नहीं हैं। इसके बावजूद उनके पुलिस वेरिफिकेशन से संबंधित कोई प्रमाण उपलब्ध नहीं मिला। ऐसे में बाहरी क्षेत्र से आकर व्यवसाय करने वाले संचालकों के सत्यापन और आवश्यक औपचारिकताओं के पालन को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि समय समय पर संबंधित अधिकारियों द्वारा जाँच किया जाना चाहिए जिससे दुकानों की अच्छी गुणवत्ता बनी रहे और ग्राहकों को भी इसका समुचित लाभ मिल सके।

शैक्षिक भ्रमण में छात्रों ने किया विभिन्न कलाकृतियों का अवलोकन

अनपरा(सोनभद्र)। एनसीएल ककरी परियोजना आवासीय परिसर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज ककरी का त्रिदिवसीय शैक्षिक भ्रमण बीते 30 अक्टूबर को कृष्ण शिला रेलवे स्टेशन बीना से त्रिवेणी एक्सप्रेस द्वारा शुरू हुआ। यात्रा के दौरान भैया बहनों द्वारा कीर्तन, हनुमान चालीसा का पाठ, भजन समसामयिक गीत, एवं प्रहसन किया गया। जिससे विभिन्न क्षेत्रों में जा रहे अन्य यात्री भी भैया बहनों के रंग में रंगे हुए नजर आए। कुंडा हरनामगंज रेलवे स्टेशन पर छात्र-छात्रायें 31 अक्टूबर को सुबह पांच बजे पहुचे। यमुना जी के जल में कालिया नाग के फनों पर नृत्य करते श्रीकृष्ण की स्मृतियों ने मंत्रमुग्ध कर दिया। इन सभी झांकियां और कलाकृतियों की बारीकी और सुंदरता इतनी असीम थी कि भैया बहन वहां से अपनी नजरें नहीं हटा पा रहे थे। ऐसा लग रहा था मानो हर मूर्ति अभी बोल पड़ेगी। इस मौके पर सेंट जेवियर स्कूल की डारेक्टर डा. श्रीमती राजश्री, प्रधानाचार्य नायडू सर, सरस्वती शिशु मंदिर कुंडा के प्रधानाचार्य हरी बाबू सक्सेना, स्टेशन मास्टर दीपक कुमार सरोज मौजूद रहे।



खाटू श्याम मंदिर की शटरिंग ढही, मलबे में दबकर मजदूर की मौत, दो घायल

निर्माणाधीन मंदिर में छत की ढलाई के दौरान हुई बड़ी दुर्घटना, एक की हालत गंभीर

बलरामपुर, आजमगढ़। कंधरापुर थाना क्षेत्र के भंवरनाथ के पास देवखरी गांव में निर्माणाधीन खाटू श्याम मंदिर में

हादसा

कंधरापुर क्षेत्र के देवखरी गांव में हुई घटना, चार घंटे तक चला राहत-बचाव कार्य



सोमवार की दोपहर बाद लगभग दो बजे को छत की ढलाई के दौरान बड़ा हादसा हो गया। शटरिंग अचानक बैठने से छत का मलबा और सरिया नीचे गिर गया। इसकी चपेट में आकर तीन मजदूर दब गए। स्थानीय लोगों ने मलबा हटाकर तीनों को बाहर निकाला और एंबुलेंस से मंडलीय अस्पताल पहुंचाया। वहां डाक्टरों ने एक मजदूर को मृत घोषित कर दिया, जबकि दो घायलों की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया गया। इनमें एक की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब चार घंटे तक मलबा हटाकर किसी अन्य के दबे होने की आशंका में जांच की।

जहानागंज थाना क्षेत्र के असोना गांव निवासी 32 वर्षीय राजाराम, मुबारकपुर थाना क्षेत्र के काशीपुर गांव निवासी 22 वर्षीय कमलेश चौहान और 32 वर्षीय अरुण चौहान शटरिंग का काम करते थे। तीनों क्षेत्र के अबाड़ी गांव निवासी एक ठेकेदार के साथ रहते थे। भंवरनाथ के पास देवखरी गांव में एनएच बाईपास मार्ग के किनारे पिछले दो साल से खाटू श्याम मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है। सोमवार की अपराह्न मंदिर की छत की ढलाई का काम चल रहा था। शटरिंग का काम करने वाले तीनों मजदूर नीचे मौजूद थे। इसके साथ ही छत का मलबा और सरिया नीचे गिर पड़ा। तीनों मजदूर मलबे में दब गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोग तत्काल बचाव कार्य में जुट गए और मलबा हटाकर तीनों मजदूरों को बाहर निकाला। इसके बाद एंबुलेंस से उन्हें मंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। डाक्टरों ने राजाराम को मृत घोषित कर दिया। कमलेश चौहान और अरुण चौहान की हालत गंभीर देखते हुए रेफर कर दिया गया। कमलेश को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई थी। कंधरापुर थानाध्यक्ष केदारनाथ मौर्य ने बताया कि किसी अन्य व्यक्ति के मलबे में दबे होने की आशंका पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब चार घंटे तक मलबा हटाकर जांच की।

इमरजेंसी के बाहर तीन घंटे स्ट्रेचर पर पड़ा रहा शव

बलरामपुर। हादसे के बाद मंडलीय अस्पताल की इमरजेंसी में स्वास्थ्य सेवाओं की संवेदनहीन तस्वीर भी सामने आई। घायलों को लेकर एंबुलेंस करीब तीन बजे अस्पताल पहुंची थी। डाक्टर ने राजाराम को मृत घोषित कर दिया, जबकि दोनों घायलों को रेफर कर दिया गया। घायलों को लेकर उनके साथ आए लोग निजी अस्पताल चले गए, लेकिन मृत मजदूर का शव करीब तीन घंटे तक इमरजेंसी के बाहर स्ट्रेचर पर पड़ा रहा। बाद में स्वास्थ्य कर्मियों ने शव को मोर्चरी में पहुंचाया।

बाइकों की टक्कर में एक पर सवार बालक की मौत



कलान, आजमगढ़। पवई-कलान मार्ग पर शाहमर्दानपुर गांव के पास सोमवार दोपहर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में 10 वर्षीय बालक की मौत हो गई, जबकि बाइक सवार चार लोग घायल हो गए। हादसे के बाद सामने से आ रहा बाइक सवार फरार हो गया।

बिना हेलमेट के थे एक बाइक पर पांच सवार, शादी समारोह में पड़ा खलल

जानकारी के अनुसार, शाहमर्दानपुर गांव निवासी अशोक कुमार की पुत्री की शादी रविवार को थी। समारोह में शामिल होने के लिए अशोक के सादू सूरज कुमार का परिवार भी आया था। इसी शादी में अशोक की बड़ी बेटी के ससुराल कटका, अंबेडकरनगर से मनोज निषाद भी पहुंचे थे। सोमवार को दोपहर करीब एक बजे मनोज निषाद बाइक पर सूरज कुमार के 10 वर्षीय पुत्र आदर्श समेत पांच लोगों को बैठाकर पवई बाजार जा रहे थे। शाहमर्दानपुर गांव के पास पवई-कलान मार्ग पर सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों बाइकों पर सवार सभी लोग घायल हो गए। राहगीरों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने कटार गांव निवासी आदर्श को मृत घोषित कर दिया। आदर्श अपनी मौसी की बेटी की शादी में शामिल होने आया था। मृतक के मामा सत्यजीत ने आरोप लगाया कि बाइक चला रहा मनोज निषाद शराब के नशे में था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। थानाध्यक्ष मनीष पाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

घर की सफाई करते समय सांप ने डंसा, युवक की मौत

बलरामपुर, आजमगढ़। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के गोपालपुर खीफतपुर गांव में रविवार को सर्पदंश से 36 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घर की सफाई के दौरान सूटकेस हटाते समय सांप ने उसके हाथ में डंस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। गोपालपुर खीफतपुर गांव निवासी पवन उपाध्याय मुंबई में नौकरी करते थे। एक सप्ताह पहले ही वह घर आए थे। परिजनों के अनुसार, रविवार को वह घर की सफाई कर रहे थे। इस दौरान सामान रखने के लिए सूटकेस हटाते समय सांप ने उनके हाथ में डंस लिया। करीब आधे घंटे बाद जब उनकी हालत बिगड़ने लगी तो उन्होंने परिवार के लोगों को इसकी जानकारी दी। आनन-फानन में परिजन उन्हें लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन उन्हें निजी चिकित्सक के पास भी ले गए, लेकिन वहां भी निराशा हाथ लगी। इसके बाद परिजनों ने झाड़-फूंक भी कराई। देर रात परिजन शव लेकर घर पहुंचे। पवन के दो बच्चे हैं। उनकी मौत से पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मुंबई से एक सप्ताह पहले ही आया था घर, दो बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

संदिग्ध परिस्थिति में मौत के बाद पत्नी ने जेठानी पर जतायी आशंका

मुहम्मदपुर, आजमगढ़। गंभीरपुर थाना क्षेत्र के बिंद्राबाजार निवासी करीब 50 वर्षीय प्रकाश उर्फ बबलू मोदीवाल पुत्र मन्ना मोदीवाल की घर में सोते समय रविवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रकाश मोदीवाल तीन भाई थे। उनके दो भाइयों की पहले ही मौत हो चुकी है। पत्नी रूबी मोदीवाल के अनुसार 31 अक्टूबर की शाम वह शराब पीकर घर आए और रात में सो गए। सुबह पत्नी और बच्चों ने उन्हें जगाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं उठे। इसके बाद पत्नी ने स्थानीय चिकित्सक को बुलाकर उन्हें दिखाया। चिकित्सक ने उन्हें बेहोशी की हालत में बताते हुए किसी अन्य बड़े डाक्टर से दिखाने की सलाह दी। आर्थिक और पारिवारिक असहायता के कारण पत्नी उन्हें दूसरे डाक्टर के पास नहीं ले जा सकी। बाद में रविवार की रात्रि में तीन बजे प्रकाश की मौत हो गई। रूबी ने तीन दिन पूर्व अपनी जेठानी से हुए विवाद का जिक्र करते हुए आरोप लगाए कि उन्हें घर से बाहर निकालने की धमकी दी गई थी। पति की मौत के पीछे किसी साजिश की आशंका जताई है। मृतक के तीन पुत्र व एक पुत्री हैं और सभी नाबालिग हैं। पुलिस के अनुसार मौत के वास्तविक कारणों का अभी पता नहीं चल सका है।



तीन दिन से सोया था और आर्थिक तंगी के कारण बड़े डाक्टर तक नहीं पहुंचाया गया

हत्या के विरोध में दीवानी बार के सदस्यों ने निकाला जुलूस

आजमगढ़। कालपी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष की हत्या के विरोध में दीवानी न्यायालय के अधिवक्ता सोमवार को पूरे दिन न्यायिक कार्य से विरत रहे। हत्या से नाराज अधिवक्ता जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचे और अपनी मांगों के समर्थन में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस संबंध में दीवानी न्यायालय अभिभाषक संघ की साधारण सभा की आपात बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष प्रभाकर सिंह तथा संचालन संघ के मंत्री अनुराग कुमार दीक्षित ने किया। बैठक में कालपी बार एसोसिएशन के चार बार अध्यक्ष रहे गयादीन अहिरवार की हत्या की कड़ी निंदा की गई। संघ के अध्यक्ष प्रभाकर सिंह ने प्रदेश सरकार से मृतक अधिवक्ता के परिजनों को पांच करोड़ रुपये मुआवजे तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग की। अधिकताओं ने एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को अविलंब लागू किए जाने की भी मांग की।

खड़ंजा निर्माण में अवरोध पैदा कर रहे कुछ लोग

आजमगढ़। विकास खंड पल्हनी के ग्राम सभा अईनिया के मिश्र की छावनी में कच्चे रास्ते पर खड़ंजा का कार्य रोके जाने से ग्रामीणों में नाराजगी है। कारण कि नब्बे प्रतिशत कार्य पूरा होने के बाद आगे का काम कुछ लोगों ने रोक दिया है। ग्रामीण का कहना है कि कुछ लोगों ने कार्य रोका तो पूछताछ किया गया, जिस पर विपक्षी मारपीट पर आमादा हो गए। सूचना पर पुलिस और राजस्व टीम ने भी पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया तो निर्माण को सही पाया, लेकिन उसके बाद भी कुछ लोग खड़ंजा नहीं बनने दे रहे हैं। ग्रामीण कहना है कि जब सारी छानबीन के बाद निर्माण सही पाया गया तो इसे फिर रोकना उचित नहीं है। कुछ दूरी तरक रास्ता कच्चा होने से आए दिन बच्चे कीचड़ में गिर जाते हैं जो पीड़ादायक होता है। ग्रामीण कहना है कि अगर जल्द से जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो मजबूर होकर आंदोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ेगा। शिब्ली नेशनल पीजी कालेज के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अविनाश यादव ने भी इसे प्रशासन की सुस्ती और कुछ लोगों की मनमानी करार देते हुए ग्रामीणों के साथ आंदोलन की चेतावनी दी है।

डीएम ने अधिकारियों के साथ परखी जल निकासी की स्थिति

आजमगढ़। उच्च न्यायालय में योजित रिट के संदर्भ में नगर पंचायत बूढ़नपुर के वार्ड नंबर नौ में जल निकासी की समस्या के व्यावहारिक एवं प्रभावी समाधान के दृष्टिगत जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने संबंधित अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने क्षेत्र में जल निकासी की समस्या की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया तथा इसके समाधान के लिए आवश्यक कार्यवाही के संबंध में अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में जल निकासी की समस्या के स्थायी समाधान के लिए नाली निर्माण का कार्य नियमानुसार कराया जाए। निर्माण कार्य में निर्धारित मानकों एवं तकनीकी पहलुओं का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि जल निकासी सुचारु रूप से सुनिश्चित हो सके और स्थानीय नागरिकों को जलभराव की समस्या से राहत मिल सके। उन्होंने निर्देश दिया कि नाली निर्माण से संबंधित आवश्यक औपचारिकताएं एवं कार्यवाही समयबद्ध ढंग से पूर्ण करते हुए निर्माण कार्य दिसंबर माह के अंत तक अनिवार्य रूप से पूरा कराया जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कार्य की नियमित निगरानी करने तथा निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी, अवर अभियंता सहित राजस्व टीम उपस्थित रही।

दीदारगंज क्षेत्र के ४३० बेरोजगारों को कंपनियों ने दिया रोजगार

आजमगढ़। उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना रोजगार मिशन के अंतर्गत युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के तत्वावधान में दीदारगंज विधानसभा क्षेत्र के कृषक विद्यालय इंटर कॉलेज सर्वोदय नगर, मार्टीनगंज में विधानसभा स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में मैन्युफैक्चरिंग, हेल्थ, इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल एवं मार्केटिंग सेक्टर की 20 नामी कंपनियों ने प्रतिभाग किया। मेले में सुबह से ही रोजगार प्राप्त करने के इच्छुक युवाओं की भारी भीड़ उमड़ी। विभिन्न कंपनियों द्वारा अभ्यर्थियों का साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया आयोजित की गई, जिसमें लगभग 1500 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया। इनमें से 430 अभ्यर्थियों का विभिन्न कंपनियों में रोजगार हेतु चयन किया गया। मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य राम सूरत राजभर के प्रतिनिधि राम सागर राजभर ने रोजगार मेले में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। विशिष्ट अतिथि राम स्वारथ राजभर ने रोजगार मेले का निरीक्षण किया तथा विभिन्न कंपनियों के स्टॉल पर जाकर चयन प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। मेले में सर्वोदय महाविद्यालय की प्राचार्या प्रेमलता राय भी उपस्थित रहीं।

कृषक विद्यालय इंटर कालेज सर्वोदय नगर में विधानसभा स्तरीय रोजगार मेला



अजब हाल! आयुष्मान कार्ड के लिए बढ़ानी होगी जनसंख्या

आजमगढ़। जन किसान कल्याण समिति एवं आटो रिक्शा चालक समिति ने आयुष्मान कार्ड के लिए राशन कार्ड में छह यूनिट की अनिवार्यता पर सवाल उठाते हुए कहा कि इसका मतलब हम दो हमारे दो की जगह आयुष्मान कार्ड के लिए सरकार जनसंख्या बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रही है। इस संबंध में समिति के प्रदेश अध्यक्ष कृपा शंकर पाठक, महामंत्री मनोज यादव व संगठन मंत्री शाहिद अहमद आदि ने जिला प्रशासन के माध्यम से प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, चिकित्सा मंत्री आदि को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि पूरे देश के नागरिकों के लिए बीमारी की त्रासदी के लिए सहयोग के दृष्टि से सरकार ने आयुष्मान कार्ड द्वारा 5 लाख रुपये तक के इलाज के सहयोग की योजना बनाई है। प्रारम्भिक तौर पर कुछ लोगों को आयुष्मान कार्ड बनाया भी गया, परन्तु इसके बाद काफी समय से आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य बंद कर दिया गया है। मोबाइल पर कहीं न कहीं आयुष्मान कार्ड बनाने की झूठी बात कही जाती है। दूसरी तरफ यह भी कहा जा रहा है कि जिसके परिवार में 6 सदस्य से उपर हैं, केवल उन्हीं का आयुष्मान कार्ड बनेगा, जो जनहित में नहीं है। लोग परेशान हैं। ऐसे में जनहित को देखते हुए 10 लाख के सहयोग करने हेतु आयुष्मान कार्ड बनाया जाना चाहिए तथा परिवार की संख्या पर किसी प्रकार का अवरोध नहीं होना चाहिए। पूरे देश में गरीबी रेखा का निर्धारण 2011 के आधार पर जो होता है, उसे नहीं माना जाना चाहिए, क्योंकि गुछ समय उपरान्त कुछ लोगों की अमीरी-गरीबी बदल जाती है।

राशन कार्ड में छह यूनिट की बाध्यता पर जन किसान कल्याण समिति ने उठाये सवाल

युवा फिल्म निर्माता अथर्व को सबरंग फिल्म अवार्ड में सम्मान

अतरौलिया, आजमगढ़। क्षेत्र के मदियापार निवासी अथर्व सिंह ने भोजपुरी सिनेमा के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और मेंहनत का परचम लहराया है। उन्हें 11वें सबरंग फिल्म अवार्ड-2026 में 'यंगेस्ट प्रोड्यूसर ऑफ भोजपुरी सिनेमा' के सम्मान से नवाजा गया है। अथर्व सिंह का संबंध अमर शहीद भगवती प्रसाद सिंह के परिवार से भी है। महज दो वर्षों में 49 फिल्मों का निर्माण कर अथर्व सिंह ने भोजपुरी फिल्म जगत में अपनी अलग पहचान बनाई है। अथर्व के पिता डॉ. राजेंद्र सिंह ने बेटे की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए क्षेत्रवासियों को बधाई दी और सभी के स्नेह व आशीर्वाद के प्रति आभार जताया। सम्मान मिलने पर अथर्व सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय प्रभु श्रीराम की कृपा और परिवार के आशीर्वाद को दिया। अथर्व ने अपनी सफलता में सहयोग देने वाली संस्थाओं का भी आभार जताया। इसके साथ ही उन्होंने अपनी टीम के सदस्यों शिवम, पुष्पेंद्र सिंह, सत्येंद्र, आकाश सिंह, केतन, दीपक, अभिषेक सिंह (छोटू) और मुन्नू चाचा को धन्यवाद देते हुए कहा कि ये सभी उनके लिए टीम के सदस्य नहीं, बल्कि परिवार की तरह हैं। इन सभी के सामूहिक प्रयासों से ही राकी फिल्म्स एलएलपी को आगे बढ़ाने में सफलता मिली है।

सब्जी खरीदकर बेटे को दी फिर हादसे में गयी टेंपो चालक की जान

बलरामपुर, आजमगढ़। सिधारी थाना क्षेत्र के बैठौली गांव के पास रविवार की शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से टेंपो चालक की मौत हो गई। हादसे के समय वह पैदल सड़क पार कर रहा था। दुर्घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। बचा लेने की उम्मीद में स्थानीय लोगों की मदद से घायल को निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बैठौली गांव निवासी 40 वर्षीय मुन्ना राम टेंपो चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। रविवार की शाम उसने सड़क किनारे अपना टेंपो खड़ा किया और सब्जी खरीदने चला गया। सब्जी खरीदने के बाद उसने अपने बेटे हरिकेश को दी और खुद पैदल सड़क पार कर टेंपो के पास जाने लगा। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल मुन्ना राम को स्थानीय लोगों ने पास के निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

फालोअप

तत्परता दिखाई होती तो शायद शाहरुख की जान बच सकती थी। उनका यह भी कहना है कि घटना के बाद से परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों को बार-बार थाने बुलाकर सुबह से देर रात तक पूछताछ की जा रही है, जिससे पूरा परिवार परेशान है। परिजनों और ग्रामीणों के अनुसार हत्या से करीब चार दिन पहले शाहरुख का बेकरी में काम करने वाले कुछ लोगों से विवाद हुआ था। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है और संदेह के आधार पर लोगों को पूछताछ के लिए लाया जा रहा है। फिलहाल अभी कोई प्रगति नहीं है।

चकिया बाजार में ट्राई साइकिल पर मृत मिला दिव्यांग

कलान, आजमगढ़। पवई थाना क्षेत्र के सुम्हाडीह गांव निवासी 48 वर्षीय हरेंद्र कुमार राजभर की शनिवार की रात चकिया बाजार में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह पैर से दिव्यांग और अविवाहित थे। उनका शव ट्राईसाइकिल पर पर मिला। मृतक के भाई गोविंद राजभर ने बताया कि राहगीरों के माध्यम से उन्हें घटना की सूचना मिली, जिसके बाद वह मौके पर पहुंचे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर परिजनों को सौंप दिया, क्योंकि परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया। थानाध्यक्ष पवई मनीष पाल ने बताया कि पंचनामा भरकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

लालगंज में एसडीएम का छापा, गंदगी मिलने पर नष्ट कराया मिष्ठान

लालगंज, आजमगढ़। दीपावली को देखते हुए लोगों के स्वास्थ्य और खाद्य पदार्थों की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए सोमवार को एसडीएम लालगंज नेहा मिश्रा ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं उनकी टीम के साथ लालगंज बाजार में मिठाई की दुकानों का सघन निरीक्षण किया। अभियान की जानकारी मिलते ही कई दुकानदार अपनी-अपनी दुकानों का शटर गिराकर मौके से चले गए। निरीक्षण के दौरान गुरु कृपा मिष्ठान भंडार, मधुराज स्वीट्स और राजनंदनी मिष्ठान भंडार सहित विभिन्न दुकानों की जांच की गई। इस दौरान कुछ दुकानों पर साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं मिली। गुरु कृपा मिष्ठान भंडार पर निरीक्षण के दौरान स्वच्छता संबंधी कमियां मिलने पर बेसन का घोल और शीरा मौके पर ही नष्ट करा दिया गया। इसके अलावा खोया, बेसन और दूध से बनी मिठाइयों के नमूने लेकर जांच के लिए आगरा स्थित प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट आने तक संबंधित दुकानदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है। एसडीएम ने कहा कि दीपावली जैसे महत्वपूर्ण त्योहार पर आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

युवा शक्ति की एकजुटता से ही तय होगी सफलता- अतुल कुमार

आजमगढ़। श्री अग्रसेन महिला महाविद्यालय प्रांगण में अग्रवाल युवा समाज की हुई बैठक में कोषाध्यक्ष आदर्श अग्रवाल और सहायक कोषाध्यक्ष अक्षत अग्रवाल ने महाराजा अग्रसेन जयंती के आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृति मिली। कई नए युवाओं ने सदस्यता ग्रहण की, जिनका ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने महाराजा अग्रसेन का पटका पहनाकर स्वागत किया। महाविद्यालय के प्रबंधक सुधीर अग्रवाल ने समाज की प्रगति और युवाओं के इस संगठित प्रयास की सराहना की। श्री अग्रवाल हितकारिणी न्यास ट्रस्ट के अध्यक्ष अतुल कुमार अग्रवाल मुन्ना बाबू ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने में युवा शक्ति की भूमिका सबसे अहम है और लक्ष्मीपुत्र होने के नाते बिना किसी आरक्षण के अग्रवाल समाज ने अपनी मेहनत से प्रगति की है। उन्होंने सभी से एक-एक ईंट की तरह एकजुट होकर समाज को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया।

एक सप्ताह बाद भी कातिलों तक नहीं पहुंच सकीं आठ टीमें

मुहम्मदपुर, आजमगढ़। गंभीरपुर थाना क्षेत्र के गौरी गांव निवासी 30 वर्षीय शाहरुख खान हत्याकांड का एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस खुलासा नहीं कर सकी है। आठ पुलिस टीमों के गठन, एसओजी की जांच और दो दर्जन से अधिक लोगों से पूछताछ के बावजूद न तो हत्या की वजह स्पष्ट हो सकी है और न ही हत्यारों का कोई ठोस सुराग मिल पाया है। ऐसे में यह हत्याकांड पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है।

गौरतलब है कि 28 अक्टूबर की सुबह गांव के समीप नहर किनारे शाहरुख का गला रेता हुआ शव मिला था, जबकि शाहरुख 27 अक्टूबर से गायब था। मृतक के भाई आजाद की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। घटना के खुलासे के लिए एएसपी सिटी के निर्देशन में आठ पुलिस टीमें गठित की गई हैं। पुलिस घटनास्थल से मिले साक्ष्यों के साथ ही मृतक की गतिविधियों, परिचितों और अन्य संभावित पहलुओं की पड़ताल कर रही है। सूत्रों के अनुसार, अब तक सगे-संबंधियों सहित करीब दो दर्जन लोगों को थाने बुलाकर पूछताछ की जा चुकी है। पिछले दो दिनों से एसओजी की टीम भी गौरी गांव में डेरा डालकर घटनास्थल, बेकरी की दुकान और आसपास के लोगों से जानकारी जुटा रही है। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली गई है, लेकिन अभी तक जांच किसी ठोस नतीजे तक नहीं पहुंच सकी है। मृतक के परिजनों का कहना है कि शाहरुख के लापता होने के बाद उन्होंने काफी खोजबीन की थी और गंभीरपुर पुलिस को भी सूचना दी थी। परिजनों का आरोप है कि समय रहते पुलिस ने

दो दर्जन से अधिक लोगों से पूछताछ के बाद भी नहीं खुला घटना का राज

सरकारी मोबाइल नंबरों पर तय हो अधिकारियों की जवाबदेही

आजमगढ़। आजाद अधिकार सेना ने सरकारी कार्यों में प्रयुक्त होने वाले मोबाइल नंबरों पर अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को एक ज्ञापन भेजा है। मीना राय के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि कई अधिकारी अपने निजी नंबरों का उपयोग सरकारी कार्यों के लिए करते हैं, लेकिन वे विभागीय वेबसाइटों पर उपलब्ध नहीं होते। पार्टी ने मांग की है कि इन निजी नंबरों को भी आधिकारिक संपर्क नंबर मानकर सार्वजनिक किया जाए, ताकि आम नागरिक और पीड़ित सीधे अधिकारियों को अपनी बातों से अवगत करा सकें। सेना के जिला प्रभारी कार्यवाहक अध्यक्ष नन्दसेन सिंह का आरोप है कि उच्च अधिकारियों के आधिकारिक नंबरों पर कभी संपर्क नहीं हो पाता और उनके अधीनस्थ मीटिंग में हैं जैसे बहाने बनाकर फोन काट देते हैं, जिससे पिछले दो-तीन महीनों से शिकायतों के निवारण में भारी कठिनाई आ रही है। प्रदेश महासचिव अशोक सिंह ने कहा कि इस समस्या से निपटने के लिए आजाद अधिकार सेना ने मांग की है कि दोनों श्रेणियों के नंबरों पर समान मानक लागू हों, जिनमें अधिकतम चार कार्य घंटों में कॉल बैक करने का नियम, नियमित निगरानी और वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समीक्षा शामिल हो। इस दौरान प्रशांत सिंह, माणिक चंद्र पांडेय, रंजना पांडेय, किरण सिंह, हेमलता राय, रूबी राय, माधुरी त्रिपाठी, सुनील चौधरी, हरि गोपाल मौर्य आदि रहे।

विविधता में एकता के रंग संग शिब्ली डे समारोह का आगाज

सप्ताह-२०२६ का शुभारम्भ, प्रथम दिवस पर रंगोली प्रतियोगिता

आजमगढ़। शिब्ली नेशनल कॉलेज में शिब्ली डे समारोह का आगाज सोमवार को रंगोली में विविधता में एकता का रंग भरने के साथ किया गया। शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अफसर अली ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को ऐसे रचनात्मक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में इस प्रकार के आयोजनों की महत्ता पर भी प्रकाश डाला।

दिखा उत्साह

एक पखवारे में आयोजित किया जायेगा काव्य पाठ संग विविध कार्यक्रम



रंगोली प्रतियोगिता में आठ समूहों ने हिस्सा लिया। विभिन्न समूहों द्वारा प्रस्तुत रंगोलियों में भारतीय समाज की सांस्कृतिक विविधता, सामाजिक समरसता, आपसी सौहार्द्र एवं राष्ट्रीय एकता की सुंदर झलक देखने को मिली। विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा के माध्यम से 'विविधता में एकता' के संदेश को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। शिब्ली नेशनल कॉलेज में हर वर्ष शिब्ली डे 18 नवंबर को मनाया जाता है, परन्तु उसके पूर्व शिब्ली डे समारोह सप्ताह के रूप में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

इस वर्ष शिब्ली डे समारोह एवं उससे जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन डॉ. जर्रार अहमद विभागाध्यक्ष शिक्षाशास्त्र के समन्वयक में सम्पन्न हो रहा है। आने वाले दिनों में साइंस इन एक्शन, नुक्कड़ नाटक, संगोष्ठी, कैलीग्राफी एवं पेंटिंग, क्विज कंपटीशन, काव्य-पाठ प्रतियोगिता, लेखन प्रतियोगिता, अन्ताक्षरी, रील प्रतियोगिता इत्यादि का आयोजन किया जाएगा। रंगोली कार्यक्रम को सम्पन्न करने में डॉ. दरख्शां खातून, डॉ. गीता यादव, डॉ. अनीता राय एवं डॉ. प्रियंका ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संचालन में डॉ. जावेद अहमद एवं सोहैब अजीज आदि ने किया। शिब्ली डे समारोह के आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।

शिब्ली नेशनल कालेज में १८ नवंबर को किया जायेगा कार्यक्रम का समापन

महिला में विश्वविद्यालय और पुरुष वर्ग में डीएवी की टीम ने मारी बाजी

आजमगढ़। महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय परिसर में कुलपति प्रोफेसर संजीव कुमार के मार्गदर्शन एवं क्रीड़ा सचिव प्रोफेसर अमरजीत के निर्देशन तथा पर्यवेक्षक प्रो. प्रशांत राय, प्रो. अर्पिता मिश्रा व डॉ. हरिलाल की देखरेख में तकनीकी गेम वॉलीबॉल पुरुष-महिला टीम के चयन के लिए प्रतियोगिता आयोजित की गई। महिला में विश्वविद्यालय और पुरुष वर्ग में डीएवी की टीम ने बाजी मारी। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी ने बताया कि मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के सहायक कुलसचिव चंदन कुमार ने शुभारंभी किया। क्रीड़ा सचिव प्रो. अमरजीत ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। उन्होंने वॉलीबॉल प्रतियोगिता की महत्ता पर प्रकाश डाला। तकनीकी खेल विशेषज्ञ डॉ. हरिलाल ने कहा कि वॉलीबॉल दिमाग के साथ-साथ ऊर्जावान लोगों का गेम है। प्रो. अर्पिता मिश्रा ने कहा कि अनुशासन के साथ-साथ खेल नवयुवक और नवयुवतियों में चरित्र निर्माण का सबसे बड़ा माध्यम है।

बहादुरपुर में मेघनाथ के शक्ति बाण से मूर्छित हुए लखन



लालगंज, आजमगढ़। बहादुरपुर में रामलीला के आठवें दिन राम का समुद्र से मार्ग मांगना, अंगद-रावण संवाद और लक्ष्मण शक्ति का मंचन देख कर लोग भावविभोर हो गए। मेघनाथ के शक्ति बाण से लक्ष्मण मूर्छित हुए और राम रो पड़े। इस मंचन ने सभी को भावुक कर दिया।


रामलीला के आठवें दिन समुद्र से मार्ग मांगने सहित कई प्रसंगों का मंचन

राम सभी लोगों के साथ समुद्र से मार्ग मांगने के लिए विनय करते हैं। फिर अग्निबाण निकालते हैं तो समुद्र आकर राम से क्षमा मांगते हैं और अपने ऊपर मार्ग बनाने के लिए बताते हैं कि नल और नील आपकी सेना में

राज्यपाल ने काशी नरेश विश्वविद्यालय का किया निरीक्षण

वाइसचांसलर और २१ विभागाध्यक्षों के साथ की समीक्षा बैठक, लैब, स्मार्ट क्लास, छात्रावास, लाइब्रेरी के विकास की कार्ययोजना बनाने के निर्देश

ज्ञानपुर। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को काशी नरेश राजकीय विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत मौलश्री का पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद कुलपति प्रो. उमा श्रीवास्तव और 21 विभागाध्यक्षों के साथ समीक्षा बैठक कर शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं आधारभूत सुविधाओं की स्थिति जानी। उन्होंने विश्वविद्यालय के समग्र विकास के लिए स्पष्ट कार्ययोजना तैयार कर उसे प्राथमिकता के आधार पर लागू करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय का संचालन निर्धारित नियमों, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ होना चाहिए। प्रवेश, परीक्षा,



अवकाश प्रबंधन सहित सभी प्रशासनिक कार्य समयबद्ध तरीके से पूरे किए जाएं। उन्होंने विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (एनएएसी) के मानकों के अनुरूप विकसित करने पर विशेष जोर दिया। कहा कि शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ संस्थागत व्यवस्था, स्वच्छता और बेहतर शैक्षणिक वातावरण पर भी ध्यान देना जरूरी है। डिजिटल व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने समर्थ पोर्टल के सभी मॉड्यूल सक्रिय करने के निर्देश दिए। बताया गया कि पोर्टल में कुल 42 मॉड्यूल हैं, जबकि विश्वविद्यालय में अभी केवल तीन मॉड्यूल पर काम हो रहा है। उन्होंने शेष मॉड्यूल को भी चरणबद्ध तरीके से लागू करने को कहा, जिससे प्रशासनिक एवं शैक्षणिक कार्यों में पारदर्शिता और सुगमता आए। विश्वविद्यालय के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए उन्होंने आधुनिक प्रयोगशालाएं, स्मार्ट क्लास, स्मार्ट बोर्ड, छात्रावास, लाइब्रेरी और शिक्षकों के लिए आवश्यक सुविधाएं विकसित करने पर जोर दिया। कहा कि नए भवनों का निर्माण कराने से पहले उनकी उपयोगिता और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर कार्ययोजना तैयार की जाए। परिसर में सीवर लाइन, विद्युत व्यवस्था, आंतरिक सड़कें, खेल मैदान, पार्किंग, पेयजल और शौचालय जैसी सुविधाओं को भी बेहतर बनाया जाए। छात्रावासों में स्वच्छ शौचालय, स्नानघर, किचन और आवश्यक फर्नीचर की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान राज्यपाल ने विज्ञान, शिक्षा और कला संकाय सहित विभिन्न विभागों एवं प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित और भूगोल विभागों की प्रयोगशालाओं तथा शिक्षण व्यवस्था की जानकारी ली। शिक्षकों से संवाद में शोध, अनुसंधान, नवाचार और व्यावहारिक शिक्षा को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का व्यक्तित्व, चरित्र और भविष्य संवारना भी है। इसके बाद आयोजित छात्र संवाद कार्यक्रम में राज्यपाल ने विद्यार्थियों के सवालों के जवाब दिए। कुलपति प्रो. उमा श्रीवास्तव ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों और भावी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि यहां करीब सात हजार विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप शिक्षा को कौशल आधारित और रोजगारपरक बनाने के लिए सर्टिफिकेट, डिप्लोमा एवं कौशल विकास पाठ्यक्रम शुरू करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का जिम्मेदारी और विवेक के साथ उपयोग करने की सलाह दी। विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति भी सजग रहना चाहिए।इस अवसर पर कुलाधिपति की विशेष कार्याधिकारी सुधीर महादेव बोबडे, प्रो. रीना सिंह, प्रो. कल्पना अवस्थी, मंडलायुक्त राजेश प्रकाश, डीआईजी पूनम, जिलाधिकारी शैलेष कुमार, पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी, मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल, अपर जिलाधिकारी शुभांगी शुक्ला, कुलसचिव डॉ. महेश कुमार, परीक्षा नियंत्रक केशलाल सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

राज्यपाल के आगमन से पहले केएनपीजी महाविद्यालय संघर्ष समिति के संस्थापक को घर में किया नजरबंद

ज्ञानपुर। काशी नरेश राजकीय विश्वविद्यालय में राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के आगमन से पहले सोमवार सुबह करीब चार बजे पशु महाविद्यालय संघषज़ समिति के संस्थापक शिवम शुक्ला को उनके घर में नजरबंद कर दिया गया। शिवम शुक्ला ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से उन्हें जानबूझकर घर में नजरबंद किया गया, ताकि वह अपनी मांगों को लेकर राज्यपाल के सामने आवाज न उठा सकें। शिवम शुक्ला के मुताबिक, हाविद्यालय संघर्ष समिति के बैनर तले लंबे समय से पशु महाविद्यालय की स्थापना की मांग उठाई जा रही है। इसी क्रम में राज्यपाल को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपने की तैयारी थी। उनका आरोप



है कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने 12 वर्षों से चल रहे संघर्ष को दबाने के उद्देश्य से यह कदम उठाया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 में मुख्यमंत्री की ओर से पशु महाविद्यालय की स्थापना की घोषणा की गई थी। इसके बाद वर्ष 2023 के राज्य बजट में भी इसके लिए 50 करोड़ रुपये का प्रावधान किए जाने की बात सामने आई थी। इसके बावजूद अब तक महाविद्यालय की स्थापना नहीं हो सकी है। समिति की प्रमुख मांगों में पशु महाविद्यालय की स्थापना, आधुनिक विषयों की पढ़ाई, जर्जर भवनों का निर्माण और पुरानी लाइब्रेरी को व्यवस्थित कर विद्यार्थियों के लिए बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराना शामिल है। शिवम शुक्ला ने कहा कि विश्वविद्यालय के समग्र विकास के साथ पशु चिकित्सा शिक्षा की सुविधा भी जरूरी है। लंबे समय से उठाई जा रही मांगों पर ठोस कार्रवाई होनी चाहिए।

गूगल-पे से तीन बार में खाते से ९२,२२९ रुपये पार, मोबाइल हैक कर साइबर ठगी का आरोप

सुरियावां। थाना क्षेत्र के चकपड़री गांव निवासी एक व्यक्ति के बैंक खाते से साइबर ठगों ने गूगल-पे के माध्यम से तीन बार में 92,229 रुपये निकाल लिए। पीडित को इसकी जानकारी अगले दिन सुबह खाते का बैलेंस और लेनदेन देखने पर हुई। पीडित ने मोबाइल हैक कर रकम निकालने का आरोप लगाते हुए सुरियावां थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। चकपड़री निवासी धनंजय यादव पुत्र श्यामबली यादव के अनुसार, एक नवंबर की शाम उनके यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की सियरहा मोड़ शाखा स्थित खाते से तीन बार में रकम निकाली गई। पहली बार शाम 6:05 बजे 55 हजार रुपये, दूसरी बार 7:05 बजे 30 हजार रुपये और तीसरी बार 7:32 बजे 7,229 रुपये खाते से ट्रांसफर कर दिए गए। इस तरह कुल 92,229 रुपये की निकासी हुई। पीडित का कहना है कि उन्होंने किसी को भी ओटीपी नहीं बताया था और न ही कोई लेनदेन किया था। इसके बावजूद किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनका मोबाइल हैक कर गूगल-पे के माध्यम से खाते की रकम निकाल ली। दो नवंबर की सुबह गूगल-पे पर बैलेंस और लेनदेन की जानकारी देखने पर उन्हें ठगी का पता चला। इसके बाद पीडित ने थानाध्यक्ष सुरियावां को प्रार्थना पत्र देकर मामले की सूचना दर्ज करने, साइबर ठगी की जांच कराने और निकाली गई रकम वापस दिलाने की मांग की है।

सरकारी जमीन पर अतिक्रमण की पुष्टि, कारवाई का इंतजार

ज्ञानपुर। सेवा श्रम इंटर कॉलेज की जमीन की बिक्री और सरकारी भूमि पर अतिक्रमण का मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। तहसीलदार भदोही की जांच में सरकारी सड़क की भूमि पर अतिक्रमण की पुष्टि होने के बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर भाजपा नेता एवं याचिकाकर्ता अनिल कुमार मिश्र ने जिलाधिकारी को पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच के लिए टीम गठित करने की मांग की है। सोमवार को कांवल में पत्रकारों से बातचीत के दौरान अनिल कुमार मिश्र ने राजस्व विभाग की जांच रिपोर्ट का हवाला देते हुए सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग उठाई। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रकरण में भ्रष्टाचार उजागर करने के प्रयास के चलते उन्हें फंसाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने बताया कि सुरियावां के परगना जोरावर सिंह स्थित गाटा संख्या 573 की 0.401 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में सड़क खाते के रूप में दर्ज है। तहसीलदार भदोही ने 22 अक्तूबर 2026 को की गई जांच में इस भूमि पर अतिक्रमण की पुष्टि की थी। जांच के बाद अतिक्रमणकर्ताओं के खिलाफ पीपी एक्ट के तहत कार्रवाई के लिए अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सुरियावां को आख्या भेजने की बात कही गई थी, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हुई। याचिकाकर्ता ने मांग की कि संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर सुनवाई का अवसर दिया जाए और सरकारी भूमि खाली कराने के लिए समयसीमा तय की जाए। साथ ही गाटा संख्या 573 के आसपास स्थित पेट्रोल पंप, मैरिज लॉन, शिक्षण संस्थान की बाउंड्रीवाल, मकान और दुकानों की संयुक्त पैमाइश कराई जाए, ताकि अतिक्रमण की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके।

वर्षों का इंतजार हुआ खत्म, दस लाख से बनेगी नाली

गोपीगंज। नगर पालिका परिषद गोपीगंज के वार्ड नंबर 10 क्षेत्र के रहवासियों के लिए सोमवार का दिन राहत भरी खबर लेकर आया। वर्षों से जल निकासी की समस्या से जूझ रहे वार्डवासियों की नाली निर्माण की मांग कर रहे स्थानीय लोगों का इंतजार आखिरकार समाप्त हो गया। नगरीय जल निकासी योजना के तहत अशोक शुक्ला की बाउंड्री से चौधरी लॉन तक करीब दस लाख रुपये की लागत से नाली निर्माण कराया जाएगा। सोमवार को नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। नाली निर्माण शुरू होने की जानकारी मिलते ही वार्डवासियों में खुशी का माहौल दिखाई दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। घरों से निकलने वाला पानी और बारिश का प्राकृतिक पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण आसपास जमा हो जाता था और कई बार लोगों के घरों तक पहुंच जाता था। वर्षों से कई बार जनप्रतिनिधियों द्वारा मांग किए जाने के बाद भी कार्यवाही नहीं हुई लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका। वार्डवासियों ने कहा कि वर्तमान पालिका अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता ने वार्डवासियों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए नाली निर्माण का वादा किया था, जिसे अब पूरा किया जा रहा है। नाली निर्माण शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को जलभराव और गंदे पानी की समस्या से काफी राहत मिलने की उम्मीद है।

सीता हरण के बाद फूट-फूटकर रोये राम

घोसिया। क्षेत्र के अमीरपट्टी स्थित मारुति धाम हनुमान मंदिर परिसर में श्री स्वामी रामानंद मारुति नंदन रामलीला समिति की ओर से आयोजित रामलीला के आठवें दिन सीता हरण और लंका दहन की लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। कलाकारों के सजीव अभिनय ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इस दौरान जय श्रीराम के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। रामलीला में दिखाया गया कि वनवास के दौरान भगवान श्रीराम और लक्ष्मण दंडकारण्य पहुंचे, जहां राक्षसी सूर्पणखा ने श्रीराम के सामने विवाह का प्रस्ताव रखा। उसके बार-बार परेशान करने पर लक्ष्मण ने उसके नाक-कान काट दिए। इसकी जानकारी मिलने पर लंकापति रावण क्रोधित हो



उठा और मामा मारीच की सहायता से छलपूर्वक माता सीता का हरण कर लिया। सीता को कुटिया में न पाकर भगवान श्रीराम व्याकुल हो उठे और फूट-फूटकर विलाप करने लगे। माता सीता की खोज करते हुए भगवान श्रीराम शबरी के आश्रम पहुंचे। शबरी ने उन्हें सुग्रीव से मित्रता कर सहायता लेने का सुझाव दिया। इसके बाद श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता हुई और हनुमान वानर सेना के साथ माता सीता की खोज में जुट गए। समुद्र पार कर हनुमान लंका पहुंचे और अशोक वाटिका में माता सीता से भेंटकर उन्हें प्रभु श्रीराम का संदेश दिया। हनुमान के लंका पहुंचने की जानकारी मिलने पर रावण ने मेघनाद को उन्हें पकड़ने के लिए भेजा।

पूर्व केंद्रीय मंत्री की मनी पुण्यतिथि

गोपीगंज। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पूर्वांचल के गांधी कहे जाने वाले पंडित श्यामधर मिश्रा की पुण्यतिथि रविवार को गोपीगंज के कठौता स्थित श्यामधर स्मारक में



मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता उनके पुत्र एवं पूर्वांचल संघर्ष समिति के अध्यक्ष विनोद श्यामधर मिश्रा ने की। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके योगदान को याद किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए विनोद श्यामधर मिश्रा ने कहा कि उनके पिता ने जीवनभर गरीबों, वंचितों और आम लोगों की सेवा के साथ भदोही के विकास के लिए संघर्ष किया। उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। पूर्वांचल को अलग राज्य का दर्जा दिलाने के लिए संघर्ष जारी रहेगा और गरीबों की सेवा का संकल्प भी कायम रहेगा। पूर्व पीसीसी सदस्य सुरेश चंद्र उपाध्याय ने कहा कि पंडित श्यामधर मिश्रा ने भदोही के विकास के लिए नलकूपों का जाल बिछाया और औराई चीनी मिल की स्थापना कराकर हजारों लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया। उन्होंने आरोप लगाया कि बाद की सरकारों में चीनी मिल बंद होने से लोगों का रोजगार छिन गया। संजीव दुबे ने कहा कि श्यामधर मिश्रा ने इंदिरा ऊन मिल की स्थापना कराकर लोगों को रोजगार से जोड़ने का काम किया था। कांग्रेस सेवादल के पूर्व जिलाध्यक्ष गुलजारीलाल उपाध्याय और राजेश पांडेय ने कहा कि पंडित श्यामधर मिश्रा ने कभी जाति और धर्म के आधार पर राजनीति नहीं की। भदोही के विकास के लिए उनका योगदान हमेशा याद किया जाएगा। इस मौके पर पूर्व बीडीसी सदस्य सतीश चौबे, अंकुर मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिलों के लिए आफलाइन व्यवस्था बहाल करने की मांग

ज्ञानपुर। चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिलों के भुगतान की प्रक्रिया ऑनलाइन किए जाने से परेशान सेवानिवृत्त कर्मचारियों और पेंशनरों ने सोमवार को जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की जनपद शाखा भदोही के नेतृत्व में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। इसमें चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति के बिल ऑनलाइन के साथ पूर्व की भांति ऑफलाइन माध्यम से भी स्वीकार करने की मांग की गई। ज्ञापन में संगठन ने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से नौ सितंबर 2026 को जारी शासनादेश के बाद पेंशनरों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। 28 सितंबर को पेंशनर सलाहकार समिति की बैठक में भी इस समस्या को उठाया गया था। संगठन ने बताया कि अधिकांश बुजुर्ग पेंशनर कंप्यूटर और ऑनलाइन प्रक्रिया से परिचित नहीं हैं। वहीं, पोर्टल पर पेंशनरों का ईएचआरएमएस कोड भी उपलब्ध नहीं है। वर्ष 2016 से पहले सेवानिवृत्त कर्मचारियों का डाटा भी ऑनलाइन नहीं है। इसके बावजूद चिकित्सा विभाग ने एक अक्तूबर से ऑफलाइन बिल लेना बंद कर दिया है। इससे कई पेंशनरों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावे लंबित हैं और कुछ बिलों के कालातीत होने की स्थिति पैदा हो गई है। संगठन का कहना है कि भुगतान रुकने से कई पेंशनरों के इलाज पर भी असर पड़ रहा है। ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से मांग की गई कि पेंशनरों को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से चिकित्सा बिल जमा करने की सुविधा दी जाए। संगठन ने उदाहरण देते हुए कहा कि पहले ऑनलाइन जीवन प्रमाणपत्र जमा करने वालों की संख्या नगण्य थी, लेकिन अब करीब 60 प्रतिशत पेंशनर यह प्रक्रिया ऑनलाइन पूरी कर रहे हैं। इसी



तरह धीरे-धीरे चिकित्सा बिलों के ऑनलाइन जमा करने की व्यवस्था भी बढ़ सकती है। धरना-प्रदर्शन में प्रस्ताव पारित कर चेतावनी दी गई कि यदि ऑफलाइन चिकित्सा बिल स्वीकार करने की व्यवस्था बहाल नहीं की गई तो प्रांतीय संगठन विधानसभा के सामने प्रदेशव्यापी विशाल प्रदर्शन करेगा।

राज्यपाल के आगमन से पहले सपा जिला मीडिया प्रभारी नजरबंद

ज्ञानपुर। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के सोमवार को जिले में आगमन से पहले पुलिस ने समाजवादी पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र कुमार मिश्र पप्पू को भोर में उनके पैतृक आवास पर नजरबंद कर दिया। बताया गया कि औराई कोतवाली के क्राइम प्रभारी सूर्यभान, घोसिया चौकी इंचार्ज रमेश कुमार सहित पुलिसकर्मी भमौरा माधोसिंह स्थित उनके आवास पर पहुंचे। धर्मेंद्र कुमार मिश्र पप्पू ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार समाजवादी पार्टी और पीडीए से घबराई हुई है। भ्रष्टाचार के खिलाफआवाज उठाने वालों को दबाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में आयोजित पीडीए जन पंचायत कार्यक्रम को उन्हें कवर करना था, लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने उन्हें घर में नजरबंद कर दिया।

शांति भंग की आशंका में १६ लोग गिरफ्तार, १७२ वाहनों का चालान

ज्ञानपुर। जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका को देखते हुए पुलिस ने रविवार को अभियान चलाकर 16 लोगों को गिरफ्तार किया। सभी के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 170, 126 और 135 के तहत कार्रवाई करते हुए चालान न्यायालय भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, भदोही थाना क्षेत्र के सुंदरपुर पिपरिस गांव से उपनिरीक्षक आफ्ताब आलम ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया। औराई थाना क्षेत्र के कोठरा गांव से उपनिरीक्षक राम प्रताप यादव ने चार, दलपतपुर खमरिया से उपनिरीक्षक रवि प्रकाश सिंह ने एक तथा घोसिया कस्बे से उपनिरीक्षक रमेश कुमार ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया। वहीं, सुरियावां थाना क्षेत्र में उपनिरीक्षक शकील खां ने कस्बा सुरियावां से दो और उपनिरीक्षक कमलेश कुमार ने चकगुमानी गांव से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उधर, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस ने 110 दोपहिया और 62 चारपहिया समेत कुल 172 वाहनों का चालान किया। इन वाहनों पर कुल दो लाख 74 हजार 500 रुपये का शमन शुल्क लगाया गया।

मां से पांच सौ रुपये मांगने पर हुआ विवाद

गोपीगंज। मां से पांच सौ रुपये मांगना एक युवक को महंगा पड़ गया। रुपये मांगने को लेकर परिवार में शुरू हुआ विवाद मारपीट में बदल गया, जिसमें युवक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, गोपीगंज नगर पालिका परिषद में ठेके पर कार्यरत सोनू डोम निवासी कठौता मोड़ सोमवार को अपनी मां से पांच सौ रुपये मांगने लगा। बताया जाता है कि इसी दिन उसकी मां को वेतन मिला था। रुपये मांगने पर उसकी बहन और बहनोई ने विरोध किया। इसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। मारपीट में सोनू घायल हो गया। घायल सोनू ने गोपीगंज कोतवाली पहुंचकर परिवार के लोगों के खिलाफ मारपीट करने की तहरीर दी। पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद मामले में विधिक कारज़्वाई शुरू कर दी है।

मिशन शक्ति के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

ज्ञानपुर। मिशन शक्ति अभियान फेज-6 के तहत सोमवार को जिले के सभी थानों की एंटी रोमियो टीमों और महिला बीट अधिकारियों ने स्कूल-कॉलेज, कोचिंग संस्थानों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को छेड़छाड़, उत्पीड़न और साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए गए। पुलिस टीमों ने महिला अधिकारों, पाक्सो एक्ट और शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही आपात स्थिति में 1090, 112, 181, 1076 और 1098 हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग के बारे में बताया तथा जागरूकता पंपलेट वितरित किए। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन और एएसपी शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में अभियान चलाया गया।

मतेथू आयुर्वेदिक चिकित्सालय में अव्यवस्थाओं का अंबार

सुरियावां। अभोली विकास खंड के मतेथू गांव स्थित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में अव्यवस्थाओं का अंबार लगा हुआ है। ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित इस अस्पताल में बुनियादी सुविधाओं का अभाव मरीजों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। अस्पताल परिसर के बाहर की जमीन समतल न होने के कारण जगह-जगह ऊबड़-खाबड़ स्थिति बनी हुई है। वहीं, अस्पताल के चारों तरफ बाउंड्रीवाल नहीं होने से परिसर की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से अस्पताल की व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराने की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार, अस्पताल परिसर के बाहर की जमीन समतल नहीं होने से मरीजों को अस्पताल तक पहुंचने में परेशानी होती है। विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं और चलने-फिरने में असमर्थ मरीजों को ऊबड़-खाबड़ रास्ते से गुजरने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अस्पताल के चारों तरफ बाउंड्रीवाल नहीं होने के कारण परिसर में आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है। इससे मरीजों और अस्पताल आने वाले लोगों को असुविधा होती है। अस्पताल परिसर के चारों तरफ बाउंड्रीवाल नहीं होने से इसकी जमीन की सुरक्षा को लेकर भी ग्रामीण चिंतित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि खुला परिसर होने के कारण अस्पताल की जमीन पर अतिक्रमण होने की आशंका बनी रहती है। ऐसे में समय रहते बाउंड्रीवाल का निर्माण कराया जाना जरूरी है, ताकि अस्पताल की भूमि सुरक्षित रहे और परिसर में अनावश्यक लोगों तथा आवारा पशुओं का प्रवेश रोका जा सके।

बदलते मौसम में बढ़ रही बीमारियों की आशंका



ज्ञानपुर। नवंबर माह की शुरुआत के साथ मौसम में तेजी से बदलाव हो रहा है। दिन में हल्की गर्मी और सुबह-शाम ठंड के कारण सर्दी-जुकाम, खांसी, वायरल बुखार और सांस संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। वहीं, मानसून समाप्त होने के बाद भी डेंगू और मच्छर जनित बीमारियों के प्रति सतर्क रहने की जरूरत है। थोड़ी सी सावधानी और समय पर उपचार से गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से बचा जा सकता है। वरदान हॉस्पिटल स्टेशन रोड भदोही के चिकित्सक डॉ. पीयूष जायसवाल (एमबीबीएस, एमडी) ने बदलते मौसम को देखते हुए लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि मौसम में बदलाव का असर शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता पर पड़ सकता है। खासकर छोटे बच्चों, बुजुर्गों गर्भवती महिलाओं और पहले से बीमार व्यक्तियों को अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बुखार, गले में खराश, नाक बहना, खांसी, बदन दर्द और कमजोरी वायरल संक्रमण के सामान्य लक्षण हो सकते हैं। इससे बचने के लिए नियमित रूप से हाथ धोने, खांसते और छींकते समय मुंह-नाक ढकने, भीड़भाड़ वाली जगहों पर मास्क लगाने तथा पौष्टिक भोजन और पर्याप्त पानी लेने की जरूरत है। बिना चिकित्सकीय सलाह के एंटीबायोटिक दवाओं का सेवन नहीं करना चाहिए। डॉ. जायसवाल ने डेंगू से बचाव के लिए घरों के आसपास पानी जमा नहीं होने देने की अपील की। कूलर, गमले, टायर और अन्य बर्तनों में जमा साफ पानी मच्छरों के पनपने का कारण बन सकता है।

तूफान-बारिश से किसान की फसल धराशाई

एक बीघा जमीन में १५ बिस्वा में की थी धान की रोपाई

सुरियावां। अर्णव तूफान के प्रभाव से हुई बारिश ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। खेतों में तैयार हो रही धान की फसल धराशाई होने से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। विकासखंड सुरियावां के भीमसेनपुर गांव निवासी किसान विकास तिवारी की फसल बारिश और तेज हवाओं के चलते खेत में गिरकर पानी में डूब गई है। इससे उनके सामने परिवार के भरण-पोषण के साथ ही कर्ज चुकाने का संकट खड़ा हो गया है। विकास तिवारी के पास महज एक बीघा जमीन है। इसमें से उन्होंने 15 बिस्वा खेत में धान की रोपाई की थी। खेती के लिए खाद और बीज की व्यवस्था भी कर्ज लेकर की थी। उन्हें उम्मीद थी कि फसल तैयार होने पर उपज बेचकर कर्ज चुकाने के साथ परिवार का खर्च चलाएंगे, लेकिन तूफान और बारिश ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। खेत में पानी भरने के कारण धान की पूरी फसल जमीन पर गिर गई है। किसान के अनुसार, परिवार की आजीविका का मुख्य सहारा मजदूरी है। मजदूरी से होने वाली सीमित आमदनी में माता और परिवार का खर्च चलाना पहले से ही मुश्किल है। अब फसल बर्बाद होने से कर्ज चुकाने की चिंता भी सताने लगी है। ऐसे में उनके सामने आथिज्क संकट गहरा गया है। पीड़ित किसान ने जिला प्रशासन और राजस्व विभाग के अधिकारियों से खेत का स्थलीय निरीक्षण कर फसल क्षति का आकलन कराने और नियमानुसार मुआवजा दिलाने की मांग की है, ताकि इस मुश्किल घड़ी में परिवार को कुछ राहत मिल सके।

जयरामपुर भवानीपुर में दलित चौपाल

ज्ञानपुर। जयरामपुर भवानीपुर में सोमवार को लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के तत्वावधान में दलित चौपाल का आयोजन किया गया। अक्षय पासी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जमुई के सांसद एवं पार्टी के उत्तर प्रदेश प्रभारी अरुण भारती शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता धीरेंद्र कुमार सिन्हा (मुन्ना जी) और प्रदेश अध्यक्ष राजीव पासी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद अरुण भारती ने पासी समाज के लोगों से पार्टी से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) सामाजिक न्याय, सम्मान और अधिकारों की लड़ाई लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। भदोही के स्व. जैसलाल सरोज को याद करते हुए उन्होंने कहा कि पासी समाज ही नहीं, बल्कि सर्व समाज के हक, सम्मान और अधिकारों के लिए पार्टी संघर्ष करेगी। किसी भी वर्ग के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। सांसद ने बताया कि पांच नवंबर को जगतपुर में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान का प्रस्तावित आगमन होगा। उन्होंने इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जिले के सभी ग्रामवासियों और जनपदवासियों को आमंत्रित किया। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव कमल तिवारी, प्रदेश संगठन महामंत्री धनंजय दुबे, जिला अध्यक्ष राम अवध मिश्रा, कार्यवाहक अध्यक्ष विजय पासी, मंडल अध्यक्ष विजय राय, राज पासी, कमला कुमारी, सीमा तिवारी, राकेश तिवारी, अश्विनी श्रीवास्तव, गोविंद पासवान, सूरज गुप्ता, अजय पासी, दीपक सरोज, अजीत पासी सहित पार्टी के सैकड़ों पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



पं. बुद्धिराम महिला डिग्री कालेज में वृहद रोजगार मेले का आयोजन

ज्ञानपुर विधायक विपुल दुबे ने किया रोजगार मेले का शुभारंभ

कटरा। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत जनपद के शिक्षित एवं बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सोमवार को पं. बुद्धिराम महिला डिग्री कॉलेज, इटहरा, डीघ ब्लॉक, ज्ञानपुर में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि ज्ञानपुर विधायक विपुल दुबे ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों एवं रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों से संवाद कर मेले की गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। रोजगार मेले में विभिन्न क्षेत्रों की कुल 25 कंपनियों ने 1000 रिक्तियों के साथ प्रतिभाग किया। मेले में लगभग 1200 अभ्यर्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा अभ्यर्थियों की शैक्षिक योग्यता, तकनीकी दक्षता, कार्य अनुभव एवं निर्धारित पदों के लिए आवश्यक योग्यताओं के आधार पर चयन प्रक्रिया संपन्न की गई। इस प्रक्रिया के उपरांत कुल 485 अभ्यर्थियों को कंपनियों की ओर से ऑफर लेटर प्रदान किए गए। इस प्रकार रोजगार मेले के माध्यम से बड़ी संख्या में युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिला।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक विपुल दुबे ने कहा कि युवाओं को रोजगार से जोड़ना सरक

चुनाव आयोगकी सख्ती

मतदाता सूचीके विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में हुई गड़बड़ियोंके आरोपोंसे घिरे मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमारको पदसे हटानेकी मांगको लेकर राजधानी दिल्लीमें विपक्षकी रैली और उसके जवाबमें भारतीय जनता पार्टीके नेतृत्वमें आयोजित रैलीने इस घटनाक्रमको रोचक मोड़पर पहुंचा दिया है। दोनों पक्षोंकी ओरसे परस्पर विरोधी बयानोंको लेकर दिल्लीमें सियासी सरगर्मी चरमपर पहुंच गयी है। वार और पलटवारमें भाषाकी मर्यादाओंको दरकिनार कर दिया गया है, जो स्वस्थ लोकतंत्रके हितमें नहीं है। इस बीच एक अच्छी खबर यह भी आयी है कि मतदाता सूचीमें गड़बड़ी करने वाले दोषी सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियोंको कदापि बख्शा नहीं जायगा और ऐसे लोगोंको सेवासे निलम्बित करनेके साथ ही उन्हें सजा भी होगी। चुनाव आयोगने उत्तर प्रदेशके पीलीभीत जिलेमें ऐसा ही एक मामला पकड़ा है और इसमें संलिप्त अधिकारियों और कर्मचारियोंके खिलाफ सख्त काररवाई करनेका रास्ता साफ हो गया है। इन लोगोंके खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व कानून (आरपी एक्ट) के साथ अब भारतीय दण्ड संहिता (बीएनएस) की धारा १९८ में भी मुकदमा दर्ज कराया गया है। इसमें एक सालकी सजा और जुर्माना दोनों साथ-साथ होंगे। चुनाव आयोगकी ओरसे दोषी पाये गये अधिकारियोंके खिलाफ मुकदमा दर्ज करानेका यह सम्भवत: पहला मामला होगा। तत्कालीन निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) मयंक गोस्वामी और हेमन्त चौधरीको तत्काल प्रभावसे निलम्बित करनेके साथ ही दोनों अधिकारियों और मतदाता पंजीकरण केन्द्रके कम्प्यूटर आपरेटर अनिल कुमारके खिलाफ दर्ज प्राथमिकीमें भारतीय न्याय संहिता, २०२३ की धारा १९८ जोड़नेका भी निर्देश दिया गया है। इससे एक बात और साफ हो गयी है कि मतदाता सूचीमें गड़बड़ियां की गयी हैं और चुनाव आयोगने इसपर कड़ा रुख अपनाते हुए काररवाई भी कर दी है। पीलीभीत मामलेकी जांचमें यह बात सामने आयी है कि कम्प्यूटर आपरेटरने बिना आवेदन और दस्तावेजोंके ही लगभग दस हजार मतदाताके नामोंको जोड़ने और हटानेको लेकर गम्भीर अनियमितताएं की थीं। दोनों ईआरओने इन परिवर्तनोंको बिना जांचके ही स्वीकृति प्रदान कर दी है। चुनाव आयोगने कड़ा कदम उठाया है, वह उचित है। ऐसे लोगोंके खिलाफ कड़ी काररवाई होनी ही चाहिए। इससे एक बड़ा सन्देश जायगा साथ ही गड़बड़ी करने वालोंके लिए यह नसीहत भी है। अब आवश्यकता इस बातकी है कि जहां भी मतदाता सूचीमें गड़बड़ीकी आशंका है, वहां अवश्य जांच की जाय जिससे कि दोषियोंको सजा दी जा सके।

गिग वर्कर्सकी सुरक्षा

केन्द्र सरकारका गिग वर्कर्सके लिए नेशनल सोशल सिक्योरिटी बोर्डके गठनका निर्णय स्वागतयोग्य और महत्वपूर्ण कदम है। देशमें बढ़ते गिग वर्कर्सकी मांगको देखते हुए श्रम और रोजगार मंत्रालयने गिग फोर्सको सामाजिक सुरक्षा और कल्याणको मजबूत करनेके लिए इस बोर्डका गठन किया है, जो आजकी महती आवश्यकता है। यह इसलिए भी जरूरी था, क्योंकि गिग वर्कर्सका काम जोखिमपूर्ण और इनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। खास बात यह है कि इसके तहत सरकारने डिजिटल प्लेटफार्म, श्रमिक संघटनों, केन्द्र और राज्य सरकारोंके प्रतिनिधियों तथा विषय विशेषज्ञोंको एक साथ जोड़ा है, जो सरकारकी दूरदर्शिताका परिचायक है। बता दें कि भारतके सबसे बड़े गिग-इकोनामी आजीविका प्लेटफार्मोंमें एक होनेके नाते रैपिडो इस बोर्डमें शामिल होने वाला एकमात्र ऐप-आधारित पैसेंजर मोबिलिटी प्लेटफार्म है। इस पालिसीकी प्रमुख मानस्वी मानको बोर्डका सदस्य नामित किया गया है। केन्द्र सरकारका यह कदम नीति-निर्माणके प्रति सहयोगात्मक और परामर्शपूर्ण दृष्टिकोणको दर्शाता है। यह पहल सरकारके उन प्रयासोंका एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उद्देश्य गिग और प्लेटफार्म वर्कर्सके लिए अधिक समावेशी और सुलभ सामाजिक सुरक्षा उपाय विकसित करना है। इस बोर्डका गठन ऐसे समयमें किया गया है जब आजीविकाके अवसर पैदा करनेमें प्लेटफार्म आधारित कामकी व्यापक रूपसे पहचाना जा रहा है। इसके साथ ही सामाजिक सुरक्षा भी सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है, ताकि गिग वर्कर्सको सम्मानपूर्वक जीनेका अधिकार प्राप्त हो सके। सरकारका यह कदम अत्यन्त महत्वपूर्ण माना जायगा, क्योंकि इससे रोजगारके अवसर बढ़ेंगे। गिग वर्कर्सकी सुरक्षाकी सुधि लेते हुए केन्द्रकी पहल सराहनीय है।

लोक संवाद

सामाजिक न्याय

महोदय,-हालके दो अदालती फैसलोंके बाद एक बार फिर आरक्षणपर बहस छिड़ गयी है। देशमें आरक्षणपर बहस मुख्य रूपसे सामाजिक न्याय, ऐतिहासिक भेदभाव और योग्यताके इर्द-गिर्द घूमती है। इस विषयपर समाजमें दो मुख्य दृष्टिकोण हैं। पहला आरक्षणके पक्षमें तर्क है, जिसे सामाजिक न्यायका पक्ष कहकर प्रचारित किया जाता है। इसके समर्थकोंका मानना है कि सदियोंसे जाति-व्यवस्थाके कारण दलितोंका सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक शोषण हुआ है। उनका मानना है कि आरक्षणका उद्देश्य सरकारी नौकरियों और शिक्षण संस्थानोंमें इन वंचित वर्गोंको उचित प्रतिनिधित्व देना है। दूसरा पक्ष मानता है कि आरक्षण केवल आर्थिक आधारपर होना चाहिए। मेरा मत है कि आरक्षणको खत्म किया जाय। **-अमित, वाया ईमेल।**

साइबर सुरक्षा तंत्रकी निगरानी

पिछले दिनों साइबर हमलोंमें वृद्धिने कई देशोंमें आनलाइन सेवाओंको पंगु कर डाला। इन हमलोंको देखते हुए साइबर सुरक्षा विशेषज्ञोंने इसे 'ब्लैक अक्तूबर' नाम दिया है, जबकि कुछ इसे वल्नरेबिलिटीकी प्रलय कह रहे हैं। साइबर हमला तब होता है जब किसी वेबसाइटको चलाने वाले सॉफ्टवेयरमें सेंध लगानेकी गुंजाइश होती है।

❐ दिनेश शर्मा

साइबर हमलोंमें भारी वृद्धिने बैंक, बीमा कम्पनियां, सरकारी सेवाएं, शिक्षा और यूटिलिटी सेवाएं कई मामलोंमें प्रभावित हुई हैं। जापानकी एक आनलाइन वित्तीय सेवा कम्पनीने अपने विदेशी मुद्रा व्यापार प्लेटफॉर्मपर हुए साइबर हमलेके कारण ग्राहकोंको हुए नुकसानकी भरपाई करनेका फैसला किया है। अमेरिकामें कई सरकारी और निजी वेबसाइटोंको अपने सिस्टममें बचावके उपाय करनेके लिए कुछ समयके लिए आफलाइन करना पड़ा। टेक्सासकी एक यूटिलिटी कम्पनीने डेटा लीक होनेकी सूचना दी, जिससे दस लाखसे अधिक निवासी प्रभावित हुए और उनकी निजी जानकारी उजागर हो गयी। भारतीय स्टेट बैंकके लगभग ४,००० ग्राहकोंका डेटा लीक हो गया, जबकि तेलंगाना सरकारकी औद्योगिक मंजूरीसे जुड़ी एक वेबसाइटको हैक कर लिया गया। इन हमलोंके व्यापक दायरेको देखते हुए, साइबर सुरक्षा विशेषज्ञोंने इसे 'ब्लैक अक्तूबर' का नाम दिया है, जबकि कुछ इसे 'वल्नपोकैलिप्स' यानी वल्नरेबिलिटीकी प्रलय कह रहे हैं। साइबर हमला तब होता है, जब किसी वेबसाइट को चलाने वाले सॉफ्टवेयरमें सेंध लगानेकी गुंजाइश होती है। सुरक्षा विशेषज्ञोंका काम ऐसी कमियोंका पता लगाना और उन्हें ठीक करना होता है। हालांकि यह पूरी प्रक्रिया उतनी आसान नहीं है, जितनी सुननेमें लगती है। इसमें कई तरहके सॉफ्टवेयर प्रोग्राम शामिल होते हैं। जैसे कि ऑपरेटिंग सिस्टम, एप्लिकेशन, फर्मवेयर, क्लाउड, डेटाबेस मैनेजमेंट, नेटवर्किंग, एंटरप्राइज प्लानिंग, सप्लाई चेन आदि और इनकी खरीद अलग-अलग आपूर्तिकर्ताओं या वेंडरोंसे हो सकती है। ये कमियां मसलन, मेमोरी सुरक्षासे जुड़ी समस्याएं, इंजेक्शन फ्लां, आर्थेंटिकेशनमें गड़बड़ी, क्रिप्टोग्राफिक विफलताएं और डिपेंडेंसी कन्फ्यूजन हो सकती हैं। एक हैकर सिस्टमकी किसी भी कमीका फायदा उठा सकता है।



भारतको अपने विशाल डिजिटल तंत्र और आनलाइन सार्वजनिक सेवाओंको देखते हुए इन घटनाओंपर ध्यान देना चाहिए और जरूरी बचावके कदम उठाने चाहिए। साइबर सुरक्षाकी निगरानी करने वाली सरकारी एजेंसी, सीईआरटी-इनने हालकी घटनाओं, जिनमें पीएचपीकी कमजोरियां भी शामिल हैं, को लेकर कई चेतावनियां जारी की हैं। इससे भी गम्भीर बात यह है कि एजेंसीने भारतीय डिजिटल संपत्तियोंपर एआई एजेंटों द्वारा किये गये हमलोंकी पुष्टि की है।

एआई इंजन और टूल्सके आनेसे इस 'कमियों और हैकिंग' वाले इकोसिस्टममें बहुत बड़ा बदलाव आया है। अबतक किसी कमीका पता लगाना एक जटिल, समय लेने वाला और मेहनत भरा काम था। केवल उच्च कोटिके विशेषज्ञ हैकर ही ऐसा कर पाते थे और उन्हें भी इसमें बहुत मशक्कत करनी पड़ती थी। लेकिन अब जेनरेटिव एआई टूल्सकी मददसे कमियों को आसानीसे ढूंढ़ा जा सकता है, जिससे हैकिंगका काम स्वचालित हो गया है। यही कारण है कि इस महीने हमलोंकी बाढ़-सी आ गयी है। एआई टूल्स व्यापक रूपसे इस्तेमाल होने वाले सॉफ्टवेयरमें कमियोंका पता लगानेमें मदद कर सकते हैं, जिनमें वे कमियां भी शामिल हैं, जो पहले किसीकी नजरमें नहीं आयी थीं। ऐसा लगता है कि हमलोंका यह मौजूदा दौर पीएचपी प्रारूप आधारित साइटोंमें मौजूद कमियोंसे जुड़ा है। पीएचपी एक ओपन-सोर्स स्क्रिप्टिंग भाषा है, जिसका इस्तेमाल डायनामिक वेबपेज बनानेके लिए किया जाता है। दुनियाभरकी लाखों वेबसाइटें हमलोंकी चपेटमें आ सकती हैं। हैकर्स महत्वपूर्ण डिजिटल साइटोंमें पीएचपीकी कमजोरियोंका पता लगाने और उनपर हमला करनेके लिए एआई टूल्सका इस्तेमाल कर रहे हैं। जहां एक तरफ हैकर्स 'बग' खोजनेके कामको ऑटोमेट करने और नये तरहके मैलवेयर बनानेके लिए एआई इंजन और एलएलएमका इस्तेमाल कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ एआई कम्पनियां खुद ऐसी कमजोरियोंकी पहचान करनेके लिए टूल्स विकसित कर रही हैं, ताकि किसी हमलेसे पहले ही उसका तोड़ हाथमें हो। ओपन एआई और एंथ्रोपिक नामक कम्पनियोंने साइबर सुरक्षाके मूल्यांकनके लिए एडवांस्ड 'जेनरेटिव एआई एजेंट' विकसित किये हैं।

हालांकि एआई एक दोधारी तलवार है। यदि कोई एआई एजेंट किसी कमजोरीका पता लगा ले तो वह सिस्टमको हैक करनेके लिए उसका फायदा भी उठा सकता है। इन दोनों कम्पनियों द्वारा विकसित किये गये प्रयोगात्मक एजेंटोंने ठीक ऐसा ही किया। उन्होंने असल दुनियामें बाहरी सिस्टमोंपर हमले किये। इस सालकी शुरुआतमें एंथ्रोपिकने खुलासा किया कि उसके एक एजेंटने संवेदनशील जानकारी और कारपोरेट डेटा चुरा लिया। इतना ही नहीं, उसे यह पता होनेके बावजूद कि वह किसी लैबमें नहीं, बल्कि लाइव इंटरनेटपर काम कर रहा है, उसने अपना हमला जारी रखा। ओपन एआईके एक एजेंटने तो एक जर्मन वेबसाइटको हैक करके उसे एआई एजेंटोंके लिए एक निजी मैसेज बोर्डमें बदल दिया।

भारतको अपने विशाल डिजिटल तंत्र और ऑनलाइन सार्वजनिक सेवाओंको देखते हुए इन घटनाओंपर ध्यान देना चाहिए और जरूरी बचावके कदम उठाने चाहिए। साइबर सुरक्षाकी निगरानी करने वाली सरकारी एजेंसी, 'इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम' (सीईआरटी-इन) ने हाल की घटनाओं, जिनमें पीएचपीकी कमजोरियां भी शामिल हैं, को लेकर कई चेतावनियां जारी की हैं। इससे भी गम्भीर बात यह है कि एजेंसीने भारतीय डिजिटल संपत्तियोंपर एआई एजेंटों द्वारा किये गये हमलोंकी पुष्टि की है। एजेंसीके अनुसार ये एजेंट खुद अपना काम प्लान करने, कमांड देने, टूल तैनात करने और लंबे समयतक वेबपर सक्रिय रहनेमें सक्षम हैं। जो एआई एजेंट अभी रिसर्च और मूल्यांकनके चरणमें थे, वे गलतीसे रिलीज हो गये और अनधिकृत तरीकेसे भारतीय डिजिटल तंत्रतक पहुंच गये। भारतीय संघटनोंकी लाइव वेबसाइटोंपर हुए इन हमलोंके कारण उनके बिजनेस रिकॉर्ड, व्यक्तिगत डेटा और गोपनीय जानकारी लीक हो गयी। सबसे चिन्ताजनक बात यह है कि संबंधित संघटनोंको इन डेटा लीक्सका पता ही नहीं चला। यह बात तब सामने आयी, जब एआई मॉडल डेवलपर्सने खुद सीईआरटी-इनको इसकी जानकारी दी।

इसके अलावा एजेंसीने पाया है कि हैकर्सने ओपन-सोर्स एजेंटिक टूल्सका इस्तेमाल करके भारतीय वेबसाइटोंपर आर्थिक लाभके लिए घुसपैठ की है। भारतमें हालमें हुए हमलोंसे पता चलता है कि एआई टूल्स हमलोंके पैमानेको पूरी तरहसे बदल देंगे। अब किसी सिस्टममें घुसपैठ होने और उसके गम्भीर परिणाम सामने आनेके बीचका समय कुछ दिनोंसे घटकर केवल कुछ घंटे रह गया है। हमलावरोंने कई एआई एजेंटोंका इस्तेमाल किया, जो घंटोंसे लेकर कई दिनोंतक सक्रिय रहे। इससे पता चलता है कि एआई-आधारित हमलोंमें एक साथ कई एजेंटोंका इस्तेमाल किया जा सकता है। जिन संघटनोंपर हमला हुआ, उन्होंने बचावके जो उपाय किये, वे आधे-अधूरे थे। नतीजतन कुछ ही दिनोंके भीतर उनपर और भी ज्यादा तीव्रतासे दोबारा हमला किया गया। इन सभी हमलोंमें एआई एजेंटोंने पुरानी या बंद हो चुकी एपीआई जैसी पारम्परिक कमजोरियोंको निशाना बनाया।

भारतीय डिजिटल तंत्रपर हुए ये सभी हमले काफी गम्भीर लग रहे हैं, हालांकि सीईआरटी-इनने उन संघटनों या वेबसाइटोंके नाम नहीं बताये हैं, जिनपर हमला हुआ था। उन एआई कम्पनियोंके नाम भी उजागर नहीं किये गये हैं, जिनके एजेंट अनियंत्रित होकर भारतीय संघटनोंके महत्वपूर्ण डेटातक पहुंच गये। एजेंसीने एआई मॉडल डेवलपर्स, रिसर्च लैब और एआई एजेंटोंका मूल्यांकन करने वाली संस्थाओंके लिए कुछ सामान्य दिशा-निर्देश जारी किये हैं। उनसे कहा गया है कि यदि कोई एजेंट किसी वास्तविक सिस्टमतक पहुंच जाता है तो तुरन्त प्रभावित संघटनोंको सूचित करें। सरकारको जेनरेटिव एआई मॉडल विकसित करने और उनका परीक्षण करने वाली कम्पनियोंके लिए सुरक्षाका एक ढांचा तैयार करना चाहिए। इसी तरहका ढांचा उन संघटनोंके लिए भी जरूरी है, जो अपने कामकाजमें एआई एजेंटोंका इस्तेमाल करते हैं, खासकर वित्तीय क्षेत्रकी कम्पनियोंके लिए।

अल नीनोके असरसे प्रभावित उपज

अल नीनोके प्रभाव और वर्षामें १२.६ फीसदीकी कमीके बावजूद खाद्यान्न और तिलहनकी बोआईका रकबा पिछले वर्षकी तुलनामें १.२ फीसदी घटा। यही नहीं, बोया गया कुल रकबा सामान्य स्तरसे लगभग दो फीसदी अधिक रहा।

❐ एन. गुप्त

पिछले २६ वर्षोंके आंकड़ोंके आधारपर वर्षाकी कमी वाले वर्षोंमें जब बारिश सामान्यसे लगभग दस फीसदी या उससे अधिक कम रही खरीफकी बोआईके रकबेमें औसतन केवल ०.९ फीसदीकी गिरावट आयी। इस अवधिमें ऐसे आठ वर्ष रहे यानी वित्त वर्ष २००१, २००३, २००५, २०१०, २०१५, २०१६, २०१९ और २०२४। मध्यम या प्रबल अल नीनो वाले वर्षोंमें ऐसे केवल चार वर्ष थे जब खरीफकी बोआईका रकबा औसतन १.९ फीसदी घटा। ये थे वित्त वर्ष २००३ २०१०, २०१६ और २०२४। सामान्य वर्षोंमें यानी जब न तो अल नीनोकी स्थिति थी और न ही वर्षामें उल्लेखनीय कमी, खरीफकी बोआईके रकबेमें औसत वृद्धि एक फीसदीसे भी कम रही। इसलिए २०२६ में बोआईके रकबेमें दर्ज १.२ फीसदीकी गिरावट असामान्य स्थिति नहीं है। रकबेमें मामूली गिरावटके बावजूद वर्षाकी कमी वाले वर्षोंमें खरीफ फसलोंकी प्रति हैक्टेयर पैदावार औसतन ६.५ फीसदी घटी। वहीं अल नीनो वाले वर्षोंमें इसमें सालाना औसतन ८.४ फीसदीतककी गिरावट आयी। इसके विपरीत सामान्य वर्षोंमें खरीफ फसलोंकी पैदावारमें सालाना चारसे छह फीसदीकी वृद्धि हुई। कम पानीकी उपलब्धता और अधिक तापमानके कारण पैदावार घटनेसे कम बारिश वाले वर्षोंमें खरीफ फसलोंका कुल उत्पादन सालाना लगभग सात फीसदी गिरा। अल नीनोकी स्थितिमें यह गिरावट सालाना दस फीसदीतक पहुंच गयी। इसकी तुलनामें सामान्य वर्षोंमें खरीफ फसलोंके कुल उत्पादनमें औसतन ५.७ फीसदीकी वृद्धि हुई। नतीजतन वर्षाकी कमी वाले वर्षोंमें कृषिके वास्तविक सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) में सालाना औसतन ०.३ फीसदीकी गिरावट दर्ज की गयी। इसके उलट सामान्य वर्षों में कृषिके वास्तविक जीवीएमें औसतन ४.५ फीसदीकी वृद्धि हुई। दिलचस्प यह है कि अल नीनो या वर्षाकी कमी वाले वर्षोंमें कृषिके वास्तविक जीवीएपर प्रतिकूल प्रभाव पूरी तरह वर्षकी दूसरी छमाहीमें केंद्रित रहा। उदाहरणके लिए वर्षाकी कमी वाले वर्षोंकी पहली छमाहीमें कृषिके वास्तविक जीवीएकी औसत वृद्धि दो फीसदी रही। अल नीनो वाले वर्षोंमें यह वृद्धि एक फीसदी थी। लेकिन प्रभावित अवधिके दौरान कृषिके वास्तविक जीवीएमें सालाना लगभग दो फीसदीकी गिरावट आयी।

वित्त वर्ष २०२६-२७ की पहली तिमाहीमें कृषिके वास्तविक जीवीएमें पिछले वर्षकी समान अवधिकी तुलनामें ३.६ फीसदीकी वृद्धि हुई। हालांकि पैदावारपर प्रतिकूल असर पड़नेके साथ हमें दूसरी तिमाहीमें यह वृद्धि घटकर सालाना आधारपर दो फीसदी रहनेकी उम्मीद है। वित्त वर्ष २०२६-२७ की दूसरी छमाहीमें वृद्धि दर और घटकर ०.४ फीसदी रह सकती है हालांकि इसमें गिरावट नहीं आयगी। इसका अर्थ है कि वित्त वर्ष २०२६-२७ में कृषिके वास्तविक जीवीएकी वृद्धि दर १.४ फीसदी रह सकती है जबकि वित्त वर्ष २०२५-२६ में यह तीन फीसदी थी। कृषिके वास्तविक जीवीएके साथ-साथ इसका ग्रामीण आय या मजदूरीमें वृद्धिपर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। श्रम ब्यूरोके उपलब्ध मासिक आंकड़ोंके आधारपर देखें तो वर्षाकी कमी वाले वर्षोंमें ग्रामीण मजदूरीकी वास्तविक वृद्धि दर सालाना औसतन ०.५ फीसदी रही। यह सामान्य वर्षोंमें दर्ज १.८ फीसदीकी सालाना वृद्धिका लगभग एक-चौथाई ही है। अल नीनो वाले वर्षोंमें यह दर ०.९ फीसदी थी। इसका प्रतिकूल प्रभाव गैर-कृषि मजदूरीकी तुलनामें कृषि मजदूरीपर अधिक पड़ा। वर्षाकी कमी वाले वर्षोंमें कृषि मजदूरीकी वृद्धि सामान्य अवधिके औसतका केवल लगभग पांचवां हिस्सा रही, जबकि गैर-कृषि मजदूरीकी वृद्धि सामान्य अवधिके औसतकी लगभग आधी थी।

वित्त वर्ष २०२६-२७ के पहले पांच महीनों (अप्रैल-अगस्त) में ग्रामीण मजदूरीकी वास्तविक वृद्धि दर पिछले वर्षकी समान अवधिकी तुलनामें औसतन ०.६ फीसदी रही। इसमें कृषि गतिविधियोंमें वृद्धि केवल ०.३ फीसदी और गैर-कृषि गतिविधियोंमें ०.९ फीसदी रही। इसके अलावा प्रभावित वर्षोंमें वास्तविक निजी अंतिम उपभोग व्ययकी वृद्धि भी धीमी रही। ऐसे वर्षोंमें इसकी औसत सालाना वृद्धि दर ५.५ फीसदी थी जबकि सामान्य वर्षोंमें यह छह फीसदी रही। हालांकि हैरानीकी बात यह है कि खाद्य मुद्रास्फीतिपर इसका असर उतना स्पष्ट नहीं है। अल नीनो वाले वर्षोंमें खाद्य महंगी अधिक रही है लेकिन वर्षाकी कमी वाले सभी वर्षोंको मिलाकर देखें तो इसका प्रतिकूल प्रभाव उतना प्रमुख नहीं दिखाई देता। कुल मिलाकर खरीफ फसलोंके बोआई क्षेत्रमें साल-दर-साल १.२ फीसदीकी गिरावट इस बातका भरोसेमंद प्रमाण नहीं है कि अल नीनोका कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। अतीतमें भी बोआई क्षेत्रमें इसी तरहकी गिरावटके बावजूद कमजोर मानसून वाले वर्षोंमें पैदावार और इस कारण कुल उत्पादनमें तेज गिरावट देखी गयी है। विभिन्न फसलोंके सिंचित क्षेत्रमें वृद्धि हुई है, लेकिन इसका स्तर अब भी कम है। वर्ष २०२३-२४ में धानकी खेतीका लगभग ७० फीसदी क्षेत्र सिंचित था जबकि एक दशक पहले यह अनुपात ६० फीसदी और २००० के दशकके मध्यमें लगभग ५५ फीसदी था। इसी तरह दलहनोंके लगभग ३५ फीसदी क्षेत्रमें सिंचाईकी सुविधा थी जबकि एक दशक पहले यह अनुपात २० फीसदी था। यह भी कारण है कि अत्यंत प्रबल अल नीनो और वर्षामें भारी कमीके बावजूद हमें वित्त वर्ष २०२६-२७ में कृषिके वास्तविक जीवीएमें गिरावटकी आशंका नहीं है। वित्त वर्ष २०११-१२ के आधार वर्षपर गणनाके अनुसार कुल कृषि जीवीएमें फसलोंकी हिस्सेदारी वित्त वर्ष २०११-१२ और २०१२-१३ के लगभग ६५ फीसदीसे घटकर वित्त वर्ष २०२३-२४ में ५४ फीसदी रह गयी थी। लेकिन वित्त वर्ष २०२२-२३ में बढ़ाकर ६२ फीसदी कर दी गयी और वित्त वर्ष २०२४-२५ तक इसी स्तरपर बनी रही। हमारा मानना है कि अल नीनो और वर्षामें भारी कमीका प्रतिकूल प्रभाव वित्त वर्ष २०२६-२७ की दूसरी छमाहीमें दिखाई देगा। सरकारी खर्चमें वृद्धि धीमी होगी, जो अनुमान इस धारणापर आधारित है कि सरकार जीडीपीके ४.५ फीसदीके राजकोषीय घाटेके लक्ष्यको पूरा करेगी। इससे जीडीपी वृद्धि भी प्रभावित होगी रिजर्व बैंकके लिए दिसंबरके बाद दरें बढ़ाना भी मुश्किल हो जायगा, यानी दरोंमें वृद्धिका यह चक्र काफी सीमित रह जायगा।



समयका प्रबन्धन

❐ श्रीराम शर्मा

संसारमें प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवनमें हर क्षेत्रमें सफल होना चाहता है। लेकिन सफलता ख्याली पुलाव पकानेवाले या कोरी कल्पनाओंमें रहकर सपने देखनेवालोंको नहीं मिलती। दुनियाके सफलतम व्यक्ति जिन्होंने अपने जीवनमें कामयाबी हासिल की, उन्होंने कुछ सूत्रोंको जीवनमें स्थान दिया। सफलताके शिखरको जिन्होंने छुआ, उसपर प्रतिष्ठित हुए। ऐसे महापुरुषोंके जीवनमें अपनाये गये प्रयोगोंसे हम प्रेरणा लें। सफलताका मूल मनुष्यकी इच्छाशक्तिमें सन्निहित होती है। समुद्रसे मिलनेकी प्रबल आकांक्षा करनेवाली नदीकी भांति वह मनुष्य भी अपनी सफलताके लिए मार्ग निकाल लेता है, जिसकी इच्छाशक्ति दृढ़ और बलवती होती है, उसके मार्गमें कोई भी रुकावट बाधा नहीं डाल सकती। संसारके सभी छोटे-बड़े कार्य किये जा सकनेका माध्यम शक्ति है। लेकिन वास्तविक शक्ति मनुष्यकी इच्छा शक्ति है। इच्छाकी स्फुरणसे कर्म करनेकी प्रेरणा मिलती है। प्रेरणासे व्यक्ति कर्म करनेके लिए प्रवृत्त हो जाता है। जो व्यक्ति अपने शरीरसे हमेशा अपने लक्ष्यके अनुरूप श्रम करनेको तत्पर रहता है, अपनी शक्तियोंका समुचित उपयोग करता है, वह कृतकृत्य हो जाता है। सक्रियता ही जीवन है और निष्क्रियता ही मृत्यु। श्रम करनेसे शरीर स्वस्थ एवं स्फूर्तिवान बनता है। जिससे वांछित सफलताकी ओर बढ़नेकी प्रेरणा मिलती है। कोई व्यक्ति परिश्रमी पुरुषार्थी तो है किन्तु उसमें आत्मविश्वास तथा आत्मनिर्भरताकी भावनाका अभाव है तो भी उसका पुरुषार्थ व्यर्थ चला जायगा। अपने आपको दीन-हीन नहीं शक्तिशाली समझें। विश्वास करें कि बीज रूपमें मेरे भीतर सारी शक्तियां विद्यमान है। मैं सब कुछ कर सकता हूं, जो अन्य सफल व्यक्तियोंने किया है। जो व्यक्ति लक्ष्यकी प्राप्तिके बिना रुके निरंतर चलते रहते हैं, सफल हो जाते हैं। जिन्हें अपने ध्येय, लक्ष्यके प्रति लगन है, निष्ठा है, उसके मार्गमें ऐसा कौन-सा अवरोध हो सकता है जो उसे रोक सके। लेकिन आजका सोया हुआ कल बदल गया या चार दिन परिश्रम करनेके बाद पानीके बुलबुलेकी भांति लक्ष्य देनेके बाद कुछ दिन लक्ष्यके प्रति समर्पण दिखानेके बाद आराम करने लग गये तो उन्हें असफलता ही हाथ लगेगी। लक्ष्यके प्रति समर्पित व्यक्तिका सूत्र होता है। कोई छुट्टी नहीं, किसीसे कोई अपेक्षा नहीं, कोई भेदभाव नहीं। नकारात्मक सोच अर्थात निराशा, भय, संदेह, उद्विग्नता, अविश्वासके भाव, घुटन भरी सोच। चिंता और चिता एक ही सिक्केके दो पहलूकी तरह हैं, जो व्यक्तिकी जीवनी शक्ति एवं कार्यक्षमताको घटाते-घटाते समाप्त कर देती है। अतीत या भविष्यको लेकर चिंतित न हों, बल्कि स्वस्थ चिंतन करें।

राष्ट्रीय सम्प्रभुताके सामने उभरती नयी चुनौतियां

❐ प्रो. धर्मेन्द्र कुमार सिंह

संप्रभुताका मतलब किसी राष्ट्रकी स्वतंत्रता, उसके कानूनोंकी सर्वोच्चता और नागरिकोंके हितोंकी रक्षा करनेकी क्षमता है। अबतक इसे भू-भाग, सेना, अर्थव्यवस्था और राजनीतिक सत्तासे जोड़कर देखा जाता रहा है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल नेटवर्क और उपग्रह संचारके आनेसे इस अवधारणाका दायरा बढ़ा है। आज सवाल सिर्फ सीमाओंके नियंत्रणका नहीं है। यह भी उतना ही अहम है कि देशके नागरिकोंका डेटा, संचार व्यवस्था और डिजिटल अवसंरचना किसके हाथमें है। बदलते दौरमें ताजा उदाहरण एलन मस्ककी कम्पनी स्पेसएक्सकी उपग्रह इंटरनेट सेवा स्टारलिंक है। अक्तूबर २०२६ में भारतमें इसकी प्रस्तावित शुरुआतपर विवाद तब खड़ा हुआ, जब मस्कने आरोप लगाया कि कुछ प्रभावशाली कारोबारी समूह अपना एकाधिकार बचानेके लिए स्टारलिंकके प्रवेशमें बाधा डाल रहे हैं। सरकारसे जवाब आया कि नियामकीय प्रक्रिया बिल्कुल निष्पक्ष है और सभी कम्पनियोंको सुरक्षा शर्तें माननी होंगी। इस तरहसे यह बहस बाजार प्रतिस्पर्धासे आगे बढ़कर राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुतातक पहुंच गयी है।

इसके तकनीकी पहलुओंसे इनकार नहीं किया जा सकता। पर्वतीय इलाकों, सीमावर्ती गांवों और आपदा प्रभावित क्षेत्रोंमें, जहां मोबाइल नेटवर्क और फाइबरकी पहुंच सीमित है, उपग्रह इंटरनेट बड़ा सहारा बन सकता है। शिक्षा, स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन और सरकारी सेवाओंकी पहुंच बढ़ानेमें भी इसकी भूमिका हो सकती है। ऐसी तकनीकका स्वागत करनेके पर्याप्त कारण हैं। फिर भी सुविधा और राष्ट्रीय नियंत्रणके बीच संतुलन बनाये रखना भी उतना ही जरूरी है। परम्परागत व्यवस्थामें राज्य अपने क्षेत्रकी संचार व्यवस्थाको नियंत्रित करता है, कानून लागू करता है और सुरक्षा सुनिश्चित करता है। उपग्रह इंटरनेट इस ढांचेके सामने नयी चुनौती खड़ी करता है। पारम्परिक दूरसंचार नेटवर्क देशके भीतर लगे टावरों, केबलों और अन्य अवसंरचनापर टिके होते हैं। उपग्रह आधारित नेटवर्क अंतरिक्षमें स्थित उपग्रहों और कई देशोंमें फैली तकनीकी प्रणालियोंसे चल सकते हैं। ऐसेमें यह पक्का करना होगा कि भारतीय उपयोगकर्ताओंका संचार यातायात निर्धारित भारतीय नेटवर्क और गेटवेसे गुजरे और सुरक्षा एजेंसियोंको वैधानिक परिस्थितियोंमें जरूरी जानकारी तथा निगरानीकी सुविधा मिले।

यह चिन्ता किसी एक कम्पनीतक सीमित नहीं है। कोई भी विदेशी संचालित नेटवर्क यदि भारतीय क्षेत्रमें व्यापक संचार सेवाएं देता है तो संकट, युद्ध या सुरक्षाकी आपात स्थितिमें उसपर वास्तविक नियंत्रणकी क्षमता होनी चाहिए। किसी खास क्षेत्रमें सेवा रोकने, वैधानिक निगरानी लागू करने और संवेदनशील डेटा सुरक्षित रखनेकी व्यवस्था अनिवार्य है। स्टारलिंकके मामलेमें इन शर्तोंका पालन कैसे सुनिश्चित होगा, यह देखना होगा। मामला एकआईके व्यापक परिदृश्यसे भी जुड़ा है। ये कम्पनियां केवल सेवा प्रदाता नहीं हैं। डेटाके संग्रह, विश्लेषण और उपयोगके जरिये वे आर्थिक और सामाजिक गतिविधियोंको प्रभावित करनेकी क्षमता भी रखती हैं। यदि सरकारें अपनी डिजिटल सेवाओंके लिए विदेशी कम्पनियोंपर निर्भर हो जायं तो उनकी नीतिगत स्वतंत्रता कमजोर पड़ सकती है। सेवा-शर्तोंमें बदलाव, तकनीकी प्रतिबंध या सेवा बाधित होनेका असर सार्वजनिक व्यवस्थापर गम्भीर हो सकता है। इसलिए प्रभावी कानूनी जवाबदेही भी शामिल होना चाहिए। बहसका एक पहलू उपभोक्ता और डेटा अर्थव्यवस्थासे जुड़ा है। दूरसंचार कम्पनियां, इंटरनेट सेवा प्रदाता और बड़ी प्रौद्योगिकी कम्पनियां जब अपनी सेवाओंका विस

सेंसेक्स में 1,233 अंक की बढ़त



मुंबई। भारतीय शेयर बाजार में सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को जोरदार तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स 1,233.25 अंक यानी 1.66 फीसदी की बढ़त के साथ 75,692.78 अंक पर पहुंच गया। वहीं, निफ्टी 50 भी 387.70 अंक यानी 1.68 फीसदी मजबूत होकर 23,440.80 के स्तर पर बंद हुआ। कंपनी के मजबूत तिमाही प्रदर्शन से निवेशकों का भरोसा बढ़ा। रिलायंस निफ्टी 50 के प्रमुख तेजी वाले शेयरों में शामिल रहा और सूचकांक को सबसे अधिक समर्थन दिया। दूसरा, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी॒ अंतरराष्ट्रीय

रिलायंस निफ्टी 50 के प्रमुख तेजी वाले शेयरों में शामिल

बाजार में ब्रेंट क्रूड की कीमत शुक्रवार के 118 डॉलर प्रति बैरल के छह महीने के उच्च स्तर से घटकर करीब 110 डॉलर पर आ गई। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच तनाव कम होने तथा समझौते को लेकर बातचीत के सकारात्मक संकेतों से तेल की कीमतों को राहत मिली। भारत जैसे बड़े तेल आयातक देश के लिए कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट सकारात्मक मानी जाती है। तीसरा, विदेशी निवेशकों की खरीदारी॒ विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार में 3,598 करोड़ रुपए के शेयरों की शुद्ध खरीदारी की। विदेशी पूंजी के इस प्रवाह से बाजार की धारणा मजबूत हुई और निवेशकों का उत्साह बढ़ा।

शेयर बाजार में तूफानी तेजी, निवेशकों ने कमाए 6.4 लाख करोड़

मुंबई: भारतीय शेयर बाजार में सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को जोरदार तेजी देखने को मिली। रिलायंस इंडस्ट्रीज के बेहतर तिमाही नतीजों और वैश्विक बाजार से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच सेंसेक्स और निफ्टी में शानदार उछाल दर्ज किया गया। सेंसेक्स 1,059.47 अंक यानी 1.42 फीसदी की बढ़त के साथ 75,519 अंक पर पहुंच गया। वहीं, निफ्टी 50 भी 294.65 अंक यानी 1.27 फीसदी मजबूत होकर 23,347.75 के स्तर पर कारोबार करता नजर आया। बाजार में तेजी के चलते सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण करीब 6.4 लाख करोड़ रुपए बढ़ गया। बाजार में खरीदारी का रुख व्यापक रहा और लगभग सभी प्रमुख सेक्टरों में मजबूती देखने को मिली। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 614.15 अंक यानी 1.07 फीसदी चढ़कर 57,915.40 पर पहुंच गया। बैंकिंग शेयरों में भी अच्छी खरीदारी रही। निफ्टी बैंक 279.75 अंक बढ़कर 54,966.70 और बीएसई बैंकेक्स 323.70 अंक मजबूत होकर 61,738.95 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी आईटी इंडेक्स में भी 103.90 अंक की बढ़त दर्ज की गई और यह 32,710.80 के स्तर पर पहुंच गया। बाजार की तेजी में रिलायंस इंडस्ट्रीज की अहम भूमिका रही। कंपनी के दूसरी तिमाही के नतीजे बाजार की उम्मीदों से बेहतर रहने के बाद निवेशकों ने शेयरों में जमकर खरीदारी की। कारोबार के दौरान रिलायंस के शेयर करीब 5 फीसदी तक चढ़ गए। इससे सेंसेक्स और निफ्टी दोनों को मजबूती मिली। ब्रोकरेज कंपनियों के सकारात्मक नजरिये ने भी शेयर में खरीदारी को बढ़ावा दिया। पहला, रिलायंस के बेहतर नतीजे॒ कंपनी के मजबूत तिमाही प्रदर्शन से निवेशकों का भरोसा बढ़ा। रिलायंस निफ्टी 50 के प्रमुख तेजी वाले शेयरों में शामिल रहा और सूचकांक को सबसे अधिक समर्थन दिया।

दैनिक मंडी समीक्षा

नयी दिल्ली। फ्लोर मिलों की मांग बढने से गेहूं के भाव 30/40 रुपये प्रति क्विंटल घट गया। उठाव न होने से बासमती चावल में भी 100/500 रुपये प्रति क्विंटल घट गए। जबकि दाल मिलों की मांग बढने से दलहनों में अरहर, उड़द व चने की कीमतों में 50/100 रुपये क्विंटल की तेजी रही। आपूर्ति कमजोर होने से खाद्य तेलों में तिल, सरसों तेल के भाव 50/100 रुपये क्विंटल तेज हो गए। बिक्वाली कमजोर होने से अरंडी तेल में भी 100 रुपये की सुर्खी रही। उत्तर प्रदेश की मंडियों से आवक सुधरने तथा मांग कमजोर होने से गुड़ व शक्कर के भाव 100/200 रुपये प्रति क्विंटल घट गए। जबकि त्योहारी मांग निकलने से चीनी की कीमतों में मजबूती का रुख रहा। किराना जिंसों में मांग घटने से मगजतरबूज व बड़ी इलायची के भाव 10/40 रुपये प्रति क्लिो घट गए। उठाव न होने से हल्दी में भी 100 रुपये क्विंटल की गिरावट रही। मेवों में उठाव न होने से 40 रुपये प्रति क्लिो घट गए।

अनाज-दाल

फ्लोर मिलों की मांग कमजोर होने तथा स्टाक्सिटों की बिक्वाली से गेहूं 30/40 रुपये घटकर मिल डिलीवरी 3045/3050 रुपये तथा चक्की पहुंच के भाव 3060/3065 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। उठाव न होने से गेहूं उत्पादों के भाव 20/80 रुपये घटकर आटा 1690/1700 रुपये, मैदा 1730/1740 रुपये तथा सूजी के भाव 1760/1770 रुपये प्रति 50 क्लिो घट गए। ग्राहकी का समर्थन न मिलने से तथा स्टाक्सिटों की बिक्वाली से बासमती चावल 100/500 रुपये मुलायम होकर बासमती चावल 1509 सेला 8500/8600 रुपये तथा 1718 चावल 9200/9300 रुपये एवं 1401 स्टीम के भाव 9800/9900 रुपये प्रति क्विंटल रह गए। जबकि दाल मिलों की मांग बढने तथा बिक्वाली कमजोर होने से उड़द के भाव 50/100 रुपये बढकर देसी उड़द 9200/9500 रुपये तथा रंगूनी उड़द एफएक्यू 9850/9900 रुपये तथा एसक्यू 10300/10350 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। अरहर भी मांग बढने से 100 रुपये बढकर कर्नाटक 10500/10600 रुपये प्रति क्विंटल एवं राजस्थानी चना 50 रुपये बढकर 7500/7525 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। दलहनों में तेजी का रुख होने के कारण अरहर दाल 100/200 रुपये बढकर 13100/14000 रुपये तथा चना दाल 8550/8950 रुपये प्रति क्विंटल हो गए।

तेल-तिलहन

देश की विभिन्न मंडियों में सरसों की आवक 1.5 लाख से बढकर 2 लाख बोरी लगभग हो जाने के बावजूद तेल मिलों की मांग बढने से सरसों के भाव 50 रुपये बढकर 9150/9200 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। सरसों तेल भी मांग बढने से 100 रुपये बढकर 18300 रुपये प्रति क्विंटल के उच्च स्तर पर पहुंच गया। आपूर्ति कमजोर होने से तिल तेल के भाव 50 रुपये बढकर 20150 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। जबकि मांग कमजोर होने से सोया तेल 100 रुपये मुलायम होकर 15000 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। उठाव न होने से कंदला में इसके भाव 14000 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। पेंट निर्माताओं की मांग बढने तथा स्टाक्सिटों की बिक्वाली कमजोर होने से अरंडी तेल के भाव 100 रुपये बढकर 18400/18500 रुपये प्रति क्विंटल हो गए।

गुड़-चीनी

मौसम साफ होने के कारण उत्तर प्रदेश की मंडियों से आवक सुधरने तथा ऊंचे भाव पर ग्राहकी कमजोर होने से गुड़ 100 रुपये मुलायम होकर चाकू 5500/5600 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। मांग कमजोर होने से शक्कर के भाव भी 100/200 रुपये घटकर 6000/6200 रुपये प्रति क्विंटल रह गए। जबकि त्योहारी मांग निकलने तथा मिलों की बिक्वाली कमजोर होने से चीनी के भाव 5600/6025 रुपये तथा हाजिर में इसके भाव 6100/6400 रुपये प्रति क्विंटल पर मजबूत रहे। आपूर्ति कमजोर होने के कारण खांडसारी के भाव 6800/7000 रुपये प्रति क्विंटल पर टिके रहे।

किराना-मेवे

ग्राहकी कमजोर होने तथा स्टाक्सिटों की बिक्वाली कमजोर होने से बड़ी इलायची 10/40 रुपये घटकर 1600/1610 रुपये प्रति क्लिो रह गई। मगजतरबूज भी उठाव न होने से 10 रुपये घटकर 655/660 रुपये प्रति क्लिो पर आ गया। स्टाक्सिटों की बिक्वाली आने से हल्दी 100 रुपये मुलायम होकर ईरोड गट्ठा 23400/23500 रुपये तथा सेलम फली के भाव 24400/29700 रुपये प्रति क्विंटल रह गए। जबकि त्योहारी मांग निकलने तथा आयातकों की बिक्वाली कमजोर होने से पिस्ता ईरानी के भाव 3050/3150 रुपये, पेशावरी 4100/4200 रुपये तथा पिस्ता डोडी रोस्टिड के भाव 1700/1750 रुपये प्रति क्लिो पर मजबूत रहे। बादाम गिरी कैलिफोर्निया मांग कमजोर होने से 40 रुपये घटकर 1020/1100 रुपये प्रति क्लिो रह गई।

सर्राफा

विदेशों के तेज समाचार आने से सर्राफा बाजार में सोने के भाव 200 रुपये तथा चांदी के भाव 2500 रुपये प्रति क्लिो बढ़ गए। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में निवेशकों की लिवाली बढने से सोना 24 डॉलर बढकर 3900 डॉलर प्रति ओंस हो जाने एवं बिक्वाली कमजोर होने से सोना 200 रुपये बढकर क्लिोबार 141600 रुपये तथा स्टैंडर्ड 142300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। 8 ग्राम वाली गिन्नी के भाव भी पूछपरख निकलने से 106000 रुपये मजबूत रहे। विदेशों में चांदी के भाव 4920 से बढकर 5030 सेंट हो जाने से चांदी हाजिर 2500 रुपये बढकर 188500 रुपये प्रति क्लिो हो गया। स्टोरिया लिवाली बढने से चांदी वायदा भी 179000 से बढकर 182000 रुपये प्रति क्लिो हो गया।

नई खबर...

स्टीलबर्ड हाई टेक इंडिया ने उत्तर प्रदेश में अपने एक्सक्लूसिव राइडर शाप नेटवर्क का किया विस्तार

सोनभद्र -भारत की अग्रणी हेलमेट निर्माता कंपनियों में से एक, स्टीलबर्ड हाई-टेक इंडिया लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश में अपनी रिटेल उपस्थिति को और मजबूत करते हुए सोनभद्र जिले के रॉबर्ट्सगंज में एक नए एक्सक्लूसिव स्टीलबर्ड राइडर शॉप की शुरुआत की है। न्यू मेहता ऑटो सेल्स द्वारा संचालित यह नया आउटलेट क्षेत्र के दोपहिया वाहन चालकों को स्टीलबर्ड के हेलमेट और राइडिंग एक्सेसरीज़ की विस्तृत रेंज उपलब्ध कराएगा। स्टीलबर्ड हाई-टेक इंडिया लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री राजीव कपूर ने कहा, हमारा एक्सक्लूसिव राइडर शॉप नेटवर्क देशभर के राइडर्स तक गुणवत्तापूर्ण हेलमेट और राइडिंग एक्सेसरीज़ पहुंचाने की हमारी प्रतिबद्धता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र में नए आउटलेट की शुरुआत उत्तर प्रदेश में हमारी उपस्थिति को मजबूत करने और उभरते बाजारों में ग्राहकों के साथ बेहतर जुड़ाव स्थापित करने की दिशा में एक और कदम है। हमारा मानना है कि संगठित रिटेल नेटवर्क का विस्तार केवल हमारी पहुंच बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से हेलमेट की गुणवत्ता, राइडर सुरक्षा और जिम्मेदार राइडिंग के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। यह नया राइडर शॉप देशभर में अपने संगठित रिटेल नेटवर्क का विस्तार करने और ग्राहकों तक गुणवत्तापूर्ण हेलमेट एवं राइडिंग उत्पादों की पहुंच बढ़ाने के स्टीलबर्ड के निरंतर प्रयासों को दर्शाता है।

अज़ीम प्रेमजी फ़ाउण्डेशन ने शुरू किया 'सोशल स्टार्टअप्स प्रोग्राम'

बेंगलूरु- अज़ीम प्रेमजी फ़ाउण्डेशन ने सोशल स्टार्टअप्स प्रोग्राम की शुरुआत की है। इसका मक़सद विकास क्षेत्र में काम करने वाले पेशेवरों की मदद करना है। यह मदद मुहैया कराने का मकसद यह है कि युवा ज़रूरतमंद और सुविधाओं से वंचित समुदायों की ज़रूरतों को पूरा करने लिए काम करने के लिए नागरिक समाज संगठन खड़े कर सकें और उनका नेतृत्व कर सकें। इसके लिए 1 नवंबर से 31 दिसंबर 2026 तक आवेदन किए जा सकते हैं। अज़ीम प्रेमजी फ़ाउण्डेशन में फ़िलॉथ्रॉफ़ी के प्रमुख राजीब घोष ने अपनी बात रखते हुए कहा हमें ज़मीनी स्तर पर काम करने वाले और भी ज़्यादा संगठनों की ज़रूरत है, ख़ास तौर पर उन इलाक़ों में जहाँ अब तक सुविधाएँ ठीक से पहुँची नहीं हैं। बहुत से अनुभवी पेशेवर समुदायों के सामने आनेवाली दिक्क़तों को समझते हैं और वे और ज़्यादा-से-ज़्यादा योगदान देना भी चाहते हैं। यह कार्यक्रम उन्हें वही क़दम उठाने में और अपना खुद का संगठन खड़ा करने में मदद देना चाहता है। आवेदन और चयन- 1 नवंबर से 31 दिसंबर 2026 तक आवेदन किए जा सकते हैं। चयन की प्रक्रिया में ये चरण शामिल हैं पात्रता की जाँच, काग़ज़ात की पड़ताल, मक़सद का विवरण, ऑनलाइन इंटरव्यू, और समूह में होने वाली पैनल चर्चा।आठ महीने का बुनियादी चरण 1 अप्रैल 2027 से शुरू होगा। नवंबर-दिसंबर 2027 में हिस्सा लेने वालों का आकलन किया जाएगा, जिससे यह तय होगा कि वे अनुदान वाले चरण में आगे बढ़ेंगे या नहीं।

धनतेरस और दिवाली की दस्तक

आजमगढ़-धनतेरस और दिवाली की दस्तक के साथ देश के अग्रणी ज्वेलरी ब्रांड्स में शुमार किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी अपने ग्राहकों के लिए त्योहारी खरीदारी पर कई आकर्षक लाभ लेकर आया है। इनमें चुनिंदा गोल्ड और डायमंड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर 100प्रतिशत तक की छूट तथा डायमंड ज्वेलरी की खरीद पर पुराने सोने के बदले 105प्रतिशत एक्सचेंज वैल्यू शामिल हैं। ये ऑफर्स ब्रांड की जारी गिफ्ट हैप्पीनेस पहल का हिस्सा हैं, जिसका उद्देश्य सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव और त्योहारी सीजन में ज्वेलरी की मांग के बीच ग्राहकों को अधिक वैल्यू देना है। त्योहारी सीजन में ज्वेलरी की खरीदारी पर बात करते हुए किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी के सीईओ पराग शाह ने कहा धनतेरस और दिवाली आज भी ज्वेलरी खरीदारी के अहम मौके हैं, चाहे खरीदारी अपने लिए हो, उपहार देने के लिए हो या पारिवारिक समारोहों के लिए। सोने की कीमतें खरीदारी के फैसलों को प्रभावित करती हैं, लेकिन ग्राहक मेकिंग चार्ज, एक्सचेंज वैल्यू और खरीदारी की कुल लागत को लेकर भी सजग रहते हैं। हमारा फोकस ऐसे ऑफर्स के जरिए इन्हीं पहलुओं का ध्यान रखने पर है जो ग्राहकों को अधिक फ्लैक्सिबिलिटी और वैल्यू दें और त्योहारी सीजन में ज्वेलरी की खरीदारी

भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए शानदार रहा अक्टूबर, कार बिक्री से यूपीआईऔर जीएसटी तक टूटे कई रिकार्ड

नयी दिल्ली। अक्टूबर में भारतीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में जोरदार गतिविधियां देखने को मिलीं। त्योहारी मांग के चलते देश में कारों की बिक्री पहली बार एक महीने में 5 लाख यूनिट के पार पहुंच गई। वहीं, डिजिटल भुगतान के मोर्चे पर भी नया रिकॉर्ड बना और यूपीआई लेनदेन 25 अरब के आंकड़े को पार कर गया। इसके अलावा जीएसटी संग्रह में सालाना आधार पर 23 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। दूसरी ओर, देश का कच्चे तेल और एलएनजी का आयात भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। ये आंकड़े घरेलू मांग में मजबूती के साथ ऊर्जा जरूरतों में बढ़ोतरी को भी दर्शाते हैं। अक्टूबर में देश में यात्री वाहनों की बिक्री करीब 14 फीसदी बढ़कर 5.30 लाख यूनिट रहने का अनुमान है। पहली बार किसी एक महीने में कारों की बिक्री 5 लाख यूनिट के पार पहुंची है। नवरात्रि और दशहरे के दौरान ग्राहकों की मजबूत मांग इसका प्रमुख कारण रही। मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, महिंद्रा, हुंडई मोटर इंडिया और किया इंडिया ने भी इस दौरान रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की। इससे पहले जुलाई में 4.69 लाख यूनिट की बिक्री हुई थी। डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में भी अक्टूबर में नया कीर्तिमान बना। इस दौरान यूपीआई के जरिए 25.47 अरब लेनदेन हुए, जिनकी कुल कीमत 31.53 लाख करोड़ रुपये रही। सितंबर में 24.07 अरब लेनदेन के जरिए 29.37 लाख करोड़ रुपए का भुगतान हुआ था। इस तरह लेनदेन की संख्या में 5.8 फीसदी और कुल मूल्य में 7.4 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। औसत दैनिक लेनदेन का मूल्य भी पहली बार एक लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच गया। अक्टूबर में जीएसटी संग्रह सालाना आधार पर 23 फीसदी बढ़कर 2.31 लाख करोड़ रुपए हो गया। लगातार दूसरे महीने कर संग्रह दो लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। यह अब तक का दूसरा सबसे बड़ा मासिक जीएसटी संग्रह है। घरेलू आर्थिक गतिविधियों और आयात से मिलने वाले राजस्व में बढ़ोतरी ने इसमें अहम भूमिका निभाई। इससे पहले अप्रैल में करीब 2.43 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड जीएसटी संग्रह हुआ था।

कार्यालय नगर पालिका परिषद मुबारकपुर, आजमगढ़

निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद मुबारकपुर में 02 प्रतिशत स्टॉम्प शुल्क के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से पेयजल व्यवस्था हेतु कराये जाने वाले कार्यों की कार्ययोजना पर जिलाधिकारी महोदय, द्वारा प्रदत्त वित्तीय व प्रशासनिक स्वीकृति दिनांक 30.10.2026 के अनुपालन में स्वायत्त निकाय / पब्लिक सेक्टर विभाग / राज्य सरकार / अन्य सरकारी विभागों में पंजीकृत निविदादाताओं से निविदा के माध्यम से निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु दिनांक 23.11.2026 को अपरान् 04:30 बजे तक सीलबन्द निविदा नगर पालिका परिषद मुबारकपुर आजमगढ़ के कार्यालय में आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन उपस्थित निविदादाताओं / उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति / अनुपस्थिति में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र निविदा प्रकाशन की तिथि से दिनांक 21.11.2026 तक निर्धारित शुल्क जमा करके पूर्वान्ह 11:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद मुबारकपुर से क्रय किये जा सकते हैं। कार्य के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय नगर पालिका परिषद मुबारकपुर से प्राप्त की जा सकती हैं, यदि किसी कारणवश निविदा तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित होता हैं, तो अगले कार्य दिवस में यथावत निविदा डाली व खोली जायेगी। कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नवत हैं:-

क्र. सं.	कार्य का विवरण	मात्रा/ लम्बाई (मी.) में	स्वीकृत धनराशि (जी.एस.टी. सहित)	जमानत धनराशि 10 प्रतिशत	निविदा मूल्य एवं जी.एस.टी.			कार्य समाप्ति की अवधि
					निविदा मूल्य	जी.एस.टी. 18 प्रतिशत	योग	
1	मु. पुरादुल्हन में कारी कयूम के घर से श्री इरसाद के घर तक पाइप लाइन विस्तार कार्य ।	110 मी.	237663	23766	238	43	281	30 दिवस
2	मु. पुरादुल्हन में श्री अहमद जमाल के घर से अबुहोजैफा के घर तक पाइप लाइन विस्तार कार्य ।	58 मी.	140604	14060	141	25	166	30 दिवस
3	वार्ड नं.-06 मु० अमिलो पूर्वी श्री धर्मदेव के मकान से श्री पूर्णमासी प्रजापति के मकान तक पाइप लाइन विस्तार कार्य ।	92 मी.	120064	12006	120	22	142	30 दिवस
4	वार्ड न0-06 मु० अमिलो पूवी में वत्सला माता मन्दिर से चन्द्रिका सोखा के घर के घर तक पाइप लाइन विस्तार कार्य ।	410 मी.	419433	41943	419	75	494	30 दिवस
5	वार्ड न0-06 मु० अमिलो पूवी में नियाज वकील के हाता से अफसरी के घर तक पाइप लाइन विस्तार कार्य ।	185 मी.	217966	21797	218	39	257	30 दिवस
6	वार्ड न.-06 मु. अमिलो पूवी में विजय चौहान के घर से राशिद हाफिज जी घर होते होते हुये जमाल की दुकान तक पाइप लाइन विस्तार कार्य।	210 मी.	239145	23915	239	43	282	30 दिवस
7	वार्ड न.-12 मु. अमिलो पश्चिमी में राशिद हाफिज के मकान से अरसद के मकान तक पाइप लाइन विस्तार कार्य ।	65 मी.	87751	8775	87	16	103	30 दिवस
8	वार्ड न0-12 मु0 अमिलो पश्चिमी में श्री मोती लाल के मकान से श्री शब्बीर हुसैन के मकान तक पाइप लाइन विस्तार कार्य।	175 मी.	193329	19333	193	35	228	30 दिवस
9	वार्ड न0-12 मु० अमिलो पश्चिमी में श्री चन्द्रशेखर के मकान से बब्लू राजभर के मकान तक पाइप लाइन विस्तार कार्य।	160 मी.	180621	18062	181	33	214	30 दिवस
10	मु० हैदराबाद वार्ड न0-15 में अजमल के मकान से होते हुए जाहीद के मकान तक इण्टरलाकिंग रोड कार्य ।	50 मी.	144314	14431	144	26	170	30 दिवस

नियम व शर्तें:-

1. सशर्त निविदायें मान्य नहीं होंगी एवं स्वत: निरस्त समझी जायेगी ।
2. निविदा के साथ 10 प्रतिशत वांछित जमानत धनराशि का एफडी०आर०/एन०एस०सी०/ ई०पी०वी०जी० जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गुवारकपुर के पदनाम से बंधक होगा, की मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. निविदादाता को दो अलग-अलग सीलबन्द लिफाफो में तकनीकी विड व वित्तीय विड डालना अनिवार्य होगा। तकनीकी बिड के लिफाफे में प्रकाशित निविदा विज्ञप्ति में दिये गये नियम व शर्तों के अनुरूप / वांछित समस्त अभिलेख / प्रपत्र / टेण्डर फीस रसीद / ई०एम०डी० इत्यादि ठेकेदार / फर्म द्वारा लगाना अनिवार्य होगा। वित्तीय बिड के लिफाफे में ठेकेदार/फर्म द्वारा खरीदे गये टेण्डर फार्म / निविदा प्रपत्र पर निविदा की दरे भरी जायेगी। उक्त दोनो लिफाफो पर कार्य का नाम व ठेकेदार/ फर्म का नाम लिखा होना अनिवार्य है। उक्त दोनो तकनीकी बिड व वित्तीय विड के सीलबन्द लिफाफे को एक बड़े सीलबन्द लिफाफे में रखकर जिसके ऊपर कार्य का नाम व फर्म / ठेकेदार का नाम अंकित हो, नगर पालिका परिषद मुबारकपुर के निविदा वाक्स / पेटी में डालना अनिवार्य होगा ।
4. निर्धारित तिथि व समय के उपरान्त प्राप्त होने वाली निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।
5. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त 03 दिवस में निर्धारित कीमत के स्टॉम्प पेपर पर अनुबन्ध कराना अनिवार्य होगा । स- समय अनुबन्ध न कराने पर विभागीय कार्यवाही करते हुए निविदा निरस्त कर दी जायेगी, जिसका समस्त उत्तरदायित्व निविदादाता का होगा।
6. इण्टरलाकिंग ब्रिक्स से संबंधित कार्यों में शासनादेश संख्या-3747 / नौ-5-2013-120बजट /2013 नगर विकास अनुभाग-6 लखनऊ दिनांक-10.09.2013 के अनुपालन में इण्टरलाकिंग ब्रिक्स जो आई०आर०सी० (इण्डियन रोड काग्रेस) विशिष्टियों के अनुरूप न्यूनतम एम0-30 ग्रेड के अनुरूप ही मान्य होगी।
7. प्रत्येक निविदादाता को निम्नाकिंत प्रपत्र एवं शपथ-पत्र की प्रति निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक हैं।
   a. स्वप्रमाणित रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र वित्तीय वर्ष 2026-27
   b. ठेकेदार/फर्म/कम्पनी के लेटर पैड पर अधिकृत पता ई-मेल आई०डी० मोबाइल नम्बर जो ठेकेदार / फर्म/ कम्पनी द्वारा हस्ताक्षरित हो।
   c. जी०एस०टी० रजिस्ट्रेशन की स्वप्रमाणित प्रति।
   d. श्रमकर विभाग में रजिस्ट्रेशन स्वप्रमाणित प्रति ।
   e. पैन कार्ड की स्वप्रमाणित प्रति ।
   f. हैसियत प्रमाण-पत्र की स्वप्रमाणित प्रति व जो अद्यतन हो ।
   g. चरित्र प्रमाण-पत्र की स्वप्रमाणित प्रति व जो अद्यतन हो एवं जिलाधिकारी द्वारा निर्गत हो ।
   h. 100 रूपये के नॉन जूडिशियल स्टॉम्प पेपर पर फार्मेट टी0-6 पर शपथ-पत्र ।
   i. निविदादाता का कोई अपराधिक रिकार्ड नहीं है व किसी बार कौंसिल में पंजीकृत नहीं हैं, का 10 रूपये के नॉन जूडिशियल स्टॉम्प पेपर पर शपथ पत्र ।
8. शासनादेश संख्या-11593 / नौ-5-2021-142सा / 2021 दिनांक 07.01.2022 के निर्देशानुसार निविदादाता द्वारा अनुमानित लागत से 10 प्रतिशत दर तक कम निविदा डालने पर परफार्मेन्स सिक्योरिटी 03 प्रतिशत तक तथा अनुमानित लागत से 10 प्रतिशत से नीचे निविदा डालने पर 10 प्रतिशत के लिए परफार्मेन्स सिक्योरिटी गारंटी 03 प्रतिशत ही होगी। परन्तु उसके पश्चात प्रत्येक 01 प्रतिशत के नीचे दर हेतु 0.5 प्रतिशत अतिरिक्त परफार्मेन्स सिक्योरिटी जमा करने के उपरान्त अनुबन्ध गठित किया जायेगा । उक्त परफार्मेन्स सिक्योरिटी जमा न करने पर निविदादाता की जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी जिस पर ठेकेदार का कोई क्लेम मान्य नहीं होगा।
9. शासनादेश 3890 / नौ-5-19-149सा / 2019 लखनऊ दिनांक 20 सितम्बर 2019 व निदेशालय के पत्र संख्या- एक /706 / कम्प्यूटर सेल / 2019 लखनऊ दिनांक 27 सितम्बर 2019 के अनुपालन में पंजीकृत निविदादाता / ठेकेदार / फर्म उक्त सभी निविदाओं में प्रतिभाग कर सकते है।
10. जमा जमानत धनराशि कार्य पूर्ण होने के 12 माह के पश्चात कार्य के सन्तोषजनक पाये जाने के बाद ही अवमुक्त की जायेगी ।
11. आगमन / मानक के विपरीत / गुणवत्ताविहीन / अधोमानक निर्माण कार्य करने की स्थिति में ठेकेदार/ फर्म की जमानत धनराशि जब्त करते हुए काली सूची में डाल दिया जायेगा, जिस पर ठेकेदार / फर्म को कोई क्लेम मान्य नहीं होगा ।
12. अपठनीय / अस्पष्ट कॉपी निविदा के साथ संलग्न करने पर निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
13. नियमानुसार आयकर, जी०एस०टी०, श्रमकर रॉयल्टी एवं समय-समय पर प्रदेश सरकार द्वारा जारी करों की कटौती की जायेगी ।
14. कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण करना होगा। निर्धारित समयावधि में कार्य न किये जाने पर विलम्ब से हुए कार्य के लिए प्रत्येक माह के विलम्ब के आधार पर अन्तिम बिल की धनराशि से 0.1 प्रतिशत की कटौती की जायेगी, जिसके लिए ठेकेदार का कोई दावा / क्लेम मान्य नहीं होगा। यदि स्थल विवाद के कारण कार्य बाधित होता है तो उक्त स्थिति में निविदादाता को छूट प्रदान की जा सकती है।
15. अनुबन्ध गठन की प्रक्रिया या उसके उपरान्त यदि यह संज्ञान में आता है कि संबंधित ठेकेदार सक्रिय रूप से माफिया गतिविधियों असामाजिक कार्यों एवं संगठित आपराधिक गतिविधियों में लिप्त है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए अनुबन्ध उसी समय निरस्त कर जमानत जब्त करते हुए फर्म / ठेकेदार को काली सूची में डाल दिया जायेगा ।
16. यदि कूट रचित ढंग से तैयार किये गये दस्तावेज की जानकारी अनुबन्ध गठन के पश्चात होती है तो अनुबन्ध उसी समय निरस्त करते हुए जमानत धनराशि जब्त करते हुए फर्म / ठेकेदार का नाम काली सूची में डाल दिया जायेगा तथा अन्य विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।
17. कार्य में मात्रात्मक बदलाव की स्वीकृति अतिरिक्त मद की स्वीकृति सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदान की जायेगी।
18. सफल निविदादाता को कार्यादेश प्राप्ति के एक सप्ताह के अन्दर कार्य पर लगे हुए श्रमिकों का उप श्रमायुक्त कार्यालय में पंजीकरण कराकर विभाग को सूचित करना होगा।
19. किसी भी मा० न्यायालय द्वारा आपराधिक गतिविधियों हेतु किये गये निविदादाता को निधि प्रक्रिया में प्रतिभाग करने की अनुमति नहीं हैं।
20. मा० राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा जारी कोई भी दिशा-निर्देश फर्म / ठेकेदार पर लागू होगा।
21. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकृत / निरस्त करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी / प्रशासक महोदय, नगर पालिका परिषद मुबारकपुर जनपद आजमगढ़ में निहित होगा ।
22. निविदा समिति के द्वारा निविदा खोली जायेगी। निविदादाता निविदा खुलने के समय उपस्थित रह सकते हैं, निविदा खोले जाने की तिथि को यदि किसी कारणवश सार्वजनिक अवकाश घोषित होता हैं तो निविदायें अगले कार्य दिवस में यथावत खोली जायेगी ।
23. फर्म / ठेकेदार को कार्य प्रारम्भ करने के पूर्व / मध्य / अन्त की फोटो अनिवार्य रूप से कार्यालय में उपलब्ध कराना होगा।
24. निविदा के सम्बन्ध में किसी भी अन्य प्रकार की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।
25. निविदा प्रक्रिया में प्रतिभाग करने वाले निविदादाताओं को उपर्युक्त समस्त शर्तें मान्य हैं, इसका स्व प्रमाण-पत्र अपने लेटर पैड पर देना अनिवार्य होगा।
26. ठेकेदार का पालिका में पंजीकरण न होने की दशा में निविदा स्वीकृति के उपरोक्त ठेकेदार को पालिका में पंजीकरण कराया जाना अनिवार्य होगा, जिस हेतु ठेकेदार को हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, जी०एस०टी० प्रमाण पत्र व श्रम विभाग का पंजीयन प्रमाण पत्र, विगत वर्ष का आयकर क्लियरेंस प्रमाण पत्र व जी०एस०टी० क्लियरेंस प्रमाण-पत्र की स्व-प्रमाणित छायाप्रति सलग्न करना अनिवार्य होगा।
27. कोई भी अतिरिक्त जानकारी नगर पालिका परिषद मुबारकपुर के कार्यालय में आकर प्राप्त की जा सकती है।
28. किसी भी तरह के विवाद की स्थिति में केवल आजमगढ़ न्यायालय में सुनवाई मान्य होगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद मुबाकरपुर,
आजमगढ़

अपर जिलाधिकारी (भू./रा.)/ प्रशासक
नगर पालिका परिषद मुबाकरपुर,
आजमगढ़

पत्रांक:- 1123 / न०पा०प०मु० / 2026-27 **दिनांक:-** 02.11.2026

डीएम-एसपी ने चेतना रैली को दिखायी हरी झंडी

यातायात माह का हुआ शुभारंभ

मीरजापुर। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सोमवार को पुलिस लाइन स्थित मां विंध्यवासिनी सभागार में यातायात माह का शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार और पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान एसपी ने जिलाधिकारी को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं और एनसीसी कैडेट्स को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए उनके पालन के लिए प्रेरित किया गया अधिकारियों ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात नियमों का पालन बेहद जरूरी है। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने की अपील की गई। इसके बाद जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने यातायात जागरूकता चेतना रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेट्स, पीएसी बैंड पार्टी तथा पुलिस अधिकारी और कर्मचारी शामिल रहे। यातायात माह के दौरान जिले के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में यातायात पुलिस एवं स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग, निबंध लेखन सहित विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा यातायात जागरूकता चेतना रथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करेगा।

रोडवेज बस में प्राइवेट स्कूल की बस ने मारी टक्कर

राजगढ़। थाना क्षेत्र के नदिहार बाजार में सोमवार सुबह स्कूली बस और रोडवेज बस की जोरदार टक्कर से अफरातफरी मच गई। हादसे में दोनों बसों में सवार स्कूली बच्चे और यात्री बाल-बाल बच गए। किसी को चोट नहीं आई। जानकारी के अनुसार, बघौड़ा स्थित केवीएन पब्लिक स्कूल की बस सोनभद्र जिले के करमा थाना क्षेत्र से बच्चों को लेकर विद्यालय जा रही थी। इसी दौरान नदिहार बाजार में सोनभद्र से मीरजापुर की ओर जा रही रोडवेज बस में स्कूली बस ने अनियंत्रित होकर साइड से टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने हादसे के लिए स्कूली बस चालक की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराते हुए स्कूल बस के परमिट और अन्य दस्तावेजों की जांच कराने तथा कार्रवाई की मांग की है। राजगढ़ थानाध्यक्ष बालमुकुंद मिश्र ने बताया कि दोनों बसों को थाने लाया गया है। हादसे में किसी यात्री या बच्चे को चोट नहीं आई है। पुलिस मामले में अग्रिम कार्रवाई कर रही है।



कार्यक्रम की जानकारी देते डीएम व एसपी। छाया : आज

आनंद मोहन सिंह बने किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष

छानबे। क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं बबुरा के ग्राम प्रधान आनंद मोहन सिंह भूलन को भाजपा किसान मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। उनके मनोनयन पर पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने बधाई देते हुए खुशी जताई। इसके साथ ही किसान मोर्चा की जिला कार्यकारिणी में नवनीत तिवारी, संतोष तिवारी, ओमप्रकाश बिंद, श्रीनिवास सिंह और संतोष सिंह को भी पदाधिकारी बनाया गया है। मनोनयन पर जिला महामंत्री स्वामीनाथ सिंह, गैपुरा मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार पाठक, राम अवध पांडेय, शिवचंद्र मिश्रा, कमलेश दुबे, भरत सिंह, प्रीतेश सिंह, गोपालजी पांडेय, राजाराम सरोज, पन्नालाल पटेल, दिलीप पांडेय और राजन चौबे सहित अन्य लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी।

एंटीबायोटिक दवाओं का गलत इस्तेमाल पड़ सकता है भारी

राजगढ़। एंटीबायोटिक दवाओं का अनावश्यक और गलत इस्तेमाल भविष्य में मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। इसी खतरे के प्रति आम जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से स्थानीय क्षेत्र के ददरा राजगढ़ स्थित कृषक कॉलेज ऑफ फार्मेसी के छात्र-छात्राओं ने जागरूकता अभियान चलाया।इस विशेष अभियान के तहत विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकालकर लोगों को एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस के प्रति जागरूक किया। साथ ही छात्र-छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंचन भी किया गया, जिसके माध्यम से आम लोगों को इस गंभीर स्वास्थ्य समस्या के बारे में सरल और प्रभावशाली तरीके से जानकारी दी गई। एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस एक ऐसी स्थिति है,जिसमें बैक्टीरिया, वायरस, फंगस और परजीवी जैसे सूक्ष्मजीव दवाओं के प्रति प्रतिरोधक क्षमता विकसित कर लेते हैं। इसके कारण संक्रमण का इलाज करना मुश्किल हो सकता है। एंटीबायोटिक दवाओं का गलत और अनावश्यक इस्तेमाल इस समस्या को बढ़ाने वाले प्रमुख कारणों में से एक है। अभियान के दौरान लोगों को समझाया गया कि बिना चिकित्सकीय सलाह के एंटीबायोटिक दवाओं का सेवन नहीं करना चाहिए। डॉक्टर द्वारा निर्धारित दवाओं और उपचार की अवधि का पालन करना चाहिए तथा बिना चिकित्सकीय सलाह के दवा बीच में बंद नहीं करनी चाहिए।

प्रतिभा और संस्कारों की प्रस्तुतियों से सजी अभ्युदय की शाम

विद्यार्थियों ने दिखायी प्रतिभा, बतौर मुख्य अतिथि सांसद विनोद बिंद हुए शामिल

मीरजापुर। डॉ. सरला सर्राफ पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव अभ्युदय कार्यक्रम रविवार को विद्यालय परिसर में उत्साह और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम व्यक्तित्व निर्माण = स्वयं से समाज तक रही। इसके माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास, नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां विंध्यवासिनी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और गणेश वंदना से हुआ। इसके बाद विद्यालय की अध्यापिकाओं ने स्कूल एंथम प्रस्तुत किया। वार्षिक रिपोर्ट के माध्यम से विद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक और सह-शैक्षणिक उपलब्धियों की जानकारी दी गई। समारोह में विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर आकर्षक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। ड्रीम, डेयर, डिलीवर के जरिए सपने देखने और उन्हें पूरा करने का संदेश दिया गया। व्हील्स ऑफ लाइफ, द एक्सक्यूज फैक्ट्री और लिविंग द एक्सपेक्टेशंस के माध्यम से जीवन के अनुभवों, जिम्मेदारी और पारिवारिक संस्कारों को दर्शाया गया। वहीं, रिदम्स ऑफ इंडिया और गाथा-ए-वतन ने भारतीय संस्कृति और राष्ट्रप्रेम की झलक प्रस्तुत की। रामदूत ने भक्ति और समर्पण का संदेश दिया, जबकि द फॉरगॉटन ब्लेसिंग्स के जरिए बुजुर्गों के प्रति सम्मान का भाव जगाया गया। मोबाइल की लत, जंक फूड और सामाजिक जागरूकता जैसे विषयों पर भी विद्यार्थियों ने प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। अंतिम प्रस्तुति विकसित भारत 2047 ने राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका को रेखांकित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. विनोद बिंद, उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सोहनलाल श्रीमाली, नगरपालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर केसरी सहित अन्य अतिथियों ने प्रस्तुतियों की सराहना की। इस अवसर पर चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. संजीव कुमार सिंह, डॉ. जगदीश प्रसाद सिंह पटेल, आनंद कुमार, पूर्व सांसद रामसकल, मनोज जायसवाल, मनोज श्रीवास्तव, रविंद्र द्विवेदी और स्नेहलता द्विवेदी मौजूद रहे। विद्यालय के चेयरमैन दिनेश चंद्र, निदेशक आयुष कुमार सर्राफ और प्रीती सर्राफ ने विद्यार्थियों तथा शिक्षिकाओं के प्रयासों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में रामहर्ष गुप्ता, सुरेश त्रिपाठी, कृष्णमूर्ति चौधरी, डॉली अग्रहरि, राजीव अग्रवाल और मनीष सर्राफ सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

धान खरीद में गड़बड़ी मिली तो क्रय केंद्र होगा बंद

मीरजापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में धान खरीद को लेकर बैठक हुई। इसमें सभी क्रय केंद्र प्रभारियों को निर्धारित लक्ष्य के अनुसार 28 फरवरी तक खरीद पूरी करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि धान खरीद में किसी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं होगी। किसानों से टोकन व्यवस्था के अनुसार ही धान खरीदा जाएगा। बिचौलियों और व्यापारियों से खरीद नहीं होगी। क्रय केंद्र प्रभारी 10 किलोमीटर से अधिक दूरी के किसानों का धान नहीं खरीदेंगे। केंद्र न होने की अपरिहार्य स्थिति में 15 किलोमीटर तक के किसानों को छूट मिलेगी। दूसरे जनपद का धान मीरजापुर में नहीं खरीदा जाएगा। उन्होंने निर्देश दिया कि किसानों की तौल केंद्र पर ही हो और उन्हें परेशान न किया जाए। खरीद में गड़बड़ी की शिकायत मिलने पर 24 घंटे के भीतर जांच कर कार्रवाई होगी। गंभीर अनियमितता मिलने पर क्रय केंद्र बंद कर नया केंद्र संचालित किया जाएगा। डीएम ने सभी केंद्रों पर पर्याप्त बोरे उपलब्ध रखने और खरीदे गए धान को सुरक्षित स्थान पर रखने के निर्देश दिए। बैठक में जिला खाद्य विपणन अधिकारी संजीव कुमार सिंह, अमित कुमार पांडेय सहित विभिन्न क्रय एजेंसियों के अधिकारी और केंद्र प्रभारी मौजूद रहे।

विधायक ने दो हजार महिलाओं को भेंट की साड़ी

सीखड़। दीपावली के पावन पर्व पर चुनार विधायक अनुराग सिंह ने मातृशक्ति के सम्मान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। सोमवार को मंगरहा स्थित सरोज सदन आवास पर आयोजित कार्यक्रम में करीब दो हजार महिलाएं पहुंचीं। विधायक ने सभी माताओं और बहनों को साड़ी भेंटकर सम्मानित किया और दीपावली की शुभकामनाएं दीं। विधायक अनुराग सिंह ने कहा कि मातृशक्ति का स्नेह, आशीर्वाद और सम्मान ही समाज की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कामना की कि मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की कृपा से क्षेत्र एवं देशवासियों के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशियों का उजियारा आए। प्रत्येक घर-आंगन में उल्लास और खुशहाली बनी रहे। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि आलोक सिंह, मंडल अध्यक्ष विजय भारद्वाज सिंह, जितेंद्र प्रकाश सिंह रिंकू, सूरजीत सिंह, बब्बल पांडेय सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

लोकतंत्र में विरोध का अधिकार है, अराजकता का नहीं - लाल बहादुर सरोज

मीरजापुर। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए संविधान का सम्मान और कानून का शासन सर्वोपरि है। प्रत्येक नागरिक को अपनी बात रखने और शांतिपूर्ण विरोध करने का संवैधानिक अधिकार है, लेकिन हिंसा, तोड़फोड़ और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की अनुमति किसी को नहीं है। लोकतंत्र में विरोध का अधिकार है, अराजकता का नहीं। सोमवार को बरौंधा कचार स्थित पं. दीनदयाल पुरम कॉलोनी के भाजपा जिला कार्यालय पर लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ अभियान के तहत आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत का लोकतंत्र संविधान, संवैधानिक संस्थाओं, कानून के शासन और नागरिक अधिकारों पर आधारित है। इसकी वास्तविक शक्ति जनता के विश्वास और संविधान के प्रति प्रतिबद्धता में निहित है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि राजनीतिक मतभेदों का समाधान संवाद के माध्यम से होना चाहिए। राजनीतिक विरोध नीतियों और विचारों पर आधारित होना चाहिए, न कि हिंसा, भ्रम और सामाजिक तनाव पर। उन्होंने लोकतंत्र की मजबूती के लिए छह प्रमुख संकल्पों पर जोर दिया। इनमें संविधान का सम्मान, कानून का शासन, सामाजिक समरसता, नागरिक अधिकारों की रक्षा, सुशासन एवं जवाबदेही और युवाओं का उज्ज्वल भविष्य शामिल हैं। उन्होंने नागरिकों से सामाजिक सौहार्द बनाए रखने, अफवाहों से बचने और कानून का सम्मान करने की अपील की। कहा कि लोकतंत्र की रक्षा करना केवल सरकार या किसी राजनीतिक दल की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है। प्रेसवार्ता का संचालन जिला मीडिया प्रभारी पं. भावेश शर्मा ने किया। इस दौरान जिला मंत्री कुंवर अनिल सिंह, जिला मीडिया सह प्रभारी रतन कुमार सिंह, शुभम जायसवाल सहित भाजपा के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

सबमर्सिबल पंप, इलेक्ट्रिक उपकरण की चोरी

पटेहरा। थाना संतनगर अंतर्गत मुस्किरा खेत से किसान का स्मार्सेबिल पंप के साथ अन्य उपकरण बॉक्स का ताला तोड़ कर उठा ले गए। किसान रजनीश कुमार ने बताया कि दो दिन बाहर निजी कार्य से गया था। जब रविवार को मुस्किरा खेत पर गया तो पेट्रोल पंप के बगल खेत में लगाए बॉक्स का ताला तोड़ कर उसके अंदर से चोर स्मार्सेबिल पंप के साथ तार, सर्च लाइट, फुहारा आदि उपकरण उठा ले गए। जिसकी अनुमानित लागत 70 हजार से ऊपर की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष संतनगर रमेश प्रसाद ने बताया कि चोरी के सूचना पर घटना स्थल की जांच की गई है। तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा

कोन ब्लाक के शिक्षा प्रेरकों की बैठक

बकाया मानदेय के लिए बीएसए को सौंपा पत्रक

चील्ह। कोन ब्लॉक के शिक्षा प्रेरकों की एक आवश्यक बैठक सोमवार को आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा प्रेरकों ने अपने लंबे समय से बकाया मानदेय के भुगतान को लेकर चर्चा की और बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पत्रक देने का निर्णय लिया। बैठक के बाद शिक्षा प्रेरक अपने साथियों के साथ बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे और वहां बकाया मानदेय के भुगतान हेतु पत्रक सौंपा। शिक्षा प्रेरकों ने बताया कि उनका 20 महीने का बकाया मानदेय लंबे समय से लंबित है, जिससे उनके परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। पत्रक में उन्होंने मांग की है कि निदेशक साक्षरता लखनऊ द्वारा 29 अक्टूबर को 20 महीने के बकाया मानदेय भुगतान के संबंध में पत्र जारी किया जा चुका है। अत: बेसिक शिक्षा अधिकारी से निवेदन है कि दिवाली से पहले उनके मानदेय की राशि उनके खातों में भेजने की कृपा की जाए। शिक्षा प्रेरकों ने चेतावनी दी है कि यदि दिवाली से पहले भुगतान नहीं किया गया तो वे बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। वहीं, बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से बताया गया कि अभी तक निदेशक स्तर से जारी पत्र कार्यालय को प्राप्त नहीं हुआ है। आदेश प्राप्त होते ही भुगतान की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी और नियमानुसार मानदेय खातों में भेज दिया जाएगा। पत्रक देने वालों में ब्लॉक अध्यक्ष आजाद सिंह, जिला मीडिया प्रभारी श्याम जी, शिक्षा प्रेरक नौशाद अली, इंद्रजीत यादव, रामपाल यादव सहित बड़ी संख्या में शिक्षा प्रेरक मौजूद रहे।

कबड्डी में भगौती देई ने जीता मैच

इमिलिया चट्टी। भगौती देई गांव स्थित पंचायत भवन के मैदान में सोमवार को कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में सहारा कप द्वारा आयोजित कबड्डी महासंग्राम बारिश के कारण स्थगित कर दिया गया था। इसके बाद सोमवार को प्रतियोगिता दोबारा आयोजित हुई। इसमें भगौती देई की टीम ने खरियां को चार अंकों से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि अहरौरा के पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष एवं समाजसेवी गुलाब दास मौर्य रहे। उन्होंने फीता काटकर तथा लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और खेल का शुभारंभ कराया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान राजबहादुर सिंह, अक्षय सिंह, राहुल सिंह, सदानंद सिंह पटेल, राहुल कुमार, इंद्रजीत सिंह पटेल, तरुण कुमार सिंह, द्वारिकाधीश सिंह, अमित कुमार, अमरनाथ सिंह और अनिल कुमार सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

संक्षेप

सात तक करें शत-प्रतिशत राशन वितरण - सीडीपीओ

चील्ह। बाल विकास परियोजना अधिकारी ज्योतिमा सिंह ने कोन ब्लॉक की 140 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अति महत्वपूर्ण सूचना जारी करते हुए दीपावली त्योहार के अवसर पर दो नवंबर से सात नवंबर तक कुल छह दिनों में शत-प्रतिशत राशन वितरण पूरा करने का निर्देश दिया है। सीडीपीओ ने स्पष्ट कहा है कि समस्त आंगनबाड़ी वर्कर लाभार्थियों का एफआरएस करते हुए ही राशन वितरण करें। बिना एफआरएस के राशन वितरण नहीं किया जाएगा। सात नवंबर अर्थात दीपावली तक हर हाल में राशन वितरण कार्य समाप्त कर दिया जाए। उन्होंने यह भी बताया कि उनके संज्ञान में आया है कि कई केंद्रों पर शत-प्रतिशत राशन वितरण नहीं किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान कई केंद्रों पर एक्सपायरी डेट का राशन पड़ा हुआ पाया गया है, जो अत्यंत गंभीर लापरवाही है। सीडीपीओ ज्योतिमा सिंह ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यह सरकारी धन का गबन और दुरुपयोग की श्रेणी में आता है। समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सावधान हो जाएं। यदि किसी भी केंद्र पर इस तरह का मामला प्रकाश में आता है तो संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित कर दी जाएगी, जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार मानी जाएगी।

नवागत खंड शिक्षा अधिकारी ने ग्रहण किया कार्यभार

सीखड़। बीआरसी सीखड़ मंगरहा कार्यालय में सोमवार को नवागत खंड शिक्षा अधिकारी एमपी सिंह ने पहुंच कर कार्यभार ग्रहण किया। अभी तक सीखड़ का कार्य मझवां के खंड शिक्षा अधिकारी बृजेश सिंह देख रहे थे। एमपी सिंह इससे पहले चित्रकूट में खंड शिक्षा अधिकारी रुप में कार्यरत थे। नवागत खंड शिक्षा अधिकारी का शिक्षकों ने स्वागत किया।

ग्रहण किया पदभार

चुनार। सोमवार को नवागत कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय सेठ ने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार ग्रहण करते ही उन्होंने क्षेत्र के जनता परिचय प्राप्त करने के उपरांत पुलिस का सहयोग करने की अपील किया, उसके उपरांत चौकी प्रभारी और उप निरीक्षकों के साथ एक बैठक की, जिसमें क्षेत्र की कानून व्यवस्था संवेदनशील स्थानों और स्थानीय समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। कोतवाली प्रभारी अजय सेठ ने अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए कहा कि थाने पर आने वाले पीड़ित को त्वरित न्याय दिलाना उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि किसी भी निर्दोष व्यक्ति पर कोई कार्रवाई न हो। इस दौरान समस्त चौकी इंचार्ज, उपनिरीक्षक सहित पुलिस कर्मी रहे।

बंद मकान का ताला तोड़कर चोरी

छानबे। जिगना थाना क्षेत्र के गोगांव गांव में बंद पड़े मकान को चोरों ने निशाना बनाया। चोर मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर के पांच कमरों, तिजोरी और बक्सों के ताले तोड़कर सामान खंगाल ले गए। घटना से क्षेत्र में दहशत व्याप्त है। गांव निवासी ओमप्रकाश तिवारी मुंबई में रहते हैं। उनका घर आना-जाना लगा रहता है। उनकी पत्नी और बहू भी दो माह पूर्व इलाज कराने मुंबई चली गई थीं। सोमवार सुबह पड़ोसियों ने मकान के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा देखा तो डायल 112 पुलिस और गृहस्वामी को सूचना दी। सूचना मिलने पर ओमप्रकाश मुंबई से घर के लिए रवाना हो गए हैं। उनके पहुंचने के बाद ही चोरी गए सामान और नुकसान का पता चल सकेगा। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया घटना संदिग्ध लग रही है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

पुरानी रंजिश में मारपीट, आठ घायल

छानबे। जिगना थाना क्षेत्र के चक रामपुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर रविवार शाम दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इसमें दोनों पक्षों के आठ लोग घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर सरोंई में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार किया गया। विरेंद्र कुमार के अनुसार, गांव के देव कुमार से उनकी पुरानी रंजिश चली आ रही है। इसी विवाद में गाली-गलौज के बाद लाठी-डंडों से मारपीट हुई। इसमें विरेंद्र कुमार (55), गीता देवी (50), अभिनव (28), संजनी (17) और सत्यम (20) घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष से रितेश (21), शिवप्रसाद (28) और मैना देवी (57) को चोटें आईं। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर एक-दूसरे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मठना बी-पैक्स समिति में नहीं होगी धान खरीद

जमालपुर। वित्तीय अनियमितता के चलते सील की गई बी-पैक्स समिति मठना पर इस सत्र में धान खरीद नहीं होगी। इससे क्षेत्र के किसान चिंतित हैं। गेहूं खरीद के चार महीने बीतने के बाद भी क्रय केंद्र प्रभारी ने 1600 क्विंटल गेहूं पीसीयू सेंटर में जमा नहीं कराया है। समिति पर कुल 8,535 क्विंटल गेहूं की खरीद हुई थी। गेहूं जमा नहीं होने पर पीसीयू के जिला प्रबंधक रामकेश सरोज ने क्रय केंद्र प्रभारी के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है। अनियमितता के आरोपों के बाद विभागीय अधिकारियों ने समिति को सील कर दिया था। एडीसीओ विनोद कुमार सिंह ने बताया कि वित्तीय अनियमितता के कारण समिति सील की गई है। क्रय केंद्र प्रभारी द्वारा करीब 42 लाख रुपये मूल्य का गेहूं जमा नहीं कराया गया है। उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए थाने में तहरीर दी गई है।



जानकारी देते जिलाध्यक्ष। छाया : आज

प्रस्तावित स्थल पर ही करवाया जायेगा आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण - एसडीएम

ड्रमंडगंज। क्षेत्र के पटेहरा गांव में शासन द्वारा स्वीकृत आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण प्राथमिक विद्यालय परिसर में करवाए जाने का विरोध करते हुए ग्रामीणों ने एसडीएम से शिकायत की। मामले को गंभीरता से लेते हुए सोमवार दोपहर एसडीएम लालगंज अजीत कुमार पटेहरा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय पर पहुंचे। एसडीएम ने आंगनबाड़ी केंद्र के लिए चयनित स्थल का निरीक्षण किया। एसडीएम ने विरोध कर रहे ग्रामीणों से बातचीत की। ग्रामीणों का कहना था कि परिसर में आंगनबाड़ी केंद्र बन जाने से बच्चों को खेलकूद के लिए जगह नही मिल पाएगी। इस पर एसडीएम ने ग्रामीणों से कहा कि पुराने आंगनबाड़ी केंद्र के जर्जर भवन का ध्वस्तीकरण करवाए जाने के बाद वहां पर बच्चों के लिए खेलकूद के लिए जगह मिल जाएगी। एसडीएम ने आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कार्य करवा रहे कार्यदाई संस्था के ठेकेदार को बाउंड्री वॉल से सटाकर आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण करवाए जाने के लिए निर्देशित किया। एसडीएम ने कहा कि जहां पर आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण प्रस्तावित है उसी जगह पर आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण करवाया जाएगा। इस संबंध में एसडीएम लालगंज अजीत कुमार ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय पटेहरा में आंगनबाड़ी केंद्र स्वीकृत है। कुछ ग्रामीणों ने प्राथमिक विद्यालय परिसर में आंगनबाड़ी केंद्र बनाए जाने पर आपत्ति जताई थी।

पीस कमेटी की हुई बैठक

पटेहरा। आगामी दीपावली के त्यौहार को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से संतनगर थाना परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष रमेश प्रसाद ने की, जिसमें क्षेत्र के संभ्रान्त नागरिकों, व्यापारियों और ज्वेलर्स संघ के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष रमेश प्रसाद ने सभी क्षेत्रवासियों से दीपावली का पर्व आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि यदि कोई भी मनबढ़ या असामाजिक तत्व क्षेत्र में अराजकता फैलाने या शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करेगा, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की सूचना तुरंत डायल 112 पर दें। पुलिस आपकी सुरक्षा और सेवा में सदैव तत्पर है। त्योहार के सीजन में बाजारों में बढ़ती भीड़ और सुरक्षा के मद्देनजर थाने में क्षेत्र के ज्वेलर्स व्यापारियों के साथ भी एक विशेष बैठक की गई। थानाध्यक्ष ने व्यापारियों को चोरों और उचक्कों से सावधान रहने की हिदायत दी। उन्होंने दुकानदारों से अपनी दुकानों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने जैसे सीसीटीवी कैमरे चालू रखने और संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने की अपील की।

सवर्ण समाज की राजनीतिक एकजुटता पर जोर

आशुतोष पांडेय बने राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के जिलाध्यक्ष

मीरजापुर। शहर के ब्रह्मचारी का कुआं स्थित एक लॉन में सोमवार को राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा की प्रेसवार्ता आयोजित की गई। इसमें संगठन के संस्थापक एवं कानपुर के पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री और प्रदेश अध्यक्ष विश्वदीप अवस्थी ने सवर्ण समाज की राजनीतिक एकजुटता, सम्मान और प्रभावी प्रतिनिधित्व का मुद्दा उठाया। अलंकार अग्निहोत्री ने समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष द्वारा सनातन धर्म के पवित्र मंत्रों और श्लोकों पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी का विरोध किया। उन्होंने कहा कि यदि संबंधित नेता को पार्टी से निष्कासित नहीं किया गया तो राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा हर जगह उनका विरोध करेगा। संगठन विस्तार के तहत आशुतोष पांडेय को मीरजापुर जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। पार्टी नेतृत्व ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया। पत्रकारों से बातचीत में अग्निहोत्री ने कहा कि सामान्य वर्ग को राजनीतिक प्रतिनिधित्व नहीं मिल रहा है। उन्होंने दावा किया कि सवर्ण समाज की आबादी चार करोड़ से अधिक है और राजनीतिक एकजुटता से समाज अपने हितों की लड़ाई मजबूत कर सकता है। उन्होंने सामान्य वर्ग के कथित शोषण को रोकने और यूजीसी के कानून को हटाने को संगठन के प्रमुख उद्देश्यों में बताया। इस दौरान प्रदेश सचिव विकास उपाध्याय, महेंद्रनाथ सरोज योगी, अखिलेश मिश्र, दिलीप गहरवार, मनोज शुक्ला, रमेश मिश्र सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वध के लिए ले जा रहे ३७ पशु बरामद, खलासी गिरफ्तार

अहरौरा। पुलिस को पशु तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने तपस्थली के पास वध के लिए ले जाए जा रहे पशुओं से लदे एक ट्रक को बरामद किया है। ट्रक में कुल 37 पशु लदे हुए थे, जिनमें तीन पशुओं की मौत हो चुकी थी, जबकि 34 पशु जीवित अवस्था में बरामद किए गए। मिली जानकारी के अनुसार, पशुओं को ट्रक में लादकर कानपुर ले जाया जा रहा था। इसी दौरान अहरौरा थाना क्षेत्र के तपस्थली के पास पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ट्रक को पकड़ लिया। ट्रक की तलाशी लेने पर उसमें बड़ी संख्या में पशु ठूंस-ठूंसकर लदे मिले। इनमें तीन पशु मृत पाए गए, जबकि 34 जीवित थे। पुलिस ने तत्काल सभी जीवित पशुओं को सुरक्षित बाहर निकलवाने की कार्रवाई की। मामले में वाहन स्वामी समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है। वहीं, पुलिस ने मौके से ट्रक के खलासी को गिरफ्तार कर लिया है।

कार के धक्के से सेवानिवृत्त पंचायत सचिव की मौत

बक्शा। थाना क्षेत्र के लखौआ बाजार के समीप राष्ट्रीय राज्यमार्ग पर सोमवार दोपहर अनियंत्रित वैगनआर कार के धक्के से बाइक सवार 66 वर्षीय सेवानिवृत्त सचिव की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पीएम हेतु भेजते हुए वाहन सहित चालक को कब्जे में ले लिया। बदलापुर थाना क्षेत्र के हरिदासपुर गांव निवासी पंचायत विभाग के सेवानिवृत्त सचिव रायसाहब सिंह किसी कार्य से बाइक से जौनपुर गए दोपहर में वापस आते समय लखौवा बाजार के समीप पहुँचे थे तभी पीछे से आ रही एक वैगनआर कार चालक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

डीएम ने त्योहारों पर सुरक्षा, सफाई के पुख्ता इंतजाम के दिये निर्देश

कर्मचारियों का वेतन दीपावली से पहले देने पर जोर

जौनपुर। जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में धनतेरस, दीपावली एवं छठ पर्व सहित आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के दृष्टिगत जिला शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी ने बैठक में त्योहारों की तैयारियों, साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत, सुरक्षा, यातायात एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध ढंग से सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग को प्रमुख मार्गों एवं बाजारों में क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत एवं पैचिंग का कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग को जर्जर तारों एवं खंभों को बदलने तथा त्योहारों के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने नगर पालिका एवं अन्य नगर निकायों के अधिकारियों को बाजारों, प्रमुख मार्गों, पूजा स्थलों एवं सार्वजनिक स्थानों पर विशेष साफ-सफाई अभियान चलाने, नालियों की सफाई, कूड़ा उठान, जलनिकासी एवं पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से निर्देशित किया कि सभी विभाग अपने अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आउटसोर्सिंग कर्मियों का वेतन धनतेरस एवं दीपावली से पूर्व अनिवार्य रूप से आहरित करना सुनिश्चित करें, ताकि सभी कर्मचारी अपने परिवार के साथ त्योहार हर्षोल्लास से मना सकें। पटाखों की दुकानों पर निर्धारित दरों की सूची अनिवार्य रूप से प्रदर्शित कराई जाए, ताकि



निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर बिक्री न हो। प्रतिबंधित एवं अवैध पटाखों की बिक्री किसी भी दशा में नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को इन समस्याओं का तत्काल एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने जनपद वासियों से साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी अनजान नंबर से प्राप्त फाइल को डाउनलोड अथवा इंस्टॉल न करें तथा अनजान नंबरों से आने वाले संदिग्ध संदेशों, लिंक एवं कॉल के प्रति सावधानी बरतें। उन्होंने स्पष्ट किया कि अफवाह फैलाने वालों एवं सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान आपसी भाईचारे एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि धनतेरस, दीपावली एवं छठ पर्व को पारंपरिक रीति-रिवाजों, आपसी प्रेम, भाईचारे एवं सौहार्द के साथ मनाएं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व परमानंद झा, नगर मजिस्ट्रेट महिपाल सिंह, उप जिलाधिकारी सदर योगिता सिंह संबंधित विभागों के अधिकारी, व्यापार मंडल के प्रतिनिधि एवं जिला शांति समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

एक नज़र इधर भी

नशा मुक्ति के लिए निकली जागरुकता रैली

बदलापुर। सल्तनत बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय बदलापुर में 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' तीन माह संकल्प अभियान के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।



इस दौरान छात्र-छात्राओं ने करीब पांच किलोमीटर की साइकिल रैली एवं पैदल यात्रा निकालकर लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अखंड प्रताप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। हाथों में नशामुक्ति के स्लोगन लिखे पोस्टर लेकर छात्र-छात्राओं ने नारे लगाते हुए जानकी मंदिर तक जागरूकता रैली निकाली। यहां गोष्ठी आयोजित की गई। वापसी के दौरान भारत चिल्ड्रेन हॉस्पिटल के पास डॉ. विकास सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी नशे के दुष्परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक किया। महाविद्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि युवा राष्ट्र की रीढ़ हैं। विकसित भारत का सपना स्वस्थ और जागरूक युवा शक्ति से ही साकार हो सकता है। नशामुक्ति का संकल्प स्वस्थ शरीर और सशक्त समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। अंत में वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जोरावर सिंह ने छात्र-छात्राओं को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मुमताज अहमद अंसारी ने किया। इस अवसर पर डॉ. महेंद्र सिंह, डॉ. पूनम श्रीवास्तव, डॉ. रागिनी सिंह, डॉ. किरन यादव सहित महाविद्यालय के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

विजेन्द्र जायसवाल बने भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष, चेयरमैन ने दी बधाई

मुंगराबादशाहपुर। भाजपा पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पाल एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष इन्द्र भूषण सिंह मौर्या की संस्तुति पर मुंगराबादशाहपुर नगर पालिका के सभासद विजेन्द्र जायसवाल को पिछड़ा मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन की सूचना मिलते ही उनके सहयोगियों शुभचिंतकों में हर्ष की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर चेयरमैन कपिल मुनि उमर वैश्य सहित अन्य सभासदों और शुभचिंतकों ने विजेन्द्र जायसवाल को पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अपने संबोधन में चेयरमैन कपिल मुनि उमर वैश्य ने कहा कि सभासद विजेन्द्र जायसवाल का पिछड़ा मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष पद पर किया गया मनोनयन नगर के लिए गौरव की बात है। वे संगठन को और मजबूती प्रदान करेंगे। विजेन्द्र जायसवाल ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी दी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे और पिछड़े वर्ग के लोगों को भाजपा से जोड़ने का काम करेंगे। इस अवसर पर सभासदों ने भी विजेन्द्र जायसवाल को पिछड़ा मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर उनका माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए बधाई दी।



हाईकोर्ट की घटना को लेकर अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

मछलीशहर। इलाहाबाद हाईकोर्ट में अधिवक्ताओं और न्यायमूर्ति के बीच हुए विवाद को लेकर सोमवार को तहसील में अधिवक्ताओं ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति को संदर्भित अपनी मांगो से संबंधित



ज्ञापन ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शुभांशु कटियार को सौंपा। अधिवक्ता विरोध में न्यायिक से विरत रहे। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जितेंद्र श्रीवास्तव एवं महामंत्री आलोक विश्वकर्मा के नेतृत्व में अपने साथी अधिवक्ताओं के समर्थन में एकजुटता प्रदर्शित की। अधिवक्ताओं ने हाईकोर्ट में हुए घटनाक्रम पर नाराजगी जताई और न्यायमूर्ति अजय भनोट के कृत्य की भर्त्सना की। न्यायमूर्ति भनोट के विरुद्ध विधिक कार्यवाही एवं उनके अन्यत्र स्थानांतरण की मांग की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता इंदु प्रकाश सिंह, वेद प्रकाश श्रीवास्तव, आर पी सिंह, राम आसरे दुबे, सरजू प्रसाद बिंद, हुबेदार पटेल, रघुनाथ प्रसाद, बाबूराम, अवनींद्र दुबे, प्रेम चंद्र यादव विनय मौर्य, कमलेश कुमार, हरि शंकर यादव, विनय कुमार पांडेय, पवन गुप्ता, आशीष चौबे, अच्छे लाल मौर्य, गणेश गुप्ता, राजा राम, हरी लाल शिव प्रसाद, सुनील कुमार सहित सभी अधिवक्ता उपस्थित रहे।

कथा सुन श्रोतागण नहीं रोक पाये अपने अश्रू

तेजीबाज़ार। स्थानीय पुरानी बाजार में दीपचंद्र ऊमर वैश्य द्वारा नौ दिवसीय संगीतमयी श्रीरामकथा के आयोजन में आज छठे दिन की कथा में पंडित रामानुजाचार्य महराज जी व स्वाति शुक्ला ने श्रोताओं को श्रीराम व भरत जी के मिलन की मनमोहक कथा का बखूबी वर्णन किया। जिसमें महराज जी ने बताया कि लंका में विजय प्राप्त करने के बाद भगवान श्रीराम चन्द्र जी ने अपने भाई भरत जी को जो वचन दिए थे उस वचन के अंतराल में अयोध्या पहुंचे और भरत द्वारा संकल्पित प्रतिज्ञा को रोककर अपने वचन का निर्वाह करते हुए अयोध्या में राज्याभिषेक कार्यक्रम हुआ, जिसमें सारी प्रजा व दूर देश के राजाओ महाराजाओं की उपस्थिति में भगवान श्रीरामचन्द्रजी का राज्याभिषेक हुआ और चारों भाइयों में प्रेम का सैलाब उमड़ पड़ा इस दृश्य को देखकर हर एक कि आँखे छलक गयी।

दबंगों ने दो किशोरियों समेत तीन को पीटा

जौनपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला साहबुद्दीनपुर में रविवार की बीती शाम लगभग 7:30 बजे मामूली बात को लेकर हुई कहासुनी में एक पक्ष के लोगों ने घर में घुसकर महिलाओं समेत तीन को ईट पत्थर से मारकर घायल कर दिया। घटना के संबंध में बताया गया है कि सुरेश कुमार अग्रहरी से उसी के मोहल्ले के रहने वाले दो व्यक्तियों से कहासुनी होते होते मारपीट हो गई। मोहल्ले के दोनों युवक घर में घुसकर सुरेश उम्र लगभग 40 वर्ष व उसकी पुत्री सानिया अग्रहरी 20 वर्ष तथा दूसरी पुत्री कुमारी छोटी उम्र 14 वर्ष को मारपीट कर घायल कर दिया।

घटना की जानकारी मिलते ही चौकी प्रभारी भंडारी जयदीप कुमार कोल सहयोगी जवानों के साथ पहुंच गयें। पुलिस ने सभी घायलों का उपचार एवं चिकित्सकिय परीक्षण जिला अस्पताल में कराया। पुलिस के अनुसार घायलों द्वारा अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है और जैसे ही तहरीर प्राप्त होती है तो मामला दर्ज किया जाएगा।

चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिलों के आफलाइन भुगतान की मांग को लेकर पेंशनर्स आक्रोशित

जौनपुर। सोमवार को सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के आह्वान पर जनपद अध्यक्ष सी बी सिंह के नेतृत्व मे जनपद के पेंशनर्स वडी संख्या मे कलेक्ट्रेट परिसर स्थित धरना-प्रदर्शन स्थल पर एकत्रित होकर एक सूत्रीय मांग चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिलो के भुगतान की पुर्व से चल रही आफलाइन व्यवस्था को भी वर्त्तमान आनलाइन व्यवस्था के साथ बनाए रखने की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन कर विरोध किया। सभाध्यक्ष जनपद अध्यक्ष सीबी सिंह ने सम्बोधित करते हुए बताया कि 01 अक्टूबर से चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिलो के आनलाइन भुगतान की व्यवस्था का शासनादेश होने के पश्चात मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय मे 25 सितम्बर से ही बिलो को लेना बन्द कर दिया गया पुन: शासनादेश से माह सितम्बर तक के बिलो को - 31अक्टूबर तक आफलाइन निस्तारण की ब्यवस्था के बाद भी सम्बन्धित कार्यालय एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी के यहां बिलो को नही लिया गया , जिससे पेंशनर्स बहुत परेशान है। शासनादेश के अनुसार चिकित्सा बन्द होने के तीन माह के अंदर बिल प्रस्तुत करने का शासनादेश है। इस तरह माह सितम्बर तक के चिकित्सा बिलो को आगामी माह दिसंबर तक प्रस्तुत किए जाने



का समय है। सरकार के इस तरह अफरातफरी के शासनादेश से पेंशनर्स की चिकित्सा प्रभावित हो रही है, जिसके कारण बहुत से बरिष्ठ पेंशनर्स के समक्ष जीवन का संकट उत्पन्न हो गया है।

वर्ष 2020 के पूर्व सेवानिवृत्त पेंशनर्स का जब तक आनलाइन मानव संपदा पोर्टल पर विवरण डाउनलोड कर टोकन नवम्बर नही निर्गत होगा, तब तक आनलाइन विलो को प्रस्तुत नही किया जा सकता है। पेंशनर्स के आनलाइन किए जाने की शासन से अबतक कोई कार्यवाही नही की गई है। यदि सरकार इसपर कोई ठोस कदम नही उठाती है, तो पेंशनर्स लखनऊ विधान सभा का घेराव, धरना-प्रदर्शन करेगे। धरना-प्रदर्शन स्थल पर जिलाधिकारी के प्रतिनिधि श्वेता गुप्ता उप जिलाधिकारी उपस्थित होकर मुख्यमन्त्री उत्तर प्रदेश सरकार एवं मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन सहित अन्य से सम्बन्धित का ज्ञापन प्राप्त कर, सभा को संबोधित करते हुए भेजने का आश्वासन दिया। सभा को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पुर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक राकेशकुमार श्रीवास्तव ने सम्बोधित करते हुए पेंशनर्स की समस्याओ के निस्तारण मे सरकार की उदासीनता पर आक्रोश व्यक्त करते हुए, आफलाइन चिकित्सा बिलो के निस्तारण प्रक्रिया को बनाए रखने की मांग की गयी। सभा को मुख्य रूप से सूबेदार यादव, कृष्ण कुमार त्रिपाठी.इं.प्रमोद कुमार सिंह, एम यल गुप्त, ओंकारनाथ मिश्र मिठाई लाल, पलकधारी मौर्य, शेषनाथ सिंह भानुप्रताप श्रीवास्तव आदि रहे। संचालन जिलामन्त्री कृपाशंकर उपाध्याय ने किया।

ट्रेन से कटकर युवक की मौत

बक्शा। थाना क्षेत्र के मझौली गांव में बारात में सम्मिलित होने आये 40 वर्षीय युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गयी। सोमवार सुबह शव मिलने के बाद बारात में आये परिजनों में कोहराम मच गया। बदलापुर थाना क्षेत्र के कुशहा रामपुर गांव निवासी मानसिक रूप से कमजोर राकेश गौतम अपने छोटे भाई महेश कुमार गौतम की शादी में शामिल होने के लिए रविवार की शाम बक्शा थाना क्षेत्र के मझौली गांव आए थे। देर शाम पहुँची बारात पश्चात रात करीब 9:30 बजे द्वारचार की तैयारियां चल रही थीं। परिजन राकेश का हाथ पकड़े हुए थे। द्वारचार से पूर्व बारातियों और घरातियों के बीच डीजे कम्पिटीशन के दौरान किसी बात को लेकर बाराती और घराती में कुछ विवाद होने लगा। इसी बीच राकेश गौतम गायब हो गए। कुछ समय बाद परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की लेकिन रातभर खोजबीन के बावजूद उनका कोई पता नहीं चला। रात्रि किसी तरह शादी की रस्में पूरी हुई। सुबह बगल के उचौरा गांव के पास रेलवे लाइन किनारे शव मिलने की सूचना पर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। शव देखते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई और शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया शव को कब्जे में लेते हुए आवश्यक कार्यवाही शुरू की गयी।

दिव्यांग बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए स्नेह जरूरी-अमित सिंह

सिकरारा। समग्र शिक्षा अभियान के तहत बीआरसी प्रांगण में दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों के लिए परामर्श गोष्ठी एवं प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को समाज के विशेष प्रेम और स्नेह की आवश्यकता है। सरकार इन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराएं,



ताकि उन्हें वहां विशेष शिक्षकों से सपोर्टिव सुपरविजन मिल सके। कार्यक्रम का संचालन कर रहे, रिसोर्स पर्सन विवेक सिंह ने सरकारी सुविधाओं के लिए दिव्यांग प्रमाण पत्र को अनिवार्य बताया। विशेष शिक्षक दीपक राव ने बताया कि कक्षा 1 से 8 तक की दिव्यांग बालिकाओं को 2000 रुपये स्टाइपेंड व बालकों को 6000 रुपये एस्कॉर्ट भत्ता दिया जाता है। यूडीआईडी कार्ड से सरकारी बसों में नि:शुल्क यात्रा भी संभव है।

इस दौरान रामजीत मौर्य, विवेक कुमार, विजय सिंह और रुचि यादव ने भी दिव्यांग बच्चों के अधिकारों व बचाव पर संक्षेप में प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि अमित सिंह के हाथों से उपस्थित लगभग 50 अभिभावकों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

ओवरटेक करते समय बस से टकरायी बाइक, दो युवक घायल

मुफ्तीगंज। केराकत कोतवाली क्षेत्र के अहन गांव के पास सोमवार की शाम लगभग पांच बजे डंपर को ओवरटेक करने के प्रयास में तेज रफ्तार बाइक सामने से आ रही बस से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, अकबरपुर गांव निवासी मेरू गिरी (26) पुत्र अशोक गिरी और छितौना गांव निवासी रवि मौर्य (25) पुत्र सुभाष मौर्य अपाचे बाइक से मुफ्तीगंज से केराकत की तरफ जा रहे थे। अहन गांव के पास डंपर को ओवरटेक करते समय उनकी बाइक सामने से आ रही बस से टकरा गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर मुफ्तीगंज पुलिस चौकी की पुलिस पहुंची और दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुफ्तीगंज भेजा। वहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल युवकों को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बस को कब्जे में ले लिया है।

खेत बचाओ अभियान के तहत किसानों को किया जागरूक

खेतासराय। कृषि विभाग की ओर से संचालित खेत बचाओ अभियान के तहत सोमवार को विकास खंड शाहगंज सोंधी की दो ग्राम पंचायतों में किसान गोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रथम पाली में मनेछा और द्वितीय पाली में आर्य नगर कला ग्राम पंचायत में किसानों को खेती की आधुनिक



तकनीकों और विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। दोनों कार्यक्रमों की अध्यक्षता सहायक विकास अधिकारी (कृषि) धर्मेंद्र कुमार ने की। इस दौरान विषय वस्तु विशेषज्ञ नंद किशोर और सहायक विकास अधिकारी (पादप सुरक्षा) जितेंद्र सिंह ने किसानों को वैज्ञानिक तरीके से खेती करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने मृदा स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए नियमित मिट्टी की जांच कराने, संतुलित मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग करने तथा फसलों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ उठाने की अपील की। वहीं, मनेछा स्थित शोधी एफपीओ के निदेशक बृजेश कुमार ने किसानों को एफपीओ से जुड़ने के फायदे बताए। उन्होंने उन्नत कृषि तकनीक अपनाने और कृषि उपज के बेहतर विपणन के माध्यम से आमदनी बढ़ाने की जानकारी दी। इस मौके पर दोनों ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों ने भी किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कृषि विभाग के तकनीकी सहायक पंकज कुमार, शमशाद अहमद,विनेश कुमार, अश्विनी कुमार और सुरेश कुमार सहित बड़ी संख्या में प्रगतिशील किसान मौजूद रहे।

लीलावती सिंह के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर

बदलापुर। नगर पंचायत की चेयरमैन सीमा सिंह की सास एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि उन्नत सिंह की माता लीलावती सिंह (87) का रविवार देर शाम बीमारी के चलते निधन हो गया। उन्होंने अपने आवास पर अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर मिलते ही परिवार सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। लीलावती सिंह स्वर्गीय ठाकुर रामचंद्र सिंह की पत्नी थीं। उनके निधन की सूचना मिलते ही रिश्तेदारों, शुभचिंतकों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। रात से सोमवार सुबह तक उनके आवास पर लोगों का तांता लगा रहा। सभी ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। दिवंगत लीलावती सिंह का अंतिम संस्कार वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर किया गया। उनके ज्येष्ठ पुत्र राजू सिंह ने मुखाग्नि देकर अंतिम विदाई दी। उनके निधन से परिवार को अपूरणीय क्षति पहुंची है। क्षेत्र के लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

मातृ सम्मेलन का हुआ आयोजन

सुजानगंज। सोमवार को क्षेत्र के ज्ञानस्थली इंटर कॉलेज चैनपुर नगौली सुजानगंज में विद्यालय परिवार द्वारा मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। मातृ सम्मेलन में विद्यालय परिवार द्वारा प्रत्येक कक्षा के 80प्रतिशत से ऊपर पाने वाले छात्र-छात्राओं को स्मृति देखकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संबंधित छात्र-छात्राओं के मातृशक्ति अभिभावक को माल्यार्पण विद्यालय परिवार द्वारा आदर्श मां आदर्श अभिभावक का प्रतिशत पत्र दिया गया।

इस अवसर पर मातृ शक्ति को संबोधित करते हुए विद्यालय की संरक्षक श्यामा द्विवेदी ने कहा शिशु की प्रथम गुरु मां होती है। मां ही बच्चों को जीने का ढंग सिखाती है मां की गोद ही शिशु की प्रथम



पाठशाला होती है। इसलिए आप सब अपने इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को समझें और उसका निष्ठा के साथ निर्वहन करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता समर बहादुर सिंह संचालन विद्यालय के संस्थापक संतोष कुमार द्विवेदी ने किया।

अभ्यागतों का स्वागत और आभार विद्यालय की प्रधानाचार्या भावना पाठक ने व्यक्त किया।

घर में घुसकर परिवार पर हमला, महिला समेत तीन घायल

बरसठी। थाना क्षेत्र के कारो बनकट (राजाबाजार) गांव में पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुसकर मारपीट करने का मामले में पीड़िता खुशी वर्मा के अनुसार, 29 अक्टूबर की रात करीब 10 बजे पड़ोस की संगीता सोनी, सुनील सोनी, सुशील सोनी, रज्जू सोनी और आकाश सोनी समेत कुछ अज्ञात लोग उनके घर पहुंचे,आरोप है कि गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडे, हथौड़ी और लोहे की रॉड से परिवार पर हमला कर दिया, इसमें खुशी वर्मा, उनके पति करन सेठ और देवर अमन सोनी घायल हो गए,आरोपित जाते समय जान से मारने की धमकी भी दे गए, प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश यादव ने बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर पांच नामजद समेत अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से युवक गंभीर

बरसठी। थानी क्षेत्र के पपरावन गांव में शाम तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से रमेशचंद्र जायसवाल गंभीर रूप से घायल हो गये वह अपने कमला पैलेस मैरेज हाल के सामने सड़क किनारे खड़े थे, 31अक्टूबर को हुई घटना में आरोप है कि इसी दौरान पपरावन गांव निवासी अरुण गौतम तेज रफ्तार बाइक लेकर पहुंचा और उन्हें जोरदार टक्कर मार दी,टक्कर से रमेशचंद्र सड़क के दूसरी ओर जा गिरे, जहां उनके सिर में गंभीर चोटे आई, आनन फानन में परिजन उन्हें तत्काल जौनपुर के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां आईसीयू में उनका उपचार चल रहा है, प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश यादव ने बताया कि पिता प्यारेलाल जायसवाल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

दिनेश मोदनवाल बने मोदनवाल समाज के जिलाध्यक्ष, ११ जोड़ों के विवाह तय

नवनियुक्त पदाधिकारियों ने ली शपथ, दो जोड़ों की मंच पर हुई गोदभराई

जौनपुर। श्री कान्यकुब्ज अखिल भारतीय हलवाई मोदनवाल महासभा के तत्वावधान में रविवार को नगर के पचहटिया स्थित विजय वाटिका मैरिज लॉन में जिला अधिवेशन एवं वर-वधू परिचय सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष आलोक आर्य ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद राष्ट्रीय महामंत्री चिरौंजी लाल ने मोदनसेन भगवान की आरती की। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष आलोक



आर्य ने नगर अध्यक्ष अमरनाथ मोदनवाल सहित नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में राष्ट्रीय महामंत्री चौधरी हरिशंकर लाल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश मोदनवाल (शाहगंज), राष्ट्रीय युवा संयोजक अनिल कुमार मोदनवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हीरण बाबू तथा गुजरात प्रदेश अध्यक्ष रामप्रकाश सहित विभिन्न पदाधिकारी एवं समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री चौधरी हरिशंकर लाल ने अतिथियों को अंगवस्त्र, श्रीराम का फोटो फ्रेम एवं समाज का वार्षिक पंचांग भेंटकर सम्मानित किया।

इसके बाद जिलाध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में दिनेश कुमार मोदनवाल (शाहगंज) को सर्वसम्मति से निर्विरोध जौनपुर का नया जिलाध्यक्ष चुना गया। कार्यक्रम के अगले चरण में आयोजित वर-वधू परिचय सम्मेलन में स्वजातीय परिवारों ने एक-दूसरे से परिचय किया। सम्मेलन के दौरान करीब 11 जोड़ों के विवाह संबंध तय हुए। वहीं मंच पर दो जोड़ों की गोदभराई की रस्म समाज के लोगों की मौजूदगी में संपन्न कराई गई।

उपस्थित स्वजातीय बंधुओं ने दोनों कन्याओं को आशीर्वाद देकर उनके सुखद वैवाहिक जीवन की मंगलकामना की। कार्यक्रम देर शाम तक चलता रहा।

आयोजन को सफल बनाने में जिले के सभी पदाधिकारियों एवं समाज के लोगों का सराहनीय सहयोग रहा। अंत में जिला महामंत्री ज्ञानचंद मोदनवाल ने अतिथियों एवं उपस्थित स्वजातीय बंधुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

पांच कुंतल पटाखा बरामद

चंदौली। सैयदराजा नगर में चूड़ा-लाई की दुकान की आड़ में पटाखों के अवैध भंडारण का पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। घनी आबादी के बीच मकान की तीसरी मंजिल पर छिपाकर रखे गए पांच क्विंटल से अधिक पटाखे बरामद होने से इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस की इस कार्रवाई ने रिहायशी इलाके में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस को यक्ष ऐप से द्वारा जानकारी मिली कि सैयदराजा नगर में एक मकान की तीसरी मंजिल पर भारी मात्रा में पटाखे छिपाकर छिपाकर रखें गए हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारी नामवेन्द्र रावत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने देर रात बताए गए ठिकाने पर छापेमारी की। पुलिस टीम को मौके पर पांच क्विंटल से अधिक पटाखे मिले, जिन्हें कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई। बताया जा रहा है कि चूड़ा-लाई की दुकान की आड़ में पटाखों का अवैध भंडारण किया जा रहा था। सबसे गंभीर बात यह रही कि बारूद का इतना बड़ा जखीरा घनी आबादी के बीच मकान की तीसरी मंजिल पर रखा गया था। ऐसे में किसी अनहोनी की स्थिति में बड़ा हादसा हो सकता था और आसपास के लोगों की जान खतरे में पड़ सकती थी। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध पटाखा कारोबारियों में खलबली मची हुई है। पुलिस अब भंडारण के पीछे जुड़े लोगों और पटाखों की खरीद-बिक्री के नेटवर्क की पड़ताल में जुटी है। इस बाबत सीओ नामवेन्द्र रावत ने बताया कि सैयदराजा में अवैध पटाखे का भंडाफोड़ किया गया हैं। इसमें एक मकान से पांच कुंतल से ज्यादा पटाखे बरामद किए गए हैं। वही मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर कार्यवाई की जा रही हैं।

पास्को एक्ट का वांछित आरोपी गिरफ्तार

इलिया । पुलिस ने पॉक्सो एक्ट से संबंधित मामले में सोमवार को वांछित एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस उसे ग्राम कलानी स्थित संत मत अनुयायी आश्रम के पास से गिरफ्तार किया। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपित को न्यायालय में पेश करने के लिए रवाना किया गया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान रामअवतार उर्फ छांगुर निवासी ग्राम जिगना, थाना इलिया के रूप में हुई है। आरोपित के विरुद्ध थाना इलिया बीएनएस पाक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज था। पुलिस टीम ने सोमवार को कलानी गांव स्थित संत मत अनुयायी आश्रम के पास से उसे गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक समेत हेड कांस्टेबल मनीष सिंह तथा कांस्टेबल राहुल यादव शामिल थे।



बरामद किये गये अवैध पटाखे को पेश करती पुलिस टीम। छाया: आज

बाइक की आमने-सामने टक्कर में एक की मौत

कमालपुर। धीना थाना क्षेत्र के सकलडीहा-अमड़ा मार्ग पर डिग्घी पेट्रोल पंप के पास सोमवार को दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिला अस्पताल ले जाते समय एक बाइक सवार की रास्ते में ही मौत हो गई, जबकि दूसरे घायल का उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार आवाजापुर निवासी कृपाशंकर सिंह अपनी दो पुत्री जूही और रिया को लेकर ससुराल अरंगी जा रहे थे। डिग्घी पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने के बाद जैसे ही वह बाइक लेकर कमालपुर-अमड़ा मार्ग पर चढ़े, तभी अमड़ा की तरफ से तेज रफ्तार में आ रहे सीकठा निवासी रामसूरत सिंह की बाइक से उनकी आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने आनन-फानन में दोनों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल ले जाते समय रामसूरत सिंह ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। हादसे में रामसूरत सिंह का पौत्र अंशुमान और कृपाशंकर सिंह की दोनों पुत्रियां बाल-बाल बच गईं। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों का बना डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट

मुगलसराय। डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट अभियान 5.0 के तहत डीडीयू जंक्शन स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की रेलवे स्टेशन शाखा में रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन के सहयोग से कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में लगभग 22 सेवानिवृत्त रेलकर्मियों का डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र ऑनलाइन माध्यम से जनरेट किया गया। 39 पेन्शनरो ने ऑफलाइन भी लाइफ सर्टिफिकेट जमा किया। इन्हें भी सुविधा के लिए डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जमा करने के प्रति जागरूक किया गया। इस अभियान का उद्देश्य सेवानिवृत्त रेलकर्मियों एवं पारिवारिक पेंशनरों के लिए वार्षिक जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रिया को सरल एवं सुविधाजनक बनाना है। डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट के माध्यम से पेंशनभोगी घर बैठे भी अपना जीवन प्रमाण-पत्र ऑनलाइन जनरेट कर सकते हैं। इससे उन्हें प्रत्येक वर्ष जीवन प्रमाण-पत्र जमा करने के लिए व्यक्तिगत रूप से बैंक जाने की आवश्यकता नहीं होती है। डीडीयू मंडल के कार्मिक विभाग द्वारा इस अभियान के तहत विभिन्न स्टेशनों पर चरणबद्ध तरीके से मेगा कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। इन कैंपों में संबंधित क्षेत्र के कल्याण निरीक्षक, वित्त विभाग के नामित वरिष्ठ अनुभाग अधिकारी तथा संबंधित बैंक के अधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित कर पेंशनरों को डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र जनरेट करने में आवश्यक सहायता प्रदान की जा रही है।



रोजगार मेला चार को

चंदौली। जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से चार नवंबर को एक दिवसीय विधानसभा वार रोजगार मेले का आयोजन लाल बहादुर शास्त्री पीजी कालेज नियामताबाद परिसर में किया गया है। उक्त रोजगार मेले में आनलाइन और आफनलाइन दोनों तरह से बेरोजगार अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए अभ्यर्थियों को सेवायोजन विभाग के रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य है। पंजीयन के उपरांत पोर्टल पर ही उन्हें मेले से संबंधित सूचना प्रदर्शित होगी। इसके बाद मेले में प्रतिभाग के लिए आवेदन किया जा सकता है। उक्त मेले में विभिन्न कम्पनियां प्रतिभाग करेंगी, जो पढ़े-लिखे अभ्यर्थियों को उनकी योग्यता के आधार पर जॉब आफर करेगी। यह जानकारी देते हुए जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में हाईस्कूल, इंटर, स्नातक, बीटेक, डिप्लोमा और आईटीआई के साथ ही कौशल विकास मिशन के सभी ट्रेड की योग्तया रखने वाले अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं ।

सीएचसी पर माड्यूलर आपरेशन कक्ष का निर्माण ठप

सकलडीहा। सीएचसी पर बीते पांच माह पूर्व अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस माड्यूलर ओटी का निर्माण शुरू कराया गया था। बीते कई माह से माड्यूलर ओटी का निर्माण कार्य ठप पड़ा है। माड्यूलर ओटी के निर्माण से क्षेत्रीय लोगों को चिकित्सकी सुविधा का उम्मीद जगा था। लेकिन विभागीय उपेक्षा के कारण निर्माण कार्य ठप होने से ग्रामीणों में मायूसी है। जिला प्रशासन से माड्यूलर ओटी का निर्माण शुरू कराये जाने की मांग किया है। सकलडीहा सीएचसी पर अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस माड्यूलर ओटी की निर्माण शुरू होने से क्षेत्रीय महिला व प्रसव पीड़ित को चिकित्सकी सुविधा को लेकर उम्मीद जगा था। माड्यूलर ओटी करीब 50 लाख की लागत से बनाया जा रहा था। माड्यूलर ओटी के निर्माण से प्रसव पीड़ित महिलाओं और चिकित्सकों को प्रसव के दौरान काफी सहुलियत होती। बीते जून माह में सकलडीहा सीएचसी पर माड्यूलर ओटी का निर्माण शुरू कराया गया। बीते कई सप्ताह से निर्माणाधीन माड्यूलर ओटी का निर्माण कार्य ठप पड़ा हुआ है। जिससे प्रसव पीड़ित महिलाओं में मायूसी है। जबकि सकलडीहा सीएचसी सेंटर रेफरल सेंटर है। यहां पर चहनिया धानापुर और कमालपुर सहित अन्य स्वास्थ्य केन्द्र के मरीज आते है। पूर्व में बनी ओटी कक्ष जर्जर होने के कारण प्रसव के दौरान प्रसव पीड़ित महिलाओं और चिकित्सकों को काफी असुविधा होती है। इस बाबत सीएचसी अधीक्षक डाण्बीके प्रसाद ने बताया कि माड्यूलर ओटी का निर्माण अभी बंद है। इसके लिये उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है।

संक्षिप्त

मुआवजा वितरण में देरी पर मंत्री ने जतायी नाराजगी

सकलडीहा। कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर सोमवार को तेन्दुईपुर स्थित अपने आवास पर जनसमस्याओं को सुनकर अधिकारियों को निस्तारण का निर्देश दिया। इस दौरान भोजापुर निर्माणाधीन पुलिस लाइन के सात मंजिला भवन से बीते दिनों गिरकर मजदूर की मौत होगई थी। एक सप्ताह बाद भी मुआवजा नहीं मिलने पर नाराजगी जताया। जिला प्रशासन से परिवार को मुआवजा सहित अन्य सहयोग दिलाये जाने का निर्देश दिया। वही नागेपुर स्थित मंदिर के भवन निर्माण अधूरा होने पर ठेकेदार सहित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दिया। मंत्री अनिल राजभर से कस्बा के समाजसेवी मुराहू विश्वकर्मा ने मिलकर आगामी 6 अक्तूबर को पूजा कार्यक्रम में शामिल होने के आग्रह किया। इसके बाद ओड़वली के मुरली राजभर ने लेटे हनुमान मंदिर पर भंडारा व भजन कीर्तन कार्यक्रम में शामिल होने के लिये आग्रह किया।

धरनास्थल से टेंट, दरी, बैनर और झंडे हटाने पर किसानों में आक्रोश

चंदौली। विंध्य एक्सप्रेसवे परियोजना के नाम पर किसानों की जमीन के जबरन अधिग्रहण के विरोध में फत्तेपुर कलां गांव में चल रहा किसानों का अनिश्चितकालीन धरना छठवें दिन भी जारी रहा। अखिल भारतीय किसान



महासभा और संयुक्त किसान मोर्चा के तत्वावधान में 28 अक्टूबर से चल रहे इस आंदोलन के दौरान पुलिस की कार्रवाई को लेकर किसानों में आक्रोश व्याप्त है। अखिल भारतीय किसान महासभा के जिलाध्यक्ष श्रवण कुशवाहा ने विज्ञप्ति जारी कर आरोप लगाया कि सोमवार रात करीब 10 बजे जब धरनारत किसान भोजन करने के लिए अपने घर गए थे, तभी चंदौली पुलिस धरनास्थल पर पहुंची और बिना कोई जानकारी दिए वहां लगा टेंट, दरी, बैनर और झंडे उठाकर अपने साथ ले गई। उन्होंने पुलिस प्रशासन की इस कार्रवाई की कड़ी निंदा की। कहा कि 28 अक्टूबर से फत्तेपुर कलां गांव में शांतिपूर्ण तरीके से धरना दिया जा रहा था, जिसकी सूचना उपजिलाधिकारी सदर को भी दी गई थी। इसके बावजूद तहसील प्रशासन ने किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याओं का समाधान निकालने के बजाय आंदोलन को दबाने का रास्ता अपनाया, जो गैरजिम्मेदाराना और निंदनीय है।

फेस्टिवल स्पेशल यात्री ट्रेन का परिचालन

मुगलसराय। आगामी दीपावली एवं छठ पर्व के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए तथा यात्रियों की सुगम व आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है । इसी क्रम में लुधियाना और पूर्व मध्य रेल के सहरसाए दरभंगा, पूर्णिया एवं गया स्टेशनों के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है।

पूजा कमेटी के सदस्यों ने पानी में उतरकर की सफाई

मुगलसराय। मानसरोवर तालाब में सोमवार को सूर्य देव मंदिर छठ पूजा कमेटी के सदस्यों ने घुटने भर पानी में उतरकर सफाई की। उन्होंने तालाब के चारों सेक्टर साफ किए। सदस्यों ने बताया कि छठ पूजा के कई घाट टूट चुके हैं। उनका कहना है कि इससे व्रतियों को पूजा के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिलेगी। सफाई के दौरान तालाब से शराब की बोतलें, गिलास, पन्नी और पूजा की मूर्तियां निकाली गईं। इस दौरान कई सदस्य चोटिल भी हुए। कमेटी ने रेल मंडल प्रबंधक और जिलाधिकारी से घाटों की मरम्मत कराने की मांग की है। सदस्यों ने तालाब में नशा करने वालों को रोकने और पुलिस की पैदल गश्त शुरू कराने की भी अपील की। कमेटी के मुताबिक, छठ पूजा से पहले कार्यकर्ता कई बार तालाब की सफाई करेंगे। सफाई में पवन शर्मा, विनोद कुमार, अजीत ईमानदार, कुमार नंद जी, दीपक कुमार, हर्ष सिंह, निखिल राज, ओमप्रकाश रजक, अनुज, अशोक कुमार, राजा चौहान, युवराज पवन, निखिल पाठक, आशीष कुमार, अश्वनी चौहान, रिंकू रावत, अनिल कुमार और सुजीत सिंह समेत सदस्य मौजूद रहे। यह जानकारी श्री श्री सूर्य देव मंदिर, मानसरोवर तालाब के संस्थापक कृष्ण गुप्ता ने दी। मानसरोवर तालाब के किनारे घाटों का निर्माण रेलवे सेटलमेंट नगर पंचायत के कार्यकाल के दौरान किया गया था। जो मुगलसराय शहर का छठ पूजा के लिए विशेष स्थान बन गया है।

रामकथा जीवन को सही दिशा देने वाली प्रेरणा-मुकेश आनंद

चकिया। नगर स्थित मां काली मंदिर परिसर में श्री मानस प्रेस यज्ञ सेवा समिति की ओर से आयोजित नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के चौथे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। कथा वाचक व्यास मुकेश आनंद महाराज ने भगवान श्रीराम के आदर्शों और उनके जीवन चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि रामकथा केवल धार्मिक आख्यान नहींए बल्कि मानव जीवन को सही दिशा देने वाली प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात कर व्यक्ति अपने जीवन में प्रेमए सद्भाव, संस्कार और मर्यादा को स्थान दे सकता है। रामकथा हमें सत्य,धर्म और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की सीख देती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से परिवार और समाज में अच्छे संस्कारों को बढ़ावा देने तथा आपसी प्रेम और भाईचारे की भावना बनाए रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर विजयानंद द्विवेदी, कैलाश जायसवाल, अवध बिहारी मिश्रा, डॉ.गीता शुक्ला सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

सकलडीहा पीजी कालेज के शिक्षकों ने बांधी काली पट्टी, किया प्रदर्शन

सकलडीहा। उत्तर प्रदेश विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक महासंघ (फुपुक्टा) के आह्वान पर सोमवार को सकलडीहा पीजी कॉलेज के शिक्षकों ने हाथों में काली पट्टी बांधकर जोरदार प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन उनकी 30 सूत्रीय लंबी लंबित मांगों के समर्थन में किया गया है। प्रदेशव्यापी आंदोलन के पहले चरण के तहत 2, 3 और 4 नवंबर तक तीन दिनों तक यह प्रदर्शन किया जाएगा। इस आंदोलन में कॉलेज के अनुदानित और स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों में पढ़ाने वाले शिक्षकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों ने कहा कि कॉलेज के शिक्षक उच्च शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाते हैं। सेवा सुरक्षा, सेवा शर्तों,सामाजिक सुरक्षा और शैक्षणिक सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का समाधान होना शिक्षकों और उच्च शिक्षा व्यवस्था दोनों के हित में है। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगों के समाधान में हो रही देरी से शिक्षकों में भारी असंतोष व्याप्त है, और शासन तथा संबंधित विभागों का ध्यान आकर्षित करने के लिए ही यह आंदोलन शुरू किया गया है। इस प्रदर्शन और कार्यक्रम में शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष प्रो. दयानंद सिंह यादव सहित प्रो. इंद्रदेव सिंह, प्रो. महेंप्रताप सिंह, प्रो. शमीम राईन, डॉ. राजेश यादव, डॉ. इंद्रजीत सिंह, डॉ. अजय यादव, डॉ. संदीप सिंह, डॉ. यज्ञनाथ, डॉ. सीता मिश्रा, डॉ. जितेंद्र यादव, डॉ. श्यामलाल यादव, डॉ. वंदना, डॉ. अमन, डॉ. रजनीश गुप्त और डॉ. अनामिका सिंह समेत कई अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

राम-जानकी मठ मंदिर में आध्यात्मिक मानस सम्मेलन

चंदौली। नगर पंचायत चंदौली स्थित राम जानकी मठ मंदिर में आयोजित आध्यात्मिक के 40वें मानस सम्मेलन में काशी से आए पूजनीया कुमकुम मिश्रा ने अपने मानस कथा में कहा कि हम भारतीय नारियों की अखंड तपस्या यही है कि एक ही धर्म एक ही व्रत ने मा का य वचन मन पति पद प्रेमा । अपने पतिव्रता के बल पर मां अनुसूया ने तृदेव को भी शिशु रूप बनाकर पालने में बुलाई। सावित्री ने अपने सतीत्व से पति के प्राण को बचाई । सतीत्व के बल पर सुलोचना अपने मरे हुए पति के शीश से बुलवाकर रामा दल को भी चौक दी यहां नारी शक्ति स्वरुप है मां तू स्वरूप है भारतीय संस्कृति तो संसार का संस्कार है जो प्राप्त है वह पर्याप्त है । जब आवे संतोष धन सब धन धूरि समान पर धन पत्थर मानिए पर स्त्री मातु समान या किए हरी ना मिले तो तुलसीदास ज मान। अन्य देश शक्तियों पर विश्वास करते हैं भारत शक्तिमान पर विश्वास करता है। जहां नारी की पूजा हो तो वहां देवता स्वयं वास करते हैं सुख संपत्ति सब बिना ही बुलाए धर्मशिला पाही जाहि कहने का भाव यह है कि परिवार में समन्वय बहुत जरूरी है। इस अवसर पर मुख्य जजमान जयशंकर द्विवेदी, हरिद्वार सिंह, शिव बच्चन सिंह, जंग बहादुर सिंह, राज नारायण विश्वकर्मा, महामंत्री पंकज तिवारी, सुरेंद्र मिश्रा, केएन पांडेय, आदि मौजूद थे।

एसपी ने यातायात जागरुकता माह-२०२६ का किया शुभारम्भ

चंदौली। जनपद में यातायात जागरूकता माह-2026 का भव्य शुभारंभ पुलिस लाइन चन्दौली में पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर पुलिस परिवार के अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ-साथ शहर के विद्यालयों के शिक्षक और छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने स्कूली बच्चों एवं उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना केवल पुलिस एवं प्रशासन की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। यातायात नियमों का पालन चालान या दंड से बचने के लिए नहीं, बल्कि स्वयं एवं दूसरों के अमूल्य जीवन की रक्षा के लिए आवश्यक है। वाहन चलाते समय थोड़ी सी लापरवाही भी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है। अत: प्रत्येक नागरिक यातायात नियमों को अपनी दैनिक आदत का हिस्सा बनाए। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि हर माता-पिता का कर्तव्य है कि वे अपने बच्चों को यातायात के नियमों का पालन करने की अनिवार्य रूप से शिक्षा दें।

घने कोहरे की चादर में लिपट गया क्षेत्र, वाहनों की रुकी रफ्तार

कमालपुर। सोमवार की सुबह पूरा क्षेत्र घने कोहरे की चादर में लिपटा रहा। प्रात:काल का दृश्य इतना दुर्गम हो गया था कि सामने बहुत कम दिखाई दे रहा था। घर से बाहर निकलने पर इंसान को थोड़ी सी दूरी पर चल रहे लोग भी दिखाई नहीं दे रहे थे। कोहरे के कारण सड़कों पर अचानक आवागमन करने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। विशेष रूप प्रात:कल आवश्यक कार्य बस सड़क मार्ग पर वाहन चालकों को बेहद सतर्क होकर चलना पड़ा। दोपहिया और चारपहिया वाहन चालक सुबह में लाइट और डिपर जलाकर धीरे-धीरे आगे बढ़ते नजर आए। सुबह से ही छाए घने कोहरे के कारण सड़कों पर वाहनों की रफ्तार थम गई थी। राहगीरों और बाइक सवारों को कोहरे के बीच रास्ता तय करना मुश्किल हो रहा था। सड़क पर चलने वाले लोग सिर से पैर तक कोहरे की नमी से भीगते नजर आए। सुबह करीब 7:30 बजे के बाद धीरे-धीरे कोहरा छंटना शुरू हुआ, तब जाकर लोगों को आवागमन में कुछ राहत मिली। प्रात:काल ठंड बढ़ने से जनजीवन भी प्रभावित रहा। घरों के छोटे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को एकाएक ठंड बढ़ जाने से सभी को परेशानियां होने लगी। प्रात:काल शिशु,नर्सरी,कांवेंट स्कूल के बच्चों को स्नान करना समय से स्कूल जाने में काफी कठिनाइयां देखने को मिली। अभिभावक भी ठंड से विस्तार छोड़ने में आलस्य कर रहें थे जो मजबूरी में अपने बच्चों को तैयार कर स्कूल भेजने के लिए मजबूरी थी। अचानक मौसम परिवर्तन देखकर आम जनता के चेहरे पर चिंता दिखाई देने लगी।

बौद्ध महोत्सव में वक्ताओं ने भगवान बुद्ध के विचारों को अपनाने पर दिया जोर

इलिया । घुरहुपुर गांव में सोमवार को बौद्ध महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने शामिल होकर भगवान बुद्ध के विचारों, उनके बताए शांति, करुणा, समानता और भाईचारे के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राबर्ट्सगंज के सांसद छोटेलाल खरवार ने कहा कि भगवान बुद्ध के विचार आज भी समाज के लिए प्रासंगिक हैं। उनके बताए सत्यए अहिंसा, करुणा और समानता के रास्ते पर चलकर ही एक बेहतर समाज का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से आपसी भेदभाव मिटाकर शिक्षा और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने की अपील की। जन अधिकार पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रसेन पाल ने कहा कि महात्मा बुद्ध ने मानवता को शांति, प्रेम और समानता का संदेश दिया। उनके विचारों को आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। समाज में शिक्षा, जागरूकता और भाईचारे को मजबूत करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर सिवान (बिहार) के रमेश कुशवाहा, पूर्व विधायक जितेंद्र कुमार एडवोकेट तथा सपा जिलाध्यक्ष सत्यनारायण राजभर ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान सुदामा यादव,पूर्व जिला पंचायत सदस्य महेंद्र राव, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि दशरथ सोनकर, टोनी खरवार, रमाशंकर राजभर, पुल्लू यादव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



व्यापार मंडल की बैठक

बबुरी। व्यापार मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक आज संपन्न हुई। बैठक में पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष शशि प्रकाश गांधी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में आगामी दिवाली पर्व को लेकर बाजार की तैयारियों पर चर्चा की गई। पूर्व अध्यक्ष श्री गांधी ने कहा कि दिवाली व्यापारियों के लिए सबसे बड़ा सीजन है, इसलिए बाजार में साफ-सफाई, रोशनी और सुरक्षा की बेहतर व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने सभी व्यापारियों से अपील की कि ग्राहकों को त्योहार पर अच्छी गुणवत्ता का सामान उचित दाम पर उपलब्ध कराएं और बाजार में एकता बनाए रखें। बैठक में दिवाली पर बाजार को सजाने, संयुक्त ऑफर निकालने और प्रशासन से सहयोग लेने पर भी सहमति बनी। अंत में सभी व्यापारियों ने दिवाली को मिलजुल कर सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक में एपुल्लू सिंह, सतेंद्र गुप्ता, शैलेश जायसवाल, विकाश गुप्ता,साधु जायसवाल,विजय केशरी आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

पुलिया क्षतिग्रस्त, दुर्घटना को दे रहीं दावत

कमालपुर। स्थानीय कस्बा के रमरजाई रोड के हेतमपुर रजवाहा पर बनी काफी पुरानी पुलिया की बाहें क्षतिग्रस्त हो जाने से राहगीरों के लिए मुसीबत बन गई है। कस्बा से रमरजाय चट्टीतक जाने वाली पी डब्लू डी की सात किमी लम्बी सड़क का चौड़ीकरण और कस्बा से जमुर्खा गांव तक आठ सौ मीटर आर सी सी तथा दोनों तरफ पक्की नाली पास होकर कार्य हो रहा है। कस्बा से जमुर्खा गांव तक लगभग कार्य का समापन होने वाला है। कस्बा के अंदर रजवाहा पर बनी पुलिया के ऊपर भी आर सी सी का कार्य पूरा कर दिया गया है। पुलिया काफी पुरानी तथा संकीर्ण बनी हुई है जो इन दिनों उसकी बाहें क्षतिग्रस्त होकर गिर चुकी है। पुलिया से होकर गुजरने वाले छोटे,बड़े वाहन, स्कूली बच्चों के लिए काफी सिरदर्द बनी हुई है। पुलिया के दोनों तरफ काफी गहरा रजवाहा है जो आने जाने वाले के लिए काफी जान लेवा सावित हो रही है। सुबह शाम पुलिया पर गाहे बगाहे गरीब ठेला, खोमचा लगाकर जीवन यापन कर लेते हैं, पुलिया की बाहें क्षतिग्रस्त हो जाने से किनारे पर खड़ा होकर कोई सामान लेने वाले हमेशा भयभीत रहते हैं। कस्बा के रामबदन, दीपू राय, नरसिंह अग्रहरि, सनोज,सीरी कुशवाहा, कन्हैया राम मल्लू आदि ने पीडब्लूडी विभाग का ध्यान आकृष्ट कराते हुए पुलिया की क्षतिग्रस्त बाहों को मरम्मत कराने की मांग की है।



खेत में गिरी धान की फसल देख किसान हुआ मूर्छित

कमालपुर। बरहनी विकास खंड के मुड्डा गांव के पश्चिम तरफ दैथा-मुड्डा तिराहे के पास खेत में बारिश और तेज हवा से बर्बाद हुई धान की फसल देखकर किसान सदमे में अचेत होकर गिर पड़ा। खेत से गुजर रहे ग्रामीणों ने उसे धान की फसल पर बेहोशी की हालत में पड़ा देखा तो तत्काल परिजनों को सूचना दी। इसके बाद परिजन उसे उठाकर घर ले गएएजहां मुंह पर पानी का छिड़काव करने के बाद उसे होश आया। मुड्डा गांव निवासी किसान राजधर तिवारी सोमवार को अपने खेत में गिरी धान की फसल देखने गए थे। खेत में करीब 20 बीघा धान की फसल पूरी तरह जमीन पर धराशाई हो गई है जिसे देख किसान मूर्छित होकर खेत में ही गिर पड़े। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे उनके पुत्र मनीष तिवारी ने किसी तरह उन्हें उठाकर घर लाये। राजधर तिवारी ने बताया कि उनकी करीब 20 बीघा धान की फसल बारिश और तेज हवा के चलते खेत में गिरकर बर्बाद हो गई है। इसमें 14 बीघा खेत में धान की खेती के लिए नौ हजार रुपये प्रति बीघा की दर से पेशगी (अग्रिम) भी दे रखी थी। फसल बर्बाद होने से अब पेशगी की रकम चुकाने की चिंता सता रही है। धान की पैदावार पर ही परिवार की बिजली,पानी, बच्चों की पढ़ाई-लिखाई और अन्य घरेलू जरूरतें निर्भर करती है। फसल नष्ट होने से परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

इलिया । विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ उनमें अनुशासन, सेवा, सहयोग और राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करने के उद्देश्य से रामकृष्ण इंटर कॉलेज तियरी में भारत स्काउट एवं गाइड उत्तर प्रदेश, जनपद चंदौली के तत्वावधान में पांच दिवसीय स्काउट-गाइड प्रगतिशील प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। जिला सचिव वीरेंद्र कुमार सिंह के निर्देशन में आयोजित शिविर का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य कार्तिकेय यादव एवं स्काउट-गाइड प्रभारी दिलीप कुमार मौर्य ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में गाइड की छह तथा स्काउट की पांच टोलियों सहित कुल 11 टोलियों के विद्यार्थी प्रतिभाग कर रहे हैं। उद्घाटन अवसर पर प्रधानाचार्य कार्तिकेय यादव ने कहा कि स्काउट-गाइड केवल एक प्रशिक्षण नहीं, बल्कि जीवन को अनुशासित, आत्मनिर्भर और जिम्मेदार बनाने की ऐसी पाठशाला है, जहां विद्यार्थियों का शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास होता है। इसके माध्यम से बच्चों में सेवा, सहयोग और कठिन परिस्थितियों का सामना करने का आत्मविश्वास पैदा होता है। प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में जिला ट्रेनिंग काउंसलर स्काउट महेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को स्काउट-गाइड के नियम, प्रतिज्ञा, झंडा गीत एवं संगठन के गौरवशाली इतिहास की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर राजमणि वर्मा, शशिकांत पांडेय, अरविंद कुमार, रजनीश कुमार, नंदलाल, अमित कुमार श्रीवास्तव, जितेंद्र प्रताप सिंह, गोपाल सिंह, विजय बहादुर, पारसनाथ, अमित कुमार, अमिताभ सिंह, ज्योति नारायण, विभूति नारायण, वंदना मौर्य, राकेश सोनकर, तनु यादव एवं दिनेश कुमार मौर्य सहित विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।



बिहार समाचार

रसोई गैस पाइपलाइन में विस्फोट ,एक की मौत

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। बिहार में सोमवार को नाला निर्माण के दौरान रसोई गैस पाइपलाइन टूटने के बाद भीषण विस्फोट हो गया। जिसमें एक व्यक्ति के मौके पर जान चली गयी ,जबकि साथ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । विस्फोट में नाला खोद रहे जेसीबी के परखच्चे उड़ गए और कई वाहन इसके चपेट में आने से क्षतिग्रस्त हो गई। यह विस्फोट मुजफ्फरपुर के गोबरसही से डुमरी जाने वाले रास्ते में नाला निर्माण के लिए जेसीबी से खुदाई के दौरान हुआ। घटना के बाद इलाके में अफरा तफरी मच गई ।मौके पर पुलिस और प्रशासन की टीम राहत एवं बचाव कार्य में जुड़ गई।

रेल कर्मियों ने चिकित्सा निदेशक से की कई मांग

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक पूर्व मध्य रेल हाजीपुर के द्वारा डेहरी ऑन सोन स्थित रेलवे हेल्थ यूनिट के निरीक्षण के दौरान ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधियों के बीच की गई। बैठक में रेलकर्मियों एवं उनके परिजनों को नारायण हॉस्पिटल जमुहार में भी इलाज की सुविधा प्रदान करने सहित सोन नगर स्थित हेल्थ यूनिट में एक नए चिकित्सक की पदस्थापन तुरंत करने, डेहरी में नये दंत चिकित्सक की पदस्थापना,भभुआ स्टेशन पर रेलवे अस्पताल खोलने जैसी मांग रखी गई ।डेहरी अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में मेडिसिन उपलब्ध रखने, होम्योपैथिक डॉक्टर को सहायक मंडल अभियंता के अधीनस्थ से स्थानांतरित कर डॉक्टर के अधीनस्थ करने, डेहरी अस्पताल में महिला चिकित्सा देने,हेल्थ निरीक्षक के लिए कार्यालय की व्यवस्था करने एवं रेलकर्मियों की स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न स्थानीय मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में इसीआरकेयू के आग्रह पर पीसी एमडी ने त्वरित काररवाई करते हुए नये चिकित्सक देने, जल्द नारायण हॉस्पिटल में इलाज की सुविधा देने,नये दंत चिकित्सक की पदस्थापना करने की घोषणा और कुछ पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए नियमों के अधीन करवाई का आश्वासन दिया।

इन्द्रपुरी सोन बराज में अवैध कब्जा, खाली करने की अंतिम चेतावनी

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। सोन बराज प्रमंडल, इन्द्रपुरी आवासीय परिसर में सरकारी आवासों पर अवैध रूप से रह रहे लोगों को प्रशासन ने अंतिम चेतावनी दी है। अवर प्रमंडल पदाधिकारी, बराज एवं शिविर अवर प्रमंडल इन्द्रपुरी ने आवश्यक सूचना जारी की है।बताया गया कि कार्यालय पत्रांक 239 दिनांक 1 अक्टूबर के द्वारा अवैध आवासितों को एक माह में सरकारी आवास खाली करने और अवैध विद्युत संयोजन हटाने का निर्देश दिया गया था। निरीक्षण में पाया गया कि किसी भी व्यक्ति ने न तो आवास खाली किया और न ही अवैध बिजली कनेक्शन हटाया, जिससे कानून का पालन न करने की प्रवृत्ति सामने आई।मानवीय आधार पर विचार करते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-164 के तहत समय-सीमा को 01 अक्टूबर से बढ़ाकर 30 नवंबर 2026 तक विस्तारित किया गया है।निर्धारित अवधि तक आवास खाली न करने पर भारतीय न्याय संहिता की धारा-329 और 111 के तहत आपराधिक अतिचार का मामला दर्ज किया जाएगा, जो गैर जमानती अपराध है। साथ ही विद्युत अधिनियम की धारा-135 के तहत भी कार्रवाई होगी।

संक्षिप्त

दिल्ली-एनसीआर में 7 और 8 नवंबर को ही जलेंगे ग्रीन पटाखे, समय भी तय

नयी दिल्ली (आससे.)। सुप्रीम कोर्ट ने दिवाली के मौके पर दिल्ली-एनसीआर में ग्रीन पटाखे जलाने की दो दिन के लिए अनुमति दे दी है। अदालत के आदेश के मुताबिक, 7 और 8 नवंबर को सुबह 6 से 7 बजे तथा रात 8 से 10 बजे तक ही पटाखे जलाए जा सकेंगे। 9 नवंबर से इन पर फिर प्रतिबंध लागू हो जाएगा। अदालत ने स्कूल, कॉलेज, अस्पताल और वृद्धाश्रम के 300 मीटर के दायरे को नो-क्रैकर जोन घोषित किया है। इन क्षेत्रों में पटाखे जलाने की अनुमति नहीं होगी। कोर्ट ने अधिकारियों को इन क्षेत्रों की पहचान कर सार्वजनिक सूचना जारी करने और आदेश का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए हैं।सुप्रीम कोर्ट ने ग्रीन पटाखों की बिक्री के लिए निर्धारित स्थान तय करने, ऑनलाइन बिक्री पर रोक लगाने और अवैध व पारंपरिक पटाखों की बिक्री रोकने के लिए वाहनों की जांच करने को भी कहा है। दुकानों पर जागरूकता संबंधी बैनर लगाने और केवल सीएसआईआर-नीरी से अनुमोदित ग्रीन पटाखे सीलबंद डिब्बों में बेचने के निर्देश भी दिए गए हैं।

भारतीय नौसेना को मिलेंगे आठ आधुनिक कॉर्वेट, 53,800 करोड़ के करार

नयी दिल्ली, 2 नवम्बर। रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना के लिए आठ अगली पीढ़ी के कॉर्वेट युद्धपोतों की खरीद के लिए 53,800 करोड़ रुपये से अधिक के अनुबंध किए हैं। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में नयी दिल्ली में गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड और गोवा शिपयार्ड लिमिटेड के साथ करार पर हस्ताक्षर किए गए। इसके तहत गार्डन रीच पांच और गोवा शिपयार्ड तीन युद्धपोतों का निर्माण करेगा। इनकी डिजाइन भारतीय नौसेना स्वदेशी रूप से तैयार करेगी और निर्माण प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया से चयनित रक्षा सार्वजनिक उपक्रम करेंगे। अत्याधुनिक मिसाइलों, हथियारों और सेंसर प्रणालियों से लैस ये युद्धपोत समुद्री सुरक्षा, पनडुब्बी रोधी अभियानों और तटीय रक्षा में नौसेना की क्षमता बढ़ाएंगे। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इस परियोजना से अगले दस वर्षों में शिपयार्डों में करीब 72 लाख और सहायक उद्योगों तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों में 460 लाख मानव-दिवस के रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। इससे देश के स्वदेशी जहाज निर्माण उद्योग को भी मजबूती मिलेगी।

कोयला उत्पादन में तेजी, अक्टूबर में २.२ करोड़ टन के पार पहुंचा उत्पादन

नयी दिल्ली (आससे.)। देश की कैप्टिव और वाणिज्यिक कोयला खदानों से अक्टूबर में 2.2 करोड़ टन से अधिक कोयला उत्पादन हुआ, जबकि पिछले साल इसी महीने यह आंकड़ा 1.5 करोड़ टन से अधिक था। कोयला मंत्रालय के अनुसार, इस दौरान कोयला प्रेषण भी बढ़कर 2.1 करोड़ टन से अधिक हो गया। मंत्रालय ने बताया कि चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से अक्टूबर के दौरान कोयला उत्पादन पिछले साल के 10.5 करोड़ टन से बढ़कर 11.7 करोड़ टन से अधिक हो गया। वहीं, इस अवधि में कोयला प्रेषण 11.1 करोड़ टन से बढ़कर 12.4 करोड़ टन से अधिक पहुंच गया। मंत्रालय के अनुसार, घरेलू उत्पादन में वृद्धि से कोयला आयात पर निर्भरता घटेगी, विदेशी मुद्रा की बचत होगी और देश की ऊर्जा आपूर्ति व्यवस्था मजबूत होने के साथ आत्मनिर्भर भारत अभियान को गति मिलेगी।

ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय, संत कबीर मार्ग, **वाराणसी** से- **ओम प्रकाश शर्मा** द्वारा मुद्रित और प्रकाशित। **सम्पादक- शार्दूल विक्रम गुप्त,** स्थानीय कार्यकारी **सम्पादक- शिवशंकर व्यास। गोरखपुर:** बैंक रोड, **प्रयागराज:** 3,लीडर रोड, **कानपुर:** बांसमण्डी, **झांसी:** झोंकन बाग, **लखनऊ:** 1,जापलिंग रोड, **आगरा:** महात्मा गांधी रोड, **बरेली:** रोड नं. 3 परसाखेड़ा, **पटना:** फ्रेजर रोड, **रांची:** नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर:** न्यू काली माटी रोड-साकची।

वर्ष-107 पू.सं. 899678131022469
आर. एन. आई. रजिस्ट्रेशन नं. 2026/ 57
फोन:- 2393981 से 2393987 तक
E-Mail:ajvaranasi.1920@gmail.com
Website : www.ajhindidaily.com
पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए ओम प्रकाश शर्मा जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन होंगे।

यहां भी पढ़ें
-:Website:-
www.ajhindidaily.com
-:For e-Paper:-
www.ajhindidaily.com/
आज सौ साल पहले शुरू हुआ था सफर
निःशुल्क ई-पेपर सब्सक्राईब करें।

सूर्योदय : ०५.२२
सूर्यास्त : ०६.४६
तापमान
अधि. : ३६.०
न्यून. : २९.०

आईजीआरएसपर गलत रिपोर्ट लगाने वालोंपर करें सख्त काररवाई-योगी

जनता दर्शनमें शिकायत आनेपर मुख्यमंत्रीने अधिकारियोंको दिये निर्देश

गोरखपुर (आससे.)। गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन आज सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन किया। लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें आश्वस्त किया कि हर समस्या का प्रभावी समाधान सुनिश्चित कराया जाएगा। जनता दर्शन में कुछ लोगों द्वारा आईजीआरएस (समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली) पोर्टल पर गलत रिपोर्ट लगाए जाने की शिकायत प्रस्तुत करने पर मुख्यमंत्री की भृकुटि तन गई। इसे लेकर उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आईजीआरएस पर गलत रिपोर्ट लगाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान देकर समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारण कराया जाए।गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति



भवन के बाहर सोमवार को आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने का निर्देश दिया। सीएम ने समस्या सुनते हुए लोगों को भरोसा दिया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। कुछ लोगों द्वारा जबरन जमीन कब्जाने की शिकायत पर उन्होंने कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अफसरों को यह निर्देश भी दिए कि यदि किसी प्रकरण में पीड़ित को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ा है तो इसकी भी जांच कर जवाबदेही तय की जाए। जनता दर्शन में कुछ लोग इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि इलाज में धन की कमी बाधक नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी। जनता दर्शन में आई एक दिव्यांग युवती ने परिवार की आर्थिक दिक्कत का उल्लेख कर इंटर पास भाई के लिए रोजगार की व्यवस्था कराने का अनुरोध किया।

रोजगार गारंटी योजना में शिकायतों का 15 दिन में होगा निस्तारण

नयी दिल्ली (आससे.)। केंद्र सरकार ने विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जी राम जी के तहत शिकायत निवारण नियम, 2026 अधिसूचित कर दिए हैं। इसके तहत योजना से जुड़ी शिकायतों के निस्तारण के लिए ग्राम पंचायत, ब्लॉक और जिला स्तर पर समयबद्ध व्यवस्था बनाई जाएगी। ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुसार, शिकायतों की जांच सात कार्यदिवस में पूरी करनी होगी और प्राप्ति की तारीख से 15 दिन के भीतर उनका निस्तारण करना अनिवार्य होगा। शिकायतें संबंधित अधिकारी के समक्ष व्यक्तिगत रूप से, स्पीड पोस्ट, फोन या केंद्र सरकार के निर्धारित डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से दर्ज कराई जा सकेंगी। प्रत्येक शिकायत का पंजीकरण और डिजिटल ट्रैकिंग भी की जाएगी। निर्धारित समय में समाधान नहीं होने पर शिकायत को उच्च स्तर पर भेजने की व्यवस्था होगी।

अराजकता से सत्ता हासिल करना चाहती है कांग्रेस-अमित शाह

हैदराबाद (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह लगातार चुनावी हार का सामना करने के बाद अराजकता के जरिये सत्ता हासिल करने और लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने यहां अपनी लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा से पहले एक्स पर एक पोस्ट में यह बात कही। उन्होंने कहा, नागरिकों ने इन हमलों से अपने लोकतंत्र की रक्षा करने के लिए कमर कस ली है।अमित शाह सोमवार शाम इस पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे हैं। यह पदयात्रा बशीरबाग स्थित बाबू जगजीवन राम की प्रतिमा से शुरू हुई। यहां मोअज्जम जही मार्केट तक जाएगी। शाह सोमवार दोपहर को यहां बेगमपेट हवाई अड्डे पहुंचे। वह पदयात्रा में शामिल होने के लिए यहां आए हैं। केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी और तेलंगाना भाजपा के अन्य नेताओं ने हवाई अड्डे पर शाह का गर्मजोशी से स्वागत किया।पदयात्रा में जनता को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने कहा, आज मैं हैदराबाद की इस पवित्र भूमि पर लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ रैली में आप सभी का स्वागत करता हूं। मैं सबसे पहले मां भाग्य लक्ष्मी के चरणों में प्रणाम करता हूं



और सरदार पटेल साहब को भी मनपूर्वक नमन कर अपनी बात की शुरुआत करता हूं। उन्होंने कहा, अगर सरदार उस वक्त निजाम को न झुकाते तो हैदराबाद आज भारत का हिस्सा न होता। वो सरदार साहब ही थे, जिन्होंने हैदराबाद के निजाम को झुकाकर हैदराबाद को भारत का हिस्सा बनाया। तेलंगाना को भारत का हिस्सा बनाया। मैं महान स्वतंत्रता सेनानी कोमराम भीम और रामजी गौड को भी मनपूर्वक प्रणाम करता हूं।इंडिया ब्लॉक की रैली को लेकर शाह ने कहा, आज हैदराबाद में हजारों-हजारों की संख्या सड़क पर खड़ी है। कल दिल्ली में भी एक रैली हुई थी। राहुल जी की रैली हुई थी। इन्होंने कहा वोट बचाओ रैली है। ये वोट बचाओ रैली नहीं थी, घुसपैठिया बचाओ रैली थी। कांग्रेस पार्टी एसआईआर को रोककर देश की मतदाता सूची से बांग्लादेशी घुसपैठियों को बचाना चाहती है। मगर मैं आज कहने आया हूं राहुल जी, रेवंत रेड्डी जी जितना जोर लगाना है लगा लो..भारतीय जनता पार्टी एक-एक घुसपैठिए को मतदाता सूची और देश से बाहर निकालकर ही दम लेगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की इन टिप्पणियों में रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में हुई इंडिया ब्लॉक की रैली का जवाब दिए जाने की उम्मीद थी।

भाजपा-कांग्रेस एक सिक्के के दो पहलू, अखिलेश भ्रमित- आकाश आनंद

सहारनपुर (एजेंसी)। बसपा के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद ने भाजपा और कांग्रेस को एक सिक्के के दो पहलू बताया, जबकि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को भ्रमित नेता करार दिया। उन्होंने अखिलेश यादव के चवन्नी वाले बयान पर भी आपत्ति जताई। आकाश सहारनपुर में सरसावा के गांव सौराना में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने तीनों ही दलों पर जमकर भड़ास निकालते हुए उन्हें दलित विरोधी बताया।आकाश आनंद दोपहर के समय मंच पर पहुंचे। भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि बीते दस साल में सात हजार करोड़ रुपये झूठे विज्ञापनों और बैनरों पर खर्च कर दिए। शिक्षा, रोजगार और पेपर लीक जैसे मुद्दों को उठाकर उन्होंने युवाओं को साधने का प्रयास किया। आरोप लगाया कि सरकार युवाओं को रोजगार नहीं देना चाहती है। इसीलिए जानबूझकर पेपर लीक कराती है। युवाओं को रोजगार चाहिए, मुफ्त का राशन नहीं। कांग्रेस को लेकर कहा कि वह हर काम में बाबा साहब की बात करते हैं, लेकिन उनकी सरकार ने बाबा साहब को भारत रत्न देने में दशकों लगा दिए। बाबा साहब द्वारा संविधान में की गई आरक्षण की व्यवस्था को कांग्रेस की सरकारों ने पूरी तरह लागू नहीं किया।भाजपा और कांग्रेस को एक सिक्के के दो पहलू बताते हुए कहा कि जिन राज्यों में कांग्रेस की सरकार है वहां भाजपा सरकार की तरह काम किया जा रहा है। झारखंड में जब पेपर लीक हुआ तो कांग्रेसी चुप्पी साध गए और आंदोलनकारी युवाओं पर लाठियां तक बरसाईं। जब दिल्ली में जेनजी आंदोलन कर रहे थे तो राहुल गांधी राजनीति चमकाने के लिए आंदोलन में कूद पड़े। भाजपा और कांग्रेस के लिए कहा कि इनमें एक नाग है तो दूसरा शेषनाग है। अखिलेश यादव को उन्होंने भ्रमित नेता बताते हुए कहा कि उन्हें यही नहीं पता कि वह किस दिशा में जा रहे हैं। कभी पीडीए में पी का मतलब पंडित बताते हैं तो कभी पिछड़ा। आकाश आनंद ने जयंत चौधरी को लेकर दिए गए चवन्नी वाले बयान पर भी आपत्ति जताई। उन्होंने सपा सरकार में हुए मुजफ्फरनगर दंगे का भी जिक्र किया।आकाश आनंद ने अपने भाषण के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राहुल गांधी और अखिलेश यादव का कई बार नाम लिया, लेकिन हर बार उनके नाम में श्री और बाद में जी का संबोधन किया। अखिलेश यादव पर बोलते हुए सामने बैठी जनता ने अखिलेश के बारे में कई बार टिप्पणी की। एक युवक ने अखिलेश यादव के बारे में अंकल जी तक बोला।

जजों की नियुक्ति प्रक्रिया पारदर्शी बनाने और कॉलेजियम के फैसलों को आरटीआई के दायरे में लाने की मांग

नयी दिल्ली (आससे.)। सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल कर उच्चतम न्यायालय और हाई कोर्ट के जजों की नियुक्ति प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने तथा कॉलेजियम के फैसलों को सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून के दायरे में लाने की मांग की गई है। गैर सरकारी संगठन लोक प्रहरी की ओर से दायर याचिका में नियुक्तियों के लिए मेमोरेंडम ऑफ प्रोसीजर (एमओपी) को अंतिम रूप देने की मांग भी की गई है। सोमवार को न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक अराधे की पीठ के सामने मामला आया। हालांकि, न्यायमूर्ति नरसिम्हा ने पूर्व में इसी विषय से जुड़े मामले में अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के रूप में पेश होने का हवाला देते हुए सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। याचिका में जजों की नियुक्ति कॉलेजियम की सर्वसम्मत राय से करने, चयन प्रक्रिया में निष्पक्षता, निर्भीकता, पारदर्शिता और शुचिता सुनिश्चित करने तथा नियुक्तियों के लिए स्थायी सचिवालय बनाने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता ने केंद्र सरकार के कानून मंत्रालय को प्रधान न्यायाधीश से परामर्श कर एक महीने के भीतर एमओपी को अंतिम रूप देने का निर्देश देने की भी मांग की है।

गैर सरकारी संगठन लोक प्रहरी की ओरसे दाखिल की गयी याचिका

गौरतलब है कि 1999 में कॉलेजियम व्यवस्था के तहत जजों की नियुक्ति के लिए एमओपी तैयार किया गया था। वर्ष 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) कानून को असंवैधानिक घोषित कर दिया था। इसके बाद नियुक्ति प्रक्रिया में सुधार के लिए एमओपी में बदलाव की प्रक्रिया शुरू हुई, लेकिन केंद्र और कॉलेजियम के बीच मतभेदों के कारण इसे अब तक अंतिम रूप नहीं दिया जा सका है।

रूस और चीन हमारी जासूसी करते हैं-ट्रंप

वॉशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार (स्थानीय समयानुसार) को अपने मध्यावधि चुनाव प्रचार अभियान का समापन किया। इस दौरान एक रैली में अपने संबोधन में उन्होंने ईरान पर अमेरिकी हमले का बचाव किया, तेल की कीमतों को लेकर अपना पक्ष रखा और चीन -रूस की जासूसी को लेकर भी बड़ा बयान दिया। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका जासूसी का ये काम उनसे कहीं बेहतर तरीके से करता है। आयोवा के डुबुक में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए ट्रंप ने चीन और रूस की जासूसी को लेकर जताई गई चिंताओं को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि किसी ने मुझसे कहा कि चीन हमारी जासूसी कर रहा है। मैंने कहा, हां और हम भी उनकी जासूसी कर रहे हैं। इस बारे में चिंता न करें। उन्होंने आगे कहा कि चीन और रूस हमारी जासूसी कर रहे हैं। मैंने कहा, यह सच है। और हम भी उनके साथ ऐसा ही कर रहे हैं। लेकिन हम उनसे कहीं बेहतर तरीके से ऐसा करते हैं। इसलिए, इस बात की चिंता न करें। ट्रंप ने कहा कि ईरान के पास अब न तो कोई सैन्य क्षमता बची है और न ही बातचीत करने के लिए कोई नेता। उन्होंने कहा कि हमने इसकी शुरुआत नहीं की थी, लेकिन हम इसे खत्म कर रहे हैं। हम उनकी अच्छे से धुनाई कर रहे



हैं। ट्रंप ने कहा कि उनके पास न तो रडार है, न ही विमान-रोधी हथियार और न ही कोई नेता। शायद हम नेताओं के मामले में कुछ ज्यादा ही आगे निकल गए हैं (इसका मतलब शीर्ष ईरानी नेतृत्व की हमलों में मौत से है), अब बात करने के लिए कोई बचा ही नहीं है। मैं किसी ऐसे व्यक्ति को खोजने की कोशिश कर रहा हूं जिससे बात की जा सके, लेकिन कोई भी राष्ट्रपति नहीं बनना चाहता। डुबुक में दो घंटे से कुछ अधिक समय तक बोलने के बाद ट्रंप अपने मध्यावधि अभियान की आखिरी रैली के लिए कंसास के सलीना रवाना हो गए। सलीना की रैली में, ट्रंप ने फिर से अर्थव्यवस्था का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि पिछले तीन महीनों में आपकी महंगाई दर 1.7 प्रतिशत तक गिर गई है। मुझे स्लीपी (सुस्त) जो बाइडेन से विरासत में ऊंची कीमतें मिली थीं; मैंने ये कीमतें नहीं बढ़ाईं। उन्होंने कहा, मैंने ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोका है। साथ ही उन्होंने यह भी जोड़ा कि तेल की कीमतें बाइडेन और बराक हुसैन ओबामा के समय की तुलना में काफी कम हैं। ट्रंप ने ईंधन की ऊंची कीमतों को देश और दुनिया की सुरक्षा के लिए चुकाई जाने वाली एक बहुत छोटी कीमत बताते हुए कहा, जब यह संघर्ष खत्म हो जाएगा, तो कीमतें तेजी से नीचे आ जाएंगी।

बोले -शुरू उन्होंने किया, खत्म हम कर रहे

राहुल के जवाब में गोरखपुर में पदयात्रा निकालेंगे नितिन नवीन

गोरखपुर (आससे.)। कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों की ओर से संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाने और जनता को गुमराह करने के विरोध में भाजपा प्रदेशभर में तीन दिवसीय शांति पदयात्रा निकालेगी। पार्टी ने इसे %लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ% नाम दिया है। अभियान के तहत चार नवंबर को गोरखपुर में होने वाली पदयात्रा का नेतृत्व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इसमें शामिल होंगे। भाजपा ने गोरखपुर क्षेत्र से करीब 40 हजार कार्यकर्ताओं और आम लोगों की भागीदारी का लक्ष्य रखा है।रविवार को एनेक्सी भवन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने और जनता के मन में भ्रम पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं। भाजपा पदयात्रा के माध्यम से जनता के बीच जाकर इसका जवाब देगी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र केवल चुनाव जीतने तक सीमित नहीं है, बल्कि संविधान और उसकी संस्थाओं की मर्यादा व सम्मान भी जरूरी है।

शेष

राहुलने..

उनके बारे में क्या जानते हैं।राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर प्रधानमंत्री मोदी को सीधे निशाने पर लिया। उन्होंने लिखा, मोदी जी, इस देश से झूठ बोलना बंद कीजिए। आप विदेशी मदद से प्रधानमंत्री बने और विदेशी मदद से ही प्रधानमंत्री बने हुए हैं। राहुल ने आगे आरोप लगाया कि देश की आर्थिक व्यवस्था पूरी तरह विदेशियों के नियंत्रण और समर्थन में है। उन्होंने यह भी दावा किया कि विदेशी सोशल मीडिया पूरी तरह प्रधानमंत्री मोदी के साथ खड़ा है।राहुल गांधी ने अपनी पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी को खुली बहस की चुनौती दी। उन्होंने लिखा, %मैं आपको इस मुद्दे पर खुली बहस की चुनौती देता हूं। कोई भी मंच, किसी भी समय। हिम्मत है तो आइए।% राहुल ने बहस के लिए न तो किसी खास जगह का नाम लिया और न ही कोई तारीख या समय तय किया। उन्होंने प्रधानमंत्री को अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी मंच पर आने की चुनौती दी। इसके बाद राहुल ने कहा, %आप नहीं आएंगे, क्योंकि जो मैं आपके बारे में जानता हूं आप उससे डरते हैं।% इस तरह उन्होंने बहस की चुनौती के साथ प्रधानमंत्री पर यह आरोप भी लगाया कि वह उनके पास मौजूद जानकारी से डरते हैं। हालांकि, राहुल ने यह नहीं बताया कि वह प्रधानमंत्री के बारे में किस जानकारी की बात कर रहे हैं।

ईडी..

पर रोक लगाई थी, लेकिन उनकी दोषसिद्धि पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। इसके बाद 31 अक्तूबर को दोनों रामपुर जेल से रिहा हुए। हालांकि, जेल के बाहर मौजूद ईडी की टीम ने आजम खान को हिरासत में ले लिया। ईडी ने यह कार्रवाई मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय से जुड़े कथित वित्तीय अनियमितताओं और मनी लॉन्ड्रिंग के अलग मामले में की थी। इसके बाद रविवार को गाजियाबाद की विशेष पीएमएलए अदालत ने आजम खान को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अब उन्होंने ईडी की इस कार्रवाई को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

बरेली...

कार्रवाई नहीं की। इसके बाद 29 अक्तूबर को पुलिस कार्यालय से निर्देश दिए जाने के बावजूद पीड़िता के सिर में गंभीर चोट होने पर भी एफआईआर दर्ज नहीं की गई। मामले में जनसुनवाई के प्रति लापरवाही और पदीय दायित्वों का निर्वहन न करने की बात सामने आने पर एसएसपी ने कार्रवाई की। निलंबित होने वालों में सीबीगंज थानाध्यक्ष विनोद सिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार और उप निरीक्षक अश्वनी शर्मा शामिल हैं। एसएसपी अनुराग आर्य ने तीनों के खिलाफ विभागीय जांच के निर्देश दिए हैं।

सोनिया...

नेताओं की यह बैठक गठबंधन की आगे की रणनीति के संकेत देती है।रामलीला मैदान की रैली में तेजस्वी यादव ने वोट चोरी के मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में वोट चोरी की शुरुआत बिहार से हुई। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को %दो नंबरी सरकार% बताते हुए उन्होंने कहा कि रामलीला मैदान में इस बार वोट चोरों के खिलाफ महाभारत का आयोजन किया गया है। महाभारत के शकुनि और उसके पासों का उदाहरण देते हुए तेजस्वी ने चुनावी प्रक्रिया में कथित गड़बड़ी का आरोप लगाया। उन्होंने इस लड़ाई को देश के मतदाताओं और धोखेबाजों के बीच की लड़ाई बताया।तेजस्वी ने अपने संबोधन में आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव का भी जिक्र किया। उन्होंने विपक्षी दलों से एकजुट होकर भाजपा को हराने का आह्वान किया। इससे साफ है कि राजद इस मुद्दे को केवल बिहार तक सीमित नहीं रखना चाहता, बल्कि इसे राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष की साझा राजनीतिक मुहिम बनाना चाहता है। बिहार की राजनीति में कांग्रेस और राजद का साथ बने रहना इंडिया गठबंधन के लिए महत्वपूर्ण है। राजद के पास राज्य में अपना मजबूत संगठन और सामाजिक आधार है, जबकि कांग्रेस का राष्ट्रीय नेटवर्क और अन्य विपक्षी दलों के साथ समन्वय की भूमिका है। काफी समय से दोनों दलों के बीच तालमेल बना हुआ है तो विपक्ष को साझा मुद्दों पर आवाज उठाने, कार्यकर्ताओं को एकजुट रखने और भाजपा के खिलाफ राजनीतिक अभियान चलाने में मदद मिलती रही है।

राम मंदिर...

की पीठ को सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि एसआईटी की जांच में चढ़ावे की रकम की गिनती के दौरान चोरी होने की बात सामने आई है। कुछ आरोपियों ने चोरी की रकम से संपत्तियां खरीदीं, जबकि कुछ ने धनराशि बैंक खातों में जमा कर रखी है।पीठ ने याचिकाकर्ताओं को इस मामले की सुनवाई के दौरान अयोध्या की स्थानीय अदालत की सहायता करने की अनुमति भी दी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि उसने मामले के गुण-दोष पर कोई राय व्यक्त नहीं की है।

कांग्रेसने...

करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया है। इसके बावजूद सरकार बैंक में अपनी हिस्सेदारी बेचकर उसका नियंत्रण और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक का दर्जा समाप्त करने जा रही है। गोहिल के मुताबिक, सरकार और एलआईसी की कुल 62.72 प्रतिशत हिस्सेदारी 52,878 करोड़ रुपये में बेचने की प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरती गई। उन्होंने सवाल उठाया कि पहले बैंक का मूल्यांकन 94.42 रुपये प्रति शेयर किया गया था, लेकिन बाद में इसे घटाकर 75 रुपये कर दिया गया। इसके बाद 81 रुपये प्रति शेयर की दर से बिक्री का फैसला किया गया। उन्होंने दोनों मूल्यांकन रिपोर्ट सार्वजनिक करने और दूसरे बोलीदाता की जानकारी देने की मांग की। गोहिल ने कहा कि 2003 में तत्कालीन वित्त मंत्री जसवंत सिंह ने संसद में आश्वासन दिया था कि आईडीबीआई बैंक में सरकार की हिस्सेदारी कभी 51 प्रतिशत से कम नहीं होगी। उन्होंने सवाल किया कि मोदी सरकार इस आश्वासन के विपरीत बैंक को विदेशी कंपनी के हाथों क्यों सौंप रही है।

मानदेय...

स्वास्थ्य सुरक्षा को भी प्राथमिकता दी है। अब उन्हें अपने परिवार के साथ हर साल 5 लाख रुपये तक कैशलेस इलाज का प्रावधान है। सरकारी अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों और सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में जरूरत होने पर इसका लाभ ले सकती हैं। इसके अलावा अब तक मिलने वाली दो साड़ियों के स्थान पर तीन साड़ियां दी जाएंगी। इसके लि

अनुभवहीन तेज गेंदबाजी भारतके लिए चिंताका विषय

न्यूजीलैण्ड के साथ पहले एकदिनी में टीम प्रबंधन के सामने गेंदबाजी संयोजन तय करना बड़ी चुनौती

आकलैंड (एजेन्सियां)। न्यूजीलैण्ड के खिलाफ बुधवार से शुरू होने वाली पांच मैचों की एकदिनी श्रृंखला में भारतीय टीम प्रबंधन के सामने गेंदबाजी संयोजन तय करना बड़ी चुनौती होगी क्योंकि गुरनूर बराड़, अंशुल कंबोज, आकिब नबी और यश ठाकुर के पास अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का अनुभव बेहद कम है। इन चारों ने मिलकर अब तक केवल ११ एकदिनी मुकाबले खेले हैं। ऐसे में अनुभवी और संतुलित न्यूजीलैण्ड टीम के खिलाफ भारतीय गेंदबाजों की परीक्षा होना तय है। बीसीसीआई की ओर से श्रृंखला में दो अतिरिक्त एकदिनी मुकाबले शामिल किए जाने के फैसले को लेकर अलग-अलग नजरिये हो सकते हैं। इसे कोई न्यूजीलैण्ड क्रिकेट (एनजेडसी) के लिए रोहित शर्मा और विराट कोहली के इस देश के आखिरी दौरे का व्यावसायिक लाभ उठाने का अवसर मान सकता है तो कोई इसे खराब कार्यक्रम प्रबंधन का नतीजा मान रहा है। इस बदलाव के कारण भारत को कमजोर गेंदबाजी आक्रमण के साथ मैदान पर उतरना पड़ सकता है। गौर करने वाली बात यह है कि एकदिनी टीम में शामिल सभी गेंदबाज न्यूजीलैण्ड की धरती पर अपनी पहली एकदिनी श्रृंखला खेलेंगे। मोहम्मद सिराज ५१ एकदिनी में ७७ विकेट के साथ भारतीय आक्रमण के सबसे अनुभवी गेंदबाज हैं। इस बात की संभावना है कि वह शुरुआती तीन मुकाबलों के बाद टेस्ट क्रिकेट की तैयारियों के लिए टीम से अलग हो जायेंगे। टीम के एकमात्र तेज गेंदबाज हरफनमौला नीतिश कुमार रेड्डी भी पहले एकदिनी के बाद विश्व टेस्ट



चैम्पियनशिप की तैयारियों के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। ऐसे में आखिरी दो एकदिनी में १८ एकदिनी का अनुभव रखने वाले अर्शदीप सिंह पर गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई की जिम्मेदारी होगी। उनके अलावा गुरनूर बराड़ (नौ एकदिनी), अंशुल कंबोज (एक एकदिनी) और आकिब नबी (एक एकदिनी) टीम का हिस्सा हैं। अंतिम दो एकदिनी के लिए टीम में शामिल यश ठाकुर ने अभी एकदिनी पदार्पण नहीं किया है। श्रृंखला के शुरुआती तीन एकदिनी में सिराज और अर्शदीप का अंतिम एकादश में खेलना लगभग तय माना जा रहा है, लेकिन तीसरे तेज गेंदबाज के लिए गुरनूर, कंबोज और आकिब के बीच मुकाबला होगा। गुरनूर ने अब तक नौ एकदिनी खेले हैं लेकिन उनकी इकानमी रेट ७.७१ रन प्रति ओवर रहा है। छह फुट पांच इंच लंबे गुरनूर के पास अतिरिक्त गति और उछाल हासिल करने की क्षमता है। कंबोज और आकिब की औसत गेंदबाजी गति करीब १३५ किलोमीटर प्रति घंटा है लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सीमित अनुभव के कारण उन्हें अलग-अलग मैच परिस्थितियों को समझने और दबाव के क्षणों में रणनीति को सही तरीके से लागू करने में परेशानी हो सकती है। भारतीय एकदिनी टीम में मौजूदा गेंदबाजों में सबसे सफल स्पिनर कुलदीप यादव की भूमिका भी अहम हो सकती है। १२४ मैचों में २०१ विकेट ले चुके कुलदीप उपमहाद्वीप के बाहर की परिस्थितियों में टीम संयोजन के हिसाब से चयन के विकल्प बन जाते हैं। मुख्य कोच गौतम गंभीर की रणनीति में आठवें नंबर तक बल्लेबाजी की गहराई रखने पर जोर दिया जाता है। ऐसे में कुलदीप को अंतिम एकादश में जगह देना टीम प्रबंधन के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है।


ध्रुव का शतक, बड़ौदा की यूपी के खिलाफ सधी शुरुआत

रणजी ट्राफी
हर्ष ने लिए नौ विकेट



कानपुर। ध्रुव पटेल (१२४) के शानदार शतक के दम पर बड़ौदा ने ग्रीन पार्क स्टेडियम में रणजी टाफी ग्रुप-ए के मुकाबले में मेजबान उत्तर प्रदेश के खिलाफ सधी शुरूआत करते हुए ८७ ओवर में छह विकेट पर २६९ रन का स्कोर बना लिया। स्टंप के समय कप्तान अतीत सेठ नौ और मनन सोलंकी ११ रन बनाकर खेल रहे थे। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बड़ौदा की टीम ने सभलकर शुरूआत की। ध्रुव पटेल और शिवालिक शर्मा के बीच पहले विकेट के लिए भले ही बड़ी साझेदारी नही हुई लेकिन दोनों ने १६ ओवर विकेट पर निकाले। उत्तर प्रदेश को पहली सफलता कार्तिक यादव ने १६वें ओवर की अंतिम गेंद पर शिवालिक २० रन को बोल्ड कर दिलायी। प्रियांशु मौर्या केवल पांच रन बनाकर यश दयाल की गेंद पर अपना स्टंप उखड़वा बैठे। ५५ रन पर दो विकेट गिर जाने के बाद ध्रुव ने शाश्वत रावत के साथ ८६ रनों की साझेदारी कर टीम का स्कोर १४१ रन पर पहुंचाया। इसी स्कोर पर करन शर्मा ने शाश्वत (४७) को अपन शिकार बना लिया। इसके बाद ध्रुव ने मितेश पटेल के साथ शतकीय साझेदारी कर मेजबान गेंदबाजों का कड़ा इम्तिहान लिया। ध्रुव शतक लगाने के बाद १२४ रन के निजी स्कोर पर करन के शिकार हुए। उन्होने अपनी पारी के दौरान १७ चौके लगाये। मितेश (४९) को कार्तिक ने चलता किया। जबकि इसी ओवर में कार्तिक ने राज लिम्बानी शून्य को भी अपना शिकार बनाया। इसके बाद मनन और अतीत ने और कोई विकेट नही गिरने दिया। करन शर्मा ने तीन तथा कार्तिक यादव ने दो विकेट लिये। नागपुर में बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे ने ५३ रन देकर नौ विकेट चटकाए जिससे विदर्भ ने एलीट ग्रुप ए मुकाबले में मध्य प्रदेश को २०९ रन पर समेट दिया। इसके जवाब में मेजबान विदर्भ ने दिन का खेल समाप्त होने तक २३ ओवर में चार विकेट पर ५६ रन बनाये। कप्तान अक्षय वाडकर नौ जबकि ध्रुव शौरी ५६ गेंद में २१ रन बनाकर खेल रहे हैं। मध्य प्रदेश की ओर से बाएं हाथ के स्पिनर कुमार कार्तिकेय ने तीन जबकि आवेश ने एक विकेट लिया। पहले दिन के खेल के दौरान कुल १४ विकेट गिरे। मध्य प्रदेश ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन उसकी टीम ६६.१ ओवर में पवेलियन लौट गयी। मध्य प्रदेश की ओर से अथर्व महाजन ने सबसे अधिक ८५ रन बनाये। उन्होंने १२३ गेंद की अपनी पारी में पांच चौके और तीन छक्के लगाये। सारांश जैन ने ४१ गेंद में ३४ रन का योगदान दिया, जबकि आवेश खान १३ रन बनाकर नाबाद रहे। पणजी में गोवा ने स्नेहल कोथांकर (११६) के शतक और अभिनव तेजराणा (७३) के अर्द्धशतक से बिहार के खिलाफ छह विकेट पर २८८ रन बनाये। श्रीनगर में पुडुचेरी ने नेयन श्याम कंगायन (७०) और मोहित काले (७३) के अर्द्धशतक से जम्मू-कश्मीर के खिलाफ छह विकेट पर २६१ रन बनाये। गुवाहाटी में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज रोहन पाटिल और मयंक अग्रवाल के अर्द्धशतकों की मदद से कर्नाटक ने ग्रुप बी मुकाबले में असम के खिलाफ अपनी स्थिति मजबूत कर ली। असम की पहली पारी महज १३५ रन पर समेटने के बाद कर्नाटक ने दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर १८० रन बना लिए। कर्नाटक को आठ विकेट शेष रहते पहली पारी के आधार पर ४५ रन की बढ़त हासिल हो गयी। रोहन पाटिल ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए ८७ गेंदों में ८९ रन (१३ चौके, एक छक्का) बनाये जबकि मयंक अग्रवाल ९५ गेंदों पर ५७ रन बनाकर नाबाद है। दोनों ने पहले विकेट के लिए १२९ रन की साझेदारी कर कर्नाटक को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। खराब रोशनी के कारण दिन का खेल जल्दी रोकना पड़ा। उस समय अग्रवाल के साथ केवी अनीश सात रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। ग्रुप के अन्य मुकाबलों में अगरतला में त्रिपुरा ने श्रीदम पाल ने ८६ और सेंटू सरकार ने ४६ रन के बूते सौराष्ट्र के खिलाफ पहले दिन सात विकेट पर २१९ रन बनाए। सौराष्ट्र के लिए पार्थ भूत ने तीन विकेट लिए।

न्यूजीलैण्ड ए को बढ़त लेने से नहीं रोक पाए मुकेश, सिराज



अनौपचारिक टेस्ट

क्राइस्टचर्च (एजेन्सियां)। मुकेश कुमार (५-८७) और मोहम्मद सिराज (४-११८) की उम्दा गेंदबाजी के बावजूद न्यूजीलैण्ड ए ने भारत ए के खिलाफ दूसरे अनौपचारिक टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन सोमवार को यहां पहली पारी में ७८ रन की बढ़त हासिल कर ली। न्यूजीलैण्ड का स्कोर एक समय आठ विकेट पर ३३८ रन था लेकिन इसके बाद उसने अंतिम दो विकेट गंवाने से पहले ८६ रन जोड़े। इस तरह से उसकी टीम भारत के ३४६ रन के जवाब में ४२४ रन बनाने में सफल रही। भारत ए ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के ३२ रन बनाये और इस तरह से वह अभी न्यूजीलैंड की टीम से ४६ रन पीछे है। स्टंप के समय यशस्वी जायसवाल २० और साई सुदर्शन ११ रन पर खेल रहे थे। न्यूजीलैण्ड की पारी का आकर्षण मैथ्यू बायल के ११० और डीन फाक्सक्राफ्ट के ९३ रन रहे। यह दोनों हालांकि अपने कल के स्कोर में खास इजाफा नहीं कर पाए। सिराज के लय में लौटने से भारतीय टीम प्रबंधन को बड़ी राहत मिली होगी क्योंकि उन्होंने उस मैदान पर अच्छा प्रदर्शन किया जिस पर दूसरा टेस्ट मैच खेला जायेगा। भारत और न्यूजीलैण्ड के बीच टेस्ट श्रृंखला १९ नवम्बर से शुरू होगी। सिराज ने ३५ ओवर गेंदबाजी की जिससे मुख्य कोच गौतम गंभीर और मोर्ने मोर्कल खुश होंगे। सिराज इस मैच के बाद एकदिनी टीम से जुड़ जायेंगे। सिराज ने नयी गेंद से प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उन्हें दूसरे छोर से मुकेश का भी अच्छा साथ मिला। सिराज हालांकि गेंद पुरानी पड़ जाने पर खास जलवा नहीं दिखा पाए। मैच के तीसरे दिन सुबह सिराज ने अपनी पहली ही गेंद पर विकेट लिया। यह दिन का दूसरा ओवर था और दूसरे दिन शतक लगाने वाले बायल को एक ऐसी गेंद मिली जो स्विंग होती हुई उनके बल्ले का किनारा लेकर देवदत्त पडिक्कल के हाथों में पहुंच गयी जिन्होंने बायीं तरफ डाइव लगाकर उसे लपक लिया। बायल और फाक्सक्राफ्ट ने चौथे विकेट के लिए २०८ रन जोड़े। भारत के दूसरी नयी गेंद लेने के बाद फाक्सक्राफ्ट ज्यादा देर तक नहीं टिक पाए। सिराज की एक तेज इन-कटर उनके पैड से टकराई और वह पगबाधा हो गये। न्यूजीलैण्ड की टीम ने चाय की विश्राम तक सात विकेट पर २९१ रन बनाये थे। मुकेश ने एक बार फिर नयी गेंद से अपना दबदबा दिखाया। उनकी आउटस्विंगर गेंद पर मिच हे (३१) ने विकेट के पीछे ध्रुव जुरेल को कैच दे दिया। इसके बाद सिराज ने ब्रेट रैंडेल (पांच) को इन-कटर पर बोल्ड किया। चाय सत्र के बाद क्रिस्टियन क्लार्क (४१), फ्रेजर शीट (४०), जेडन लेनोक्स (३२) और जारोड मैकाय (३३) ने महत्वपूर्ण पारियां खेली जिससे न्यूजीलैण्ड ए ने बढ़त हासिल कर ली।

बारिश में धुला चेन्नई ओपन का पहला दिन

चेन्नई (एजेन्सियां)। लगातार बारिश के कारण सोमवार को डब्ल्यूटीए २५० चेन्नई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के मुख्य ड्रा के पहले दिन का पूरा खेल धुल गया और निर्धारित १० मुकाबलों में से एक भी नहीं हो सका। मुकाबले दोपहर तीन बजे शुरू होने थे लेकिन दोपहर में लगातार बूंदाबांदी के बाद तेज बारिश होने लगी जिससे कोर्ट खेलने लायक नहीं रहे। इसके बाद आयोजकों को दिन के पूरे कार्यक्रम को रद करना पड़ा। आयोजकों ने सभी मुकाबलों को मंगलवार के लिए पुनर्निर्धारित किया है। खेल सुबह ११ बजे शुरू होगा और महिला एकल के पहले दौर के सभी १६ मुकाबले खेले जायेंगे। डब्ल्यूटीए निरीक्षक शीतल अय्यर ने मौसम में सुधार होने की स्थिति में शाम को कम से कम कुछ मुकाबले शुरू कराने की संभावना भी तलाशी। शीतल टूर स्तर पर यह जिम्मेदारी संभालने वाली पहली भारतीय महिला हैं। हालांकि रात ११ बजे के बाद किसी मुकाबले को शुरू करने की अनुमति नहीं होने और मौसम की स्थिति लगातार बिगड़ने के कारण अधिकारियों के पास दिन का खेल रद करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा।

घरेलू टेस्ट मैच में ही मुझे माना जा रहा उपयोगी

-सरफराज खान

मुम्बई (एजेन्सियां)। मध्यक्रम के बल्लेबाज सरफराज खान ने सोमवार को दावा किया कि भारतीय टीम प्रबंधन उन्हें फिलहाल केवल घरेलू परिस्थितियों में टेस्ट क्रिकेट के लिए ही उपयोगी मान रहा है। चयनकर्ताओं या टीम प्रबंधन की ओर से उन्हें उनकी भूमिका को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गयी है। रेलवे के खिलाफ रणजी मैच में ५५ गेंद में शतक जड़ने वाले सरफराज ने विदेशी दौरों पर टीम में जगह नहीं मिलने पर भी सवाल उठाए और कहा कि उन्होंने भारत के बाहर भी रन बनाए हैं। रेलवे के खिलाफ मुम्बई के रणजी ट्राफी मुकाबले के पहले दिन का खेल समाप्त होने के बाद सरफराज ने कहा जब मैं भारतीय टीम के साथ था तो मैंने यही सुना कि वे मुझे भारतीय परिस्थितियों में खेलने के लिए ज्यादा देख रहे हैं। किसी चयनकर्ता ने हालांकि मुझसे सीधे तौर पर ऐसा नहीं कहा है। फरवरी २०२४ में टेस्ट पदार्पण करने वाले सरफराज ने अब तक अपने करियर के सभी छह टेस्ट मैच भारत में खेले हैं। हाल ही में श्रीलंका दौरे पर भी वह चोटिल साई सुदर्शन के स्थान पर भारतीय टीम में शामिल किए गए थे लेकिन उन्हें अंतिम एकादश में खेलने का मौका नहीं मिला। उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट २०२४ में न्यूजीलैण्ड के खिलाफ मुम्बई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला था। सरफराज ने विदेशी दौरों के लिए टीम में चयन नहीं होने पर हैरानी जताई। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका और इंगलैण्ड में अभ्यास मैचों में बनाए गए शतकों का हवाला दिया। उन्होंने कहा जब मैं दक्षिण अफ्रीका गया था तो वहां अभ्यास मैच में भारत ए का प्रतिनिधित्व करते हुए ६३ गेंदों में शतक बनाया था। इसके बाद इंगलैण्ड में भी मैंने ७६



गेंदों में १०१ रन की पारी खेली थी। उन्होंने कहा ऐसा नहीं है कि मैंने भारत के बाहर रन नहीं बनाए हैं। मैंने वहां भी रन बनाए हैं। यह चयनकर्ताओं का नजरिया है और उनका फैसला है। मेरा काम क्रिकेट खेलना है।

अथलेटिक्स : विकास, हरित को रजत





वाराणसी। वाराणसी मण्डल के विकास कुमार और हरित चौधरी ने प्रयागराज में खेली जा रही प्रदेशीय विद्यालयीय अथलेटिक्स प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल किया। विकास ने जहां अन्डर-१७ बालक वर्ग की लम्बी कूद स्पर्धा में सात मीटर छलांग लगाकर चांदी का तमगा पहना, वही हरित ने अन्डर-१९ आयु वर्ग की २०० मीटर की दौड़ २१.५० सेकेंड पूरी कर चांदी का तमगा हासिल किया। इससे पहले हरित १०० मीटर में भी रजत पदक जीत चुके हैं। दोनों खिलाड़ी विकास इण्टर कालेज में अध्ययनरत हैं। दोनों की इस उपलब्धि पर संयुक्त शिक्षा निदेशक दिनेश कुमार सिंह, विकास एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन डाक्टर एके सिंह और मण्डलीय क्रीड़ा सचिव राजेश कुमार सिंह ने बधाई दी।

अभिनव, औसाफ और पंकज यूपी टीममें

वाराणसी। वाराणसी के अभिनव कुमार, मोहम्मद औसाफ अली खान और पंकज कुमार का चयन उत्तर प्रदेश की अण्डर-१७ फुटबाल टीम में किया गया है। विकास इण्टर कालेज के १२वीं कक्षा के तीनों छात्र राष्ट्रीय विद्यालयीय फुटबाल प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश की टीम की ओर से खेलते नजर आयेंगे। यह जानकारी कालेज के प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार भारती ने दी।

आईपीएल रिटेंशन की डेडलाइन दो दिन बढ़ी

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। बीसीसीआई ने आईपीएल-२०२७ मिनी आक्शन से पहले खिलाड़ियों को टीम में बनाए रखने और रिलीज करने की तारीख दो दिन बढ़ा दी है। अब सभी १० फ्रेंचाइजी १७ नवम्बर तक अपनी लिस्ट सौंप सकेंगी। पहले इसकी आखिरी तारीख १५ नवम्बर थी। आक्शन की तारीख और जगह में कोई बदलाव नहीं किया गया है। खिलाड़ियों की नीलामी १६ दिसम्बर को गोवा में ही होगी। यह फैसला भारत और न्यूजीलैण्ड के बीच १५ नवम्बर को होने वाले पांचवें और आखिरी एकदिनी मैच को देखते हुए लिया गया है। यह मुकाबला न्यूजीलैण्ड के माउंट माउंगानुई स्थित बे ओवल मैदान पर खेला जायेगा।

प्रो लीग में नयी टीम उतारेगा भारत

ओलम्पिकसे पहले बदलाव की तैयारी में जुटे फुल्टन

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। भारत ने २०२८ में लास एंजिलिस में होने वाले ओलम्पिक खेलों को ध्यान में रखते हुए टीम में बदलाव की प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी कर ली है। भारतीय पुरुष हाकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन के मुताबिक प्रो लीग के लिए नयी टीम तैयार की जायेगी और इसी के साथ २०२७-२८ के ओलम्पिक चक्र की शुरुआत होगी। भारत को फरवरी में प्रो लीग के घरेलू चरण में जर्मनी, अर्जेंटीना, ग्रेट ब्रिटेन और स्पेन जैसी मजबूत टीमों का सामना करना है। मुख्य कोच ने कहा कि इस प्रतियोगिता के लिए टीम का चयन नये सिरे से किया जायेगा। हालांकि खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए ज्यादा समय नहीं मिल पायेगा क्योंकि वे अपनी-अपनी फ्रेंचाइजी में लौट जायेंगे। भारतीय टीम इस महीने एशियाई चैम्पियंस ट्राफी के बाद न्यूजीलैण्ड का दौरा करेगी। भारत के पहले ऐतिहासिक हाकी दौरे के १०० साल पूरे होने के उपलक्ष्य में दोनों देशों के बीच विशेष अंतरराष्ट्रीय टेस्ट श्रृंखला खेली जायेगी। भारतीय टीम १९, २१ और २२ नवम्बर को आकलैंड में तीन टेस्ट मैच खेलेगी। फुल्टन ने बताया कि न्यूजीलैण्ड दौरे के लिए टीम को अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है। आने वाले दिनों में टीम की घोषणा की जायेगी। उन्होंने कहा कि इस दौरे पर खिलाड़ियों के विकल्पों को परखने और टीम में बदलाव की संभावनाओं को तलाशने का मौका मिलेगा। फुल्टन ने टीम में लगातार हो रहे बदलावों का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत ने तीन बार एशियाई चैम्पियंस ट्राफी में हिस्सा लिया है और हर बार टीम अलग रही है। चेन्नई में २०२३ में खेलने वाली टीम हुलुनबुइर में २०२४ में खेलने वाली टीम से अलग थी। पिछली टीम के



बाद से भारतीय टीम में नौ खिलाड़ियों को बदला जा चुका है। फुल्टन ने विश्वकप में टीम के प्रदर्शन की समीक्षा करते हुए माना कि बड़े मुकाबलों में गोल करने और रक्षात्मक गलतियों को रोकने में भारतीय टीम नाकाम रही। उनके मुताबिक टीम को अपनी अग्रिम पंक्ति और रक्षापंक्ति दोनों में सुधार करना होगा।

प्रणय करेंगे भारतीय चुनौती की अगुवाई, लक्ष्य हटे



यिओसु (एजेन्सियां)। जर्मनी में हाइलो ओपन का खिताब जीतने वाले भारतीय बैडमिण्टन खिलाड़ी लक्ष्य सेन कोरिया ओपन से हट गये हैं जिसके बाद मंगलवार से यहां शुरू होने वाले इस पांच लाख डालर इनामी सुपर ५०० टूर्नामेंट में अनुभवी एचएस प्रणय भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। लक्ष्य को पहले दौर में चीन के डोंग तियान याओ से भिड़ना था लेकिन उन्होंने टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया है। विश्व चैम्पियनशिप २०२३ के कांस्य पदक विजेता प्रणय अपने अभियान की शुरुआत दक्षिण कोरिया के यू ताए बिन के खिलाफ करेंगे। ३३ वर्षीय प्रणय अंतरराष्ट्रीय सर्किट में भारत के सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक हैं और लक्ष्य की गैरमौजूदगी में पुरुष एकल में उन पर बड़ी जिम्मेदारी होगी। पुरुष एकल में चीनी ताइपे के शीर्ष वरीय चोउ तिएन चेन, जापान के तीसरे वरीय कोडाई नाराओका और कनाडा के विक्टर लाई जैसे मजबूत खिलाड़ी भी चुनौती पेश करेंगे। महिला एकल में तन्वी शर्मा अपने अभियान की शुरुआत जापान की मनामी सुइजु के खिलाफ उतरेंगी। इस साल ताइपे ओपन का खिताब जीतने वाली इस युवा भारतीय खिलाड़ी ने खुद को उभरती प्रतिभाओं में शामिल किया है। मालविका बंसोड़ को पहले दौर में कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। उनका मुकाबला दक्षिण कोरिया की चौथी वरीय सिम यू जिन से होगा। पिछले

सेवन ए साइड हाकी

सप्ताह हाइलो ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली अनमोल खरब कनाडा की रेचल चान से भिड़ेंगी। १९ वर्षीय अनमोल का जर्मनी में प्रदर्शन प्रभावशाली रहा था जहां उन्होंने दो बार की ओलम्पिक पदक विजेता पीवी सिंधू के खिलाफ सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। कोरिया ओपन में उनके पास एक बार फिर ऊंची रैंकिंग वाली खिलाड़ियों के खिलाफ अपनी क्षमता साबित करने का मौका होगा। महिला युगल में भारत की सोनाली सिंह और रितिका ठाकेर का सामना आस्ट्रेलिया की लौडिया चेल्सी ग्रिसेल्डा और नोजोमी शिमिजू से होगा। मिश्रित युगल में ध्रुव रावत और के मनीषा भारतीय चुनौती पेश करेंगे। पहले दौर में उनका मुकाबला झू यी जुन और ली कियान की सातवीं वरीयता प्राप्त चीन की जोड़ी से होगा।

ओपन शतरंज
आर्यन चैम्पियन

वाराणसी। वाराणसी के आर्यन वर्मा ने मध्य प्रदेश के सिगरौली में हुई ओपन शतरंज प्रतियोगिता में सात चक्र में साढ़े छह अंक हासिल कर खिताब जीत लिया। उधर आगरा में उभरते बाल शतरंज खिलाड़ी आरव सिंह ने फिडे रेटेड रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज प्रतियोगिता में दोहरी सफलता अर्जित की। उन्होने अन्डर-११ आयु वर्ग के रैपिड में दूसरा तथा ब्लिट्ज में तीसरा स्थान हासिल किया। स्वर श्रीवास्तव ने अन्डर-१६०० रेटिंग श्रेणी में दूसरा स्थान हासिल किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर वाराणसी शतरंज असोसिएशन के अध्यक्ष दीपक कुमार बजाज, उपाध्यक्ष विजय कुमार, महासचिव तुषार सारस्वत ने बधाई दी।

स्पर्श, तनिष्ठा और शिवांगी को दोहरा खिताब

बैडमिण्टन

वाराणसी। स्पर्श बजाज, तनिष्ठा सेठ और शिवांगी सिंह ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए काशी सांसद खेलकूद के तहत हुई बैडमिण्टन प्रतियोगिता में दोहरी सफलता अर्जित की। स्पर्श ने जहां बालकों के अन्डर-११ आयु वर्ग के एकल मुकाबले में विजेता होने का गौरव हासिल किया, वहीं युगल में विहान के साथ जोड़ी बनाते हुए चैम्पियन हुए। बालिका वर्ग में शाहिन खानम ने खिताब जीता। बालक अन्डर-१४ एकल में तेजस सिंह तथा युगल में कार्तिकेय और अंकित चैम्पियन हुए। बालिका एकल में तनिष्ठा सेठ चैम्पियन बनी, जबकि युगल में वे नव्या के साथ खिताब जीतने में सफल रही। अन्डर-१८ आयु वर्ग के एकल में सोमांशु निमेश जबकि युगल में अवनीश और यक्षित चैम्पियन हुए। बालिका



एकल में शिवांगी सिंह ने खिताब जीता तथा युगल में वे यश्वी के साथ खिताब जितने में सफल रही। १८ से ४० आयु वर्ग के एकल में आलोक यादव और युगल में शाश्वत एवं वैश्विक चैम्पियन बने। महिला एकल में अंचल चौहान तथा युगल में गुड़िया और राधिका ने खिताब जीता। ४० से ऊपर आयु वर्ग पुरूष एकल में अरूण कुमार युगल में पंकज और शिवम राम तथा महिला एकल में अम्बिका अरोड़ा खिताब जितने में सफल रही। मैच के पश्चात प्रदीप अग्रहरी ने पुरस्कार वितरित किया। इस मौके पर आरएस यादव, आरएसओ नवीन सिंह, शिवानन्द सिंह, कालिका सिंह, मुकेश पाठक, अजय शंकर तिवारी, प्रवेश भारद्वाज एवं नागेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

तिलक के हाथों कमान रजत होंगे उपकप्तान

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। राइजिंग स्टार्स एशिया कप २०२६ के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारत ए टीम का एलान कर दिया। टीम की कप्तानी तिलक वर्मा के हाथों में होगी जबकि रजत पाटीदार को उप-कप्तान बनाया गया है। कतर के दोहा में होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए रिंकू सिंह की टीम में वापसी हुई है। अभिषेक शर्मा और वैभव सूर्यवंशी भी टीम में शामिल हैं। चोट की वजह से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज हर्षित राणा को भी टीम में शामिल किया गया है। राइजिंग स्टार्स एशिया कप की शुरुआत १९ नवम्बर से होगी और इसका फाइनल मुकाबला २९ नवम्बर को खेला जायेगा। **टीम**-अभिषेक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), तिलक वर्मा (कप्तान), रजत पाटीदार (उप-कप्तान), रिंकू सिंह, कुमार कुशाग्र (विकेटकीपर), सूर्यांश शेडगे, शाहबाज अहमद, विप्रज निगम, हर्ष दुबे, तनुश कोटियन, हर्षित राणा, प्रिंस यादव, अरशद खान।

विमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002
09335414722

आज का राशिफल मंगलवार, 3 नवंबर 2026

मेष- योजना साकार, मेलमिलाप में रुचि, व्यवसाय में विस्तार, उच्चाधिकारियों सं संपर्क।
वृषभ- नवीन समस्याएँ प्रभावी, कर्जदारों से परेशानी, अकेलेपन का अहसास, मन उदास।
मिथुन- आर्थिक सुधार, सद्विचारों का उदय, आनन्द की अनुभूति, दाम्पत्य जीवन मधुर।
कर्क- व्यक्तित्व का विकास, इच्छा की पूर्ति, परिवार में खुशी, पठनपाठन में रुचि, यात्रा।
सिंह- कठिनाइयों का निराकरण, व्यवसाय में लाभ, व्यक्तित्व का विकास, धार्मिक यात्रा।
कन्या- अकल्पित घटनाएँ घटित, भौतिक सुख में कमी, एकाग्रता का अभाव, शत्रु प्रभावी।
तुला- कार्यक्षमता में वृद्धि, सद्विचारों का उदय, वातावरण अनुकूल, सुपरिणाम प्राप्त।
वृश्चिक- वातावरण मनोनुकूल, नवपरिवर्तन, इच्छाशक्ति सुदृढ़, अकल्पित लाभ, यात्रा भी।
धनु- व्यवसाय में प्रगति, कठिनाइयों का निवारण, योजना का सुपरिणाम, मन में प्रसन्नता।
मकर- दुर्जनों से कष्ट, वाद-विवाद, मानसिक तनाव, कर्ज की चिन्ता, विरोधी प्रभावी।
कुम्भ- कार्यों में प्रगति, मानसम्मान की प्राप्ति, सम्बन्धों में मधुरता, राजकीय पक्ष से लाभ।
मीन- परिवार में हर्षोल्लास, पठनपाठन में रुचि, उलझनों से मुक्ति, मित्रों से विचारविमर्श।

आज है जिनका जन्मदिन 3 नवंबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 3 का स्वामी ग्रह वृहस्पति एवं माह का अधिपति ग्रह मंगल है। व्यक्तित्व साहस व प्रतिभा से परिपूर्ण रहेगा। कठोर अनुशासन प्रिय व्यक्ति होंगे। मस्तिष्क सदैव गतिशील रहेगा। रूढ़िवादी विचारों वाले स्वतन्त्र प्रवृत्ति के व्यक्ति होंगे। अपना काम निकलवाने के लिए कुछ भी करने को तैयार रहेंगे। निम्न स्तर का कार्य करना पसन्द नहीं करेंगे। सबके सामने बातों को किस प्रकार प्रस्तुत किया जाये उसमें सक्षम होंगे। बात ही बात में अपरिचितों को भी वश में कर लेंगे। धर्म-अध्यात्म के प्रति आपकी विशेष आस्था रहेगी। किसी के अधीन रहकर कार्य नहीं करेंगे। नवज्ञान प्राप्त करने के इच्छुक रहेंगे। जहाँ भी रहेंगे वहाँ का वातावरण अनुकूल बना लेने में सक्षम होंगे। स्वयं की प्रगति को देखकर आपमें अहं की भावना जागृत होगी। वहीं रहना चाहेंगे जहाँ कुछ अधिकार प्राप्त हो। इष्ट देवी देवता की पूजा एवं अर्चना नियमित रूप से करें। दैनिक जीवन में सफेद रंगों से सम्बन्धित वस्तुओं का अधिकतम प्रयोग करें। वृहस्पति ग्रह से सम्बन्धित वस्तुओं का दान भी करें। शुद्ध शाकाहारी जीवन व्यतीत करें। समाज सेवा निष्काम भाव से करें।

आपके लिए शुभ
मन्त्र : ॐ बृं बृहस्पतये नमः
व्रत : बृहस्पतिवार
दिन : रविवार, मंगलवार एवं गुरुवार
दिनांक : 3, 12, 21, 30
अंक : 1, 7
मास : मार्च, नवम्बर एवं नवम्बर
वर्ष : 3, 12, 21, 30, 39, 48, 57, 66
रंग : सफेद एवं क्रीम
जन्मरत्न : पोखराज उपरत्न : गोल्डेन टोपाज
जड़ी : बेल की जड़ दिशा : ईशान
वर्ष का महत्वपूर्ण समय—19 फरवरी से 20 मार्च, 21 नवम्बर से 20 दिसम्बर

यन्त्र
10 5 12
11 9 7
6 13 8

सुडोकु ५००३

				5			3	
				4				
9			7			6		
	3				6			
	4						8	
			1		9			
						1		
1						9		7
	8							

तरीका खेलने का • दिखायी खेल और नम्बरों को पहेली है। तर्क से इसे हल कर सकते हैं। ऊपर दी-गयी खानों के बारे में दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के प्रत्येक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के प्रत्येक

एक दिसम्बर से घर-घर शुरू होगी जनगणना

मऊ। जनगणना-2027 के द्वितीय चरण (जनसंख्या गणना) की तैयारियों एवं कार्ययोजना के संबंध में सोमवार को जिला. धिकारी आनंद वर्द्धन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों, विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना कार्य को निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार सुचारु, व्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत संच. ालित होने वाली स्व-गणना तथा प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा किए जाने वाले मकान सूचीकरण एवं जनसंख्या गणना संबंधी कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि स्व-गणना का कार्य 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक संचालित किया जाएगा। इसके उपरांत 01 दिसंबर 2026 से 04 जनवरी 2027 तक प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर जनगणना का कार्य किया जाएगा। वहीं, 05 जनवरी से 09 जनवरी 2027 तक पुनरीक्षण संबंधी कार्यवाही संपन्न कराई जाएगी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनगणना कार्य में लगाए गए सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को समय से आवश्यक प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाए। उन्हें जनगणना की प्रक्रिया, निर्धारित प्रपत्रों तथा डिजिटल माध्यम से आंकड़ों के संकलन के संबंध में समुचित जानकारी प्रदान की जाए, ताकि जनगणना कार्य में किसी प्रकार की त्रुटि न होने पाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, इसलिए इसके

हर विद्यालय में एक नोडल अधिकारी होगा



क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला. धिकारी ने स्व-गणना के प्रति जनसामान्य को जागरूक करने तथा अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित कराने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए जनगणना के महत्व एवं स्व-गणना की प्रक्रिया का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनगणना से प्राप्त आंकड़े देश एवं समाज के विकास, विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के निर्माण तथा संसाधनों के बेहतर नियोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए प्रत्येक नागरिक की सहभागिता एवं सही जानकारी उपलब्ध कराना आवश्यक है। बैठक में जिला. धिकारी ने विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों को विशेष निर्देश देते हुए कहा कि सभी विद्यालयों में जनगणना के महत्व एवं उसकी प्रक्रिया के संबंध में एक विशेष जागरूकता कक्षा संचालित कराई जाए, जिसमें विद्यार्थियों को जनगणना के उद्देश्य एवं उसकी उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया जाए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी स्वयं जागरूक होने के साथ-साथ अपने परिवार एवं आस-पास के लोगों को भी जनगणना के प्रति जागरूक कर सकते हैं। इस क्रम में उन्होंने सभी प्रधानाध्यापकों को अपने-अपने विद्यालय में एक शिक्षक को नोडल अधिकारी के रूप में नामित करने तथा उनके माध्यम से विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं स्थानीय नागरिकों तक जनगणना संबंधी जानकारी पहुंचाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना की सफलता जनसहभागिता पर निर्भर करती है। अत: सभी अधिकारी, शिक्षक एवं कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करें तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर लें, जिससे जनगणना-2027 के द्वितीय चरण का कार्य पारदर्शी, त्रुटिरहित एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, अपर जिलाधिकारी प्रवेंद्र कुमार, उप जिलाधिकारीगण सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

गोंठा में गिरीश नारायण का स्वागत



दोहरीघाट (मऊ)। भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष गिरीशनारायण राय के प्रथम बार दोहरीघाट आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया। गोंठा बाजार में ब्लाक प्रमुख दोहरीघाट प्रदीप कुमार राय राजू ने हजारों समर्थकों के साथ पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस दौरान संदीप राय रिंकल, गौरव राय मोनू, प्रवीण राय विक्टर, विन्ध्वासिनी दूबे, सत्येंद्र राय,सुरेंद्र राय,कल्पनाथ राय, बबन चौधरी, पन्नेलाल गौतम, निखिल राय, शम्भू यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

पुलिस ने ठगी के रुपये कराये वापस

घोसी(मऊ)। साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत घोसी कोतवाली की साइबर टीम ने सराहनीय कारवाई करते हुए आनलाइन ठगी की शिकार महिला को उसकी पूरी रकम वापस करा दी। टीम ने पीड़िता के खाते में ठगी के 3,000 रुपये वापस कराए हैं। सोमवार को धनराशि वापस मिलने पर पीड़िता को राहत मिली। घोसी थाना क्षेत्र के भेलउर चंगेरी निवासी संगम यादव पत्नी हरिश्चन्द्र यादव के साथ टेक्स्ट बुक ऐप का आटो पे बंद कराने के नाम पर साइबर ठगी की गई थी। जालसा. जों ने उनके खाते से 3,000 रुपये की धोखाधड़ी कर ली थी। इसके बाद पीड़िता ने 19 अक्टूबर 2026 को साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। मामले को गंभीरता से लेते हुए साइबर टीम घोसी ने त्वरित कारवाई की और ठगी की पूरी धन. राशि 3,000 रुपये होल्ड करा दी। आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बाद 2 नवंबर 2026 को पूरी रकम पीड़िता को वापस करा दी गई। यह कारवाई पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार मिश्रा एवं अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी घोसी सत्येंद्र भूषण तिवारी और प्रभारी निरीक्षक रवींद्रनाथ राय के नेतृत्व में की गई। इस कारवाई में साइबर टीम के नोडल अधिकारी उपनिरीक्षक प्रकाश सिंह, सहायक नोडल अधिकारी उपनिरीक्षक दिनेश यादव, हेड आपरेटर अरविंद यादव, महिला आरक्षी पुष्पलता पाण्डेय और महिला आरक्षी रूपा सिंह शामिल रहीं।

किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष का स्वागत

घोसी(मऊ)। भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष गिरीश नारायण राय का नगर पंचायत अध्यक्ष मुन्ना गुप्ता के नेतृत्व में जुटे दर्जनों कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से लादकर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा नेता डा. नागेंद्र सिंह, जयप्रकाश सिंह, आनंद चौधरी, अरविंद मौर्य, अनिरुद्ध सिंह, रूपेंद्र राजभर, प्यारेलाल राजभर, मोहन गुप्ता, उमेश बिहार, लल्लन सिंह, बृजेन्द्र पांडेय, रेवतीरमण पांडेय, हरेन्द्र राजभर, संजय मौर्या, रामप्रसाद राजभर, सुधाकर सिंह, रघुनंदन यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

घोसी में पटाखों का जखीरा बरामद, एक गिरफ्तार

घोसी(मऊ)। दीपावली के मद्देनजर अवैध पटाखों के भंडारण और बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में घोसी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। रविवार शाम मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने बड़ागांव में छापेमारी कर अवैध रूप से भंडारित करीब 3 लाख 20 हजार रुपये कीमत के पटाखे बरामद किए। मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार मिश्रा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी घोसी सत्येंद्र भूषण तिवारी के नेतृत्व में यह कारवाई की गई। रविवार की शाम करीब छह बजे मुखबिर से सूचना मिली कि बड़ागांव में अवैध पटाखों का भंडारण किया गया है। सूचना पर घोसी कोतवाली पुलिस ने मौके पर



पहुंचकर छापेमारी की और अब्बास पुत्र स्व. सरवर बख्श निवासी बड़ागांव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 11 प्रकार के कुल 102 डिब्बों में रखे पटाखे बरामद किए। बरामद पटाखों की अनुमानित कीमत करीब 3 लाख 20 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने बरामदगी और गिरफ्तारी के संबंध में घोसी कोतवाली में विस्फोटक अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कारवाई शुरू कर दी है। कारवाई करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक शुभम त्रिपाठी, उपनिरीक्षक दिनेश कुमार यादव, कांस्टेबल इंद्र कुमार पटेल, राजवंत राय एवं सुनील यादव शामिल रहे।

बिना लाइसेंस पटाखा बेचने पर होगी कारवाई

घोसी(मऊ)। दीपावली के त्योहार को देखते हुए आतिशबाजी की दुकानों के संचालन को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है। घोसी के एसडीएम अशोक कुमार सिंह ने निर्देश दिए हैं कि बिना वैध लाइसेंस के पटाखों की बिक्री करते हुए कोई दुकानदार पाया जाता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कारवाई की जाएगी।













भाजपा के पांच प्रकोष्ठों के जिलाध्यक्षों का स्वागत

मऊ। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी, मऊ द्वारा नगर पालिका हाल में नवनियुक्त मोर्चा जिलाध्यक्षों के सम्मान में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जिलाध्यक्षों का पुष्पमाला, अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष गिरीश नारायण राय, अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन कुमार परिवर्तन, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सन्नो गुप्ता, पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अनिल चौहान तथा जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष पप्पू गोड़ का सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष रामाश्रय मौर्य ने सभी नवनियुक्त मोर्चा जिलाध्यक्षों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम



में मनोज राय, भाष्कर निषाद, सुनील गुप्ता, प्रीतू लता पांडेय, संगीता द्विवेदी,प्रतीक जायसवाल, संजय पाण्डेय, पूजा राय,कृष्णकांत राय, रामानुजन सिंह, सचिंद्र सिंह, राघवेंद्र राय, इन्द्रदेव भारती, आकाश मल्ल, अवधेश सोनकर, संजय मौर्य, विनय जयसवाल, मीना अग्रवाल, सजीव जयसवाल, भाजपा के पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

रसूलपुर बाजार में खुलेआम काटे जा रहे मुर्गे, दी हिदायत

सूरजपुर (मऊ) दोहरीघाट थाना क्षेत्र के रसूलपुर बाजार स्थित चकेश्वर चौक पर खुलेआम मुर्गा काटे जाने से स्थानीय लोगों को परेशानी हो रही है। बाजार में महिलाओं और छोटे बच्चों का लगातार आना-जाना रहता है। ऐसे में सार्वजनिक स्थान पर मुर्गा काटे जाने का दृश्य देखकर लोग असहज महसूस करते हैं। इससे खासकर महिलाओं और बच्चों को अधिक परेशानी होती है। इस बाबत में रागिनी भगत सिंह खरवार दीपचंद और सुमित्रा ने इस समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट कराया है। रसूलपुर चौकी प्रभारी नवीन कुमार कुशवाहा ने बताया कि मुर्गा काटने वालों को हिदायत दी गई है कि सामने पर्दा लगाकर और ढककर ही मुर्गा काटें ताकि बाजार में आने जाने वाले लोगों खासकर महिलाओं और छोटे बच्चों को परेशानी न हो।

३४ वाहनों का चालान

मऊ। पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार मिश्रा के आदेश के क्रम में चलाए जा रहे विशेष वाहन चेकिंग की क्रम में रविवार संध्या पुलिस ने आधा दर्जन स्थानों पर वाहनों की जांच की । जांच के दौरान वाहन चालकों द्वारा तीन सवारी हेलमेट एवं यातायात के नियमों का उल्लंघन करने के मामले में 34 बाइकों का ई-चालान किया गया।

३२वें स्थापना दिवस पर अस्पताल कर्मियों को तोहफा

मऊ। गुप्ता सर्जिकल हास्पिटल एंड पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट, मऊ के 32वें स्थापना दिवस के अवसर पर अस्पताल प्रबंधन ने कर्मचारियों को विशेष सौगात देते हुए 50 प्रतिशत बोनस और वेतन में 10 प्रतिशत वृद्धि की घोषणा की है। यह पहल कर्मचारियों के समर्पण, मेहनत और संस्थान की प्रगति में उनके महत्वपूर्ण योगदान के सम्मान के रूप में की गई है। प्रबंधन की घोषणा के अनुसार, पात्र कर्मचारियों को उनके सकल मासिक वेतन का 50 प्रतिशत एकमुश्त स्थापना दिवस बोनस दिया जाएगा। इसके साथ ही उनके वेतन में 10 प्रतिशत की वृद्धि भी की जाएगी, जो 1



नवंबर 2026 से प्रभावी होगी। दोनों लाभों के लिए 1 नवंबर 2026 तक छह महीने से अधिक की सेवा पूरी करने वाले कर्मचारी पात्र होंगे। पात्रता का निर्धारण आधिक. ारिक कार्यग्रहण तिथि एवं मानव संसाधन विभाग के अभिलेखों के सत्यापन के आधार पर किया जाएगा। अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डा. अभिषेक गुप्ता ने कहा कि संस्थान की 32 वर्षों की गौरवपूर्ण यात्रा में चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, तकनीशियनों, प्रशासनिक कर्मियों और सभी सहयोगी कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मरीजों की देखभाल से लेकर जाँच, स्वच्छता, सुरक्षा और अन्य सहायक सेवाओं तक प्रत्येक विभाग की भूमिका संस्थान की सेवा व्यवस्था को मजबूत बनाती है।

तमसा तट पर होगा दो दिवसीय गंगा महोत्सव

मऊ। जिला परियोजना अधिकारी डा. हेमन्त कुमार यादव ने बताया कि गंगा नदी एवं उसकी सहायक नदियों के संरक्षण, स्वच्छता तथा सांस्कृतिक विरासत के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला गंगा समिति, मऊ द्वारा गंगा महोत्सव 2026 के अंतर्गत जनपद में दो दिवसीय भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन 03 नवम्बर 2026 को रामघाट, दोहरीघाट तथा 04 नवम्बर 2026 को महादेव घाट, मऊ पर संपन्न होगा। महोत्सव के तहत 04 नवम्बर को दोपहर 01.00 बजे से सायं 05.30 बजे तक महादेव/गाय घाट, तमसा तट पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

जेसीबी के नाम पर धोखा-धड़ी के मामले में एफआईआर

मऊ। मधुबन के नत्थूपुर निवासी धीरेन्द्र कुमार मल्ल को जेसीबी बेचने के नाम पर लाखों रूपये का चूना लगाने के मामले में तीन व्यक्तियों के विरूद्ध न्यायालय के आदेश पर एफआईआर दर्ज कराया गया है।

अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

मऊ। एसआईआर के विरोध में सोमवार को मुहम्मदाबाद गोहना तहसील के अधिवक्ताओं ने तिरंगा यात्रा निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। वरिष्ठ अधिवक्ता महेंद्र राय के नेतृत्व में निकली यात्रा तहसील परिसर से शुरू होकर शहीद चौक तक पहुंची। इस दौरान अधिवक्ताओं ने पीएम नरेंद्र मोदी एवं ज्ञानेश कुमार के पुतले बनाकर नारेबाजी की।

पैमाइश का पत्थर उखाड़ने पर एफआईआर

मऊ। मधुबन के जजौली गांव में पैमाइश का पत्थर उखाड़ने और गाली-गुप्ता देने पर नर्वदेश्वर सिंह ने पांच व्यक्तियों पर एफआईआर कराया है।

संक्षिप्त समाचार

नगर पालिका में पांच मामले निबटे

मऊ। नगर पालिका परिषद, मऊ में अधिशासी अधिकारी/उप नगर आयुक्त डा. मणि भूषण तिवारी ने आगन्तुक आवेदकों द्वारा प्रेषित कुल 12 शिकायतों का अध्ययन करते हुये मौके पर ही 5 शिकायतों का निस्तारण कर दिया। जबकि अन्य 7 शिकायतों को निदान हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को भेज दिया है। अवर अभियंता सिविल रमेश चन्द, अवर अभियंता जल पंकज कुमार वर्मा, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सत्य प्रकाश, राजस्व निरीक्षक अमृता राय व जलकल लिपिक कमलेश कुमार पाण्डेय समेत सम्बन्धित विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

ई-लाटरी से मिलेगा कृषि यंत्रों पर अनुदान

मऊ। उप कृषि निदेशक प्रेम कुमार ठाकुर ने जनपद के समस्त किसान भाइयों को सूचित किया है कि कृषि विभाग के पोर्टल पर सब मिशन आन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन एवं प्रमोशन आफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फार इन-सीटू मैनेजमेंट आफ क्राप रेजिड्यू योजनांतर्गत 10 हजार रुपये से अधिक अनुदान वाले अवशेष लक्ष्यों के सापेक्ष कृषि यंत्रों एवं कृषि रक्षा उपकरणों की बुकिंग करने वाले किसानों के चयन हेतु ई-लाटरी का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय कार्यकारी समिति के बैठक 03 नवंबर को दोपहर 12.00 बजे विकास भवन, मऊ के सभागार में आयोजित की जाएगी। बैठक में ई-लाटरी के माध्यम से लाभार्थियों का चयन किया जाएगा।

शांतिभंग की आशंका में दो गिरफ्तार

मऊ। मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जसोपुर में सोमवार प्रात: पारिवारिक विवाद एवं जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने दो लोगों का शांति भंग में न्यायालय चालान किया । आलोक यादव पुत्र अनिल यादव एवं प्रिंस यादव एवं अनीता यादव के बीच परिवारिक विवाद तथा जमीनी विवाद चल रहा था सोमवार को दोनों पक्ष जमीनी विवाद को लेकर आपस में झगड़ा करने लगे । बाद में पुलिस ने दो लोगों का शांति भंग में न्यायालय चालान किया।

एसडीएम ने किया मौका मुआयना

घोसी(मऊ)। तहसील क्षेत्र के ग्राम जमीन सिपाह में जमीन विवाद से जुड़े एक राजस्व वाद में सोमवार को प्रशासनिक कारवाई हुई। एसडीएम अशोक सिंह ने न्यायालय में विच. ाराधीन रमेश बनाम सुरेश वाद के संबंध में मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों पक्षकारों की मौजूदगी में विवादित भूमि की स्थिति का जायजा लिया गया।


अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

मऊ। मधुबन पुलिस ने झारखंड के लोहरदंगा निवासी सुरेन्द्र उरांव को दस लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

दुनिया भरमें क्यों सड़कोंपर उतर रही है नयी पीढ़ी



जर्मनी से लेकर इटली तक दुनिया के अलग-अलग देशों में युवा सत्ता को चुनौती दे रहे हैं। कहीं भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन है तो कहीं बेरोजगारी और महंगाई से इस गुस्से की वजह बन रही है। बेशक इन आंदोलनों के मुद्दे अलग-अलग हैं मगर इनका चेहरा एक है. वो चेहरा जिसे दुनिया जेन जी कहती है। यह पहली बार नहीं जब जेन जीं सड़कों पर उतरे हों. नेपाल से लेकर बांग्लादेश तक और केन्या से लेकर मेगाडास्कर तक पहले भी इस जेन जी के आंदोलन हुए हैं। मगर इस बार यूरोप जिस गुस्से की आग में जल रहा है। ऐसा शायद दुनिया के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ. यूरोप प्रदर्शन की आग में जल रहा है। फ्रांस में विरोध प्रदर्शन लगातार तीसरे सप्ताह जारी रहा. तो जर्मनी में ये विरोध हिंसक हो गया। फ्रैंकफर्ट समेत देश के 34 शहरों में प्रदर्शनकारियों की पुलिस ने झड़प हुई, तोड़ फोड़ हुई और कई दुकानों में लूटपाट भी की गई. कुछ ऐसा ही हाल पुर्तगाल, नीदरलैंड, बेल्जियम, इटली और अल्बानिया की सड़कों पर भी दिख रहा है.जेन जी में बढ़ते गुस्से की वजह तलाशने की कोशिश की गई है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की प्रोफेसरएरिका चेनोवेथ और मैथ्यू सेबुल ने इस रिसर्च का शीर्षक जेन जी क्यों आगे बढ़ रहा है% रखा है. इसके अलावा इसी साल आम नागरिकों के वैश्विक संगठन सिविकस की रिपोर्ट में भी जेन जी के गुस्से और असंतोष पर एक एनालिसिस की गई है, जिसमें बताया गया है कि आखिर युवा पीढ़ी सड़कों पर क्यों उतर रही है.जेन जी उस जनरेशन को कहा जाता है, जिनका जन्म 1997 से 2012 के बीच हुआ है. इन्हें डिजिटल पीढ़ी भी कहा जाता है, क्योंकि इन्होंने इंटरनेट, स्मार्टफोन और सोशल मीडिया के विस्तार के बीच आंखें खोली हैं। जर्नल ऑफ डेमोक्रेसी में प्रकाशित रिसर्च के मुताबिक इस जनरेशन का किसी चीज को समझने का अपना नजरिया है। यही इनके असंतोष की वजह भी है। दरअसल इन्होंने वैश्विक आर्थिक संकट, कोविड महामारी, महंगाई जैसी चीजें बहुत नजदीक से देखी हैं ऐसे में जब इन्हें अपने भविष्य में अस्थिरता दिखती है तो इनका गुस्सा फूट पड़ता है. जेन जी के विरोध की शुरुआत एशिया से हुई थी। यहां नेपाल में 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध की वजह से युवा आक्रोशित हुए. जब पुलिस कार्रवाई में युवाओं की मौत हुई तो प्रदर्शन और व्यापक हो गया। आखिरकार पीएम केपी शर्मा ओली को इस्तीफा देना पड़ा. ऐसा ही बांग्लादेश में हुआ. यहां सरकारी नौकरियों में आरक्षण के खिलाफ छात्र आंदोलन शुरू हुआ। सुरक्षा बलों ने प्रदर्शन को दबाने की कोशिश की तो यह ऐसा भड़का कि सत्ता को ही बदल दिया. श्रीलंका में भी बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना की तरह राष्ट्रपित गोटाबाया राजपक्षे को देश छोड़कर भागना पड़ा.अफ्रीका में जेन जी का गुस्सा आर्थिक असमानता की वजह से पनपा. केन्या में जून 2024 में फाइनेंस बिल से इसकी शुरुआत हुई. प्रदर्शनकारी संसद के अंदर तक घुस गए थे। जब पुलिस ने कार्रवाई की तो कई लोगों की मौत हुई थी. राष्ट्रपति विलियम रुटो को विवादित वित्त विधेयक वापस लेना पड़ा था। इसी तरह मेडागास्कर में बिजली पानी संकट की वजह से जेन जी आंदोलन शुरू हुआ और फिर सरकार को बदलने के बाद ही शांत हुए. मोरक्को में गुस्सा महंगे स्टेडियम और बदहाल अस्पतालों को लेकर था। एशिया और अफ्रीका के बाद इंडोनेशिया और फिलीपींस में भी जेन जी ने अपने क्रोध से वहां की सरकारों को हिलाया. अब यूरोप कई कई देशों में प्रदर्शन फेल चुका है। हाल ही में 28 अक्टूबर को रॉयटर्स ने एक रिपोर्ट प्रकाशित की, जिसमें यूरोप में फैल रहे युवा आंदोलनों का एनालिसिस किया. इसमें बेल्जियम, फ्रांस, इटली और अल्बानिया के युवाओं की समस्याओं को शामिल किया गया. फ्रांस में छात्रों की शिकायत स्कूलों की खराब इमारतों, शिक्षकों की कमी और विश्वविद्यालयों में दाखिले की व्यवस्था को लेकर शुरू हुई, जिसमें धीरे धीरे महंगाई, आवास संकट भी जुड़ गया. 31 अक्टूबर को फ्रांस में तीसरे सप्ताह लगातार प्रदर्शन हुए. वहीं जर्मनी में युवा प्रदर्शनकारियों की मांग है कि सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च बढ़ाएं। जलवायु सुरक्षा और सस्ती जीवनशैली भी उनके मुद्दे हैं। हाल ही में यहां प्रदर्शन हिंसा में बदले जहां, तोड़ फोड़ और चोरी के मामले सामने आए कई लोगों को हिरासत में लिया गया. इटली, बेल्जियम, अल्बानिया, पुर्तगाल और नीदरलैंड में भी अलग-अलग मुद्दों को लेकर जेन जी प्रदर्शन कर रहे हैं।



भारतका वह बाजार, जहां नालियों के कचरेसे निकलता है सोना

आमतौर पर जब किसी गली या बाजार की नाली में कचरा जमा होता है, तो लोग उससे दूर रहना ही पसंद करते हैं। गंदी बदबू और कीचड़ देखकर शायद ही कोई वहां रुकना चाहे. लेकिन क्या हो अगर आपको पता चले कि इसी गंदगी में सोना भी छिपा हो सकता है? जाहिर है, आप हैरान रह जाएंगे। बिहार के आरा शहर में कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिलता है। यहां लोग नालियों की गाद और कचरे में सोने के छोटे-छोटे कण तलाशते हैं। दिलचस्प बात यह है कि इस काम के लिए सिर्फ आसपास के लोग ही नहीं, बल्कि राजस्थान और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों से भी लोग पहुंचते हैं. उनके लिए यहां का कचरा बेकार नहीं, बल्कि कमाई का एक संभावित जरिया है।आरा शहर के गुदरी बाजार और जगजीवन मार्केट में सोने-चांदी के गहनों का कारोबार बड़े पैमाने पर होता है. यहां कई दुकानें और कारीगर आभूषण बनाने से लेकर उनकी कटिंग, घिसाई और पॉलिशिंग तक का काम करते हैं। गहने तैयार करने की इस प्रक्रिया में सोने के बेहद छोटे कण निकलते हैं। कई बार ये कण इतने बारीक होते हैं कि सामान्य आंखों से इन्हें पहचानना भी मुश्किल होता है. जब कारीगर दुकानों की सफाई करते हैं, तो सोने के ये कण फर्श पर जमा धूल और बुरादे के साथ मिल जाते हैं। इसके बाद सफाई के दौरान पानी के साथ बहकर इनमें से कुछ कण नालियों तक पहुंच जाते हैं. धीरे-धीरे नालियों की गाद में सोने के बारीक कण जमा होने लगते हैं. यही वजह है कि इन बाजारों की नालियां कुछ लोगों के लिए खास बन गई हैं. जहां आम लोग कचरा देखते हैं, वहीं ये लोग उसमें सोने की संभावना तलाशते हैं.इस अनोखे काम में स्थानीय लोगों के साथ दूसरे राज्यों से आए लोग भी शामिल हैं. राजस्थान और मध्य प्रदेश से आने वाले कुछ लोग भी आरा के इन बाजारों में नालियों की गाद और कचरा इकट्ठा करने पहुंचते हैं. उन्हें उम्मीद रहती है कि मिट्टी और गंदगी के बीच उन्हें सोने के कीमती कण मिल जाएंगे. इसके लिए पहले नालियों से गाद और कचरा निकाला जाता है. फिर उसे अलग-अलग तरीकों से साफ किया जाता है. छानने, धोने और पारंपरिक तरीकों की मदद से मिट्टी से सोने के बारीक कण अलग करने की कोशिश होती है। इस काम में काफी धैर्य और मेहनत लगती है। कई बार घंटों की मशक्कत के बाद भी कुछ खास हाथ नहीं लगता, जबकि कभी-कभी थोड़ी-सी गाद से भी सोने के कण मिल जाते हैं. यानी इस काम में मेहनत तो तय है, लेकिन कमाई की कोई गारंटी नहीं. कितनी मात्रा में सोना मिलेगा, यह इस बात पर निर्भर करता है कि इकट्ठा की गई मिट्टी में कितने कण मौजूद हैं।



बच्चोंकी मोबाइल या स्क्रीन देखने की लत एक बड़ी समस्या

बच्चों की मोबाइल या स्क्रीन देखने की लत एक बड़ी समस्या है। पर अक्सर कई माता-पिता इस बात पर संतुष्ट होते हैं कि उनके बच्चे स्क्रीन पर एजुकेशनल वीडिया या कुछ अच्छा ही देख रहे हैं। इससे वो सीखेंगे और चीजें समझ पाएंगे। छोटे बच्चों को तो पढ़ाने के लिए अक्सर टीवी पर कविताएं, रंग-बिरंगे एनिमेशन चला दिए जाते हैं। पर ऐसे एजुकेशनल वीडियो देखकर बच्चा हर बार सीख रहा हो, ये जरूरी नहीं है। एक नई स्टडी में सामने आया है कि बच्चों का ध्यान शैक्षिक वीडियो में मौजूद पढ़ाई की सामग्री से ज्यादा उसके पीछे चल रही एनिमेटेड चीजों पर जाता है। इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस और सांता क्लारा यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने बच्चों के वीडियो देखने के तरीके पर एक स्टडी की। इसमें पता चला कि वीडियो में जितने ज्यादा हिलते-डुलते दृश्य होते हैं, बच्चे उसे उतनी ही देर तक देखते हैं, लेकिन उनका ध्यान वीडियो में पढ़ाई से जुड़ी बातों पर कम और पीछे चल रहे एनिमेशन पर ज्यादा रहता है। यानी बच्चा स्क्रीन को लगातार देख रहा है, इसका मतलब यह नहीं कि वह वीडियो में बताई जा रही बातें भी समझ रहा है. रिसचरों ने बच्चों के वीडियो देखने के तरीके को समझने के लिए तीन तरीके अपनाए। सबसे पहले बच्चों के लिए बनाए गए 32 हजार से ज्यादा यू ट्यूब वीडियो का विश्लेषण किया गया. इसके बाद एक प्रयोग किया गया. साथ ही, 6 से 10 साल की उम्र के बच्चों की आंखों की गतिविधियों पर भी नजर रखी गई। इससे यह समझने की कोशिश की गई कि वीडियो देखते समय बच्चों की नजर स्क्रीन के किस हिस्से पर रहती है। वीडियो के विश्लेषण में पता चला कि अगर किसी वीडियो में विजुअल्स 10 प्रतिशत बढ़ा दिए जाएं, तो उसे देखने वालों की संख्या करीब 1.1 प्रतिशत बढ़ जाती है। यानी वीडियो में जितनी ज्यादा हलचल होती है, बच्चे उसे देखने में उतनी ही दिलचस्पी दिखाते हैं. शोधकर्ताओं ने अपने प्रयोग में कुछ शैक्षिक वीडियो में अतिरिक्त एनिमेटेड बैकग्राउंड जोड़े. फिर देखा कि बच्चे किस तरह के वीडियो ज्यादा देखते हैं। नतीजों में पता चला कि बिना एक्स्ट्रा एनिमेशन वाले वीडियो के मुकाबले मध्यम स्तर की हलचल वाले वीडियो को देखने वालों की संख्या 1.6 प्रतिशत ज्यादा थी। वहीं, जिन वीडियो में ज्यादा हलचल थी, उन्हें देखने वालों की संख्या 2 प्रतिशत बढ़ गई। यानी रंग-बिरंगे और हिलते-डुलते दृश्य बच्चों को वीडियो देखने के लिए आकर्षित करते हैं लेकिन इससे यह साबित नहीं होता कि वे पढ़ाई की बातें भी बेहतर तरीके से सीख रहे हैं। स्टडी का सबसे दिलचस्प हिस्सा बच्चों की आंखों की गतिविधियों से जुड़ा था। शोधकर्ताओं ने देखा कि जिन वीडियो में एनिमेटिड बैकग्राउंड था, उन्हें देखते समय बच्चे कम बार स्क्रीन से नजरें हटाते थे। इस वजह से स्क्रीन देखने में उनका समय करीब 3.4 से 3.6 प्रतिशत बढ़ गया, लेकिन जब यह देखा गया कि बच्चे स्क्रीन पर आखिर किस चीज को देख रहे हैं, तो पता चला कि उनका ध्यान ज्यादातर हिलते-डुलते बैकग्राउंड पर था. वे वीडियो में समझाई जा रही पढ़ाई की बातों को उतनी तवज्जो नहीं दे रहे थे.इस स्टडी से माता-पिता और शिक्षकों को एक जरूरी बात समझने की जरूरत है। बच्चा अगर आधे घंटे तक कोई एजुकेशनल वीडियो देख रहा है, तो इसका मतलब यह नहीं कि उसने आधे घंटे तक पढ़ाई भी की है. हो सकता है कि वह वीडियो में चल रहे मजेदार एनिमेशन और रंगों में ही उलझा रहा हो. इसलिए बच्चों के लिए वीडियो चुनते समय सिर्फ यह न देखें कि उसमें कितने अच्छे एनिमेशन हैं या बच्चा उसे कितनी देर तक देखता है. यह भी देखें कि वीडियो में समझाई जा रही बात कितनी साफ है और बच्चा उसे समझ पा रहा है या नहीं. जरूरत पड़ने पर बच्चे से वीडियो के बारे में सवाल पूछें. इससे अंदाजा लग सकता है कि उसने वीडियो से क्या सीखा।



५३ वर्ष की हो गयीं ऐश्वर्या राय

अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन अपना जन्मदिन मना रही हैं। उन्होंने साउथ से लेकर बॉलीवुड तक कई चर्चित फिल्मों में काम किया है। कई इंटरनेशल फैशन इवेंट में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर वे जान फूंक देती हैं। उनकी खूबसूरती के चर्चे होते हैं। अभिनय से वे फैंस पर जादू कर देती हैं। इसी के साथ वे दौलत के मामले में भी कम नहीं हैं। कितनी है ऐश्वर्या की नेटवर्थ जानिए साल 1994 में ऐश्वर्या राय बच्चन ने मिस वर्ल्ड का खिताब जीता। फिर उन्होंने 1997 में तमिल फिल्म इरुवर से अभिनय की शुरुआत की। इसी साल उन्होंने हिंदी सिनेमा में भी फिल्म और प्यार हो गया से कदम रखे। अभिनय की दुनिया में वे करीब तीन दशक से सक्रिय हैं। उनका जादू आज भी बकरार है। ऐश्वर्या राय बच्चन फिल्मों से मोटी फीस लेती हैं। मगर, फिल्मों के अलावा अन्य स्रोतों से भी उनकी अच्छी-खासी आमदनी होती है। वे एक्टिंग के साथ ही विज्ञापनों में भी नजर आती हैं, जहां उनकी फीस काफी तगड़ी है। इसके अलावा कई इंटरनेशनल ब्यूटी ब्रांड्स के साथ भी वे जुड़ी हुई हैं। सेलिब्रिटी नेट वर्थ के अनुसार, ऐश्वर्या राय बच्चन की अनुमानित संपत्ति करीब 100 मिलियन डॉलर है। करीब 900 करोड़ रुपये। यह आंकड़ा भारतीय सिनेमा में उनके 28 वर्षों के फिल्मी करियर और कई इंटरनेशनल ब्रांड्स के साथ उनके जुड़ाव के कारण है। भारत के बाहर भी उनकी अच्छी फैन फॉलोइंग है, जिसके चलते कई ग्लोबल कंपनियों के साथ भी वे जुड़ी हुई हैं। उन्होंने कई इंटरनेशनल इवेंट्स में भी भारतीय सिनेमा को रिप्रेजेंट किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ऐश्वर्या राय बच्चन एक फिल्म के लिए करीब 10 करोड़ रुपये फीस लेती हैं। वहीं, एक ब्रांड एंडोर्समेंट के लिए उनकी फीस पांच से सात करोड़ रुपये है। ऐश्वर्या की चर्चित फिल्मों की बात करें तो, मोहब्बतें, ए दिल है मुश्किल, उमराव जान, देवदास, धूम, गुरु, जोधा अकबर, ताल और पोन्नियिन सेलवन में उन्होंने अपने अभिनय से दर्शकों पर छाप छोड़ी है।



कई शादियां करती है 'स्वर्ग की चिड़िया'



बर्ड्स ऑफ पैराडाइज की दुनिया में करीब तीन दर्जन से ज्यादा प्रजातियां पाई जाती हैं। इनमें मादा पक्षियों का ध्यान अपनी ओर खींचने के लिए नर पक्षियों के बीच ऐसी खूंखार जंग छिड़ती है, जिसे देखकर इंसान दंग रह जाएंगे। ये मुकाबला किसी कोल्ड वॉर जैसा होता है, जहां हर नर पक्षी दूसरे से ज्यादा चमकदार और हसीन दिखने की कोशिश करता है। मादाएं हमेशा उसी नर को अपना पार्टनर चुनती हैं, जिसके पंख सबसे ज्यादा भड़कीले होते हैं और डांस सबसे दमदार होता है. इन खूबसूरत पक्षियों की दुनिया में पॉलीगाइनस यानी बहुविवाह का राज चलता है। इसका सीधा सा मतलब है कि एक नर पक्षी अपनी शान दिखाने के बाद एक ही ब्रीडिंग सीजन में कई अलग-अलग मादाओं के साथ संबंध बनाता है. सबसे दिलचस्प और हैरान करने वाली बात ये है कि रोमांस और मेटिंग का ये दौर खत्म होते ही नर पक्षी अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेता है। इसके बाद अंडे सेने से लेकर चूजों को पालने-पोसने तक का पूरा बोझ अकेली मादा पक्षी के सिर पर ही रहता है। आखिर इन पक्षियों के पास अपने लुक्स और डांस पर इतनी मेहनत करने का वक्त कहां से मिल जाता है? इसका पूरा श्रेय उनके घर यानी रैनफॉरेस्ट के पर्यावरण को जाता है. न्यू गिनी और ऑस्ट्रेलिया के इन घने जंगलों में फल-फूल, बेरीज और कीड़े-मकोड़े भरपूर मात्रा में उपलब्ध हैं. भोजन तलाशने में ज्यादा मेहनत न करनी पड़ने के कारण नर पक्षियों की ऊर्जा खाने के पीछे बर्बाद नहीं होती. इस बची हुई सारी एनर्जी का इस्तेमाल वो अपनी खूबसूरती को निखारने, लंबे-लंबे पंख उगाने और अपने डांस मूव्स की रिहर्सल करने में करते हैं।

२४ कैरेट सोने से बनेगी खास सड़क

दुबई अपनी भव्य इमारतों, आलीशान होटलों और अनोखी चीजों के लिए दुनियाभर में मशहूर है। अब यह शहर एक ऐसी खास सड़क बनाने की तैयारी कर रहा है, जिसकी चर्चा सुनकर हर कोई हैरान है. दरअसल, दुबई में जल्द ही 24 कैरेट सोने से बनी वॉकवे यानी गोल्ड स्ट्रीट तैयार की जाएगी। इस पर लोग आम सड़क की तरह पैदल चल सकेंगे। इसे दुनिया की पहली और सबसे लंबी गोल्ड वॉकवे बताया जा रहा है. खास बात यह है कि इस परियोजना को साल 2026 के अंत तक पर्यटकों के लिए खोलने की योजना है। दुबई के गोल्ड डिस्ट्रिक्ट में बनने वाली यह सड़क शहर के पर्यटन आकर्षणों में एक नया नाम जोड़ सकती है। इस गोल्ड वॉकवे को खासतौर पर पर्यटकों और सोने के शौकीनों को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है. दुबई गोल्ड डिस्ट्रिक्ट के कमर्शियल सेक्टर के वरिष्ठ निदेशक राशिद अल हरमौदी के मुताबिक, इस परियोजना के जरिए लोगों को सोने से बने रास्ते पर चलने का अनोखा अनुभव मिलेगा. रिपोर्ट्स के अनुसार, इसे 2026 के आखिर तक शुरू करने की तैयारी है, हालांकि, इसके निर्माण की पूरी तकनीक और डिजाइन से जुड़ी जानकारी अभी सामने नहीं आई है।



इंसानोंके लिए वरदान बन गया सांपका जहर

कहते हैं 'जहर ही जहर को काटता है', एक सांप के विष ने ये कहावत सच कर दी। इस जंगली और बेहद जहरीले सांप के डंक से वो वरदान निकला जो आज दुनिया भर में लाखों-करोड़ों इंसानों की जिदंगी बचा रहा है। जिस सांप के काटने से इंसान चंद मिनटों में तड़प-तड़पकर दम तोड़ दे, उसी के खतरनाक जहर से दुनिया की पहली सबसे असरदार हाई ब्लड प्रेशर की दवा बनाई गई। ये मेडिकल साइंस का एक ऐसा ऐतिहासिक सच है जिसने पूरी दुनिया में कार्डियोवैस्कुलर मेडिसिन की दुनिया बदल दी.1960 के दशक में ब्राजील के जंगलों में पाए जाने वाले एक बेहद जहरीले सांप पर हुए रिसर्च ने इसी रिसर्च की बदौलत 1981 में अमेरिका में 'कैप्टोप्रील' नाम की दवा को मंजूरी मिली, जो हाई ब्लड प्रेशर के इलाज में एक बहुत बड़ा मील का पत्थर साबित हुई. दक्षिण अमेरिका और खासकर ब्राजील के घने जंगलों में एक पिट वाइपर पाया जाता है, जिसे वैज्ञानिक भाषा में ब्राजीलियन लान्सहेड या जाराराका कहा जाता है। ये सांप अपनी तेजी और बेहद जहरीले डंक के लिए जाना जाता है. जब ये किसी शिकार को काटता है, तो पीड़ित का ब्लड प्रेशर अचानक बहुत तेजी से गिर जाता है और वह बेहोश होकर गिर पड़ता है. इस महान खोज की शुरुआत साल 1965 में हुई. सर्जियो फेरेरा नाम के एक युवा ब्राजीलियन फार्माकोलॉजिस्ट ने अपनी पीएचडी थीसिस के आधार पर 'ब्रिटिश जर्नल ऑफ फार्माकोलॉजी' में एक रिसर्च पेपर छापा। सर्जियो ने सांप के जहर का एक्सट्रैक्ट निकाला और पाया कि इसमें एक खास तरह का पदार्थ मौजूद है. ये पदार्थ शरीर में प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले 'ब्रेडिकिनिन' नाम के पेप्टाइड के असर को बहुत ज्यादा बढ़ा देता था. ब्रेडिकिनिन का काम शरीर की रक्त वाहिकाओं को फैलाना और ब्लड प्रेशर को कम करना होता है। सर्जियो ने पहचाना कि सांप के जहर में मौजूद 'ब्रेडिकिनिन- पोटेंशिएटिंग पेप्टाइड्स' ही वो जादुई चाबी हैं, जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में अहम भूमिका निभा सकती हैं. जब वैज्ञानिकों ने इस पेप्टाइड पर गहराई से शोध किया, तो उनका ध्यान शरीर के एक बेहद महत्वपूर्ण एंजाइम पर गया, जिसे एसीई कहा जाता है। लसामान्य परिस्थितियों में हमारे शरीर में ऐस का काम दो तरह से होता है। ये 'एंजियोटेंसिन प्रथम' को 'एंजियोटेंसिन द्वितीय' में बदलता है. एंजियोटेंसिन द्वितीय एक ऐसा रसायन है जो नसों को सिकोड़ देता है, जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है। इसके अलावा,ऐस एंजाइम ब्रेडिकिनिन को तोड़कर खत्म कर देता है, जो नसों को आराम पहुंचाने का काम करता है. वैज्ञानिकों ने देखा कि ब्राजीलियन पिट वाइपर का जहर सीधे इस ऐस एंजाइम को ही ब्लॉक कर देता है। जबऐस ब्लॉक हो गया, तो न तो नसें सिकुड़ पाईं और न ही ब्रेडिकिनिन नष्ट हुआ. नतीजा ये हुआ कि रक्त वाहिकाएं चौड़ी हो गईं और ब्लड प्रेशर तेजी से नीचे आ गया. जहर के पेप्टाइड से लैब की पहली गोली तक की मुश्किल चुनौती सांप के जहर के इस जैविक प्रभाव को समझना तो बस पहली शुरुआत थी. असली चुनौती ये थी कि इस खोज को एक ऐसी दवा में कैसे बदला जाए, जिसे मरीज रोजाना आसानी से खा सकें. शुरुआती रिसर्च में वैज्ञानिकों ने जहर से निकाले गए 'टेप्रोटाइड' नामक पेप्टाइड का इस्तेमाल करके देखा. इसने ऐस को ब्लॉक किया और ब्लड प्रेशर भी कम किया, लेकिन इसके साथ एक बहुत बड़ी समस्या थी, इसे गोली के रूप में पेट के जरिए नहीं लिया जा सकता था, इसे सिर्फ इंजेक्शन से देना पड़ता था. रोज-रोज बीपी के मरीज को इंजेक्शन देना प्रैक्टिकल नहीं था. वैज्ञानिकों को एक ऐसे मॉलिक्यूल की जरूरत थी, जो लैब में तैयार हो सके, पेट में जाकर पच सके और गोली के रूप में खाया जा सके. सालों की कड़ी मेहनत, केमिकल्स में बदलाव और अनगिनत प्रयोगों के बाद आखिरकार कैप्टोप्रील का आविष्कार हुआ. ये दुनिया की पहली खाने वाली दवा बनी. 15 से 20 सालों के लंबे शोध, टेस्टिंग और क्लिनिकल ट्रायल्स के बाद साल 1981 में अमेरिका की 'फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन' ने कैप्टोप्रील को हाई ब्लड प्रेशर के इलाज के लिए आधिकारिक मंजूरी दे दी.ये फार्माकोलॉजी के इतिहास में एक क्रांति की तरह था. इसने साबित कर दिया कि प्रकृति के सबसे खतरनाक जहर का सही इस्तेमाल करके इंसान के लिए जीवनरक्षक दवाएं बनाई जा सकती हैं. कैप्टोप्रील के आने के बाद हृदय रोगों के इलाज की पूरी दिशा ही बदल गई.हाई ब्लड प्रेशर को 'साइलेंट किलर' कहा जाता है, क्योंकि इसके कोई साफ लक्षण नहीं दिखते, लेकिन ये धीरे-धीरे दिल, दिमाग और किडनी को खोखला कर देता है. कैप्टोप्रील ने डॉक्टरों को ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने का एक नया और सीधा जैविक रास्ता दिखाया. इसके बाद इनहिबिटर्स दवाओं की एक पूरी नई जनरेशन जैसे एनालाप्रिल, लिसिनोप्रिल तैयार हुई, जो आज दुनिया भर में करोड़ों मरीजों को दी जाती हैं. ये दवाएं न केवल हाइपरटेंशन, बल्कि हार्ट फेलियर और किडनी की बीमारियों के इलाज में भी बेहद मददगार साबित हो रही हैं. हालांकि, वैज्ञानिक इस बात पर सख्त जोर देते हैं कि इस रिसर्च का मतलब ये बिल्कुल नहीं है कि सांप का जहर खुद कोई दवा है. अगर कोई व्यक्ति ये सोचे कि सांप का जहर पीने या कटवाने से लड प्रेशर ठीक हो जाएगा, तो ये जानलेवा साबित हो सकता है. सांप का कच्चा जहर एक खतरनाक कातिल है. वैज्ञानिकों ने केवल उसके अंदर छिपे 'बायोलॉजिकल क्लू' का इस्तेमाल किया. उस सुराग को समझकर, प्रयोगशाला में 20 साल तक शोध करके उसके हानिकारक तत्वों को हटाकर एक सुरक्षित गोली बनाई गई. प्रकृति का वो खजाना जो आज भी अनसुलझा है ब्राजील के घने जंगलों में रेंगने वाले एक पिट वाइपर से लेकर डॉक्टर के पर्चे पर लिखी जाने वाली 'कैप्टोप्रील' की गोली तक का ये सफर विज्ञान की सबसे खूबसूरत कहानियों में से एक है। इस खोज ने साबित किया कि प्रकृति के पास हर बीमारी का जवाब छिपा हुआ है, बस जरूरत है तो उसे ढूंढने की दूरदर्शिता और वैज्ञानिक लगन की. आज भी दुनिया भर के वैज्ञानिक सांप, बिच्छू, समुद्री जीवों और जहरीले पौधों के बायो-मॉलिक्यूल्स पर रिसर्च कर रहे हैं, ताकि कैंसर, डायबिटीज और दिल की बीमारियों के नए इलाज खोजे जा सकें।



नोराको अदालत ने लगायी फटकार



200 करोड़ की ठगी के आरोप में तिहाड़ जेल में बंद सुकेश चंद्रशेकर से जुड़े इस मामले में अदालत ने नया आदेश दिया है। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को नोरा फतेही को सबूत के लिए सरकारी गवाह के तौर पर पेश होने के लिए नया समन जारी किया। वह सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े एक एक्सटॉर्शन केस में गवाह हैं। स्पेशल जज गगनदीप सिंह ने नोरा फतेही को नया समन जारी किया। कोर्ट ने उन्हें 6 नवंबर को पेश होने का निर्देश दिया है। बता दें कि राउज एवेन्यू कोर्ट ने नोरा फतेही को इस मामले में गवाह के तौर पर पेश होने का आदेश दिया है। इससे पहले कोर्ट ने उन्हें 02 नवंबर 2026 को पेश होने के लिए समन जारी किया था। मगर, अभिनेत्री आज पेश नहीं हुईं। इसके बाद अदालत ने नोरा के व्यवहार पर सवाल उठाया है। साथ ही कहा कि वे कोर्ट को हल्के में न लें। नोरा की तरफ से उनके वकील ने अर्जी दी। बता दें कि नोरा फतेही का नाम इस मामले में दाखिल तीसरी सप्लीमेंट्री चार्जशीट में गवाह के तौर पर शामिल है।